**शड़ज साधना** – सा को संगीत का आधार स्वर माना गया है बिना 'सा' स्वर को ठीक किये बचे हुए रे, ग, म, प, ध, नि स्वर ठीक से नहीं लग पायेंगे। ऐसा विद्वानों का कहना है सर्वप्रथम 'सा' स्वर को ही गहरी साँस भरकर उच्चारण करना चाहिए। इसके नित्य अभ्यास से 'सा' स्वर की जवारी खुलनी प्रारम्भ हो जायेगी। इतना ही नहीं साँसों की लम्बाई भी बढ़ने लगेगी। साँसों की लम्बाई बढ़ने से आयु भी बढ़ेगी और गायन में भी मधुरता व स्थायित्व उत्पन्प होगा। धीरे–धीरे जब **सा** स्वर ठीक प्रकार से लगने लगे, तत्पश्चात् मन्द्र निशाद, धैवत, पंचम, मध्यम, गान्धार, रेशभ और शड़ज स्वर का अभ्यास करना चाहिए। इसी प्रकार से तार सप्तक में भी धीरे–धीरे एक–एक स्वर को बढा़ना चाहिए। गायन के लिए मन्द्र सप्तक में मध्यम स्वर तक तथा तार सप्तक में पंचम स्वर तक आवाज (स्वर) का अभ्यास काफी है परन्तु प्रत्येक गायक के गले की क्षमता अलग–अलग होती है, इसलिए अपनी आवाज के साथ कभी भी जबरदस्ती नहीं करनी चाहिए। मन्द्रं और तार सप्तक में जहाँ तक आवाज सहज भाव से जाती हो, वहीं तक स्वर का अभ्यास करना चाहिए। नित्य प्रति अभ्यास करते–करते आवाज मधुरता और स्वरों में ठहराव उत्पन्न हो जायेगा। ऐसा करने से गले में स्थित स्वरयन्त्र क्रियाशील हो जायेगा और सम्पूर्ण कंठतन्त्री खुल जायेगी। आवाज में गम्भीरता, मधुरता, स्थिरता सभी गुण उत्पन्न होकर गायन में उत्कृष्टता उत्पन्न कर देंगे।

**आकार में अभ्यास** – सभी स्वरों को न बोलकर उनके स्थान पर केवल 'आ' का उच्चारण करने से भी कंठ संस्कार होता है।

**हकार, मकार, ओमकार (ऊँ) का अभ्यास** – कंठ को संस्कारित करने के पूर्व स्वरों का हऽऽऽऽ, मऽऽऽ तथा ऊँकार का उच्चारण अर्थात् अभ्यास करने से भी हमारे कंठ को संस्कारित करने में मदद मिलती है। इनके लगातार अभ्यास (कुछ दिनों तक) करने से आवाज में सुधार होता है जो हमारे गायन को आकर्षित बनाता है। हमेशा ये सुनने में आता है कि गायन के लिए आवाज का मधुर, गम्भीर व शब्दों का शुद्ध उच्चारण होना आवश्यक होता है। तत्पश्चात् ही गायन को प्रभावशाली व भावपूर्ण बनाया जा सकता है।

**मूर्च्छना का अभ्यास** –प्राचीनकाल में मूर्च्छना का सतत् अभ्यास भी कंठ संस्कार में एक महत्वपूर्ण विधि थी। वर्तमान काल में आज भी सातों मूर्च्छनाओं का यदि लगातार अभ्यास किया जाय तो मन्द्र, मध्यम और तार तीनों सप्तकों के स्वर ठीक प्रकार से लगने लगेंगे। आवाज की कर्कशता समाप्त होकर मधुरता उत्पन्न हो जायेगी। नित्यप्रति अभ्यास करते रहने से हमारी आवाज स्थिर बनी रहेगी। यही कंठ–संस्कार हैं।

इसी क्रम में आवाज को एक निश्चित और उपयुक्त आकार देने वाली क्रिया भी कंठ–संस्कार ही कही जायेगी।

उच्चारित होने वाले सभी स्वरों पर स्वभाव का भी सीधा–सीधा प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है। अक्सर देखा जाता है कि ज्यादा क्रोधी और चिड़चिड़े व्यक्तियों का स्वर प्रायः कर्कश और अप्रिय सा महसूस होता है, जबकि इसके विपरीत सहृदय व्यक्तियों का स्वर मधुर पाया जाता है। प्रत्येक व्यक्ति अपने व्यक्तित्व को बनाने में सामंजस्य रखे जिससे कि कंठ के स्नायुओं पर अधिकार रहे और स्वर को संतुलित करने में मदद मिलती रहे।

आवाज को मधुर बनाने में हमारा हृदय, नासिका, गला और होंठ स्वर में गूँज (Echo) उत्पन्न करते हैं। अतः गाते समय और बोलते समय गूँज उत्पन्न करने वाले स्थानों का बहुत सोच–समझकर प्रयोग करना चाहिए। आवाज में गूँज उत्पन्न करने वाले सभी भाग हमारी आवाज में गूँज उत्पन्न करते हैं, जिससे हमारा कंठ संस्कारित होकर आवाज को मधुर व गोल बना देता है।

संगीत के स्वर अंतस्तल के भावों को प्रकट करते हैं। अतः प्रत्येक गायक को गीत के भाव के अनुरूप ही गायन करना चाहिए। काकू–भेद आदि के ज्ञान द्वारा ही उसे अधिक से अधिक हृदयस्पर्शी, प्रभावशाली तथा ओजस्वी बनाना चाहिए।

**उद्देश्य** – इस शोधपत्र को लिखने का एकमात्र उद्देश्य ये ही है कि गायन से अनभिज्ञ मनुष्य पहले इसकी बारीकियों को सीखकर, अपने कंठ को संस्कारित करके पहले उसे गायन के योग्य बनाये तत्पश्चात् गायन व गायन शैलियों का अभ्यास प्रारम्भ करें। दूसरा उद्देश्य ये भी है कि इससे आने वाली नई पीढ़ियों को बहुत सहायता मिल सकती है, ऐसा मेरा विचार है।

**परिणाम** – उपरोक्त तथ्यों के आधार पर यही परिणाम हमारे सामने आता है कि गायन व कंठ संस्कार एक दूसरे के पूरक हैं। मधुर व आकर्षक गायकी होने के लिए संगीत की किसी अच्छे गुरू से तालीम लेने के साथ–साथ मधुर आवाज का धनी होना आवश्यक है, तथा मधुर आवाज के लिए हमारा कंठ संस्कारित होना आवश्यक है। हमारे गले के बांयें तथा दायें हिस्सें में दो वोकल कार्डस होते हैं। ये छोटे–बड़े अथवा बराबर किसी भी आकार में हो सकते हैं। बिना कंठ संस्कारित हुए गायन

में मधुरता व गले में लोच (लचीलापन) उत्पन्न नहीं होगा। अतः कंठ को विभिन्न विधियों द्वारा संस्कारित करने के बाद ही गायन क्रिया प्रारम्भ की जानी चाहिए। हकार, उकार, मकार, ईकार, ओमकार (ऊँ) आदि शब्दों को अपने नित्य प्रतिदिन के अभ्यास में सम्मिलित करना चाहिए। इससे गायन में मधुरता व स्थिरता बनी रहेगी।

## उपसंहार

गायन और कंठ–संस्कार एक दूसरे के पूरक हैं। गायन का आधार नाद को माना जाता। जिस ध्वनि के आन्दोलन स्थिर व नियमित होते हैं। वह नाद कहलाता है। नाद अर्थात् मधुर ध्वनि। मधुर ध्वनि ईश्वर प्रदत्त ही होती हैं, परन्तु उसको उचित अभ्यास और कुशल गुरू का दिशा–निर्देशन पाकर उसको मधुर बनाया जा सकता है। प्राचीन काल से ही कंठ–संस्कार करने की अलग–अलग विधियाँ सभी घरानों के उस्ताद अपने–अपने तरीके से करवाते आ रहे हैं। सबका एक ही मकसद है, कंठ को संस्कारित करना। कंठ को जितना ठीक प्रकार से संस्कारित किया जायेगा, उतनी ही मधुर गायकी हो जायेगी। मैं ये भी अवगत करा देना चाहता हूँ कि मात्र कंठ–संस्कार कर लेने से ही गायकी मधुर व आकर्शक नहीं होगी। इसको किसी सुलझे हुए गुरू का ज्ञान पाकर ही प्राप्त करना सम्भव है। संगीत की बारीकियों का जानना भी अति आवश्यक है जैसे – शुद्ध, कोमल, तीव्र स्वरों की पहचान व अभ्यास। आलाप, तान, खटका, मुर्की, मींड, कण आदि। इन सभी का ज्ञान प्राप्त करने के बाद ही विभिन्न प्रकार की गायन शैलियों में पारंगत होना चाहिए जैसे –भजन, गीत, ठुमरी, टप्पा, बड़ा तथा छोटा ख्याल, ध्रुपद, धमार, गजल आदि।

## सन्दर्भ

1. श्रीवास्तव, प्रो0 हरिश्चन्द्र. (1998). राग परिचय भाग–1. पृष्ठ **143–144.**
2. (2009). ज्ञानप्रवाह–कंठ–साधना अप्रैल. tulikanishad.blogspot.com/2009/04/blog-post.html.
3. गर्ग, डॉ0 लक्ष्मीनारायण. (संपादक). संगीत विशारद – 'बसंत'. प्रकाशक – संगीत–कार्यालयः हाथरस–204101 (उ0प्र0). पृष्ठ **613, 615.**
4. गर्ग, डॉ0 लक्ष्मीनारायण. (2003). निबन्ध संगीत. प्रकाशक – संगीत कार्यालयः हाथरस–'204101 (उ0प्र0). तृतीय संस्करण. मार्च।
5. भातखण्डे, पं0 विशृणु नारायण. (2007). क्रमिक पुस्तक मालिका (भाग–4). सम्पादक – प्रो0 हरिश्चन्द्र श्रीवास्तव. पंचम संस्करण. संगीत सदन प्रकाशनः इलाहाबाद–01.
6. धर्मपाल. (2008). किराना घराने की गायकी एवं बंदिशों का मूल्यांकन. प्रथम संस्करण. ओमेगा पब्लिकेशन्सः 4398/5, अंसारी रोड, दरियागंज, नई दिल्ली–02.
7. वर्मा, केशवचन्द. (1988). कोशिश : संगीत समझने की. प्रथम संस्करण. जनवरी. प्रदीपन प्रकाशनः एकांश, 65 टैगोर टाउन, इलाहाबाद–02.
8. शर्मा, डॉ0 सत्यवती. (1994). ख्याल गायन शैली विकसित आयाम. प्रथम संस्करण. पंचशील प्रकाशनः फिल्म कॉलोनी, जयपुर–302003.
9. सिंह, प्रो0 ललित किशोर. (2004). ध्वनि और संगीत. छठा संस्करण. भारतीय ज्ञानपीठः 18, इन्स्टीट्यूशनल एरिया, लोधी रोड, नई दिल्ली–110003.
10. श्रीवास्तव, प्रो0 हरिश्चन्द्र. (2005). बाल संगीत परिचय. एकादश संस्करण. संगीत सदन प्रकाशनः 134, साउथ मलाका, इलाहाबाद–211001 (उ0प्र0)।

Journal Global Values, Vol. XIV, Special Issue, May 2023, ISSN: (P) 0976-9447, (e) 2454-8391, Impact Factor 8.835*(SJIF)*
*https://doi.org/10.31995/jgv.2023.v14iS2.014*

# मध्यकालीन संगीत मनीषियों के ग्रन्थों में ताल

प्रो० मीरा अग्रवाल
*श्रीमती बी०डी० जैन गर्ल्स (पी०जी०) कॉलेज, आगरा छावनी, आगरा*
*ईमेलः drmeeraagarwal69343@gmail.com*

***सारांश***

*भारत एकमात्र ऐसा देश है, जिसने लयात्मक गतियों को विभिन्न ताल स्वरूपों में निबद्ध कर लय तत्वों में निहित ब्रह्मानन्द से रस लेते हुये संगीत को आनन्द और अनुशासन का ठोस आधार प्रदान किया, जो ताल कहलाया। ताल संगीत के आधारभूत तत्वों में से एक है यह संगीत में व्यतीत हो रहे समय को मापने का महत्वपूर्ण साधान है, जो विभिन्न मात्राओं, विभागों, ताली–खाली आदि के संयोग से बनता है। आज मात्र संगीत में व्यतीत हो रहें समय को मापने की सबसे छोटी ईकाई है, किन्तु प्राचीनकाल से मध्यकाल तक ताल मापने के साधन अलग थे। तब कमल के सौ पत्तो को एक के ऊपर एक रखकर एक सुई से छिद्र करने पर जितना समय लगता था, वह एक क्षण कहलाता था और इस क्षण के आधार पर 8 क्षण का एक लव, 8 लव की एक काष्ठा, 8 काष्ठा का 1 निमेष, 8 निमेष–1 कला, 2 कला–1 त्रुटि या अणुद्रुत, 2 अणुद्रुत–1 द्रुत, 2 द्रुत–1 लघु 2 लघु–1 गुरू और 3 लघु–1 प्लुत होते चे। किन्तु कुछ संगीत मनीषियों को काल निर्णय की यह रीति स्वीकार्य नहीं थी।*

*गायन वादन तथा नृत्य को ताल से ही स्थिरता प्राप्त होती हैं लघु आदि प्रमाण की क्रियाओं द्वारा मापा जानेवाला ओर गीत आदि के परिमापों को धारण करने वाला ताल ही होता है। तेरहवीं शताब्दी में शारंगदेव ने ताल की जो परिभाषा दी थी, वह आज भी सर्वमान्य है ऐसी ही कृतियों को कालजयी कहा जाता है।*

Reference to this paper should be made as follows:

प्रो० मीरा अग्रवाल

*मध्यकालीन संगीत मनीषियों के ग्रन्थों में ताल*

*Vol. XIV, Special Issue*
*pp.71-75*
*Article No.14*

**Online available at:**
*https://anubooks.com/journal/journal-global-values*

**DOI:** *https://doi.org/10.31995/jgv.2023.v14iS2.014*

मध्यकाल में भारत पर विदेशी आक्रमणों का दौर जारी था। आक्रमणों के कारण संगीतज्ञों में बिखराब आ जाने से संगीत भी बिखरने लगा था। ऐसे समय शारंगदेव ने देश के भिन्न–भिन्न भागों का भ्रमण करके, वही के संगीतज्ञों से चर्चा करके वहीं के गायन, वादन और नर्त्तन तथा उनके साथ प्रयुक्त तालों का अध्ययन और संग्रह करके अपने ग्रन्थ संगीत रत्नाकर में 120 तार्ला का विवरण दिया है सम्भव है कि इनमें से कुछ तालो की रचना उन्होनें स्वयं भी की हो। शारंगदेव ने द्रुत0, लघु1, गुरू ऽ और प्लुत डे तथा विराम चिन्हों की रचना करके तालों को एक वैज्ञानिक दृष्टिकोण देने का भी प्रयास किया। इनमें द्रुत 1/2 मात्रा, लघु। मात्रा गुरू 2 मात्रा प्लुत 3 मात्राओं के थे। रत्नाकार के अनुसार लघु, गुरू, प्लुत आदि इकाईयों के माप से सशब्द, निशब्द क्रियाओं द्वारा मापा गया वह समय जो गीत, वाद्य, नृत्य आदि को विशेष रूप से धारण करता है ताल कहलाता है। संगीत रत्नाकार के अनुसार तालों के मुख्य दो प्रकार है चतुरश्र और त्रयश्र जिनके नाम क्रमशः चच्चतपुटः और चाचपुट हैं, डॉ0 सुभद्रा चौधरी के अनुसार 'अश्र' का अर्थ है 'कोना'। इस आधार पर चतुरश्र चार कोनोंवाला और त्रयश्र तीन कोनोंवाला ताल हुआ। इन दोनों तालों में क्रमशः चार और तीन गुरू हैं, जो चार और तीन कोनों के प्रतीक हैं। चार संख्या सम की और तीन विषम की सूचक है। इन दोनों तालों को अन्य तालों की मूल प्रकृति का आधार माना गया है।

रत्नाकार में 120 तालों के नाम, लक्षण, संकेत–चिन्ह और मात्रायें आदि दी गई हैं। अभी तक की प्राप्त जानकारियों के अनुसार शारंगदेव ने ही सर्वप्रथम देशी ताल शब्द का प्रयोग किया। मार्ग और देशी तालों में स्थूल अन्तर यह है कि दोनों की मौलिक इकाई भिन्न हैं।

मार्ग में सशब्द, निःशब्द क्रियायें अनिवार्य हैं, देशी में नहीं। मार्ग में लघु का माप निश्चित होता है, जबकि देशी में बदलता रहता है। उल्लेखनीय यह भी है कि विभिन्न ग्रन्थों में देशी तालों की संख्या अलग–अलग है। संगीत रत्नाकार में 120, संगीत चूड़ामणि में 96 और संगीतराज में 138 तालों का वर्णन है। इसलिये इनकी कुल संख्या बता पाना कठिन है। संगीत रत्नाकर के ही विचारों का अनुमोदन हुआ है। लेकिन इन ग्रन्थों की कुछ विशेषताओं पर एक संक्षिप्त दृष्टि डालना भी उपयुक्त होगा।

आचार्य नान्यदेव ने अपनी पुस्तक 'भरत भाष्यम्' में नाम के अनुरूप भरत मुनि के ही मतों का अनुमोदन किया है।

'संगीत चूड़ामणि' नामक ग्रन्थ में तालों के चार लक्षण दिये गये है। इसमें उल्लिखित सभी ताल रत्नाकार में है। कुछ तालों के नाम वे ही हैं, लेकिन स्वरूप में कुछ अन्तर है। इसमें कुल 101 तालों का उल्लेख और 96 तालों का विवरण है। इसमें ताल–लक्षणों के देवता भी बताये गये हैं, जैसे द्रुत के शम्भु, लघु की गौरी, गुरू के शिव और गौरी दोनों तथा प्लुत के ब्रह्मा, विष्णु, महेश

नरद कृत 'संगीत मकरन्द' में परिभाषा सहित 103 तालों का वर्णन है, किन्तु मार्गी और देशी तालों का वर्गीकरण नहीं है। नारद ने ताल के दस प्राणों का उल्लेख किया है। त्रयश्र कलाओं के लिये इस ग्रन्थ में 6, 12, 24, 48 व 96 तथा चतुरश्र कलाओं के लिये 4, 8, 16, 32, 64 और 128 का उल्लेख है। संगीत मकरन्द में तीन प्रकार के लय भी दिये गये है। संगीत मकरन्द में ध्वनि के आधार पर संगीत का वर्गीकरण करते हुये लेखक ने नखज, वायुज, चर्मज, लौहज और शरीरज नाम दिये हैं। इनमें से चर्मज और लौहज श्रेणी के वाद्य लय और ताल निर्वहन हेतु प्रयुक्त होते थे। मकरन्द में लय और ताल को पूरा महत्व मिला है। नारद ने पाँच मार्गी तालों की उत्पति सदाशिव के मुख से बताते हुये उन तालों के रंग, वर्ण और यति के विषय में भी बताया है। पाँच मार्ग तालों को पाँच महापातकों ब्रह्महत्या, मदिरापान, सोने की चोरी, परस्त्रीगमन और इन सबके एक साथ संयोग का एक साथ परिहार करने में समर्थ बताया है। नारद के शब्दों में देशी ताल भी पापनाशक, यज्ञ का फल देनेवाले, राज्य की वृद्धि करने और सन्तान–सुख देनेवाले, शत्रुनाशक, सौभाग्य, अतुल आरोग्य, कामशास्त्र में वृद्धि देनेवाला और राजाओं की कीर्ति बढ़ाने में समर्थ है।

जैन आचार्य सुधाकलश वाचनाचार्य लिखित 'संगीतोपनिषत सारोद्धारा' ग्रन्थ में तालविहीन गायन, वादन और नृत्य को निरर्थक करार देते हुये इसमें ताल के विभिन्न अवयवों का वर्णन किया गया है। इसके अन्तर्गत द्रुत, लघु, गरू, प्लुत, कला, प्रस्तार, विराम, कालमान तथा मात्रा आदि का वर्णन हुआ है। इस ग्रन्थ के तालाध्याय में एक मात्रा से दस मात्रा वर्गों में 74 तालों के लक्षण दिये गये हैं। इनमें से केवल एक पूर्णचन्द्र ताल 30 मात्राओं का है तो दूसरा पृथ्वी कुण्डली ताल 60 मात्राओं का है। इन दो तालों को छोड़कर शेष सभी ताल रत्नाकार में हैं। यद्यपि लक्षण में कुछ भिन्नता है। एक मात्रा ताल के छोटे तालों के लिये निर्देश है कि ऐसे तालों के चौगुना करके लक्षण दिये जाये। एक मात्रावाले वर्ग में 1. 3/4 मात्रा तक के ताल उल्लिखित है।

यह सम्भवतः ऐसा प्रथम ग्रन्थ है, जिसमें लक्षण के साथ–साथ तालों के पाटाक्षर अथवा ठेके भी दिये गये हैं, जैसे चार मात्रे का आदि ताल :

| | | | |
|---|---|---|---|
| त | द्वि | थउ | द्रे |
| । | । | । | । |

इसी प्रकार आठ मात्रे का श्रीरंग ताल भी है, जिसका लक्षण।। ऽ।... लघु, लघु, गुरू, लघु और प्लुत है :

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| घिग्ऽितकि | थुंग्ऽिदिगि | थगुतक्विता | ततत | तककुटिघिटटें |
| । | । | ऽ | । | ऽ |

'रस कौमुदी' मध्य युग का एक महत्वपूर्ण ग्रन्थ है। इसमें ताल के दस लक्षणों का निरूपण हुआ है। इसमें काल के क्षण से प्लुत तक के अवयवों के मानों का, मार्ग में ध्रुव आदि चार मार्गों का, क्रिया में सशब्द और निःशब्द क्रियाओं का, अंग में द्रुत, गुरू आदि अवयवों का, ग्रह में अतीत, अनागत आदि ग्रहों का तथा जाति में चतुरश्र और त्रयश्र आदि जातियों का यति में स्त्रोतागता आदि और अन्त में प्रस्तार का निरूपण है। प्राप्त ग्रन्थ में कला और लयवाला अंश नहीं मिलता है।

शुभंकर कृत 'संगीत दामोदार' का रचनाकाल पन्द्रहवीं शताब्दी माना गया है। तालों के वर्गीकरण हेतु शुभंकर ने भी द्रुत, लघु, गुरु एवं प्लुत मात्राओं का ही आधार लिया है। इसमें वर्णित 101 तालों की उपलब्ध सूची में से मात्र 60 तालों के ही विवरण दिये गये हैं। इसके आगे ताल–प्रस्तर को समझाते हुये लेखक ने लिखा है कि दीर्घतम मात्रा प्लुत के प्रारम्भ कर क्रमशः न्यूनतम मात्रा द्रुत तक प्रस्तार–क्रम होता है। ताल आघातों का संक्षिप्त विवरण तो अन्त में दिया गया है, किन्तु शब्दों के माध्यम से उनका प्रायोगिक प्रदर्शन अस्पष्ट है।

'आनन्द संजीवनी' नामक पुस्तक में गुरु और प्लुत का माप लघु में न देकर द्रुत के द्वारा इस प्रकार किया गया है– चार द्रुत से एक गुरु और छह द्रुत से एक प्लुत होता है। द्रुत का माप आधी कला कहा गया है। इससे यह स्पष्ट होता है कि लेखक की दृष्टि में कला का अर्थ एक लघु है : चतुर्द्रुतो गुरुर्ज्ञेय षऽद्रुतः प्लुत उच्येत, अर्थात् दो द्रुत–एक कला–एक लघु।

भावभट्ट कृत 'अनूप संगीत रत्नाकार', 'अनूप संगीत विलास' एवं 'अनूप संगीतांकुश ग्रन्थों में ताल सम्बन्धी ढेरों विवरण रत्नाकार से ही लिये गये हैं। इसमें आंजनेय मत से ताल के लघु, गुरु का मान ठीक उसी रूप में दिया गया है, जिस रूप में संगीत समय सार में क्षण, काष्ठा, लव आदि के मान दिये गये हैं। इससे प्रतीत होता है कि ताल के दस प्राण की अवधारणा काफी पहले से चली आ रही होगी।

'अपराजित पृच्छा' मूलतः स्थापत्य विषयक् ग्रन्थ है, जिसमें ताल के महत्व पर प्रकाश डालते हुये लिखा गया है कि वाद्य ताल में उसी प्रकार परिवर्तित होता है, जैसे रथ में पथिक। तालरहित कोई वाद्य नहीं। तालरहित वाद्य नेत्रहीन मानव, शक्तिहीन हाथ, मन्त्री बिन राज्य और बिना रोशनी के अँधेरे भवन जैसा है। इसमें पाँच मार्ग तालों, उनके लक्षणों पर भी प्रकाश डाला गया है।

व्यंकटमुखी कृत 'चतर्दण्डी प्रकाशिका' के माध्यम से 17वीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध में ताल स्वरूपों में एक बड़ा मोड़ आया, जिससे दक्षिण भारतीय ताल पद्धति का जन्म हुआ। इसका निरूपण सबसे पहले चतुर्दण्डी प्रकाशिका और संगीत पारिजात जैसे ग्रन्थों में ही मिलता है। चतुर्दण्डी प्रकाशिका में अंलकारों का निरूपण करते हुये आठ प्रकार के अलंकार बताये गये हैं, जो तालों के स्वरूप को स्पष्ट करने वाले स्वर–समूह हैं। ये जिन तालों में निबद्ध हैं, उनके नाम हैं– झोपट, ध्रुव मठ्य या मंठ, रूपक, झम्पा, त्रिपुट, अठ या अड्ड तथा एकताल या एकताली।

संगीत परिजात और चतुर्दण्डी प्रकाशिका के अलावा विरूपाक्ष कृत 'ताल–चन्द्रिका' में भी ध्रुव आदि सात तालों का निरूपण, तालों की पाँच जातियाँ और जातियों के अनुसार उनके लक्षण दिये गये हैं। इसमें इस बात का भी उल्लेख है कि किस ताल का प्रयोग किस जाति में होता है। ताल का लक्षण बताते समय इसमें हर ताल के पाँच प्रकार बताये गये हैं। द्रुत और अणुद्रुत का काल क्रमशः 2 और 1 अक्षर नियत है, लेकिन लघु और उसके अनुपात में गुरु तथा प्लुत का माप जाति के अनुसार बदल जाता है। यहाँ ध्रुव ताल को पाँच जातियों में लिखा जा रहा है। ध्रुव का लक्षण लघु, गुरु, द्रुत है :

ध्रुव चतुरश्र = 4+8+2 = 14

ध्रुव त्रयश्र = 6+12+2 = 20

ध्रुव मिश्र = 7+14+2 = 23

ध्रुव खण्ड = 5+10+2 = 17

ध्रुव संकीर्ण = 9+18+2 = 29

यहाँ जाति के अनुसार लघु और उसके अनुपात में गुरु का अक्षर काल बदल गया, किन्तु द्रुत यथावत् है।

तल–चन्द्रिका में दिये गये तालों का स्वरूप और कर्नाटक पद्धति के वर्तमान सात तालों पर विचार करने से यह स्पष्ट होता है कि ताल–चन्द्रिका चतुर्दण्डी प्रकाशिका और वर्तमान ताल–पद्धति के बीच की स्थिति में है। क्योंकि चतुर्दण्डी प्रकाशिका में द्रुत और अणुद्रुत के अलावा दूसरी इकाइयों का माप तो बदलता है, लेकिन तालों की पाँच जातियों व उनके स्वरूप की उसमें कोई चर्चा नहीं है। दूसरी ओर, वर्तमान तालों में पाँच जातियों व उनके स्वरूप की उसमें कोई चर्चा नहीं है। दूसरी ओर, वर्तमान तालों में पाँच जातियाँ हैं, लेकिन सिर्फ लघु का रूप बदला है, दूसरी इकाईयों का नहीं। ताल–चन्द्रिका में लघु के साथ–साथ गुरु का स्वरूप भी बदलता है।

'संगीत नारायण' ग्रन्थ में सशब्द आदि क्रियाओं का रूप प्राचीन से भिन्न है। लघु के साथ गुरु और प्लुत के अनुपात को बताते हुये लघु में एक घात अर्थात् सशब्द क्रिया की, गुरु में एक घात और एक निःशब्द की तथा प्लुत में एक घात और दो निःशब्द की तथा प्लुत में एक घात और दो निःशब्द क्रिया बताया गया है, जिसका अर्थ यह है कि निःशब्द क्रिया सशब्द क्रिया के विस्तार में प्रयुक्त होती है। उसका स्वतन्त्र स्वरूप नहीं है।

सालगसूड़ों में प्रयुक्त होने वाले आदि, यति, निस्सारु, अड्ड, त्रिपुटत्र रूपक, झम्प, मठ और एकताली इन नौ तालों के लक्षण और गीतों के उदाहरण भी हैं। आजकल उड़ीसा में उड़िया संगीत में जो ताल प्रचलित हैं, उनके नाम वही हैं, जो संगीत नारायण में हैं।

संगीत नारायण में ग्रहों का विवरण प्रचलित धारणाओं से भिन्न है। यहाँ अतीत का अर्थ है कि गीत पहले शुरू हुआ और उसके बाद ताल का सम आया। इसी प्रकार अनागत का अर्थ है कि ताल का सम पहले आ गया और गीत बाद में शुरू हुआ।

संगीत पारिजात में देशी वर्ग के तकरीबन 165 तालों के नाम उल्लिखित हैं, जिनमें से 158 के लक्षण भी हैं, यद्यपि कुछ के लक्षण पूरे नहीं हैं, इनके कई तालों के नाम संगीत दर्पण से मिलते–जुलते हैं। इस ग्रन्थ में 15 तालों के ठेके भी दिये गये हैं। 28 मात्रा के ब्रह्म ताल का तत्कालीन ठेका निम्नवत् था।

मध्ययुगीन ग्रन्थो के अध्ययन से हम इस निष्कर्ष पर पहुँचे है कि चूँकि मार्ग तालों में किसी प्रकार के परिवर्तन की गुँजाइश नहीं थी, अतः अधिकांश लेखकों ने रत्नाकर का ही अनुसरण किया, फिर भी कुछ तत्वों के निरूपण का ढंग बदला तो कुछ के स्वरूप में भी अन्तर आया, क्योंकि हर संगीतकार की अपनी सोच होती है। जैसे देशी संगीतकार की अपनी सोच होती है। जैसे देशी तालों की सबसे छोटी इकाई पहले द्रुत थी, लेकिन मध्यकाल में लघु के 256 अंकतक इकाईयों को खींचा गया। संगीत दर्पण के अनुसार, दक्षिण मार्ग 2 मात्रा, वात्तिक मार्ग 4 मात्रा, चित्र मार्ग 2 मात्रा, चित्रतर एक मात्रा, चित्रतक 1/2 मात्रा अर्थात् द्रुत, अतिचित्रतम् 1/4 मात्रा अर्थात् अणुद्रुत, चतुर्भाग 1/8 मात्रा अर्थात् कालिका वृत्ति, त्रुटि 1/32 मात्रा, घर्षण1/64 मात्रा, अनुघर्षण 1/128 मात्रा और स्वर 1/156 मात्रा था।

लेकिन कला मात्र गणित नहीं है। इसलिये गणित और लेखन के आधार पर हम चाहें इनके जितने भी भाग कर लें, लेकिन कला के रूप में इतनी छोटी इकाई का स्वतन्त्र रूप में प्रयोग अत्यन्त कठिन है। तालाघात के विषय में अणु, द्रुत, लघु, गुरु और प्लुत–– इन पाँच मुख्य अवयवों में हाथ का घात किस तरह किया जायें, इसका निर्देश संगीत दर्पण में इस प्रकार है : अणु में अति अल्प घात, द्रुत में सूक्ष्म घात, लघु में पूर्ण घात, गुरु में घात के बाद हाथ को ऊपर की ओर फेंकना और प्लुत में घात के बाद हाथ को गोल घुमाना। इन घातों में लगनेवाले समय को दृश्य रूप देने के लिये यह भी बताया गया कि आघात में हाथाों की दूरी घातों में क्रम से डेढ़, तीन, छह, बारह और अट्ठारह अंगुल की होनी चाहिये।

संगीत रत्नाकर और संगीतराज तक जाति सिर्फ ताल की सूचक थी। चतुरश्र और त्रयश्र का सम्बन्ध ताल के सम, विषम की सूचना, चार और तीन कला–संख्या अथवा पद–भागों में कला की संख्या था, तब संकीर्ण में चतुरश्र और त्रयश्र का मिश्रण था तथा चतुरश्र और त्रयश्र के खण्डन से खण्ड जाति के ताल बनते थे, लेकिन कला गुरु–रुपा थी और उसका निश्चित, अपरिवर्तनीय मान 10 लघु अक्षर था। लेकिन बाद में जाति के प्रति सोच में काफी परिवर्तन आया। इसका उल्लेख रसमंजरी और संगीत दर्पण आदि में हुआ है। इन ग्रन्थों में चतुरश्र, तिस्त्र, खण्ड, मिश्र और संकीर्ण इन पाँच जातियों को एक मात्रा में क्रम से 4,3, 5, 7 और 9 वर्ण बताये गय। पहले जहाँ समा,. स्त्रोतागता, गोपुच्छा––ये तीन यतियाँ ही प्रचार में थीं, वहीं बाद में मृदंगा और पिपीलिका, ये दो अन्य यतियाँ भी शामिल होने से यतियों की कुल संख्या पाँच हो गई। इसके बाद तो मार्गी और देशी तालों का भेद भी मिटने लगा।

हालाँकि संगीत दर्पण में मार्ग और देशी तालों का वर्णन इन्हीं वर्गों में अलग–अलग हुआ है। लेकिन बाद में संगीत समयसार, संगीत सरोद्धार, संगीत दामोदार, रसमंजरी तथा कई अन्य ग्रन्थों में भी मार्ग और देशी तालों के नाम और लक्षण एक साथ ही दिये गये हैं। तालों की संख्या भी दोनों को मिलाकर बताई गई है। अनुमान है कि मार्ग ताल की क्रिया, क्रियाविधि आदि का प्रयोग समाप्त होकर देशी तालों की तरह ही इन तालों का प्रयोग होता रहा। लक्षण–निरूपण में सर्वप्रथम मार्ग तालों के ही लक्षण दिये जाते थे। इससे ऐसा लगता है कि मार्ग तालों की प्रधानता देशी तालों से अधिक थी।

13वीं शताब्दी से भारत पर मुगलों का आक्रमण आरम्भ हो चुका था। बाद में मुगलों का शासन भी स्थापित हो गया। उत्तर भारत में दोनों संस्कृतियाँ एक–दूसरे के करीब आई, जबकि दक्षिण में इनमें परस्पर दूरी बनी रही। अतः उत्तर भारत के संगीत में धीरे–धीरे बदलाव शुरू हो गया, जिसका असर 15वीं शताब्दी के आसपास दिखना आरम्भ हुआ।

आज हम संगीत की जिन शैलियों, रागों तालों की चर्चा करते हैं, गाते–बजाते–सुनते हैं, वे सभी कालखण्ड में सामने आई। भले ही इनके सृजन का कार्य पहले से ही प्रारम्भ हो चुका था। अमीर खुसरो की कुछ रचनायें खयाल आदि के रूप में गाई जाती हैं। 15वीं शताब्दी में मानसिंह तोमर के संरक्षण में ध्रुवपद गायकी निखरकर सामने आई। लगभग इसी समय सुल्तान हुसैन शर्की ने खयाल और शोरी मियाँ ने टप्पा जैसी गायकी का प्रचार–प्रसार किया। ध्रुवपद, प्रबन्ध गायन का ही रूप था तो धमार ध्रुवपद का, क्योंकि तब ध्रुवपद में पखावज के साथ लड़न्त की परम्परा नहीं थी। ध्रुवपद के अनुशासन रूपी कठोर बन्धनों से कुछ मुक्ति पाने के प्रयास में खयाल सामने आया। ठीक उसी प्रकार, जिस प्रकार कायदे के कठोर अनुशासन से कुछ हद तक स्वतंत्र होने के प्रयास में पेशकार विकसित हुआ। जैसे–जैसे नवीन गायन–शैलियाँ विकसित होती रहीं, वैसे–वैसे नये ताल भी बनते रहे, उनके ठेके भी बदलते रहे।

यहाँ यह कहना शायद गलत न होगा कि 15वीं शताब्दी में संगीत का जो स्वरूप विकसित हुआ, वह कुछ परिवर्तनों के साथ ही सही, आज 21वीं शताब्दी में भी मौजूद है।

## संदर्भ

1. सेन, विजय लक्ष्मी. संगीत दर्शन।
2. सेन, डॉ० अरूण कुमार. भारतीय ताली का शास्त्रीय विवेचन।
3. शर्मा, भगवत शरण. भारतीय इतिहास में संगीत।
4. वीर, राम अवतार. भारतीय संगीत का इतिहास।
5. मिश्र, लालमणि. संगीत ताल वाघ।

# श्रीराम के प्रति निषादराज और केवट की भक्ति

प्रो० शिखा श्रीधर
*अध्यक्ष, हिन्दी विभाग*
*श्रीमती बी०डी० जैन गर्ल्स (पी०जी०) कॉलेज, आगरा छावनी, आगरा*
*ईमेलः shikhashridhar7@gmail.com*

***सारांश***

*भारतीय संस्कृति में राम का चरित्र और उनकी कथा दो ऐसे स्तम्भ हैं जिनमें नित नूतन उद्भावनाएँ मिलती हैं। गोस्वामी तुलसीदास ने श्रीराम को सभी प्रकार के रिश्ते–नातों का आधारभूत स्तम्भ दर्शाया है। शास्त्रों में कहा गया है कि भगवान भक्त के अधीन होता है और भक्त भगवान को जिस–जिस रूप में देखता है, उसी रूप में उन्हें प्राप्त भी कर लेता है। रामकथा में ऐसे अनेक प्रसंग आते हैं जहाँ भक्त सर्वोपरि है और उसकी भक्ति भी सर्वोपरि है। ऐसे प्रसंगों में गोस्वामी जी की कलम भगवान से अधिक अपने भक्तों की पावनगाथा का मंगलगान करती दिखाई देती है। 'श्रीरामचरितमानस' में ऐसे ही दो भक्तराज हमें प्राप्त होते हैं जिनके नाम निशादराज गुह और केवट हैं। निशादराज गुह और केवट की भक्ति सखाभाव की भक्ति है। दोनों ही श्रीराम, सीता और लक्ष्मण का आदर करते हैं, उन्हें सम्मान देते हैं, उनकी सेवा करते हैं और इसी सेवाभाव के बल पर मनचाहा वरदान भी प्राप्त कर लेते हैं।*

Reference to this paper should be made as follows:

प्रो० शिखा श्रीधर

*श्रीराम के प्रति निषादराज और केवट की भक्ति*

*Vol. XIV, Special Issue*
*pp.76-79*
*Article No.15*

**Online available at:**
*https://anubooks.com/journal/journal-global-values*

**DOI:** *https://doi.org/10.31995/jgv.2023.v14iS2.015*

श्रीराम के प्रति निशादराज और केवट की प्रीति और भक्ति अतुलनीय है। इस प्रसंग में यह जान लेना परमावश्यक है कि निशादराज और केवट एक ही व्यक्ति थे अथवा दो अलग–अलग व्यक्ति। कुछ कथावाचक उन्हें एक ही व्यक्ति मानते हैं और कुछ अलग–अलग दो व्यक्ति। इसका निवारण श्रीरामचरितमानस के अनुशीलन से किया जा सकता है। जब सीता और सचिव सुमंत के साथ राम और लक्ष्मण श्रृंगवेरपुर पहुँचते हैं, तब गुह (निशादराज) को उनके आगमन की सूचना प्राप्त होती है। गुह अपने बन्धु–बान्धवों के साथ हर्शित होकर श्रीराम से मिलने चल पड़ते हैं। गोस्वामी तुलसीदास लिखते हैं–

करि दंडवत भेंट धरि आगे। प्रभुहिं बिलोकत अति अनुरागे।।
सहज सनेह बिबस रघुराई। पूँछी कुसल निकट बैठाई।।
नाथ कुसल पद पंकज देखें। भयउँ भाग भाजन जन लेखें।।
बरश चारिदस बासु बानि, मुनिव्रत बेशु अहारू।
ग्राम बासु नहिं उचित सुनि,गुहहिं भयउ दुख भारु।।[1]

जब निशादपति के विनय करने पर भी श्रीराम उसके यहाँ ग्राम निवास में नहीं जाते हैं, तब निशाद एक शीशम के बड़े वृक्ष को उन्हें दिखाते हैं। उस वृक्ष के नीचे ही गुह ने चटाई बनाकर बिछाई, जो कुश के पत्तों से भी अधिक कोमल बनी हुई थी। वहाँ उसने श्रीराम, सीता और लक्ष्मण को मधुर कंदमूल फल उनके समक्ष रखे और पीने के लिए पानी भी रखा। पंक्तियाँ देखिए–

तब निशादपति उर अनुमाना। तरु सिंसुपा मनोहर जाना।।
लै रघुनाथहिं ठाउँ देखावा। कहेउ राम सब भांति सुहावा।।
पुरजन करि जोहारु घर आए। रघुवर संध्या करन सिधाए।।
सिय सुमंत्र भ्राता सहित, कंद मूल फल खाइ।
सयन कीन्ह रघुबंसमनि,पाय पलोटत भाइ।।[2]

श्रीराम जो निष्छल प्रेम से अपने भक्तों के वशीभूत हो जाते हैं, गुह को अपने समीप बैठाकर कुशलक्षेम पूछते हैं। निशादराज ने कहा कि वह श्रीचरणों के दर्शन कर धन्य हो गया है। अब तो जीवन में सब कुशल ही कुशल है। लक्ष्मण जी सीता और श्रीराम के शयन के पश्चात् हाथ में धनुष–बाण लेकर पहरा देने लगते हैं। गुहराज ने भी अपने विश्वस्त लोगों को जगह–जगह पहरे पर लगा दिया और स्वयं धनुषबाण लेकर लक्ष्मण जी के समीप बैठ गये। श्रीराम को कुश–साथरी पर सोते देखकर उन्हें अयोध्या के महलों की याद आ गयी जिसकी तुलना इन्द्र के महलों से भी नहीं की जा सकती थी। वे कैकेयी को कोसने लगे। यथा–

कैकयनंदिनि मंदमति, कठिन कुटिलपनु कीन्ह।
जेहिं रघुनंदन जानकिहि, सुख अवसर दुखु दीन्ह।।[3]

गुहराज को इस प्रकार दुःखी देखकर लक्ष्मण जी उन्हें इस संसार की वास्तविकता से परिचित कराने लगे। उनके वचन वैराग्य और भक्ति से सने हुए थे। वे कहने लगे कि सभी जीव अपने–अपने पूर्व जन्मकृत कर्मों का ही कल भोगते हैं। संसार में किसी से किसी का संयोग और वियोग, अच्छे–बुरे कर्मों का भोग, हित–अनहित और मध्यस्थ आदि सभी नाते भ्रममात्र हैं।ये सब भ्रम के बन्धन हैं। इस संसाररूपी रात्रि में उन्हीं जीवों को जगा हुआ जानो जो जगत् प्रपञ्च से सर्वथा अलग रहते हैं। श्रीरघुनाथ जी साक्षात् परब्रह्म हैं। वेद इन्हें नेति–नेति कहकर निरूपित करते हैं। पंक्तियाँ देखिए–

बोले लखन मधुर मृदु बानी। ग्यान विराग भगति रस सानी।।
काहु न कोउ सुख दुख कर दाता। निज कृत करमभोग सबु भ्राता।।
जोग बियोग भोग भल मंदा। हित अनहित मध्यम भ्रम फंदा।।
जनमु मरनु जहँ लगि जग जालू। संपत्ति विपति करम अरु कालू।।
सपने होइ भिखारी नृपु, रंकु नाकपति होइ।
जागें लाभु न हानि कछु, तिमि प्रपंच जियँ जोइ।।[4]

उपर्युक्त प्रसंग भक्तराज निशादराज का हुआ। अब नाव खेने वाले मल्लाह के प्रसंग का वर्णन प्रस्तुत है। इसमें श्रीराम, सीता, लक्ष्मण, निशादराज– ये चारों एक साथ हैं। ये मल्लाह से श्रीगंगाजी के किनारे नाव लगाने के लिए कह रहे हैं। इस

पर केवट (नाविक) कहता है कि वह नाव गंगा किनारे नहीं लाएगा क्योंकि उसे मर्म की बात मालूम थी। इनके चरणों की रज तो निर्जीव वस्तुओं को भी प्राणवान बना देती है। मेरी नाव भी इनकी चरणरज से यदि स्त्री बन गयी तो अपने बच्चे किससे पालूँगा–

मागी नाव न केवट आना। कहहि तुम्हार मरमु मैं जाना।।
चरन कमल रज कहुँ सबु कहई। मानुष करनि भूरि कछु अहई।।
छुअत सिला भई नारि सुहाई। पाहन तैं न काठ कठिनाई।।
तरनिउ मुनि घरनी होइ जाई। बाट परइ मोरि नाव उड़ाई।।[5]

कहीं मेरी नाव भी मुनि–स्त्री न बन जाय, अतः बिना पग धोये नाव पर इन्हें अपनी नाव पर नहीं चढ़ाऊँगा। यदि नौका स्त्री बन गयी तो आप भला गंगा पार कैसे जा सकेंगे। आपके उतरने में व्यवधान पड़ जायेगा। आपके कार्य की तो हानि होगी ही, मेरे जीवन–यापन में भी व्यवधान पड़ेगा। मैं नाविक होने के अतिरिक्त कोई दूसरा काम भी करना नहीं जानता हूँ। कैसा निरुत्तर कर देने वाला तर्क है भक्त नाविक का। अत: मुझे अपने चरणकमलों की रज धोने की आज्ञा प्रदान करें। यथा–

पद कमल धोइ चढ़ाइ नाव न नाथ उतराई चहौं।
मोहि राम राउरि आन दसरथ सपथ सब साची कहौं।।
बरु तीर मारहुँ लखन पै जब लगि न पाय पखारि हौं।
तब लगि न तुलसीदास नाथ कृपाल पारु उतारि हौं।।[6]

यद्यपि केवट रोजी–रोटी और परिवार के पालन की बात कहता है, फिर भी राम से उतराई लेने से मना करता है। केवट के इस प्रकार के प्रेम–भरे वचनों को सुनकर श्रीराम सीता और लक्ष्मण की ओर देखकर हँसने लगे–

सुनि केवट के बैन प्रेम लपेटे अटपटे।
बिहसे करुनाऐन चितइ जानकी लखन तन।।[7]

ऐसा था केवट का श्रीराम के प्रति प्रेम। अपनी प्रेमभरी और तर्कसंगत वाणी से अपने को भवसागर से तारने के लिए प्रेम लपेटे वचनों से श्रीराम से चरणोदक माँग लिया। भगवान श्रीराम भी कहने लगे कि जो तुझे अच्छा लगे वही कर। 'रामहि केवल प्रेम पियारा' वाले राम अपने भक्त की प्रेमभरी बात सुनकर और कर ही क्या सकते थे। यथा–

कृपासिंधु बोले मुसुकाई। सोइ करु जेहिं तव नाव न जाई।।[8]

यहाँ एक प्रश्न उत्पन्न होता है कि जब निशादराज श्रीराम के साथ हैं तो केवट की ऐसी बात कहने की हिम्मत कैसे हुई? उसे उन्होंने टोका क्यों नहीं। इससे यह स्पष्ट होता है कि चरणोदक लेने की यह उक्ति स्वयं निशादराज की बतलाई हुई थी। उसने ही यह सिखाया होगा कि चरणोदक लेकर समस्त परिवार को पिला दिया जाए, जिससे पूरे परिवार का उद्धार हो जाए। श्रीराम के चरण–प्रक्षालन के सौभाग्य–भाजन तो निशादराज ही थे। केवट तो केवल सहारा मात्र था। राम की आज्ञा पाकर केवट कठौती में जल भरकर ले आया और अति अनुराग और उमंग से पैर धोने लगा। उसने पैर धोने के पश्चात् गृह समेत सभी को गंगा पार उतारा। यथा–

उतरि ठाढ़ भये सुरसरि रेता। सीय राग गुह लखन समेता।।
केवट उतरि दण्डवत कीन्हा। प्रभुहि सकुच एहि नहिं कर दीन्हा।।
पिय हिय की सिय जाननि हारी। मनि मुदरी मनमुदित उतारी।।
कहेउ कृपाल लेहि उतराई। केवट चरन गहे अकुलाई।।
नाथ आजु मैं काह न पावा। मिटे दोश दुख दारिद दावा।।[9]

कैसी अद्‌भुत भक्ति है भक्तशिरोमणि केवट की। 'श्रीरामचरितमानस' से स्वतः ही स्पष्ट है कि गुह अर्थात् निशादराज और केवट– दोनों दो भिन्न–भिन्न पुरुष हैं। दोनों के लिए सम्बोधन और दोनों के कार्य भी अलग–अलग हैं। निशादराज गुह सीताराम के साथ ही नाव से उतरते हैं, केवट बाद में। 'उतरि ठाढ़ भये सुरसरि रेता। सीयराम गुह लखन समेता' तथा 'केवट उतरि दण्डवत कीन्हा' से दोनों अलग–अलग दो पुरुष सिद्ध होते हैं। दोनों की श्रीराम के प्रति भक्ति भी अटूट सिद्ध होती है।

*https://doi.org/10.31995/jgv.2023.v14iS2.015*

## सन्दर्भ

1. गोस्वामी तुलसीदास. (सम्वत् 2079). श्रीरामचरितमानस, अयोध्याकाण्ड (गीताप्रेस गोरखपुर,गुटका साइज). पृष्ठ 280.
2. वही. पृष्ठ 280–81.
3. वही. पृष्ठ 202.
4. पृष्ठ 282.
5. पृष्ठ 286.
6. पृष्ठ 286.
7. पृष्ठ 286.
8. पृष्ठ 286.
9. पृष्ठ 287.

# वैदिक तथा पौराणिक साहित्य में पर्यावरण चेतना

**प्रो० अनुपम शैरी**
*श्रीमती बी०डी० जैन गर्ल्स (पी०जी०) कॉलेज, आगरा छावनी, आगरा*
*ईमेलः anupamsherry@gmail.com*

**सारांश**

संस्कृत साहित्य में पर्यावरण का स्थान मानव शरीर में आत्मा के तुल्य है। चाहे पुरातन साहित्य को या आधुनिक, पर्यावरण चेतना सर्वत्र रंग बिरंगी छटा बिखेरे हुए हैं। प्राचीन महर्षियों ने पर्यावरणीय तत्वों को देवतुल्य बताकर उसका महत्व प्रतिपादित किया है तथा मानवीय जीवन में उसके महत्व को सर्वतः स्पष्ट किया गया है। पर्यावरण का संतुलन ही मानव जीवन की सुख, शांति एवं समृद्धि का आधार है।

**मुख्य शब्द**

गुरुत्वाकर्षण, अंतरिक्ष, अपरिहार्य, अन्योन्याश्रित, सरंक्षण।

Reference to this paper should be made as follows:

प्रो० अनुपम शैरी

*वैदिक तथा पौराणिक साहित्य में पर्यावरण चेतना*

*Vol. XIV, Special Issue*
*pp.80-86*
*Article No.16*

**Online available at:**
*https://anubooks.com/journal/journal-global-values*

**DOI:** *https://doi.org/10.31995/jgv.2023.v14iS2.016*

Journal Global Values, Vol. XIV, Special Issue, May 2023, ISSN: (P) 0976-9447, (e) 2454-8391, Impact Factor 8.835*(SJIF)*
*https://doi.org/10.31995/jgv.2023.v14iS2.016*

प्राचीन काल से अर्वाचीन साहित्य तक पर्यावरण चेतना संस्कृत साहित्य का अपरिहार्य अंग है। संस्कृत में 'आरण्यक' स्वंय में पर्यावरण का ही अंश है। सृष्टि में विधाता की वैज्ञानिक दृष्टि सर्वत्र द्रष्टव्य है। सृष्टि में मानव और प्राकृति का सहचरी भाव भी है और अनुचरी भाव भी। ये दोनों परस्पर अन्योयाश्रित हैं, यथा–मनुष्य वृक्ष–वनस्पतियों का पौधारोपण करके, उन्हें खाद–पानी देकर उनका पालन–पोषण करता है, तो वे वृक्ष वनस्पति अपने बीज, फल आदि भोज्य–पदार्थ प्रदान करके मानव के जीवन का आधार बनते हैं। अतः मानव एवं पर्यावरण के मध्य अटूट सम्बन्ध पुरातन काल से है। मानव में प्रकृति के प्रति अनुराग इतना अधिक है कि उससे अलग अस्तित्व की कल्पना भी नहीं की जा सकती, इसी भावात्मक जुड़ाव का वर्णन वेदों और पुराणों में है।

सनातन विचारधारा के प्रवर्तक हमारे पूर्वज (ऋषि–मुनि) अद्वितीय वैज्ञानिक, शोधकर्ता, मानव–कल्याण के प्रति समर्पित, दूरदृष्टि रखने वाले पथ प्रदर्शक थे। वे अपने स्वाध्याय के माध्यम से ज्ञात कर चुके थे कि प्रकृतिद्वारा स्थापित विधान के अंतर्गत कुछ भी निरर्थक नहीं है। सूर्य, वायु जल मिट्टी, वनस्पति, जीव–जन्तु, आदि सभी एक–दूसरे के हित में सदा सहयोगी बने रहते हैं। ये मानव के हितैशी हैं, अतः मानव को भी चाहिए कि वे इन पर्यावरणीय पदार्थों का यथाचित उपयोग करें और सदा ही इन के सरंक्षण में निरत रहें।

हमारे दूरदर्शी पूर्वजों ने अपनी प्रतिभा से यह देखा की वनस्पतियाँ पृथ्वी का यकृत् हैं। क्योंकि वे सभी जीवनस्वरुपों के लिए स्वच्छ हवा, पानी, भोजन एवं आवास का प्रबन्ध करती हैं, इसलिए इनका सरंक्षण होना अति आवश्यक है। लोक में यह मान्यता है कि यदि हम दिव्य शक्तियों के निवास–स्थल इन वृक्षादि को नष्ट कर देंगे तो सम्बद्ध देवताओं के कोप–भाजन भी बन सकते हैं। इस भय ने बड़ी सीमा तक पेड़ों को काटने और उन्हें काटने के कारण बढ़ने वाले प्रदूषण से संसार को बचाए रखा। वृक्षों पर अध्ययन और प्रयोग करके उनके गुणों को पहचाना गया। तदनुसार ही उनके उपयोग तथा स्थान को निर्धारित किया गया। पीपल वृक्ष को भगवान विष्णु और वटवृक्ष को भगवान शंकर का स्वरुप प्रदान करने पर इन वृक्षों को स्थायी सरंक्षण की व्यवस्था कितनी सफल सिद्ध हुई है, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि आज भी भारतीय जनमानस में अधर्म के भय से इन वृक्षों को न काटने की भावना भरी है। वटमूले स्थितो ब्रह्मा वटामध्ये जनार्दनः। वटाग्रे तु शिवो देवः सावित्री वटसंक्षिता।[1] वनस्पतियों में प्राकृतिक रुप से विद्यमान गुण–धर्म की वैज्ञानिक व्याख्या करते हुए आयुर्वेद के प्रवर्तक आचार्य चरक ने कहा है कि प्राकृतिक रुप में उगने वाली सभी वनस्पतियाँ किसी न किसी रुप में उपयोगी होती हैं।

## ऋग्वेद और पर्यावरण

भारतीय संस्कृति की सर्वप्रथम पुस्तक ऋग्वेद है। जिसमें वृक्षों के बारे में वर्णन मिलता है। वेद–पुराणों में पर्यावरण सम्बन्धी विभिन्न दृष्टिकोण प्राप्त होते हैं, जो पर्यावरण संरक्षण में सहायक सिद्ध होते हैं। वृक्ष जीव मात्र के उपकारी हैं और सर्वपूज्य भी हैं। वेदों में पीपल, वटवृक्ष, सोमलता, इत्यादि को पूजनीय बताया गया है। सभी वृक्षों में सोम का उल्लेख वन के राजा के रुप में प्राप्त होता है। ऋग्वेद के पूरे नवम मण्डल तथा अन्य मण्डलों में भी सोम की स्तुतियाँ हैं। सोम को विकरण का आश्रयभूत और गुरुत्वाकर्षण का कारण कहा गया है। ऐसी मान्यता है कि उससे आकाश में नक्षत्रादि सन्तुलित रहते हैं। वैदिक सूक्तों में सोमलता को भगवान् का रुप कहा गया है–

त्वमिमा ओषधीः सोम विश्वास्त्वमपो अजनयस्त्वं गाः।
त्वमा ततन्थोर्वन्तरिक्षं त्वं ज्योतिषा वि तमो ववर्थ।।[2]

अर्थात् हे सोम! आपने ये सब औषधियाँ, जल, फल और गायें उत्पन्न की हैं। आपने यह विशाल अन्तरिक्ष फैलाया है और अपने प्रकाश से अन्धकार को दूर किया है।

सोम के अतिरिक्त ऋग्वेद में शाल्मली, खदिर, सिन्सोपा, विभीदक, शमी और प्लक्ष आदि वृक्षों के नाम भी मिलते हैं। इक्षु (गन्ने) का भी उत्पादन होता था। फूलों वाले वृक्षों में पलाश, कमल, कुमुद का उल्लेख ऋग्वेद तथा यजुर्वेद में होता है। इसके साथ ही फलदार वृक्षों में उर्वारुक, कर्कन्धु, कुवलय, उदुम्बर, खजूर, और बिल्व आदि का उल्लेख भी संहिताओं में प्राप्त होता है। वेद में विभिन्न औशधियों की स्तुतियां भरी पड़ी है, एक प्रार्थना में कहा गया है–

मधुमतीरोशधीर्द्याव आपा मधुमन्नो भवत्वन्तरक्षिम्।
क्षेत्रस्य पतिर्मधुमान्नो अस्त्वरिष्यन्तो अन्वेनं चरेम।।[3]

अर्थात् औषधियाँ–वनस्पतियाँ हमारे लिए मधुमती हों। द्यु, जल और अन्तरिक्ष हमारे लिए मधुर हों। भूमि भी हमारे लिए मधुरता से युक्त हो। वृक्षों के विकास के लिए मंगलकामना की जाती थी और उन्हें सुखी जीवन के लिए अपहार्य माना जाता था–

वनस्पते शतवल्शो वि रोह सहस्त्रवल्शा वि वयं रुहेम।
यं त्वामयं स्वधितिस्तेजमानः प्रणिनाय महते सौभाग्याय।।[4]

ऋग्वेद में ही पीपल वृक्ष की महिमा इस प्रकार गाई गई है–

अश्वत्थे वो निषदंन पर्णे वो वसतिष्कृता।[5]

## यजुर्वेद और पर्यावरण

यजुर्वेद में किसी भी मंगल–कृत्य के समय वृक्षों के कोमल पत्तों का स्मरण किया गया है–

'काण्डात् काण्डात् प्ररोहन्ती परुषः परुषस्परि।[6]

वेदों के वर्णन इस बात की ओर इंगित करते हैं कि हमारे मनीषियों ने समूची प्रकृति को देवतुल्य मानकर उसकी रक्षा हेतु विभिन्न विधान रचे। ऋषियों ने प्राकृतिक सन्तुलन को बनाए रखने को जनसामान्य की। धार्मिक आवश्यकता बताया वस्तुतः धर्म से जोड़ने के पीछे कितने ही सूक्ष्म रहस्य, सूक्ष्म तत्व छिपे हैं, जिनका वैज्ञानिक महत्व यजुर्वेद के मंत्रों से स्पष्ट है। यजुर्वेद में तो यत्र–तत्र पर्यावरण रक्षा के भाव दर्शनीय है।

हमारे मनीषियों ने पर्यावरण के लिए शांति–मंत्रों द्वारा इस सद्भाव को बनाए रखने की प्रेरणा दी है जिसमें द्युलोक, अन्तरिक्ष, पृथ्वी, जल, वनस्पति आदि में सर्वत्र शांति बने रहने के उदात्त भाव अनुस्यूत हैं, क्योंकि शांति में ही परम आनन्द है। ऋषि की आर्शवाणी है–

'द्यौः शान्तिरन्तरिक्ष, शान्ति पृथिवी शान्तिरापः शान्तिरोषधयः शान्ति। वनस्पतयः
शान्तिर्विश्वे देवाः
शान्तिर्ब्रह्माा शान्तिः सर्वे शान्तिः शान्तिरेव शान्ति सा मा शान्तिरोधि।।'[7]

इस शान्तिपाठ में पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने हेतु ऋषियों द्वारा प्रार्थना की गई है, जिससे स्पष्ट होता है कि वैदिक ऋषि पर्यावरण के प्रत्येक रुप की रक्षा एवं संतुलन के प्रति कितने सजग थे। उन्होनें जनसामान्य में श्रद्धाभाव जाग्रत कर प्रकृति के सभी रुपों को अशान्त, आज के परिप्रेक्ष्य में प्रदूषित न करने की प्रेरणा दी। साथ ही जीवन के प्रति संकट बन रहे प्रदूषण से सजग रहने की प्रेरणा भी दी। इसी के साथ यजुर्वेद में प्रार्थना की गई है–

'शं नो वातः पर्वतान्।।[8]

ऋषि ने वायुदेव से प्रार्थना की है कि हे पवनदेव! वायु हमारे लिए शुद्ध (प्रदूषण रहित) होकर बहे। यजुर्वेद में अन्तरिक्ष के पवित्र रहने की भी कामना की गई है तथा पृथ्वी की पवित्रता के सम्बन्ध में मृदा सरंक्षण की एक प्रार्थना में कहा गया है–

'पृथिवी यच्छ पृथिवी' दृँह पृथ्विी मा हिंसीः।[9]

अर्थात् मृदा को उर्वर बनाएं तथा उसके प्रति हिंसा अर्थात् प्रदूषण न करें। एक मंत्र में ऋषियों ने मेघों से कामना की है कि वे हमारे लिए सुखकारी हों–

'शं योरभि स्रवन्तु नः[10]

यजुर्वेद में पेड़–पौधों और पशुओं की रक्षा करने की शिक्षा दी गई है तथा उनको हानि न पहुँचाने का भी उल्लेख प्राप्त होता है। वृक्षों के संरक्षण के तात्पर्य से कहा गया है–

'स्वाधिते मैन ँ हि ँसीः'[11]

अर्थात् वृक्ष को कुल्हाड़ी से मत काटो।

यजुर्वेद में औषधियों को अच्छा मित्र बताकर उनके फलने–फूलने की कामना की गई है, जाकि वातावरण शुद्ध रहे तथा प्राणी निरोग हों।

'माध्वीर्नः सन्वोषधीः'[12]

अर्थात् वनस्पतियां मधुमय (रसयुक्त) हों। यजुर्वेद में प्रजा के कल्याण के लिए वनस्पति की स्तुति की गई है–

'शिवो भव प्रजाभ्यो मानुषीभ्यस्त्वमंगिरः।'[13]

यही नहीं यजुर्वेद में वनस्पतियों की रक्षा के साथ पर्यावरण का संतुलन सही बनाए, रखने के लिए, पशुओं की रक्षा का उल्लेख भी मिलता है–

'अभयं नः पशुभ्यः' द्विपादव चतुष्पाद पाहि'[14]

यजुर्वेद में मानव को निर्देश दिया गया है कि वे पशुओं को निर्भय होकर रहने दें। उनके साथ हिंसक का व्यवहार न करें।

## अथर्ववेद और पर्यावरण

वैदिक संहिता अथर्ववेद में भी पर्यावरण के संरक्षण हेतु जल को दूषित न करने के लिए कहा गया है कि जल एक विश्वसनीय औषध है। जल रोगनाशक है। जल विश्वेभेषज (औषधि) है–

आप इदं वाऽभेषजीरापो अमीवचातनीः।
आपो विश्वस्य भेषजीस्तास्त्वा मुञ्तु क्षेत्रियात्।।[15]

अथर्ववेद में वृक्षों को वन का स्वामी कहा गया है, जो मनुष्य को पाप से बचा सकते हैं–

अग्निर्बूमो वनस्पतीनोषधीरुत वीरुधः।
इन्द्रं बृहस्पतिं सूर्यं ते नो मुञ्चन्त्वहसः।।[16]

## ब्राह्म्णग्रन्थ तथा उपनषदों में पर्यावरण

सूत्र ग्रन्थों में वृक्ष लगाने से मिलने वाले फल को बता कर मानव को अधिकाधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया गया है। जीवन में लगाए गए वृक्ष अगले जन्म में संतान के रुप में प्राप्त होते हैं–

'वृक्षारोपयितुर्वक्षाः परलोके पुत्रा भवन्ति।[17]

ब्राहम्ण ग्रन्थों में वृक्षों को कल्याणकारी बताते हुए शमी वृक्ष को समस्त अमंगलों का नाशक तथा दुःस्वप्न नाशक माना गया है।

अमंगलानां शमनी ......................... दुःस्वप्ननाशिनी[18]

ऋषियों ने वृक्षादि सम्बन्धी ऐसी विधियां भी खोज लीं थी कि जिनसे वृक्ष पुनर्जीवित हो सके। बृहदारण्यकोपनिषद् में उद्यालक ऋषि ने एक स्थान पर कहा है कि गायत्री मंत्र से विधिपूर्वक सींचने से सूखे वष्क्ष पर शाखाएँ फूट निकलती हैं और पत्र निकल आते हैं।

उपनिषद् ग्रन्थों में यही दृष्टिकोण यथावत् विद्यमान है, याज्ञवल्क्य ऋषि ने बृहदारण्यकोपनिषद् में वृक्षों की तुलना मानव शरीर से की है–

यथा वृक्षो वनपतिस्तथैव पुरुषोऽमृषा।
तस्य लोमानि पर्णानि त्वगस्योत्पाटिका बहिः।।
त्वच एवास्य रुधिरं प्रस्यन्ति त्वच उत्पटः।
तस्मात् तदा तृण्णात् प्रैति रसो वृक्षादिवाहतात्।
मांसान्यस्य शकराणि कीटाः स्नाव तत् स्थिरम्।
अस्थीन्यन्तरतो दारुणि मज्जोपमा कृता।।[19]

अर्थात् जैसे वन का बड़ा वृक्ष है, ऐसा ही मानव–शरीर है। मानव देह में रोम हैं, वृक्ष में पत्ते हैं। मानव की त्वचा है, वृक्ष की बाहरी छाल। जैसे मनुष्य की त्वचा से रक्त बढ़ता है, वैसे ही वृक्ष की छाल से उत्पट रस निकलता है, मानवीय मांस और मांसपेशियों की तरह वृक्ष की छाल के भीतर का भाग निकलता है। पुरुष में जैसे नाड़ी–जाल है, वैसे ही वृक्ष का कीनाट (लकड़ी से लगा हुआ कोमल भाग है) उसकी अन्दर की लकड़ियां मानो हड्डियाँ है। उसकी मज्जा पुरुष की मज्जा के समान है। यों तो ऋषियों ने उक्त कथन पुनर्जन्म– सम्बन्धी चर्चा के मध्य किया है और बताया है कि जब कटा हुआ वृक्ष अपनी जड़ के कारण फिर से नवीन रुप में फूट निकलता है तो मृत्यु से कटा अर्थात मरा हुआ मनुष्य किस मूल से पुनर्जन्म लेता है। इस विश्लेषण में दार्शनिक समाधान तो है ही, साथ ही वृक्ष–वनस्पतियों में जीवन देखने की दृष्टि भी सुस्पष्ट है, अतः यह मानना कि आधुनिक वैज्ञानिकों ने ही वृक्षों में जीवन की खोज को, पूर्णतः सत्य नहीं है। छान्दोग्योपनिषद् के ऋषि ने भी वृक्षादि में जीवन के प्रमाण कुछ इस रुप में देखे हैं कि किसी वृक्ष के किसी एक भाग पर प्रहार करने से वह भाग तो सूख जाता है, किन्तु वृक्ष फिर भी जिन्दा रहता है–

'अस्य यदेका ँ शाखां जीवो जहात्यथ सा शुषयति द्वितीया जहात्यथ सा शुष्यति
तृतीयां जहात्यथ सा शुष्यति सर्वं जहाति सर्वः शुष्यति।'[20]

अन्यत्र छान्दोग्योपनिषद् में ही सारे जगत् की उपमा अश्वत्थ अर्थात् पीपल के पेड़ से की गई है–

'अस्य सोम्य महतो वृक्षस्य यो मूले भ्यहन्याज्जीवन् स्त्रवेद्यो............ स एष जीवेनात्मनानुप्रभूतः
पेपीयमानो मोदमानस्तिष्ठति।।'[21]

## स्मृति ग्रन्थ और पर्यावरण

वेदों में वृक्षों की महिमा एवं उनके स्पर्श का माहात्म्य भी वर्णित है, परंतु स्मृतियों में न केवल वृक्ष लगाने का माहात्म्य है, अपितु वृक्ष नष्ट करने वाले के लिए दण्ड–विधान भी लिखा है। वृक्षों को समूह रुप से रक्षित कर बगीचों का रुप देने का पहला वर्णन स्मृतियों में ही मिलता है। नदियों, तालाबों आदि में मल–मूत्र, थूक अथवा अन्य दूषित पदार्थ का विसर्जन याज्ञवल्क्य स्मृति में अशुभ कार्य कहा गया है।[22] धर्मशास्त्रों तथा पुराणों में इष्टापूत धर्म की बड़ी महिमा आयी है। यज्ञ–यागादि के सम्पादन को इष्ट कहते हैं, और निः स्वार्थ भाव से कुआँ, बावली, तालाब, देवालय, धर्मशाला, मंदिर, पौसला, बनवाला, छायादार एवं फलदार वृक्ष लगाना इत्यादि को पूर्त कहते हैं। यमस्मृति में बताया गया है कि इष्टकर्मों से स्वर्ग तथा पूर्तकर्मों से मोक्ष प्राप्त होता है–

'इष्टेन लभते स्वर्गं पूर्ते मोक्षं समश्नुते।'[23]

## पुराण और पर्यावरण

वृक्षों को जीव मानकर मानवसृष्टि द्वारा उनकी उत्पत्ति का वर्णन पुराणों की प्रथम गवेषणा है। पुराणों में वृक्षों को कश्यप ऋषि की संतान कहा है। यह कथानक इनकी रक्षा एवं इनके परमोपकृत शरीर के माहात्म्यका द्योतक है। ब्रह्मावैवर्त पुराण में कहा गया है कि पीपल वृक्ष लगाने वाला हजारों वर्षों तक तपोलोक में निवास करता है–

अश्वत्थवृक्षमारोप्य प्रतिष्ठां च करोति यः।
स याति तपसो लोकं वर्षाणामयुतं परम्।।[24]

एवं बृहन्नारदीय पुराण में–

वृक्षाश्चय रोपितास्तत्र सर्वलोकोपकारणिः।[25]

भविष्य पुराण के अनुसार जो व्यक्ति पीपल, नीम अथवा बरगद का एक चिंचिड़ी (इमली) के दस, कपित्थ एवं बिल्व अथवा आँवलें के तीन और आम के पाँच लगाता है, वह कभी नरक में नहीं जाता।

अश्वत्थमेकं पिचुमर्दमेकं न्यग्रोधमेकं दश चिंचिणीमकम्।
कपित्थबिल्वामलकत्रयं च पंचाम्रवापी नरकं न पश्येत्।।[26]

भागवत पुराणा के अनुसार दक्ष प्रजापति की साठ में से तेरह कन्याएं कश्यप जी की पत्नी बनीं। उनमें अदिति से देवगण, दिति से दैत्य, दनु से दानव, सुरसा से सर्प तथा इला से भूरुह (वृक्ष) पैदा हुए–

'इलाया भूरुहाः सर्वे।[27]

इसलिए एक वृक्ष एक संतान के समान माना जाता है। मत्स्य पुराण में लिखा है कि एक वृक्ष दस पुत्र उत्पन्न करने के बराबर है।

**'दशकूपसमा वापी दशवापीसमां हृदः।**
**दशहृदसमः पुत्रो दशपुत्रसमो द्रुमः।।'[28]**

मत्स्यपुराण एवं पद्मपुराण के सृष्टिखण्ड में वृक्षारोपण की विधि बताकर वृक्षारोपण उत्सव मनाने का फल बताते हुए कहा गया है कि उस व्यक्ति की सर्व मनोकामनाएँ पूर्ण हो जाती हैं और वह अक्षय फल का भागी होता है–

**'सर्वान् कामनावाप्नोति फलं चानन्त्यमश्नुते।।'[29]**

स्कन्द पुराण में सात प्रकार की सन्तानों का उल्लेख है, जिसमें पितरों की तृप्ति एवं मानव–जीवन की सार्थकता सिद्ध होती है–

कूपस्तडागमुद्यानं मण्डपं च प्रपा तथा।
जलदानमन्नदानमश्वत्थारोपणं तथा।।

पुत्रश्वेति च संतानं सप्त वेदविदो विदुः।।[30]

कुआँ, तालाब, बगीचा, आराम–भवन, प्याऊ, जल, और अन्नदान तथा पीपल के वृक्ष लगाना ये सात संतानें कहलाती हैं।

## श्रीमद्भगवद् गीता और पर्यावरण

श्रीमद्भगवद्गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने पीपल वृक्ष की श्रेष्ठता बताते हुए कहा है कि सब वृक्षों में पीपल श्रेष्ठ है–

'अश्वत्थः सर्ववृक्षाणाम्' ।[31]

गीता में ही पुनः मानव की उपमा उल्टे अश्वत्थ से की गयी है–

ऊर्ध्वमूलमधः शाखमश्चत्थं प्राहुरव्ययम् ।[32]

अतः वृक्षारोपण करना किसी भी तीर्थ, व्रत, उपवास से कम नहीं। भारतीय संस्कृति के इस आवश्यक अंग वृक्षों की वृद्धि के लिए अपने हाथों किसी भी स्थान पर एक वृक्ष लगाना धार्मिक कर्तव्य है।

## यज्ञ और पर्यावरण

यजुर्वेद में ऋषियों ने पर्यावरण के सभी घटकों की रक्षा के साथ ही यज्ञ की महत्ता को भी प्रतिपादित किया है तथा प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने के लिए मानव को प्रेरित किया है। वे चाहते थे कि पर्यावरण के किसी भी घटक में असन्तुलन न रहे। पारिस्थितिकीय सन्तुलन बना रहे। प्रकृति पूर्ण सौम्यावस्था में रहे।

यजुर्वेद के प्रथम अध्याय में प्राकृतिक संतुलन को बनाए रखने में यज्ञ की महत्ता को बताते हुए कहा गया है कि हे यज्ञ! तुम सुखकारक तथा आश्रय के योग्य हो। तुमसे रोग नष्ट होते हैं तथा उनके कीटाणु भी ध्वस्त होते हैं। तुम पृथिवी के लिए त्वचा की तरह रक्षक हो। हमारे ऋषियों ने अपनी प्रखर एवं पैनी दृष्टि से पर्यावरण– परिष्करण के लिए यज्ञ जैसी उत्तम प्रक्रिया का अन्वेषण कर लिया था। शुक्ल यजुर्वेद के प्रथम अध्याय में बताया गया है कि अग्नि को आहुतियाँ अर्पित करने का नाम ही यज्ञ नहीं है, अपितु यज्ञ एक भावना है जो समस्त पर्यावरण को सुवासित करती है। शुक्ल यजुर्वेद में वायु एवं जल की शुद्धि के मन्त्र दिये गये हैं तथा बताया गया है कि जिस वेद–वाणी का यज्ञ में उधारण दिया जाता है वह भी यज्ञ का रुप है, क्योंकि इनसे ध्वनि प्रदूषण नहीं होता।

## उपसंहार

इस तरह वैदिक तथा पौराणिक साहित्य में कई उल्लेख मिलते हैं, जिनसे स्पष्ट होता है कि प्राचीन ऋषि–मुनियों की दूरदृष्टि तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण ने न केवल पर्यावरण–रक्षा की शिक्षा दी, अपितु सम्पूर्ण पर्यावरण को संतुलित रखा। आज यज्ञविषयक वैज्ञानिक अनुसन्धानों से स्पष्ट हो गया है कि यज्ञ केवल आस्था नहीं, बल्कि पर्यावरण सरंक्षण का सरल एवं श्रेष्ठ उपाय है। यह वायु प्रदूषण, ध्वनिप्रदूषण का नियन्त्रक होने के साथ–साथ विभिन्न रोगों के निदान में भी महत्वपूर्ण साधन है।

इस प्रकार यह स्पष्ट है कि आज जबकि प्रदूषण सम्पूर्ण प्रकृति में व्यास हो रहा है, तब वेद पुराणों की शिक्षाओं को अपनाना परम आवश्यक है, ताकि इस धरा को पुनः हरी–भरी एवं उज्जवल बनाया जा सके।

## सन्दर्भ

1. ऋग्वेद. 1/91/22.
2. वही. 4/57/53.
3. वही. 3/8/11.
4. वही. 10/17/5.
5. यजुर्वेद. 13/20.
6. यजुर्वेद. 36/17.
7. वही. 36/10.
8. वही. 13/18.
9. यजुर्वेद. 36/12.
10. वही. 4/1.
11. वही. 13/27.
12. वही. 11/45.

13. वही. 36 / 22.
14. वही. 14 / 8.
15. अथर्ववेद. 3 / 7 / 5.
16. वही. 11 / 6 / 1.
17. विष्णु धर्म सूत्र. 19 / 4.
18. गोपथ ब्राह्मण.
19. वृहदारण्यकोपनिषद. 3 / 9 / 28.
20. छान्दोग्योपनिषद. 6 / 11 / 2.
21. याज्ञवल्क्य स्मृति. 6 / 11 / 1.
22. यमस्मृति. 1 / 137.
23. ब्रहावैवर्तपुराण. 68.
24. बृहावैवर्तपुराण.
25. वृहन्नादरीय पुराण. अ.12.
26. भविष्यपुराण.
27. श्रीमद्भागवतपुराण. 6 / 6 / 28.
28. मत्स्य पुराण. 154 / 512.
29. मत्स्य पुराण. 59 / 16.
30. स्कन्दपुराण.
31. गीता विभूति योग.
32. वही गीता. 15 / 1.

Journal Global Values, Vol. XIV, Special Issue, May 2023, ISSN: (P) 0976-9447, (e) 2454-8391, Impact Factor 8.835*(SJIF)*
*https://doi.org/10.31995/jgv.2023.v14iS2.017*

# पर्यावरण संरक्षण : मानव भूमिका एवं समाधान

प्रो० शुभलेश कुमारी
*बी०एड० विभाग*
*श्रीमती बी०डी० जैन गर्ल्स (पी०जी०) कॉलेज, आगरा छावनी, आगरा*
*ईमेलः shubhleshkumari66@gmail.com*

***सारांश***

*इस सृष्टि की रचना सृष्टिकर्ता ने कुछ इस प्रकार की है कि प्रकृति अपनी गन्दगी को अपने आप में समेटकर स्वयं पर्यावरण संरक्षण में महती भूमिका का निर्वाह करती है। साथ ही इस पृथ्वी पर सूक्ष्म से सूक्ष्म व विशालकाय से विशालकाय जीव जन्तु भी पर्यावरण संरक्षण में अहम् भूमिका का निर्वाह करते हैं। परन्तु क्या कभी आपने सोचा है कि पर्यावरण को सर्वाधिक नुकसान कौन पहुँचाता है ? और क्यों ?*

*यह प्रश्न जब हम स्वयं से पूछें तो जवाब हमारे अन्तर्मन से शायद यही निकलेगा कि प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप में कहीं न कहीं मानव ही इसके लिए जिम्मेदार है। विकास के नाम पर जितनी तेजी से इस प्रकृति का दोहन किया जाता है, उसका भी सीधा प्रभाव पर्यावरण पर ही पड़ता है। जब पर्यावरण प्रदूषण बढ़ाने में मानव की भूमिका अहम् है तो निश्चित ही पर्यावरण संरक्षण में भी उसका योगदान सर्वाधिक होना चाहिए।*

Reference to this paper should be made as follows:

प्रो० शुभलेश कुमारी

*पर्यावरण संरक्षण : मानव भूमिका एवं समाधान*

*Vol. XIV, Special Issue*
*pp.87-90*
*Article No.15*

**Online available at:**
*https://anubooks.com/journal/journal-global-values*

**DOI:** *https://doi.org/10.31995/jgv.2023.v14iS2.015*

## भूमिका

प्रकृति में जो कुछ भी दृष्टिमान है, पर्यावरण की सीमा में आबद्ध है। शाब्दिक व्युत्पत्ति के आधार पर पर्यावरण का शाब्दिक अर्थ है परि+आवरण अर्थात जो हमें चारों ओर से ढके है जैसे जल, वायु, मिट्टी, पेड़–पौधे, जन्तु जगत, आकाश आदि इन सभी का सम्मिलित एवं आवृत रूप। उपेन्द्र चौहान ने पर्यावरण को परिभाषित करते हुए कहा है–

''पर्यावरण शब्द जीवों की अनुक्रियाओं को प्रभावित करने वाली समस्त भौतिक व जैवीय परिस्थितियों का योग है।''

जबकि बोरिंग कहता है– "एक व्यक्ति के पर्यावरण में वह सब कुछ सम्मिलित किया जाता है जो उसके जन्म से मृत्यु पर्यन्त तक उसको प्रभावित करता है।"

पर्यावरण प्रदूषण के कारण तो अनेक हैं जैसे अंधाधुंध विकास, रासायनिक तत्वों का वायुमण्डल में मिलना, तेजाबी वर्षा, प्रकृति से छेड़छाड़, अत्याधुनिकता का आवरण आदि। परन्तु परोक्ष रूप में इन सभी कारणों के लिए जिम्मेदार मानव ही है, क्योंकि आज मनुष्य स्वयं को अत्याधुनिक दर्शाने के लिए कुछ भी कर गुजरने से परहेज नहीं करता। यह तो हम सभी जानते हैं, पर्यावरण को शुद्ध रखना हम सबकी जिम्मेदारी है।

वर्तमान समय में पर्यावरण को पहुँच रही निरन्तर और तीव्र हानियाँ वैश्विक चिन्ता का कारण बनीं हैं। विचारणीय प्रश्न यह भी है, कि पहले पर्यावरण की क्षति लगभग शताब्दी में दृष्टिगोचर होती थी, परन्तु अब वे परिवर्तन एक दशकमात्र में होने लगे हैं। पर्यावरण संरक्षण के अभियानों की बागडोर यदि मनुष्य के हाथ में दी जा रही है तो उसका एक स्पष्ट अर्थ यह भी है कि क्षति का कारण भी तो मनुष्य ही है। इस शोधपत्र के अग्रांकित बिन्दुओं में मनुष्यकृत पर्यावरणीय क्षति और उसके निराकरण के उपायों को रेखांकित किया गया है।

## प्राकृतिक संसाधनों का अविवेकशील प्रयोग और तत्सम्बन्धी निराकरण

प्रकृति को सबसे अधिक हानि मानव की विवेकशून्यता ने पहुँचाई है। आज के भौतिकवादी युग में हित की परिभाषा बदल चुकी है। वर्तमान में सार्वजनिक हितों की उपेक्षा कर मात्र अपने स्वार्थ को ही हित के रूप में परिभाषित कर व्यक्ति प्रकृति प्रदत्त संसाधनों का हर कदम पर अंधाधुंध प्रयोग करने लगा है, जिसके परिणाम स्वरूप पर्यावरण का खतरनाक सीमा तक ह्रास हो रहा है। हमें व्यक्ति की इस मानसिकता को बदलना होगा, कि जब सब कर रहे हैं तो एक अकेले मेरे न करने से क्या हो जाएगा ? पर वह यह नहीं सोचता कि एक–एक से ही अनेक का निर्माण होता है, और जब किसी उद्देश्य के लिए अनेक संकल्पकर्मी एक साथ मिलकर प्रयास करते हैं तो उददेश्य की प्राप्ति अवश्य होती है। पर्यावरण संरक्षण की ये चिन्ताएं जब तक प्रत्येक व्यक्ति के मन–मस्तिष्क को नहीं झकझोरती तब तक सार्थक परिवर्तन होना असम्भव है।

## मानवकृत क्षतियाँ और जल संरक्षण

हमारे पूर्वजों ने जल को देवता मानकर, नदियों को माता कहकर जल को जीवन की संज्ञा दी थी, किन्तु आज न केवल हमारी नदियाँ प्रदूषित हो चुकी हैं, बल्कि स्वच्छ पेयजल भी एक बड़ी समस्या बन चुका है, इसका कारण भी आज आम व्यक्ति ही है। न केवल औद्योगिक संस्थानों का कचरा नदियों में जाकर प्रदूषण स्तर बढ़ाता है, बल्कि धर्म के नाम पर भी पवित्र नदियों को मैला किया जाता है, व नगरों एवं देहातों का कचरा और नालियाँ भी नदियों को नाला बना चुकी है। परिणामस्वरूप गंगा–युमना–सरस्वती जैसी पवित्र नदियों में क्लोराइड की जो अधिकतम मात्रा 250 पीपीएम होनी चाहिए वो बढकर 294 के स्तर को पार कर गई है। परिणामस्वरूप जलीय जीवों का भारी संख्या में मरना इसी का परिणाम है।

इसके निराकरण के लिए भी व्यक्ति को अपनी मानसिकता बदलनी होगी। जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के वैज्ञानिकों का भी यही मत है कि जब तक नदियों में औद्योगिक व नगरीय कचरा जाना बन्द नहीं होगा, तब तक तमाम शुद्धीकरण अभियान व्यर्थ हैं। हमें इस दिशा में ठोस कदम उठाने के साथ–साथ जन–जन को भी इस दिशा में सहयोग करने हेतु प्रेरित करना होगा।

## दोषपूर्ण जल संरक्षण, वितरण प्रणाली और असावधानीपूर्ण प्रयोग

स्वतन्त्रता प्राप्ति के उपरान्त शासकीय नीतियों में जल वितरण प्रणाली के आधुनिकीकरण के नाम पर प्राकृतिक जल संसाधनों का अनावश्यक दोहन ही किया गया है। वितरण प्रणाली के दोषों के कारण 30 से 40 प्रतिशत जल टूटी–फूटी पाइप लाइनों और नलों से रिसकर और बहकर बेकार चला जाता है। वर्षा जल के भी संरक्षण की व्यवस्था नहीं है। पेयजल की आपूर्ति लाइनों और सीवर लाइनों के मिलने से साधारण जनता प्रदूषित जल–जनित रोगों की शिकार हो जाती है। नल

खोलकर मंजन, शेव, स्नान, आदि करना आम आदमी की जीवन शैली का अंग बन चुका है व अन्य सभी काम करते समय भी पानी को अत्यधिक बहाना अनुचित है।

इसके लिए भी आम आदमी को जागरूक होना ही पड़ेगा। अपनी दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए लोटे और बाल्टी का प्रयोग किया जाना चाहिए। पानी के अनावश्यक बहाव व रिसाव को तुरन्त रोकना चाहिए। अपनी आदतों में सुधार करते हुए सरकारी जल वितरण प्रणाली को ठीक करने का दबाव विभिन्न अभियानों द्वारा बनाया जा सकता है। वर्षा के पानी का संरक्षण करने हेतु सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान को गति देने का कार्य भी आम आदमी अपना महत्वपूर्ण सहयोग कर सफल बना सकता है।

## पॉलीथिन, प्लास्टिक आदि का बेतहाशा प्रयोग

वर्तमान में प्लास्टिक से बनी वस्तुओं का प्रयोग आम व्यक्ति की जरूरत बन गया है और यह यूज एण्ड थ्रो की संस्कृति पर्यावरण प्रदूषण को अत्यधिक हानि पहुँचा रही है। थोड़ी–थोड़ी सामग्री जन–जन तक पहुँचाने के चक्कर में अनावश्यक ही प्लास्टिक का प्रयोग जरूरत से अधिक बढ़ गया है जिस पर अंकुश अनिवार्य है।

पॉलीथिन के प्रयोग को नियंत्रित करने के लिए समय–समय पर कई सरकारी अभियान चलाए गये है पर मनुष्य की सुविधा परक सोच इन प्रयासों को असफल कर देती है। इसलिए आवश्यकता इस बात की है। प्रत्येक घर में प्लास्टिक और पॉलीथीन कूड़े के लिए अलग डिब्बा/डस्टबीन रखा जाए। 20 माइक्रोन से कम के पॉलीथीन बैग का उत्पादन और प्रयोग प्रतिबंधित हो और पुनः चक्रित पॉलिथीन पर स्पश्ट अंकन हो। सर्वोत्तम तो यही है कि अपने पुराने प्रचलनों जूट, कपड़े से बने बैगों का व मिट्टी से बनीं सामग्री का प्रयोग किया जाए। सामूहिक रूप से भोजन की व्यवस्था में, भण्डारों में, थर्मोकोल/प्लास्टिक के स्थान पर स्टील के बर्तन या पेड़ के पत्तों से बने दोंनो व पत्तलों का प्रयोग किया जाय।

## ऊर्जा संरक्षण और मनुष्य

ऊर्जा की अधिक खपत भी पर्यावरण–असन्तुलन के मनुष्य कृत कारकों में एक प्रमुख कारक है। ऊर्जा के प्राकृतिक स्त्रोत कोयला, खनिज तेल, प्राकृतिक गैस आदि का जिस तीव्रता से दोहन किया जा रहा है उसका निकट भविष्य में समाप्त हो जाना सुनिश्चित है। परमाणु ऊर्जा प्राप्त करने के लिए किए जा रहे नाभिकीय विस्फोटों और विखण्डनों से निकलने वाले रेडियो–एक्टिव विकिरणों से न केवल वायुमंडल प्रदूषित हुआ है अपितु अति श्वेत रक्तता और कैंसर जैसे रोग वर्तमान पीढ़ी के साथ–साथ आने वाली पीढ़ी को भी क्षति पहुँचाएगे।

भारत में विद्युत का सुनियोजित उत्पादन्, वितरण और प्रबंधन न हो पाने से अधिकांश स्थानों पर बिजली का अभाव बना हुआ है। बिजली जाते ही जनरेटर धड़धड़ाने लगते हैं और डीजल का धुआँ सल्फर डाई ऑक्साइड, हाइड्रोकार्बन, कार्बन मोनो ऑक्साइड जैसे तत्वों के साथ वायु प्रदूषण की वृद्धि में 21 प्रतिशत का योगकारक बनता है।

इस गम्भीर मानवनिर्मित भयावहता से बचने का एक ही उपाय है– परम्परागत ऊर्जा स्त्रोतों का संरक्षण, उसके लिए ऊर्जा की खपत को कम करने के साथ ही वैकल्पिक और नवीन ऊर्जा स्त्रोतों के उपयोग की तकनीक विकसित करनी होगी। परमाणु अस्त्र–शस्त्रों और साधनों पर पूर्ण प्रतिबन्ध लगाना होगा और जब तक यह नहीं होता, वर्तमान ऊर्जा स्त्रोतों का सावधानी पूर्वक प्रबन्धन करना होगा।

## ओजोन परत के क्षरण के मानवकृत कारक

ओजोन परत में हो रहे क्षरण के लिए क्लोरो फलोरो कार्बन गैस प्रमुख रूप से उत्तरदायी है इसके अलावा हैलोजन, मिथाइल क्लोरोफार्म, कार्बन टेट्राक्लोराइड आदि रासायनिक पदार्थ भी ओजोन को नष्ट करने में योगदान दे रहे हैं। ओजोन ऑक्सीजन $O_2$ का ऑक्सीकृत रूप है ओजोन परत की मोटाई केवल 3 M.M है और यह धरती के लिए सुरक्षा कवच का कार्य करती है मनुष्य की लापरवाही और सुविधाओं के उपयोग की मनोवृत्ति के कारण उस कवच में छिद्र हो गया है। जिसका परिणाम विभिन्न बीमारियों के रूप में हमारे समक्ष है। इस परत के लिए सर्वाधिक घातक CFC अर्थात क्लोरो फलोरा कार्बन है जो रेफ्रीजरेटर, एयर कंडीशनर्स, परफयूम्स, ईंधन गैसों आदि को बनाने की प्रक्रिया में उत्सर्जित होता है। इस प्रकार ओजोन परत मानव के भोग–विलास और लापरवाही की भेंट चढ़ रही है।

इसलिए हमें CFC के प्रयोग पर अंकुश लगाने की आवश्यकता है और इसके स्थान पर अन्य कम हानिकारक गैसों जैसे हाइड्रोक्लोरो फ्लोरो कार्बन, अमोनिया आदि का प्रयोग किया जा सकता है। सम्भव हो तो स्टार रेटिंग वाले उपकरणों का प्रयोग किया जाना चाहिए। ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन पर भी नियन्त्रण किए जाने की आवश्कता है।

## निष्कर्ष

पर्यावरण संरक्षण हेतु सरकार भी निरन्तर जन–जन को जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का संचालन करती है परन्तु वह भी पर्याप्त नहीं हैं, क्योंकि आज व्यक्ति स्वयं को आधुनिक दर्शाने हेतु बिना सोचे समझे पश्चिमी सभ्यता का अनुकरण कर वर्ष में एक दिन पर्यावरण दिवस जोश के साथ मनाकर अपने कर्तव्य की इतिश्री समझ लेता है और पूरे वर्ष पर्यावरण प्रदूषण बढ़ाने में योगदान देता है। केवल कुछ महान् सोच वाले व्यक्ति ही सदैव इसकी रक्षा हेतु कुछ न कुछ प्रयास करते रहते हैं बाकी सिर्फ पत्र–पत्रिकाओं व अखबारों के पन्नों पर स्वयं को पर्यावरण के हितैशी के रूप में दर्शाते हुए फोटो खिंचवाकर केवल दिशा भ्रमित करते हैं।

स्पष्ट है कि आज सम्पूर्ण विश्व पर्यावरणजनित गम्भीर समस्याओं से जूझ रहा है। वनों को नष्ट करना, संसाधनों का असावधानी से प्रयोग करना, शहरीकरण, औद्योगीकरण, उपभोगवादी मासिकता, विकसित देशों के परमाणु कार्यक्रम, विकासशील देशों की विकसित योजनाएं और निरन्तर बढ़ती लालसाएं ऐसे महत्वपूर्ण कारक हैं जो मनुष्य ने पर्यावरण को क्षति पहुँचाने के लिए अनजाने में ही विकसित कर डाले हैं। परन्तु यदि मनुष्य चाहे तो विकास के साथ–साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक बन कर तथा उसे अपना कर्तव्य समझकर पूर्ण तन्मयता से व निस्वार्थ भाव से कार्य करे तो निश्चित ही सरकारी योजनाएं भी सफल होंगी व पर्यावरण भी सुरक्षित रहेगा।

## संदर्भ

1. चौहान, उपेन्द्र. पर्यावरण ह्रास एक ज्वलन्त समस्या।
2. गोयल, डा0 एम0के0. अपना पर्यावरण।
3. सेंगर, शिवराज सिंह. पर्यावरणीय शिक्षा।
4. शर्मा, डा.बी.एल., माहेश्वरी, बी.के. पर्यावरण और मानव मूल्यों के लिए शिक्षा।
5. शर्मा, डा. आर.ए. पर्यावरण शिक्षा।
6. रस्तोगी, डा0 वन्दना. (2000). प्राचीन भारत में पर्यावरण चिंतन. पब्लिकेशन स्कीमः जयपुर।

Journal Global Values, Vol. XIV, Special Issue, May 2023, ISSN: (P) 0976-9447, (e) 2454-8391, Impact Factor 8.835*(SJIF)*
*https://doi.org/10.31995/jgv.2023.v14iS2.018*

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में रोजगारपरक शिक्षा

डॉ० प्रतिमा सिंह
*सहायक प्राध्यापक, हिन्दी विभाग*
*श्रीमती बी०डी० जैन गर्ल्स (पी०जी०) कॉलेज, आगरा छावनी, आगरा*
*ईमेलः pratimasingh048@gmail.com*

***सारांश***

*राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 सम्पूर्ण भारत वर्ष की व्यापक बौद्धिक–सांस्कृतिक संपदा के संरक्षण विस्तार हेतु अत्यन्त आवश्यक पहल है। यह भारतीय समाज व परिवेश के बहुमुखी विकास हेतु एक सकारात्मक व सर्वथा उचित कदम है। जिसके परिणाम दूरगामी व सकारात्मक होंगे, अपने समाज–संस्कृति व अपनी निजता से परिचित होने हेतु यह सरकार की प्रशंसनीय प्रयास है। यह शिक्षा नीति भारत वर्ष को उन्नत, सशक्त, समृद्व व नैतिक स्तर को ऊँचा उठाने में निश्चित रूप से सहायक सिद्ध होगा। बहुतायत जनमानस शिक्षा का संकुचित अर्थ लगाते है परन्तु वस्तुतः वास्तविकता यह है कि शिक्षा विद्यालय तक सीमित नहीं होती अपितु छात्रों पर जो भी तत्व प्रभाव डालते हैं वे सभी शिक्षा के ही अन्तर्गत आते हैं। शिक्षा द्वारा व्यक्ति अपनी क्षमताओं का प्रयोग करते हुए निरन्तर कुछ न कुछ सीखता रहता है।*

Reference to this paper should be made as follows:

डॉ० प्रतिमा सिंह

*राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में रोजगारपरक शिक्षा*

*Vol. XIV, Special Issue*
*pp.91-93*
*Article No.18*

**Online available at:**
*https://anubooks.com/journal/journal-global-values*

**DOI:** *https://doi.org/10.31995/jgv.2023.v14iS2.018*

राष्ट्रीय शिक्षा नीति छात्रों के व्यक्तित्व व उनके कौशल विकास से विभिन्न आयामों में परिचित कराती है। जिससे छात्र अपने व्यक्तित्व में व्याप्त अपने क्षमता को पहचान कर उसे सही दिशा व दशा में परिणीत करने में सफल हो सके व रोजगारन्मुखी बनने के स्वप्न को साकार कर सके। वस्तुतः में यह शिक्षा नीति विद्यार्थी वर्ग हेतु सर्वथा हितकारक है। इस शिक्षा नीति में ग्राह्य करने के बहु–आयामी क्षेत्रों को पल्लवित किया गया है। जिसमें छात्रहित हेतु छात्रों के रूचिनुरूप दूरस्थ व वर्चुअल अनेकानेक माध्यम से बहुतायत विषय व व्यवसायिक एवं कौशल विकास को विकसित तथा विद्यार्थियों के रूचिकर पाठ्यक्रम की व्यवस्था की गयी है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति रोजगारपरक शिक्षा प्रदान करने के क्षेत्र में विशेषकर लाभप्रद व मददगार साबित होगी। इस शिक्षा नीति ने शिक्षा की पुरानी संरचना को बदलकर शिक्षा जगत में एक नयी शुरूआत करने की अनूठी पहल की है। भारत ही नहीं आज पूरा विश्व प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अंधाधुन विकास कर रहा है। इसीलिए इस शिक्षा नीति में कौशल विकास एक महत्वपूर्ण कदम होगा। विविधता से भरे भारत देश में यह नीति एक अलख के समान कारगर सिद्ध होगी क्योंकि शैक्षणिक संस्थानों में रोजगार को लेकर वृहद पहल इस शिक्षा नीति में की गयी है। भावी पीढ़ी का छात्र रोजगार ग्रहण लेने वाला नहीं अपितु रोजगार देने वाला युवा बनकर उभरेगा, जो भारत वर्श के बहुमुखी विकास में अपना योगदान देगा।

स्कूली स्तर से ही मुख्य विषय के साथ छात्र जब प्रायोगिक विषय का अध्ययन करेगा तो स्कूल के दौरान लिया गया प्रायोगिक ज्ञान छात्र को आगे अपने व्यवसाय बढ़ाने में मदद करेगा। कौशल विकास शिक्षा पर जोर देने से लघु कुटीर उद्योग में प्रशिक्षित कौशल विकसित युवा जो कार्य करेंगे उसमें उत्पाद की गुणवत्ता को बढ़ाएगें व अपने आस–पास के लोगों व युवाओं को भी आधिकाधिक रोजगार के अवसर प्रदान करने में सहायक होंगे।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को वर्तमान शिक्षा को विविध आयामों से जोड़कर एवं प्रोद्योगिकी के साथ एकीकृत करके नयी शिक्षा नीति का दस्तावेज तैयार किया गया है। शिक्षा को ''गाँधी जी ने बालक या व्यक्ति के शरीर मन व आत्मा के सर्वोत्कृष्ट विकास से जोड़कर देखा है अर्थात शिक्षा बालक का सर्वांगीण विकास करने वाली होनी चाहिए।'' अतः राष्ट्रीय शिक्षा नीति में ज्ञान के साथ कौशल को भी समान रूप से सम्मिलित किया गया है।[(1)]

राष्ट्रीय शिक्षा नीति में स्कूली शिक्षा, उच्च शिक्षा व अन्य विचारणीय मुद्दे जैसे व्यवसायिक शिक्षा, प्रोद्योगिकी, डिजिटल शिक्षा भाषा व संस्कृति का संवर्धन आदि बहुविषयक मुद्दों को विस्तार देते हुए इन्हें क्रियान्वयन की रणनीति में सम्मिलित करने का पुरजोर प्रयास किया जा रहा है। इस शिक्षा नीति से शिक्षा प्रणाली में अमूल–चूल परिवर्तन होगा जिससे सभी युवा को अपने आकांक्षा अनुरूप गुणवत्तापूर्ण, समान अवसर देने वाली एवं समावेशी उच्चतर शिक्षा मिले तथा व्यवसायिक शिक्षा सहित उच्चतर शिक्षा के सभी एकल नियामक द्वारा लचीला लेकिन स्थायित्व प्रदान करने वाला विनियमन मिल सके।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति का विजन भारतीय मूल्यों से विकसित शिक्षा प्रणाली है। जो सभी को उच्चतर गुणवत्ता शिक्षा उपलब्ध कराये और भारत को वैश्विक महाशक्ति बनाकर एक जींवत और न्यायसंगत ज्ञान समाज में परिणीत होने में प्रत्यक्ष रूप से योगदान करेगी। यह नीति एक भारत व श्रेष्ठ भारत के स्वप्न का पथ प्रदर्शित करने वाली सिद्ध होगी। इस शिक्षा नीति का एक प्रमुख उद्देश्य है कि प्रत्येक छात्र कम से कम एक व्यवसाय कौशल को सीखे इससे उसका भारतीय कलाओं और कारीगरी में निहित कई व्यवसायों के महत्व से परिचित हो। नयी शिक्षा नीति की गुढ़ता यह है कि जीवनपर्यन्त शिक्षा पद्धति का विस्तार करना होगा वरन् हम वैश्विक प्रतिस्पर्धा के युग में बहुत पीछे छूट जायेंगे। भारत में शैक्षणिक व्यवस्था की विफलता का एक प्रमुख कारण यह भी है कि हमारी शिक्षा व्यवस्था छात्रों को प्रमाण–पत्र धारी बनाने में अधिक विश्वास रखती है। जिसके कारण डिग्रीधारी तो बहुतायत मिलते है। किन्तु शिक्षित व्यक्ति कम मिलते है। टेगोर के अनुसार, ''शिक्षा का अर्थ बालक को इस योगय बनाना है कि वह शाश्वत् सत्य की खोज कर सके, उसे अपना बना सके और उसकी अभिव्यक्ति कर सके''[(2)]

इस उपाधि प्रमाण की बद्धमूल अवधारणा को निर्मूलित करने वाली शिक्षा व्यवस्था का अनुपम प्रस्ताव है। हरबर्ट के अनुसार, ''हरबर्ट ने शिक्षा के निम्नलिखित उद्देश्य बताये हैं। (I) बहुमुखी रूचि उत्पन्न करना (II) बहुमुख विकास''[(3)] यह शिक्षा नीति इस शिक्षा नीति में अर्न्तनिहित मूलतः अवधारणा भावी भविष्य में आने वाली विसंगतियों व चुनौतियों का समाधान करना है। आगामी समय में भारत वर्ष की सबसे बड़ी चुनौती बेरोजगारी है। रोजगार के लिए शिक्षा दृष्टि सरकार और कॉर्पोरेट सेक्टर पर आधारित है। सरकार और कार्पोरेट सेक्टर के घेरे से निकलकर शिक्षा को स्वावलंबन अैर आत्म–निर्भरता के लिए कार्यक्षम बनाने का प्रस्ताव भी दिखता है। नयी शिक्षा व्यवस्था उद्यमिता उत्पन्न करने वाली है, कौशल निर्माण करने वाली है। इस शिक्षा व्यवस्था में कौशल निर्माण के सॉफ्ट कौशल एवं प्रायोगिक कौशल छात्र को प्राथमिक से उच्च शिक्षा तक सतत् प्रदान करने का प्रयास किया गया हैं।

यह देश के लिए अनूठी एवं सुखद पहल है कि लगभग 34 साल बाद शिक्षा नीति में बदलाव किया गया इस शिक्षा नीति के तहत शिक्षा को हर स्तर पर छात्र हितों को साधने के साधन के रूप में प्रस्तुत किया गया है जिससे छात्रों पर दबाव कम पड़ सके व छात्र रट्टा मार पढ़ाई से दूर हो कुछ सीखने और कुछ करने योग्य पढ़ाई कर सके। इसी गुढ़ व सारगर्भित परिवर्तन में रोजगारपरक शिक्षा की कूँजी है। जिससे छात्र अपना आन्तरिक विकास कर, पढ़ाई पूरी करें रोजगार के मामले में आत्मनिर्भर बन सके। स्पेन्सर के अनुसार, ''किसी भी व्यवसाय के लिए तैयार करना हमारी शिक्षा का प्रमुख अंक है।''[4] यह नीति समाज के घर तबके को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। युवाओं के मध्य किस प्रकार क्रिएटिव और इनोवेटिव सोच पैदा की जाय इस ओर भी पूर्ण ध्यान दिया गया है। इस शिक्षा नीति को अपनाने से बेरोजगार युवा अपने आप को रोजगारपरक बना पायेगा दरअसल अब वक्त आ गया है कि सम्पूर्ण देश को यह समझना होगा बड़े–बड़े लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु छोटे–छोटे सुधार करना अत्यन्त आवश्यक है। इस शिक्षा नीति में भारतीय दर्शन के सार के साथ–साथ तकनीकी विकास के कौशल निहित है। भारतीय दर्शन और तकनीकी सभागम से ही छात्र समस्याओं को समझेगा व उसके हल भी निकालेगा। स्पेन्सर के अनुसार, ''शिक्षा का प्रमुख उद्देश्य मानव को सम्पूर्ण जीवन के लिए तैयार करना है। उपर्युक्त शिक्षण विधि और पाठ्यक्रम का चयन।''[5]

नई शिक्षा नीति के तहत वोकेशनल शिक्षा पर भी जोर दिया गया है। इसमें प्राथमिक स्तर से लेकर उच्च शिक्षा तक वोकेशनल शिक्षा पर ध्यान दिया गया है। रोजगार पाने हेतु वोकेशनल शिक्षा का बहुत महत्व है। कम खर्चे में युवाओं को स्कील्ड कर रोजगार दिलाने में सहायक सिद्ध होती है। किसी विशेष उद्यम के लिए युवाओं को तैयार करना व्यवसायिक शिक्षा का एक मात्र लक्ष्य है। भारत वर्ष की विस्फोटक जनसंख्या को ध्यान में रखते हुए सबके लिए रोजगार उपलब्ध कराना एक बहुत बड़ी चुनौती का कार्य है। वोकेशनल शिक्षा से प्रायोगिक ज्ञान पर अधिक बल दिया जाता है ताकि छात्र स्कील्ड होकर रोजगार का सृजन कर सके। हमारा भारत देश युवाओं का देश है। बेरोजगारी सबसे बड़ी विद्रुपदा है। जिसकी जिम्मेदारी सरकार के साथ–साथ आम भारतवासियों की भी है। हमारे देश की शिक्षा प्रणाली और रोजगार में कोई तालमेल नहीं था। हर साल लाखों की संख्या में स्नातक तैयार होते हैं जिसका मार्केट में कोई भी मूल्य नहीं है। जिन कुशल लोगों की मांग है उनकी संख्या कम है राष्ट्रीय शिक्षा नीति में इस ओर ध्यान दिया गया है। इसीलिए वोकेशनल शिक्षा पर जोर दिया गया है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति विद्यार्थियों के लिए बहुत लाभप्रद है। साथ ही राष्ट्र विकास में भारत को विकसित देशों की श्रेणी में खड़ा करने में सहायक सिद्ध होगी। यह शिक्षा नीति के तहत भारत विश्व में अग्रणी शिक्षा व्यवस्था के साथ पदार्पण करेगा यह शिक्षा नीति रोजगार उपलब्ध कराने में अधिक सक्षम है हार्टशन ने कहा है कि, ''जीविकोपार्जन की शिक्षा सबसे प्रभावशाली शिक्षा है।''[6] इस शिक्षा नीति के तहत विद्यार्थियों में कौशल, गुणवत्ता और उनकी रूचियों को निखारा जा सकेगा व और अब छात्रों के लिए मार्क्स नहीं ग्रेड का अधिक महत्व होगा और विद्यार्थी इंटर्नशिप के माध्यम से अधिक रोजगारन्मुखी बनेंगे व अपनी कौशल, क्षमता व रूची के अनुसार अपने करियर का चयन कर सकेंगे। नई शिक्षा नीति शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन है जो छात्रों के हित और उनके लिए उपयोगी है। इस नीति में बेरोजगारी को समाप्त करने का पूर्ण प्रयास है। इसके साथ स्कूल, कॉलेज की अधोसंरचना पर भी ध्यान देना होगा तथा इनको साधन सम्पन्न बनाना होगा।

अन्ततः इस राष्ट्रीय शिक्षा नीति का मूल विजन भारतीय मूल्यों से विकसित शिक्षा प्रणाली है। जो सभी को उच्चतर गुणवत्ता शिक्षा उपलब्ध कराके और भारत को वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनाकर जीवंत और न्याय संगत ज्ञान समाज में बदलने के लिए प्रत्यक्ष रूप से योगदान करेगी। उन्नत, समृद्ध स्वस्थ्य भारत ग्राम शिल्प, कला और संस्कृति संरक्षण में सहायक होकर नये आयाम प्रशस्त कर भारत वर्ष को अग्रिम कोटि में खड़ा करेगी।

## सन्दर्भ

1. यादव, डॉ. हलधर. समकालीन भारत एवं शिक्षा. ठाकुर पब्लिकेशनः लखनऊ. पृष्ठ 100.
2. यादव, डॉ. हलधर. समकालीन भारत एवं शिक्षा. ठाकुर पब्लिकेशनः लखनऊ. पृष्ठ 98.
3. सक्सेना, डॉ. वंदना. समकालीन भारत एवं शिक्षा. राखी प्रकाशनः आगरा. पृष्ठ 96.
4. सक्सेना, डॉ. वंदना. समकालीन भारत एवं शिक्षा. राखी प्रकाशनः आगरा. पृष्ठ 96.
5. सक्सेना, डॉ. वंदना. समकालीन भारत एवं शिक्षा. राखी प्रकाशनः आगरा. पृष्ठ 100.
6. सक्सेना, डॉ. वंदना. समकालीन भारत एवं शिक्षा. राखी प्रकाशनः आगरा. पृष्ठ 100.

# भारत चीन सम्बन्ध : चुनौतियाँ एवं विकल्प

अमृता श्रीवास्तवा
*असिस्टेंट प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान विभाग*
*श्रीमती बी०डी० जैन गर्ल्स (पी०जी०) कॉलेज, आगरा छावनी, आगरा*
*ईमेलः amrita.srivastava86@gmail.com*

**सारांश**

भारत और चीन एशिया की ऐसी उभरती शक्तियाँ है, जिनकी विदेश नीति का विश्व राजनीति पर गहरा प्रभाव पड़ता है। इन दोनों राष्ट्रों के आपसी सहयोग अथवा संघर्ष न केवल एशियाई सुरक्षा परिवेश अपितु वैश्विक शक्ति संरचना पर अपना प्रभाव डालते है। भारत व चीन के मध्य व्यापारिक व राजनीतिक संबंध नवीन नहीं बल्कि अत्यंत प्राचीन है।

Reference to this paper should be made as follows:

अमृता श्रीवास्तवा

*भारत चीन सम्बन्ध : चुनौतियाँ एवं विकल्प*

*Vol. XIV, Special Issue*
*pp.94-98*
*Article No.19*

**Online available at:**
*https://anubooks.com/journal/journal-global-values*

**DOI:** *https://doi.org/10.31995/jgv.2023.v14iS2.019*

भारत और चीन की गणना विश्व के पांच महानतम सभ्यताओं (सिंधु घाटी, मेसोपोटामिया, मिस्र माया और चीन) में की जाती है। अपने–अपने लंबे इतिहास में दोनो राष्ट्रों के लोगो ने दुर्गम रास्तो के उपरांत भी संपर्क स्थापित रखा। दोनों ही राष्ट्रो के पारस्परिक संबंध ने न केवल स्वयं की संस्कृति अपितु विश्व संस्कृति के संवर्द्धन में भी अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारत और चीन के मध्य प्राचीन समय से ही द्विपक्षीय संबंध विद्यमान रहे हैं। यहाँ तक कि दोनों देशों के मध्य किसी भी प्रकार के राजनीतिक रिश्ते स्थापित होने से पहले आर्थिक और सांस्कृतिक रिश्ते थे। सिल्क रोड़ दोनों देशों के मध्य व्यापारिक व सांस्कृतिक आदान–प्रादन का बेहतर संपर्क स्थापित हुआ। इन दो प्राचीन सभ्याताओं के मध्य महत्वपूर्ण संपर्क चीन में बौद्ध धर्म के प्रसार के बाद शुरू हुआ।

भारतीय उन शुरूआती विदेशियों में से एक थे जिन्हें चीनी सिल्क रूट की जानकारी थी। सिल्क रोड़ के अलावा भारत और चीन के मध्य व्यापार और वाणिज्य के लिए समुद्री संपर्कों का भी प्रयोग किया जाता था। चीन में बौद्ध धर्म के विस्तार के कारण पहली और दूसरी ईसवी में भारत और चीन के मध्य ऐतिहासिक व सांस्कृतिक रिश्ते जमकर फल फूले। बहुत से चीनी यात्रियों ने भारतीय सभ्यता और संस्कृति की खोज के लिए भारत की यात्रा की एवं यहाँ के तत्कालीन विश्वविद्यालय नालंदा और तक्षशिला में अध्ययन किया और समृद्ध बौद्ध धार्मिक पुस्तकों और मूर्तियों के साथ चीन वापस लौटे। बौद्धिक संपर्क का यह काल भारत चीन संपर्क का स्वर्णकाल माना जाता है जो कि 5 वीं सदी से 12 वीं सदी तक लगभग 8 शताब्दी तक कायम रहा।

भारत और चीन दोनों का एक स्वंतत्र और आधुनिक राजनीतिक स्वरूप का उभार लगभग एक साथ ही हुआ। सन् 1947 में भारत ब्रिटिश दासता से स्वतंत्र हुआ और 1949 में चीन एक साम्यवादी देश के रूप में अस्तित्व में आया। भारत अंतराष्ट्रीय मंचों पर चीन के गैर कम्यूनिस्ट सहयोगी में से एक बन गया और एक चीनी लोकतांत्रिक गणराज्य के तौर पर दो महीने के भीतर ही कम्यूनिस्ट सरकार को मान्यता देने वाला भारत दूसरा राष्ट्र था।

भारतीय प्रधान मंत्री नेहरू ने एशियाई अफ्रीकी एकता को मजबूती प्रदान करने के लिए चीन के साथ मित्रता पूर्ण संबंधों पर जोर दिया। जवाहर लाल नेहरू को यह विश्वास था कि औपनिवेशिक ताकतों के हाथों उत्पीड़न का समान अनुभव रखने वाले तथा गरीबी एवं निम्न विकास की समान समस्याओं वाले ये देश आपस में मिलकर विश्व में एशियाई प्रभुत्व को कायम रखेगें। भारत चीन संबंधों का प्रथम दशक मैत्री पूर्ण एंव सहयोगी रहा। भारत ने इस दौरान संयुक्त राष्ट्र संघ में चीन की सदस्यता का समर्थन किया जबकि पश्चिमी राष्ट्र इसके विरोध में थे। तिब्बत के प्रश्न एवं सीमा विवाद के सुगबुगाहट के बावजूद दोनों देशों ने अपने संबंधों को आगे बढाया। सन् 1950 में कोरिया युद्ध के समय भारत ने चीन का समर्थन किया और संयुक्त राष्ट्र परिषद में चीन को हमलावर घोषित करने के प्रस्ताव का विरोध किया।

वर्ष 1950 में चीन की सेना ने तिब्बत पर नियंत्रण कर लिया, इसके उपरांत भारत ने तिब्बत को चीन के एक स्वायत्त भाग के रूप में मान्यता प्रदान कर दिया। वर्ष 1954 में भारत और चीन के मध्य शांतिपूर्ण सह अस्तित्व जिसे पंचशील कहा जाता है। नामक समझौता हुआ, जिसके पांच महत्वपूर्ण सिद्धान्त थे।

1. एक दूसरे की भौगोलिक एकता और संप्रभुता का आपसी सम्मान।
2. परस्पर अनाक्रमण
3. एक–दूसरे के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करना
4. समानता और आपसी लाभ
5. शांतिपूर्ण सहअस्तित्व

जवाहरलाल नेहरू इस बात में यकीन रखते थे कि अगर ये सिद्धांत लागू किए जाते है। तो ये सभी मौजूदा विवादों को जो कि भारत और चीन के मध्य है उनको हल करने के मददगार सिद्ध होंगे। उनका विश्वास था कि ये पांच सिद्धांत भारत और चीन के रिश्तों के भविष्य की दिशा भी तय करेगा। हालांकि चीन ने 1949 में अपनी स्वतंत्रता घोषित कर दी थी, लेकिन उसके साम्यवादी विचारधारा के चलते वैश्विक समुदाय उसके प्रति आशंकित थे। भारत जो चीन के लिए अंतर्राष्ट्रीय समुदाय में एक उचित जगह की मांग कर रहा था। अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में चीन को भागीदारी दिलाने के लिए आगे आया। भारत ने चीन को जेनेवा सम्मेलन (1958) और बाण्डुंग सम्मेलन (1955) में तीसरी दुनिया के देशों के विरोध के बावजूद शामिल करवाया।

चीन की विदेश नीति में यथार्थवाद अत्यधिक प्रभावी रहा है। चीन ने पहले भारत एवं चीन सीमा पर अपनी स्थिति मजबूत कर लिया तथा काराकोरम राजमार्ग (वर्ष 1956–57) का भी निर्माण कर लिया उसके बाद चीन ने अधिकारिक रूप से मैकमोहन रेखा को भारत और चीन की सीमा रेखा मानने से इंकार कर दिया। वर्ष 1959 में तिब्बत में चीन के विरूद्ध तिब्बतियों ने विद्रोह कर दिया और दलाई लामा समेत लाखो तिब्बती भारत आ गए। इस घटना के परिणामस्वरूप चीन का रूख भारत के प्रति और आक्रमक हो गया। वर्ष 1962 में चीन ने भारत के नेफा (अरूणाचल) और लद्दाख क्षेत्र पर आक्रमण कर दिया। भारत जो कि इस स्थिति के लिए पूरी तरह से तैयार नहीं था परिणाम स्वरूप चीन को इस युद्ध में बढ़त प्राप्त हो गई। आक्रमण में बढ़त के उपरांत चीन ने एकतरफा युद्धविराम घोषित कर दिया।

1962 के युद्ध के उपरांत भारत और चीन के संबंध अत्यधिक कटुतापूर्ण हो गए। भारत का कहना था कि जब तक चीन द्वारा उन भारतीय क्षेत्रों को मुक्त नहीं किया जाएगा जिन्हें 1962 के युद्ध के दौरान कब्जे में ले लिया गया था तब तक चीन के साथ संबंध सामान्य नहीं होंगे। इस आक्रमण ने भारत के समक्ष कई चुनौतियां प्रस्तुत की अब चीन ने भारत का एक साम्राज्यवादी दशक रूप में प्रचारित किया और यह संदेश दिया कि भारत तीसरी दुनिया के देशों का नेतृत्व नहीं कर सकता है। भारत के पड़ोसी देश भी भारत के विरूद्ध चीनी कार्ड का प्रयोग करने लगे, इसके साथ ही चीन एवं पाकिस्तान की सदाबहार मित्रता आरंभ हुई। वर्ष 1965 एवं 1971 के भारत–पाकिस्तान युद्ध के समय चीन ने पाकिस्तान का समर्थन किया। चीन ने कश्मीर मसले पर भी पाकिस्तान का ही साथ निभाया और वर्ष 1975 में सिक्किम के भारत में विलय का विरोध किया।

वर्ष 1977 में जनता पार्टी की सरकार ने चीन के साथ संबंधों को सामान्य बनाने का प्रयास किया। इसके अंतगर्त तत्कालीन विदेश मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने चीन की यात्रा की लेकिन 1979 में वियतनाम पर चीन के आक्रमण के कारण अटल बिहारी वाजपेयी की यह यात्रा सफल न हो सकी। 1980 के दशक में डेंगशियाऊ पिंग ने आर्थिक और राजनीतिक मुद्दों को अलग करने का प्रयास किया और चीनी विदेश नीति में आर्थिक मुद्दों पर ज्यादा ध्यान दिया। उनका मानना था कि सीमा विवाद जैसे मुद्दों भावी पीढ़ियों के लिए छोड़ देना ही बेहतर विकल्प है। इस दौरान भारत ने भी यह महसूस किया कि इतने लंबे समय तक चीन के साथ विवाद भारत के हित में नहीं है। अतः 1988 में राजीव गांधी ने चीन की यात्रा की एवं कहा कि सीमा विवाद के कारण चीन के साथ अन्य संबंधों को स्थगित नहीं किया जाएगा। शीतयुद्धोत्तर विश्व में भारत और चीन के संबंध नान–जीरो–सम–गेम पर आधारित है। चीन के विदेश नीति विस्तारवादी रही है जिसका कि भारतीय विदेश नीति पर दीर्घकालिक प्रभाव देखा जा सकता है। शीतयुद्धोत्तर विश्व में भारत विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में से एक है, इसका बड़ा बाजार चीन को भारत के प्रति अपनी नीति को पुनरावलोकन करने पर मजबूर किया है। भारत ने भी यथार्थवादी दृष्टिकोण अपनाते हुए सीमा विवाद के बावजूद अन्य क्षेत्रों में संबंधों को सुधारने का प्रयत्न किया है। वर्तमान में भारत और चीन के मध्य निम्नलिखित मुद्दों पर विवाद है।

1. **सीमा विवाद** – भारत और चीन के मध्य करीब 4000 किमी0 लंबी सीमा लगती है। चीन ने विश्व के अधिकांश देशों के साथ सीमा विवाद सुलझा लिया है जबकि भारत के साथ यह विवाद अभी भी बना हुआ है। चीन 90,000 वर्ग किमी0 भारतीय क्षेत्रफल पर अपना दावा प्रस्तुत करता है।
2. **दलाई लामा और तिब्बत** – चीन को भारत द्वारा लाखों की संख्या में तिब्बत के लोगों के साथ ही दलाई लामा को भारत में शरण प्रदान किए जाने पर आपत्ति है।
3. **स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स** – स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स भारत को घेरने के लिए चीन द्वारा अपनाई गई एक अघोषित नीति है। इसके अंतगर्त चीन द्वारा भारत के समुद्री सीमा के आस–पास के बंदरगाहो और नौसेना ठिकानो का निर्माण किया जाना शामिल है।
4. **नदी जल विवाद** – भारत और चीन के मध्य बह्मपुत्र नदी के जल बंटवारे को लेकर भी विवाद है। चीन द्वारा बह्मपुत्र नदी के ऊपरी इलाके में कई बांधो का निर्माण किया गया है। इससे भारतीय क्षेत्र में पानी विस्थापन के कारण सूखा पड़ने की संभावना है, जो न केवल आर्थिक प्रभाव डालेगा बल्कि पारिस्थितिकी असंतुलन भी उत्पन्न करेगा।
5. **भारत के खिलाफ आंतकवाद का समर्थन** – चीन पाकिस्तान को आंतकवाद प्रायोजित करने वाला राष्ट्र नहीं मानता, इसके साथ ही कश्मीर में फैले आंतकवाद का भी मौन समर्थन चीन द्वारा प्रदान किया जाता है। भारत के उत्तर–पूर्व में भी चीन कई आंतकवादी संगठनों की मदद करता रहा है।

6. **व्यापार असंतुलन** – वैसे तो चीन भारत के सबसे बड़े व्यापारिक भागीदार में से एक है लेकिन दोनो देशों के मध्य एक बड़ा व्यापारिक असंतुलन भी है, जो कि भारतीय हितों के प्रतिकूल है।
7. **BRI परियोजना** – बेल्ट एंड रोड़ इनिसिएटिव परियोजना चीन की पुरानी सिल्क रोड़ से जुड़ा है। चूंकि यह परियोजना भारतीय क्षेत्र से (पाक आधिकृत कश्मीर) होकर गुजरता है जो कि भारत के संप्रभुता के खिलाफ है। इसी कारण से भारत इस परियोजना का विरोध करता है।
8. चीन द्वारा भारत को परमाणु आपूर्तिकर्ता समूह (NSG) में प्रवेश एवं संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSG) में स्थायी सदस्यता का विरोध किया जाता है।

## भारत और चीन के मध्य सहयोग के मुद्दे

भारत और चीन दोनों न केवल एशिया बल्कि विश्व की दो महाशक्तियाँ है। इन दोनों के मध्य कई मुद्दों पर विवाद के बावजूद अनेक मुद्दों पर सहयोग भी देखा जा सकता है जो इस प्रकार है –

1. जलवायु परिवर्तन मुद्दे पर दोनों देशों का साझा दृष्टिकोण
2. विश्व व्यापार संगठन के मंच पर साझा दृष्टिकोण
3. दक्षिण एशिया, हिंद महासागर क्षेत्रों में आतंकवाद, मानव तस्करी एवं नशीली दवाओं के अवैध व्यापार पर अंकुश हेतु सहयोग
4. ऊर्जा सुरक्षा में सहयोग
5. विभिन्न अंतराष्ट्रीय संगठनों : एस सी ओ एवं ब्रिक्स के माध्यम से सहयोग
6. भारत रूस एवं चीन त्रिकोण के मुद्दे पर सहमति का प्रयास
7. दोनों देशों के मध्य द्विपक्षीय सैन्य अभ्यास
8. ट्रैक 2 कूटनीति – इसके अंतगर्त सरकारी वार्ताओं के बजाय गैर सरकारी वार्ताओं एवं गतिविधियों को बढ़ावा दिया गया है जिससे आपसी विश्वास का माहौल बनने में मदद मिले

## आगे की राह

किसी भी राष्ट्र के लिए राष्ट्रीय हित वे निर्धारित लक्ष्य होते है। जिन्हे वह कम या ज्यादा मात्रा में प्राप्त करना चाहता है या प्राप्त करने की इच्छा रखता है। यह तर्क भारत व चीन के संबंध में भी समान रूप से सत्य है अतः दोनों देशों को मैत्रीपूर्ण सहयोग की समान्य प्रवृत्ति विकसित करने में ध्यान देना होगा।

स्त्रातजिक स्तर पर दोनों राष्ट्रो को विवाद के मुद्दों यथा भू–क्षेत्र व भू–सीमा संबंधी विवादों को परिभाषित करने के साथ उनका सीमांकन और परिसीमन किए जाने की आवश्यकता है। साथ ही सीमा विवाद से इतर अन्य मुद्दों को बढ़ावा देना चाहिए और ऐसी अंतनिर्भरता स्थापित करनी चाहिए, जिससे भविष्य में विवाद के मुद्दे अनुपातिक रूप में बहुत लघु हो जाए।

कूटनीति स्तर पर दोनो राष्ट्रो को अपने आपसी व अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में सहयोग की भावना के साथ क्षेत्रीय विकास पर जोर देना चाहिए जिससे आपसी वैमनस्य में कमी आएगी और क्षेत्र के स्थायित्व व शांति से दोनो राष्ट्रो की भी विकास होगा।

व्यापार घाटे को कम करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाने की आवश्यकता है, सेवा क्षेत्र इसमें एक प्रमुख भूमिका निभा सकता है। इसके साथ ही दोनों राष्ट्रों के मध्य एक साझा बाजार जो न्यूनतम शर्तों पर आधारित हो, का निर्माण किया जा सकता है। जिससे दोनों राष्ट्रो को लाभ होगा, और दोनो राष्ट्रो के सहयोगी राष्ट्र भी इसमें भागीदार एवं लाभावन्तित होगें।

भू राजनीतिक स्तर पर दोनो राष्ट्रों को हिंद प्रशांत क्षेत्र के व्यापक संसाधनों का सहयोगात्मक रूप से प्रयोग करने की विधियों पर ध्यान देना चाहिए जिससे कि राजनीतिक बढ़त इन दोनो राष्ट्रों के पास ही रहे।

भारत और चीन दोनों देशों को यह समझना होगा कि आने वाला वक्त एशिया का है ऐसे में इस क्षेत्र में किसी प्रकार का तनाव एंव आपसी कलह इस क्षेत्र के विकास को बाधा ही पहुँचाएगी। अतः वर्तमान समय की आवश्यकता है कि भारत और चीन आपसी मतभेदों को भुलाकर एशिया और विश्व उन्नति के लिए एक साथ आगे आकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँ।

## संदर्भ

1. यू. आर. घई. (2008). भारतीय विदेश नीति. न्यू एकेडेमिक पब्लिशिंग कम्पनीः जालंधर।
2. खन्ना, वी.एन. व लिपाक्षी अरोड़ा भारत की विदेश नीति. विकास पब्लिसिंग हाउस प्रा.लि.ः नई दिल्ली।
3. दीक्षित, जे. एन. (2012). भारतीय विदेश नीति. प्रभात प्रकाशनः दिल्ली।
4. वाजपेयी, अरूणोदय. (2012). डार्लिंग किदरस्ले (इंडिया) प्रा.लि.ः नई दिल्ली।
5. यादव, आर.एस. (2005). भारत की विदेश नीति एक विश्लेषण. किताब महल इलाहाबाद।
6. पंत, पुष्पेश. (2010). भारत की विदेश नीति. TATA MCGRAW HILL.
7. चौधरी, डॉ. अनिता. (2012). बदलते भू – राजनीतिक परिदृश्य में भारत – चीन सम्बन्धों का अध्ययन. राधा पब्लिकेशनः नई दिल्ली।
8. फाडिया, डॉ. बी. एल. अंतर्राष्ट्रीय राजनीति साहित्य भवन पब्लिकेशनः आगरा।
9. सिंघल, डॉ. एस. सी. भारत की विदेश नीति. लक्ष्मी नारायण पब्लिकेशन।
10. भोला, पी. एन. (2001). फारेन पॉलिसीज ऑफ इण्डिया. पाकिस्तान एण्ड चाइना आ. बी.एस.ए.ः जयपुर।

Journal Global Values, Vol. XIV, Special Issue, May 2023, ISSN: (P) 0976-9447, (e) 2454-8391, Impact Factor 8.835*(SJIF)*
*https://doi.org/10.31995/jgv.2023.v14iS2.020*

# भारतीय महिलाओं की दशा और दिशा : एक विमर्श

डॉ० चंचल देवी
*असिस्टेंट प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान विभाग*
*श्रीमती बी०डी० जैन गर्ल्स (पी०जी०) कॉलेज, आगरा छावनी, आगरा*
*ईमेलः sharma.eryogesh@gmail.com*

*सारांश*

*19वीं सदी से पूर्व सामाजिक एवं आर्थिक दृष्टि से हिन्दू और मुस्लिम दोनों ही धर्मों में स्त्रियों की स्थिति एक जैसी ही थी, दोनों ही अनेक प्रकार की सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक एवं पारिवारिक विकृतियों से ग्रस्त थी। 19वीं व 20वीं सदी के भारतीय समाज सुधारकों ने उनकी दशा में सुधार को अपने सुधारवादी आन्दोलन का अहम हिस्सा बना लिया। आजादी के बाद तीन दिशाओं में विकास के कार्यक्रम चलाए गए। शिक्षा, आर्थिक मजबूती के अलावा अनेक ऐसे कानून बनाए गए, जिनसे महिलाओं की सुरक्षा, महिलाओं का विकास और महिलाओं की प्रगति को सुनिश्चित किया गया। महिला उद्यमिता पर आधारित वैश्विक रिपोर्ट के अनुसार हर तीन महिला में से एक उद्यमी बनने की दिशा में कदम उठा रही हैं। वर्तमान समय में महिलाएं जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है और आगे बढ़ने के लिए प्रयासरत हैं।*

Reference to this paper should be made as follows:

डॉ० चंचल देवी

*भारतीय महिलाओं की दशा और दिशा : एक विमर्श*

*Vol. XIV, Special Issue*
*pp.99-103*
*Article No.20*

**Online available at:**
*https://anubooks.com/journal/journal-global-values*

**DOI:** *https://doi.org/10.31995/jgv.2023.v14iS2.020*

भारतीय समाज में स्त्रियों की सामाजिक स्थिति विभिन्न युगों मे एक जैसी नहीं रही। सिद्धान्तः भारतीय समाज में स्त्री शक्ति, धन और बुद्धि की प्रतीक मानी गई। परन्तु व्यवहार में स्त्रियों की ऐसी उच्च स्थिति वैदिक युग में ही थी। उसके बाद के समय में स्त्रियों पर अनेक प्रकार के प्रतिबन्ध लगा दिये। वेदाध्ययन, धार्मिक संस्कार, विधवा विवाह तथा स्वतंत्रता पर पाबन्दी लगाने से स्त्रियों की स्थिति निम्न से निम्नतर होती गई। बाल–विवाह के बढ़ते प्रभाव ने स्त्री शिक्षा को बाधित किया। मध्यकाल में मुस्लिम आक्रान्ताओं से हिन्दू धर्म की रक्षा के लिए स्त्रियों के सतीत्व तथा रक्त की शुद्धता बनाए रखने के सन्दर्भ में नियमों को और अधिक कठोर बना दिया गया। मुस्लिम स्त्रियों को हिन्दू स्त्रियों की तुलना में धर्मग्रन्थों द्वारा अनेक प्रकार के विशेषाधिकार प्राप्त थे, परन्तु पर्दा प्रथा एवं अशिक्षा के कारण वे भी अपने विशेषाधिकारों का प्रयोग नहीं कर पाती थीं। सामाजिक एवं आर्थिक दृष्टि से हिन्दू एवं मुस्लिम दोनों ही धर्मो में स्त्रियों की स्थिति एक जैसी ही थी, दोनों ही अनेक प्रकार की सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक एवं पारिवारिक विकृतियों से ग्रस्त थी।

ऐसी स्थिति में मानवतावादी और समतावादी भावनाओं से प्रेरित होकर 19वीं व 20वीं सदी के भारतीय समाज सुधारकों ने उनकी दशा में सुधार को अपने सुधारवादी आन्दोलन का अहम् हिस्सा बना लिया। सर्वप्रथम राजा राममोहन राय के अथक प्रयासों से ही 1829 ई. में तत्कालीन वायसराय विलियम बैटिक ने 'सतीप्रथा' के उन्मूलन के लिए कानून पारित किया। केशवचन्द्र सेन ने घर पर ही महिलाओं के सम्पूर्ण शिक्षण एवं प्रशिक्षण के लिए आवश्यक सुविधाओं को सर्वसुलभ करवाया। इन्होंने स्त्रियों के लिए 'वाम बोधिनी' नामक पत्रिका का भी प्रकाशन प्रारम्भ किया। इन्हीं के प्रयासों से 1872 ई. में Civil Marriage Act भी पास किया गया। इसके तहत अन्तर्जातीय विवाह और तलाक के लिए आवश्यक प्रावधानों के साथ–साथ विवाह की न्यूनतम आयु लड़की के लिए 14 वर्ष तथा लड़के के लिए 18 वर्ष निश्चित की गई। इसके बाद प्रार्थना समाज के तत्वाधान में आर.जी. भण्डारकर तथा एम.जी. चन्द्राबरकर के द्वारा 1916 में भारत का पहला महिला विश्वविद्यालय बाम्बे में स्थापित किया गया।

आर्य समाज ने स्त्रियों के लिए आवश्यक शिक्षा कानून द्वारा बाल–विवाह का निषेध, बाल–विधवा पुनर्विवाह आदि का समर्थन किया परन्तु यह तलाक, विधवा पुनर्विवाह, अन्तर्जातीय विवाह तथा स्त्रियों का घर के बाहर काम–काज में भागीदारी के पूर्णतः विरूद्ध था। स्त्री शिक्षा की दिशा में आर्य समाज के द्वारा किये गए कार्य अत्यधिक प्रशंसनीय रहे।

व्यक्तिगत प्रयास के सन्दर्भ में कलकत्ता संस्कृत कॉलेज के प्राचार्य ईश्वरचन्द विद्यासागर का योगदान उल्लेखनीय है। इन्होंने बाल–विवाह का विरोध किया तथा स्त्री शिक्षा एवं विधवा पुनर्विवाह के लिए आजीवन प्रयत्नशील रहे। स्त्री शिक्षा के लिए इन्होंने स्वयं के प्रयत्नों से 25 बालिका स्कूलों की स्थापना की। इन्हीं के प्रयासों से 1856 ई. में विधवा पुनर्विवाह कानून बनाया गया।

20 वीं सदी के प्रारम्भ में कुछ ढांचागत परिवर्तन सामने आए। राजनीतिक अधिकारों की मांग इसका सबसे प्रबल प्रमाण है। 1917 में पहली बार स्त्रियों को वोट डालने के अधिकार की माँग उठाई गई, जिसके फलस्वरूप 1919 के संवैधानिक सुधारों द्वारा इसे अंशतः स्वीकार कर लिया गया। मद्रास ऐसा पहला प्रान्त था, जिसमें स्त्रियों को वोट डालने का अधिकार प्रदान किया गया। 1917 ई. में पहली बार भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की अध्यक्ष भी एक महिला (श्रीमती एनीबीसेन्ट) बनीं, बाद में सरोजनी नायडू को भी यह सौभाग्य प्राप्त हुआ। 1927 ई. में मद्रास में डॉ. मधु लक्ष्मी रेडडी विधायक बनने वाली पहली महिला स्त्री थी। इस समय स्त्रियों के द्वारा अनेक महिला संगठनों की स्थापना भी की गई, जिसमें 1927 में स्थापित 'अखिल भारतीय महिला सभा' विशेष रूप से उल्लेखनीय है।

कालान्तर में स्त्रियों ने क्रान्तिकारी आन्दोलन के साथ ही साथ किसान आन्दोलन एवं ट्रेड यूनियन आन्दोलन मे भी बढ़–चढ़कर हिस्सा लेना प्रारम्भ किया। स्त्रियों को राजनीतिक क्षेत्र में लाने का प्रथम श्रेय महात्मा गाँधी को ही है। स्त्री उद्धार के लिए महात्मा गाँधी ने उन सभी कार्यक्रमों को जारी रखा, जिसे 19वीं सदी के समाज सुधारकों ने प्रारम्भ किया था।

स्त्री जागरूकता के सन्दर्भ में जवाहरलाल नेहरू के विचार भी अति प्रासंगिक हैं, उन्होंने केवल स्त्री शिक्षा ही नहीं, बल्कि सभी मानवीय क्रियाकलापों में स्त्रियों को प्रशिक्षित करने के प्रबल हिमायती जवाहरलाल नेहरू का कहना था कि ''आर्थिक स्वतंत्रता के बिना स्त्री समानता के अन्य पहलुओं को पूर्णरूप से नहीं समझा जा सकेगा।

आजादी के बाद तीन दिशाओं में विकास के कार्यक्रम चलाए गए। खासतौर पर महिलाओं के आर्थिक विकास के लिए कार्यक्रम चलाए गए। इस कारण कई उपलब्धियाँ सामने आई, जैसे तमाम महिलाओं के पास स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध हुए। एक तरफ महिलाएं फाइनेंस और बैंकिंग से जुड़े सेल्फ हेड ग्रुप के माध्यम से छोटे–छोटे समूह बनाकर अपनी

https://doi.org/10.31995/jgv.2023.v14iS2.020

आर्थिक स्थिति को मजबूत करने में लगी हुई है। दूसरी तरफ महिलाओं की शिक्षा का भी विकास हुआ है, क्योंकि शिक्षा के प्रति शिक्षा के अधिकार को संविधान में शामिल करके यह सुनिश्चित किया गया है कि हर लड़की को शिक्षा का अधिकार मिले। हर लड़की के लिए स्कूल जाना अनिवार्य होगा। फिर स्कूलों में प्रवेश या नामांकन के लिए अभियान चलाए गए। इन अभियानों के दम पर ज्यादा से ज्यादा लड़कियों को स्कूलों में दाखिला दिया गया। उनके परिवार को प्रोत्साहित किया गया। अब हम उस तरह के अनपढ़ देशों की श्रेणी में नहीं आते है लेकिन अभी हमें और आगे तक जाना हैं, क्योंकि अभी भी 21 प्रतिशत लड़कियाँ शिक्षा से वंचित है।

सरकार द्वारा बालिका शिक्षा के लिये पहल को हम निम्नलिखित बिंदुओं से समझ सकते हैं:

- 1958 में सरकार ने महिला शिक्षा पर एक राष्ट्रीय समिति का गठन किया। बर्ष 2019–20 में महिलाओं की सकल नामांकन दर 27.3 फीसदी हो गयी। 1959 में इसी विषय पर गठित एक समिति ने लडकों और लडकियों के लिये एक समान पाठ्यक्रम को विभिन्न चरणों में लागू करने की सिफारिश की थी।
- 1968 में भारत सरकार से एक राष्ट्रीय नीति विकसित करने की योजना पर जोर दिया। पहली राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 में बनी।
- 2004 में हुयी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय योजना की शुरूआत। विशेष रूप से कम साक्षरता दर वाले क्षेत्रों में लडकियों के लिये प्राथमिक स्तर की शिक्षा की व्यवस्था हेतु की गयी।
- 2015 में बेटी बचाओ–बेटी पढाओ योजना देश में घटते बाल लिंग अनुपात के मुद्दे को लेकर शुरू हुयी। इसमें कन्या भ्रूण हत्या रोकने, स्कूलों में लडकियों की संख्या बढाने, स्कूल छोडने वालों की संख्या को कम करने, शिक्षा के अधिकार के नियमों को लागू करने और लडकियों के लिये शौचालयों के निर्माण में वृद्धि करने जैसे उद्देश्य रखे गये।

  शिक्षा तक महिलाओं की पहुंच को दर्शाने वाले कुछ आंकडे इस प्रकार हैं:












शिक्षा, आर्थिक मजबूती के अलावा जो तीसरी अच्छी बात हुई वह यह है कि बहुत सारे ऐसे कानून बनाए गए जिनसे महिलाओं की सुरक्षा, महिलाओं का विकास और महिलाओं की प्रगति को सुनिश्चित किया गया।

काम की जगह पर महिलाओं की सुरक्षा के लिए सेक्सुअल हेरेसमेंट एट वर्क प्लेस, परिवार के अन्दर हो रही हिंसा को रोकने के लिए महिलाओं को प्रोटेक्शन, अगेंस्ट डोमेस्टिक वायलेंस का कानून बनाया गया। दहेज के खिलाफ बने कानून को कड़ा किया गया। तीन तलाक का कानून बनाया गया, जो कि अति महत्वपूर्ण कानून है। इससे मुस्लिम महिलाएं खासतौर पर मुस्लिम लड़कियों को बहुत राहत मिली। छठे योजना आयोग को प्रस्ताविक करते समय महिलाओं के विकास के लिए एक विशेष नीतिगत अध्याय जोड़ा गया था और यह तय किया गया था कि महिलाओं के विकास के लिए खासतौर पर योजनाएं बनेंगी और जिसका खर्च सरकार की तरफ से सुनिश्चित किया जाएगा।

राष्ट्रीय महिला नीति का निर्माण, जिससे कि हर क्षेत्र में चाहे वह शिक्षा हो, कानून हो, स्वास्थ्य के क्षेत्र में हो, महिलाओं का लेखा–जोखा हुआ। फिर पहली महिला नीति के बाद दूसरी महिला नीति 2020 में बनीं और इसमें यह देखा गया कि महिलाओं पर किस तरह की हिंसा बढ़ रही है, उस हिंसा को कैसे रोका जाये। इस समस्या का मुख्य कारण बड़े पैमाने पर महिलाओं का अशिक्षित होना है। अशिक्षा के कारण वे कानून का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं।

उपर्युक्त तथ्यों के आलोक में स्त्रियों की नवीन समस्याओं को समझते हुए उनके निराकरण के उपाय किये जा सकते हैं और सरकार इस सन्दर्भ में प्रयत्नशील भी है।

आगरा (उ0 प्र0) में फरवरी 2023 में हुई जी–20 के कोर ग्रुप की बैठक में केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री डॉ0 मुंजपारा महेन्द्रभाई ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा, जरूरत, काम आधारभूत संरचना, शिक्षा तथा स्वास्थ्य सेक्टर पर सरकार विशेष ध्यान दे रही हैं। उनके प्रति भेदभाव हिंसा पर अंकुश लगाना बेहद जरूरी है। सरकार द्वारा महिला कल्याण हेतु विभिन्न योजनाएं भी चलाई जा रही हैं, जैसे– मिशन शक्ति, मिशन वात्सल्य, मिशन पोषण को उनकी सुरक्षा उनके स्वास्थ्य एवं बालिकाओं की रक्षा हेतु लाया गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति को महिला केन्द्रित बनाया गया है, इसकी मदद से लिंगानुपात में सुधार के साथ

महिलाओं के सफल नामांकन अनुपात में भी वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा कि महिला उद्यमिता पर आधारित वैश्विक रिपोर्ट कहती है कि हर तीन महिला में से एक उद्यमी बनने की दिशा में कदम उठा रही है। कुटीर उद्योगों से लेकर कॉरपोरेट तक उनका दबदबा है। दुनिया के 43 देशों में प्रकाशित इस रिपोर्ट से साफ है कि महिलाओं का विकास तेजी से हो रहा है।

निम्नलिखित सारणी भी इस तथ्य की पुष्टि करती हैंः







स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी महिलाओं की स्थिति में निरन्तर सुधार हो रहा है और अधिकाधिक सुधार होने की संभावना व्यक्त की जा सकती है।

आजादी के बाद महिलाओं ने विकास का एक लंबा सफर तय किया है। आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक जागरूकता पहले के मुकाबले बढी है। महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर मिलने के साथ–साथ शिक्षा और कानूनी अधिकार भी मिले। आजादी का 75वां वर्ष अमृत महोत्सव के रूप में जिस उल्लास के साथ देश में मनाया जा रहा है उसमें देश की आधी आबादी महिलाओं की दशा और दिशा का अध्ययन विशेष रूप से उल्लेखनीय है।

**सन्दर्भ**

1. (2023). हिन्दुस्तान पेपर. 13 फरवरी।
2. (2022). हिन्दुस्तान पेपर. 9 अगस्त।
3. (2012). प्रतियोगिता दर्पण।
4. खण्डेला, एम.सी. (2008). महिला और बदलता परिवेश. पोइन्टर पब्लिशर्सः जयपुर।
5. देवी, एस. (2008). वूमन्स स्टेट्स एण्ड सोशल चेन्ज. पोइन्टर पब्लिशर्सः जयपुर।
6. प्रसाद, वैशाली. (2007). गोखले नीला, वूमन इन 21st सेन्चुअरी. श्री पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स. न्यू देहली।
7. सिंह, आर. (2006). भारत में महिलाएँ. पोइन्टर पब्लिशर्सः जयपुर।
8. गुप्ता, मुक्ता. (2000). वुमैन एण्ड एजुकेशनल डवलपमेन्ट. सरूप एण्ड सन्सः नई दिल्ली।

# ऐतिहासिक परिदृश्य में हिन्दू महिलाओं की प्रस्थिति व संपत्ति के अधिकार : विश्लेषणात्मक अध्ययन

डॉ० आभा मिश्रा
*असिस्टेंट प्रोफेसर, समाजशास्त्र विभाग*
*श्रीमती बी०डी० जैन गर्ल्स (पी०जी०) कॉलेज, आगरा छावनी, आगरा*
*ईमेलः aabhamishra857@gmail.com*

***सारांश***

*प्रस्तुत शोध पत्र में हिन्दू महिलाओं की प्रस्थिति को सामाजिक आर्थिक एवं पारिवारिक विविध आयामों के अंतर्गत विश्लेषित किया गया है। इसके साथ ही उनके संपत्ति विषयक अधिकारों व स्थिति के मध्य अंतर्संबंध की व्याख्या की गयी है। यह शोधपत्र अपनी प्रकृति के आधार पर वर्णात्मक शोध प्रारूप पर आधारित है। यह व्याख्यात्मक अध्ययन द्वितीयक स्रोतों के आधार पर किया गया है, जिसके आधार पर सार रूप यह रहा है कि आर्थिक स्वाव्लम्बिता से महिलाओं की स्थिति सुदृढ़ होती है और वैदिककालीन समाज से ही भारतीय सभ्यता में महिलाओं को संपत्ति के अधिकार प्राप्त तो रहे हैं परन्तु इस सन्दर्भ में उनकी स्थिति सुद्रढ नहीं थी क्योकि संपत्ति का हस्तान्तरण पीढ़ी दर पीढ़ी पुरुषों में ही होता था। आधुनिक समाज में लैंगिक समानता की संकल्पना से समाज में महिलाएं सामाजिक आर्थिक दृष्टिकोण से पहले की तुलना में सशक्त हैं।*

***मुख्य शब्द***

*हिन्दू महिला, प्रस्थिति, संपत्ति, सामजिक व्यवस्था, अधिकार।*

Reference to this paper should be made as follows:

डॉ० आभा मिश्रा

*ऐतिहासिक परिदृश्य में हिन्दू महिलाओं की प्रस्थिति व संपत्ति के अधिकार : विश्लेषणात्मक अध्ययन*

*Vol. XIV, Special Issue*
*pp.104-108*
*Article No.21*

**Online available at:**
*https://anubooks.com/journal/journal-global-values*

**DOI:** *https://doi.org/10.31995/jgv.2023.v14iS2.021*

## प्रस्तावना

भारतीय समाज परम्परा, मूल्य व सांस्कृतिक रूप से सदैव ही सुदृढ़ रहा है। भारतीय सामाजिक संरचना में हिन्दू मान्यताओं में स्त्री को आदिकाल से ही पूजनीय माना गया है। धार्मिक एवं मांगलिक कार्यों में स्त्री की सहभागिता आवश्यक मानी जाती थी। अतः समाज एवं परिवार में स्त्री की भूमिका महत्वपूर्ण थी तथा हिन्दू सामाजिक व्यवस्था में महिलाओं को अदितीय स्थान प्राप्त था। यद्यपि व्यावहारिक जीवन में स्त्रियों की प्रस्थिति पित्रसत्ता के अधीन थी, चाहे वह घर व समाज में महिलाओं की स्थिति हो या उनके अधिकार हों। यहाँ पर यदि संपत्ति के अधिकार की बात की जाए तो पैतृक संपत्ति पीढ़ी दर पीढ़ी पुरुषों में ही हस्तांतरित होती थी जिसमें महिलाओं की सहभागिता नगण्य थी। यदि महिलाओं के पास व्यक्तिगत संपत्ति की उपलब्धता थी तो वह स्त्रीधन के रूप में थी जिस पर उसका पूर्णरूप से स्वामित्व था।

यद्यपि सुधारवादी आन्दोलनों के परिणामस्वरूप महिलाओं की स्थिति परिवर्तित हुई और वह घर की चहारदीवारी से बाहर निकलकर बाह्रय समाज में भी अपनी उपस्थिति सुद्रिढ कर रही हैं। आज संवैधानिक उपबंधों व प्रगतिशील विचारधारा के फलस्वरूप महिलाएं सामाजिक आर्थिक रूप में सशक्त हो रहीं है एवं संपत्ति में भी उनकी भागीदारी परिलक्षित हो रही है।

## अध्ययन के उद्देश्य

- ❖ हिन्दू महिलाओं की प्रस्थिति का ऐतिहासिकता के आधार पर अध्ययन करना।
- ❖ हिन्दू महिलाओं के संपत्ति विषयक अधिकार की सैधान्तिक व्याख्या करना।

## शोध प्रविधि

प्रस्तुत शोध अध्ययन की प्रकृति व्याख्यात्मक व विश्लेष्णात्मक है, अतः यह वर्णनात्मक शोध अभिकल्प पर आधारित है। शोधलेख में तथ्य संकलन हेतु द्वितीयक स्रोतों का उपयोग किया गया है, क्योकि अध्ययन में ऐतिहासिक आधार पर महिलाओं की स्थिति व अधिकार की व्याख्या की गयी है।

## ऐतिहासिक परिदृश्य में हिन्दू महिलाओं की समाज में प्रस्थिति

ऐतिहासिक परिदृश्य में हिन्दू महिलाओं की सामजिक आर्थिक पारिवारिक स्थिति एवं उनके संपत्ति विषयक अधिकारों का कालानुसार विवरण अग्रांकित है–

ऋगवैदिक कालीन समाज– वैदिक साहित्य में दृष्टिपात करने से यही परिलक्षित होता है कि हिन्दू महिलाओं का सामजिक व पारिवारिक जीवन श्रेष्ठ था। यद्यपि पित्रसत्ता की संरचना ही कुछ ऐसी होती है कि जहां पुरुषों को जन्मतः अधिकार प्राप्त हो जाते हैं एवं पुत्र प्राप्ति की लालसा स्वाभाविक ही होती है। इन सबके उपरांत भी वैदिक काल में स्त्री शिक्षा महत्वपूर्ण थी। वेद व ऋचाओं का मंत्रोचारण करने वालीं विदुषी स्त्रियाँ अपाला, घोषा, लोपामुद्रा, यमी आदि वैदिक काल से ही सम्बंधित थीं।

वैदिक कालीन समाज में हिन्दू महिलाओं की सामाजिक एवं पारिवारिक स्थिति सुदृढ़ थी, तथा उनकी सभी धार्मिक आयोजनों में सहभागिता आवश्यक थी। इस काल में सती प्रथा, पर्दा प्रथा प्रचलित नहीं थी।

उत्तरवैदिक कालीन समाज– इस काल में हिन्दू महिलाओं की स्थिति में ऋगवैदिक काल की तुलना ह्रास हुआ। उनके कुछ धार्मिक व पारिवारिक अधिकार तो बने रहे परन्तु कुछ अधिकार कम भी हुए। सिंह (2013)[1] का कथन इस सन्दर्भ में उल्लेखनीय है कि "वास्तव में उत्तरवैदिक काल बदलाव का वह आर्थिक युग है जिसमें पुरुष प्रधान समाज बनता है और स्त्री दोयम दर्जे की होकर रह जाती है।" अतः उत्तरवैदिक काल में हिन्दू समाज में स्त्रियों की स्वतंत्रता अप्रत्यक्ष रूप से समाप्त हो चुकी थी।

स्मितिकालीन समाज– तत्कालीन समाज में सांस्कृतिक व पारंपरिक रूप से वैविध्य रूढिगत व्यवहार स्त्रियों के साथ प्रचलित हो गए थे। एक प्रकार से मनुस्मृति के अंतर्गत समाज में महिलाओं को जिन वर्जनाओं के साथ देखा गया उसे स्मृतिकाल में व्यावहारिक रूप मिला। अतः स्मृतिकाल में हिन्दू महिलायें पति व परिवार की गृह सेविका ही बनकर रह गयीं। मनु[2] के अनुसार– "स्त्रियों को पढने का कोई अधिकार नहीं है। इसलिए उनके संस्कार वेद मंत्रों के बिना किये जाते हैं। स्त्रियों को वेद जानने का कोई अधिकार नहीं है इसलिए उन्हें धर्म का कोई ज्ञान नहीं होता है।" अतः अब हिन्दू महिलाएं घर की चहारदीवारी के भीतर रहकर गष्हसज्जा, कताई–बुनाई, चित्रकला आदि सीखने लगीं थी। यद्यपि इस काल में भी धार्मिक कार्यों में स्त्रियों की सहभागिता आवश्यक थी जिससे समाज में विवाहित स्त्री का सम्मानजनक स्थान प्राप्त था, परन्तु विधवा स्त्री

की प्रस्थिति सोचनीय थी क्योकि इस काल में वैदिक प्रचलित नियोग प्रथा व विधवा पुनर्विवाह दोनों को ही अनुचित माना गया जिससे विधवा स्त्री की स्थिति सोचनीय हो गयी थी।

पूर्व मध्यकालीन समाज– मध्यकालीन समाज के पहले जितने भी राजवंश स्थापित हुए उनके द्वारा हिन्दू स्त्रियों की प्रस्थिति को उत्त्कृष्ठ करने हेतु कोई विशेष प्रयत्न नहीं हुआ। अतः इस काल में भी हिन्दू महिलाओं को सि्द्वान्ततः सभी अधिकार सीमित रूप में प्राप्त था, परन्तु वास्तविकता में वे सभी अधिकार एवं सुविधाएँ एक विशेष उच्च वर्ग तक ही सिमट कर रह गयी थी।

बौद्ध एवं जैन धर्म– दोनों ही धर्मों में स्त्री समानता की संकल्पना को अंगीकृत किया गया है, परिणामस्वरूप इस काल में स्त्रियों को शिक्षा ग्रहण करने का पुनः अवसर प्राप्त हुआ। बौद्ध धर्म में अनेक रूढ़िगत व्यवहार एवं सामाजिक वर्जनाओं को प्रतिबंधित किया गया तो वहीं पर जैन धर्म में नारी उच्चस्थ पद प्राप्त की है। अतः अप्रत्यक्ष रूप से ही सही परन्तु उपरोक्त दोनों ही धर्मों ने कहीं न कहीं महिला सशक्तिकरण की नीव रखी, क्योकि इस काल में हिन्दू महिलाओं ने शिक्षा, स्वतंत्रता व अन्य अधिकारों को पुनः प्राप्त किया।

मौर्य काल– मौर्य काल में भी महिलाओं की स्थिति अधिक उन्नत्पूर्ण तो नहीं थी परन्तु तुलनात्मक रूप से स्मृतिकाल की अपेक्षा उत्तम थी। यद्दपि इस काल में भी हिन्दू स्त्रियों को गृह की शोभा बढ़ने वाली वधु, परिवार की सेवा करना, संतानोत्पत्ति आदि प्रमुख कर्तव्यों से जोड़कर देखा गया।

दक्षिण भारतीय समाज– प्रायः मात्रसत्तात्मक समाज होता था, अतः यहाँ हिन्दू महिलाएं तुलनात्मक रूप में अधिक स्वतंत्र व सुविधा संपन्न होती थीं। यहाँ पर विजयनगर साम्राज्य ऐसा साम्राज्य था जहां बहुसंख्यक स्त्रियाँ विभिन्न राजकीय पदों पर नियुक्त थीं। इन सबके पश्चात् पुरुष प्रधान समाज होने से अधिकारों के सन्दर्भ में वह दोयम ही रही हैं।

मध्यकालीन समाज– मध्यकालीन भारतीय समाज को अन्धकार का युग भी कहा जाता है। अतः इस काल में हिन्दू महिलाओं की प्रस्थिति एवं प्रतिष्ठा का जितना पतन हुआ है, उतना शायद ही किसी काल में हुआ है। मध्यकाल में बाह्य आक्रान्ताओं के कारण भारतीय समाज में संरचनात्मक परिवर्तन के साथ ही सांस्कृतिक परिवर्तन भी परिलक्षित हुए। इस परिवर्तन ने समाज में महिलाओं की स्थिति पर बहुत ही प्रतिकूल प्रभाव डाला चाहे वह सामाजिक हो या शैक्षणिक हो। "स्त्री शिक्षा भारत के लिए कोई आधुनिक सभ्यता की देन नहीं है अपितु यह यहाँ की एक प्राचीन परम्परा रही है परन्तु मध्य युग आते आते यह व्यवस्था अत्यंत सोचनीय हो गयी। मुस्लिम आक्रान्ताओं के कारण ही बाल विवाह, पर्दा प्रथा, कन्या विक्रय, आदि कुप्रथाएं समाज में प्रचलित हो गयी जिनका स्त्री शिक्षा पर बुरा प्रभाव पडा।"[3] अतः मध्यकाल में महिलाओं की स्थिति अत्यंत दयनीय रही है एवं इस काल में हिन्दू महिलाओं की पारिवारिक, कानूनी और राजनीतिक स्थिति सबसे ख़राब थी।

ब्रिटिश कालीन समाज– ब्रिटिश काल के पूर्व के कालानुक्रम के वर्णन के आधार पर विश्लेषित करें तो स्पष्ट है कि उक्त अवधि में महिलाओं की स्थिति उतार चढाव से परिपूर्ण रही है। अतः इस सन्दर्भ में उपरोक्त काल की सभी समस्याओं का निराकरण व लैंगिक समानता की रूपरेखा ब्रिटिश कालीन समाज में ही बननी प्रारंभ हुई।

स्वतंत्रता पश्चात आधुनिक समाज– उन्नीसवीं शताब्दी में नारी सुधार के लिए जो सतत प्रयत्न हुए उन्ही के परिणामस्वरुप बीसवीं शताब्दी में नारी सशक्तिकरण के विभिन्न आयाम दृष्टिगोचर हुए। अतः आज वर्तमान समाज में पूर्ववर्ती काल की तुलना में हिन्दू महिलाएं सामाजिक, आर्थिक, पारिवारिक दृष्टिकोण से अधिकार संपन्न है, जिससे महिलाओं की बौद्धिक क्षमता व जागरूकता में भी वृद्धि हुई है।

## संपत्ति विषयक अधिकार

भारतीय समाज में हिन्दू महिलाओं के संपत्ति के अधिकार वैविध्यपूर्ण रहे हैं। सामान्यतया यह विभिन्नता वैवाहिक स्थिति व संपत्ति के स्वरुप दोनों ही आधारों पर प्रचलित रही हैं भारतीय समाज में संपत्ति के निर्धारण में धर्म की महत्वपूर्ण भूमिका रही है, जिसमें प्राचीन हिन्दू समाज में संपत्ति निर्धारण या उत्तराधिकार में विधिगत दो स्रोत थे–

उपर्युक्त दोनों शाखाओं में उत्तराधिकार का निर्धारण समान रूप में नहीं था। मिताक्षरा शाखा विज्ञानेश्वर द्वारा लिखित याज्ञवल्क्य स्मृति पर टीका है। इस शाखा में पुत्र जन्मतः संपत्ति का उत्तराधिकारी बन जाता था, तथा पुत्री मिताक्षरा सहदायिकी में शामिल नहीं थी। हिन्दू महिला एक पत्नी के रूप में बटवारे की मांग नहीं कर सकती थी यद्यपि पुत्र व पति के बीच किसी बटवारें में हिस्सेदारी ले सकती थी।

दायभाग के रचयिता जीमूतवाहन थे और इस शाखा में पुत्र का जन्मतः पैतृक संपत्ति में कोई अधिकार नहीं होता है, यद्यपि पिता के मृत्यु पश्चात् वह उत्तराधिकारी हो जाता था। यहाँ भी महिलाओं को विभाजन का कोई अधिकार प्राप्त नहीं था।

इन सबके अतिरिक्त विधिक रूप में यदि स्त्री का किसी धन पर पूर्णरूपेण स्वामित्व था तो वह स्त्रीधन था–

स्त्रीधन– स्त्रीधन से तात्पर्य था "स्त्री की संपत्ति" अर्थात ऐसी संपत्ति जिस पर एक महिला का आजीवन पूर्ण स्वामित्व होता है। मनु ने छह प्रकार के धन को स्त्रीधन में शामिल किया है। कात्यायन ने स्त्रीधन को सौदायिक एवं असौदायिक दो वर्गों में विभाजित किया है, जिसमें सौदायिक पर स्त्री का पूर्ण स्वामित्व होता है तथा वह किसी को भी हस्तातंरित कर सकती थी तथा असौदायिक में परिवार के अतिरिक्त अन्य किसी से प्राप्त उपहार शामिल थे। भाष्यकारों में मिताक्षरा, दायभाग, व मनुस्मृति आदि में भी स्त्री धन के अंतर्गत छह प्रकार को सम्मिलित किया गया है।

उपर्युक्त के अतरिक्त "हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम 1956 के अंतर्गत स्त्रीधन के सन्दर्भ में पूर्व में किये गए विधियों को निष्प्रभावी करके धारा (14) में यह उपबंध लाया गया कि कोई भी संपत्ति चाहे वह स्त्री के कब्जे में रही हो या पूर्व में प्राप्त हुई रही हो वह हिन्दू महिला की पूर्ण संपत्ति होगी।"[4]

स्त्री सम्पदा– स्त्री सम्पदा एक प्रकार से विधवा स्त्री की सम्पदा होती थी, किन्तु उसके स्वामित्व का विधवा स्त्री को पूर्ण अधिकार नहीं था। अर्थात विधवा स्त्री को जीवित अवस्था तक पति के संपत्ति के उपभोग का पूरा अधिकार था परन्तु वह उसे किसी को हस्तांतरित नहीं कर सकती थी और न ही विक्रय का अधिकार था।

## संवैधानिक प्रावधान

सर्वप्रथम ब्रिटिशकालीन समाज में महिलाओं के संपत्ति विषयक अधिकारों पर अधिनियम लाये गए। तत्पश्चात् उतरोत्तर इस क्रम में वृद्धि ही हुई है जिसका संक्षिप्त विवरण क्रमानुसार अग्रांकित है–

द मैरिड वीमेंस प्रॉपर्टी एक्ट (1874)– उपनिवेशकालीन समाज में पारित हुआ यह अधिनियम हिन्दू महिलाओं के संपत्ति के अधिकार के सन्दर्भ में प्रथम अधिनियम था। यह अधिनियम विवाहित महिलाओं के संपत्ति के अधिकार के सन्दर्भ में था जिसमें स्त्री धन का स्वरुप व्यापक बनांते हुए उपहार के अतिरिक्त महिलाओं द्वारा अन्य स्रोतों से अर्जित आय को भी शामिल किया गया।

द हिन्दू लॉ ऑफ़ इन्हेरिटेंस एक्ट (1929)– यह अधिनियम प्रारंभिक चरण में तत्कालीन समाज में रियासती राज्यों को छोड़कर सम्पूर्ण भारत में लागू किया गया। समयानुसार यह अधिनियम सम्पूर्ण भारत में मिताक्षरा विधि से शासित होने वाले परिवारों पर लागू किया गया। इस अधिनियम में मिताक्षरा शासित परिवारों में स्त्री उत्तराधिकार को महत्वपूर्ण मानते हुए संपत्ति की वसीयत में हिन्दू महिलाओं को भी बंधू के रूप में शामिल किया गया।

हिन्दू स्त्री का संपत्ति का अधिकार अधिनियम (1937)– यह अधिनियम हिन्दू विधवा स्त्रियों के उत्तराधिकार में विषमताओं को दूर करने हेतु पारित किया गया था। इस अधिनियम के लागू होने से विधवा, विधवा पुत्रवधू, और विधवा पौत्र वधू को पति की संपत्ति में अधिकार मिला। यद्यपि इस अधिनियम के लागू होने से विधवा महिलाओं को संपत्ति में हक़ तो मिला परन्तु स्वामित्व को लेकर वही स्थिति विद्मान थी। अतः "इसी दिशा में 1941 में एक राव कमेटी का गठन किया गया जिसने 1944 में अपनी रिपोर्ट हिन्दू कोड बिल के साथ प्रस्तुत की।"[5]

इसी अनुक्रम में 9 अप्रैल 1948 में हिन्दू कोड बिल संविधान सभा में प्रस्तुत किया गया द्ययह बिल हिन्दू महिलाओं को पैतृक संपत्ति में अधिकार, वैवाहिक अधिकार, वारिस उत्तराधिकार आदि कई सामाजिक विषयों पर गहन चिंतन मनन करके लाया गया था। यह बिल स्थगित हो गया, परन्तु इस बिल के विषयों को समाहित करते हुए स्वतंत्रता पश्चात प्रथम हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम आया।

हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम (1956)– 17 जून को पारित इस अधिनियम में सुधारवादी दृष्टिकोण को चरम पर अपनाया गया जैसे कि– (धारा–14) के अनुसार स्त्री की सीमित सम्पदा की विचारधारा को समाप्त कर दिया गया। धारा 14 की उपधारा (1) के अनुसार हिन्दू स्त्री के अधिपत्य में कोई भी संपत्ति हुई तो वह उस की मानी जायेगी।

धारा(15) की उपधारा (1) के अनुसार हिन्दू स्त्री के उत्तराधिकार को पांच वर्गों व प्रविष्टियों में विभाजित किया गया।

- इसके अतिरिक अविवाहित पुत्री पैतृक घर में रह सकती है, परन्तु अपने हिस्से का विभाजन नहीं करा सकती है।
- धारा (23) के अनुसार, विधवा एवं परित्यक्ता स्त्री यदि पुनर्विवाह कर लेती है तो पैतृक संपत्ति में उनकी भागीदारी स्वयमेव समाप्त हो जायेगी।
- धारा (24) के आधार पर विधवा पुत्र वधू, पौत्र वधू, आदि द्वारा पुनर्विवाह की स्थिति में मृत व्यक्ति की संपत्ति में उत्तराधिकार हेतु अयोग्य मानी जायेगी।

- धारा 4 के भाग 2 के आधार पर स्त्री व पुरुष के मध्य कृषि भूमि संपत्ति विभाजन में शामिल नहीं थी, राज्य स्तरीय अलग अलग नियम लागू थे।

उपरोक्त अधिनियम में स्त्री संपत्ति अधिकार के सन्दर्भ में समानतापूर्ण व्यवहार लाया गया परन्तु इनमें उत्तरोतर सुधार के दृष्टिगत 2005 में संशोधित अधिनियम आया।

हिन्दू उत्तराधिकार (संशोधित) अधिनियम 2005– इस संशोधित अधिनियम के अंतर्गत 1956 के हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम की विभिन्न धाराएँ परिवर्तित हुई जिनका विवरण अग्रांकित है–

- संशोधित अधिनियम में मिताक्षरा सहदयिकी में पुत्री को भी पुत्र के बराबर शामिल किया गया।
- 1956 के अधिनियम की धारा 23 को परिवर्तित करते हुए विवाहित पुत्री को भी पैतष्क संपत्ति में रहने एवं अविवाहित विवाहित सभी को विभाजन का पूरा अधिकार दिया गया।
- 1956के अधिनियम की धारा 24 को संशोधित करते हुए विधवा के पुनर्विवाह की स्थिति में भी उसे संपत्ति में उत्तराधिकारी के रूप में शामिल किया गया।

अतः सार रूप में हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम 1956 एवं संशोधित अधिनियम 2005 द्वारा हिन्दू महिलाएं जिसमें अविवाहित हों या विवाहित सभी को संपत्ति के उत्तराधिकार में शामिल किया गया।

सशक्तिकरण की इस कड़ी में "11 अगस्त 2020 में तीन जजों की बेंच गठित की गयी जिसमें जस्टिस अरुण मिश्रा की अध्यक्षता में ऐतिहासिक निर्णय आया कि 9 सितम्बर 2005 तक पिता के जीवित न होने की दशा में भी अब पुत्रिया पुत्र के समान ही संपत्ति की सहभागी है।"[6]

यह निर्णय वास्तव में एक स्वागतयोग्य कदम है जो कि प्रगतिशील व लैंगिक समानता पर आधारित समाज की पहचान है।

## निष्कर्ष एवं सुझाव

प्रस्तुत विश्लेष्णात्मक अध्ययन में यह तथ्य मुख्य रूप से सामने आया है कि आर्थिक सबलता कहीं न कहीं महिलाओं की प्रस्थिति सुद्रढ करती है अतः महिलाओं को संपत्ति का अधिकार मिलना चाहिए। जब महिलाओं की भी संपत्ति में सहभगिता सुनिश्चित् होगी तो कहीं न कहीं घरेलू हिंसा, दहेज़ मृत्यु जैसी घटनाओं में कुछ कमी आएगी। चूंकि भारतीय सामजिक व्यवस्था पित्रसत्तामक रही है, इसलिए संपत्ति पर एकाधिकार पुरुषों का ही रहा है। अतः आज वर्तमान में संवैधानिक रूप से स्त्री व पुरुश दोनों को ही समान संपत्ति के अधिकारों का प्रावधान किया गया है, बस कानून, समाज, संस्कृति व परम्परा सभी को सामानांतर आना होगा जिससे कानून का क्रियान्वयन बेहतर तरीके से हो सके जिसके लिए समाज में जागरूकता अभियान चलाया जाना चाहिए।

## सन्दर्भ

1. सिंह, जनमेजय. (2013). नारीवाद. रावत पब्लिकेशन्सः जयपुर. पृष्ठ 44.
2. बौद्ध, शीलप्रिय. (2018). हिन्दू नारी का उत्थान और पतन. सम्यक प्रकाशनः नई दिल्ली. पृष्ठ 10.
3. कौर, परमजीत. (2016). मध्यकाल में महिलाओं का रोल और स्थिति. इंटरनेशनल जर्नल ऑफ़ इनफार्मेशन मूवमेंट वॉल्यूम–(1). इश्यु– 3. जुलाई. पृष्ठ 125–129.
4. केसरी, यू. पी. डी. (2016). हिन्दू विधि. सेंट्रल लॉ पब्लिकेशन्सः इलाहाबाद. पृष्ठ 386.
5. दीवान, पारस. (2016). आधुनिक हिन्दू विधि की रूपरेखा. इलाहाबाद लॉ एजेन्सीः पृष्ठ 374.
6. विनीता, शर्मा बनाम राकेश शर्मा. (11 अगस्त 2020). Retrieved From http://indiankanoon.org.

*https://doi.org/10.31995/jgv.2023.v14iS2.022*

# संयुक्त परिवार की प्रासंगिकता एवं विघटन के कारण : एक समाजशास्त्रीय अध्ययन

नसीम अख्तर
*असिस्टेंट प्रोफेसर, समाजशास्त्र विभाग*
*श्रीमती बी०डी० जैन गर्ल्स (पी०जी०) कॉलेज, आगरा छावनी, आगरा*
*ईमेलः rajjak.pathan786@gmail.com*

***सारांश***

*मनुष्य को अपने विकास एवं अस्तित्व को बनाये रखने के लिए समाज की आवश्यकता होती है और समाज की निरन्तरता के लिए मनुष्यों का होना आवश्यक है। समाज की इसी आवश्यकता ने परिवार रूपी इकाई का निर्माण किया। भारत में परिवार का स्वरूप आदिकाल से संयुक्त परिवार रहा है। संयुक्त परिवार में वृद्धों के अनुभव व ज्ञान से युवा व बाल पीढी को लाभ प्राप्त होता रहा है। संयुक्त परिवार में संयुक्त संपत्ति, संयुक्त निवास व संयुक्त उत्तरदायित्वों के कारण तथा वृद्धों को प्रभुत्व होने के कारण परिवार में हमेशा अनुशासन व आदर का वातावरण बना रहता है परन्तु बदलते परिवेश में औद्योगीकरण, नगरीकरण आधुनिकीकरण तथा पश्चिमीकरण आदि से संयुक्त परिवारों की व्यवस्था चरमरा उठी है। वस्तुतः अब इनका विघटन होने लगा है। जिससे समाज को अनेक समस्याओं एवं हानियों का सामना करना पड रहा है।*

*प्रस्तुत शोध पत्र के माध्यम से यह जानने का प्रयास किया जायेगा कि संयुक्त परविारों की वर्तमान में क्या प्रासांगिकता है साथ ही इसके विघटन के कारणों को भी जानने का प्रयास किया जायेगा।*

***मुख्य शब्द***

*संयुक्त परिवार, विघटनकारी तत्व, संयुक्त परिवार का महत्व, वर्तमान प्रासांगिकता।*

Reference to this paper should be made as follows:

नसीम अख्तर

*संयुक्त परिवार की प्रासंगिकता एवं विघटन के कारण : एक समाजशास्त्रीय अध्ययन*

*Vol. XIV, Special Issue*
*pp.109-113*
*Article No.22*

**Online available at:**
*https://anubooks.com/journal/journal-global-values*

**DOI:** *https://doi.org/10.31995/jgv.2023.v14iS2.022*

## प्रस्तावना

किसी भी समाज की संरचना को जानने के लिए यह आवश्यक है कि उस समाज की पारिवारिक व्यवस्था को समझा जाए क्योंकि परिवार ही वह केन्द्र है जहां व्यक्तियों के आपसी संबंधो का निर्माण होता है तत्पश्चात संरचना बनती है। इस प्रकार जब हम भारतीय सामाजिक संरचना विशेषकर परिवार को समझने का प्रयास करते है तो हमारे सामने स्पष्टतः परिवार अर्थात संयुक्त परिवार की तस्वीर उभरकर सामने आती है। जैसा कि इरावती कर्वे ने कहा है 'भारत में परिवार का तात्पर्य संयुक्त परिवार ही है'[1] भारत में संयुक्त परिवार वैदिक काल से ही अस्तित्व में रहे है संयुक्त परिवार की जडे भारत में आदिकाल से जमीं हुई है। व्यक्ति को अपने संपूर्ण विकास के लिए परिवार पर ही निर्भर रहना पडता है इसलिए समाज में व्यक्ति की अपेक्षा परिवार को महत्वपूर्ण माना गया है इसलिए व्यक्ति को परिवार अर्थात् संयुक्त परिवार के अधीन माना गया है। इस संबंध में के0 एम0 पणिक्कर का कथन है कि 'हिन्दू समाज की इकाई व्यक्ति नहीं बल्कि संयुक्त परिवार है।''[2]

## अध्ययन के उद्देश्य

- संयुक्त परिवार की वर्तमान प्रासंगिकता तथा आवश्यकता के बारे मे अध्ययन करना।
- संयुक्त परिवार के विघटन के कारणो के बारे मे अध्ययन करना।

## शोध प्रविधि

प्रस्तुत शोध पत्र द्वितीय स्त्रोतों जैसे शोध पत्र, समाचार पत्र, पुस्तक, मैगजीन, इंटरनेट पर उपलब्ध सामग्री आदि पर आधारित है। प्रस्तुत शोध पत्र की प्रकृति व्याख्यात्मक व विश्लेषणात्मक है इसलिए यह शोध पत्र वर्णात्मक शोध अभिकल्प पर आधारित है।

## संयुक्त परिवार से संबंधित अध्ययन

संयुक्त परिवार में नवीन परिस्थितियों एवं कारणों ने परिवर्तन ला दिया है। इसी परिवर्तन का अध्ययन विभिन्न विद्वानों द्वारा यह जानने के लिए किया गया कि संयुक्त परिवारों में क्या परिवर्तन हुये, स्वरूप में क्या परिवर्तन हुये तथा कौन सी नवीन प्रवृत्तियां उत्पन्न हुई आदि।

1. के0 टी0 मर्चेन्ट[3] ने सन् 1930 – 32 में विवाह तथा परिवार से संबंधित विचारों में परिवर्तन का पता लगाने के लिए 446 स्नातकों का अध्ययन करने पर पाया कि शिक्षित लोग संयुक्त परिवार में रहना पसंद करते है तथा पुरूषों की तुलना में स्त्रियां संयुक्त परिवार के अधिक विरोध में है।
2. के0 एम0 कपाडिया[4] ने 513 स्नातकों का सर्वेक्षण किया तो ज्ञात हुआ कि शिक्षित हिन्दुओं का 60 प्रतिशत भाग अब भी संयुक्त परिवार में रहता है और केवल 1/8 वां भाग ही इससे असंतुष्ट है। संयुक्त परिवार का विरोध करने वाले एक व्यक्ति के सामने 3 या 4 उसके पक्ष में मत देने वाले है। कपाडिया ने दक्षिणी गुजरात के नवसारी कस्बे के 246 परिवारों एवं आस पास के 15 गांवों के 1099 परिवारों का अध्ययन करने पर पाया कि वहां एकाकी एवं संयुक्त परिवारों की संख्या लगभग बराबर थी।
3. आई0 पी0 देसाई[5] ने सौराष्ट्र के महुआ कस्बे में 410 परिवारों का अध्ययन किया। उनके अनुसार महुआ में 28 प्रतिशत एकाकी और 72 प्रतिशत संयुक्त परिवार है। संपत्ति एवं आर्थिक हितों ने संयुक्तता को बल प्रदान किया है। वहां संयुक्त परिवार में रहने वाले प्रत्येक तीन व्यक्तियों के सामने एकाकी परिवार में रहने वाले व्यक्ति की संख्या एक थी।
4. पी0 एम0 कोलिन्दा[6] ने महाराष्ट्र के पूना जिले के लोनीखण्ड गांव का अध्ययन करने पर वहां संयुक्त परिवार की अधिकता पायी। साथ ही वहां निम्न जातियों की तुलना में उच्च जातियों में संयुक्त परिवार अधिक थे। उन्होंने क्षेत्रीय आधार पर भारत में संयुक्त परिवार के अनुपात में अंतर पाया, गंगा के मैदान व मैसूर की उत्तरी – पश्चिमी जातियों में, पश्चिमी बंगाल एवं मध्य भारत की तुलना में संयुक्त परिवार अधिक थे।
5. एलिन डी0 रॉस[7] ने बेंगलौर के मध्यम तथा उच्च वर्ग के 157 स्त्री पुरूषों का साक्षत्कार लिया। उन्होंने संयुक्त परिवार को परिवर्तित करने वाली शक्तियों का भी उल्लेख किया और बताया कि प्रौद्योगिक शक्तियां संयुक्त परिवार को परिवर्तित कर रही हैं।
6. बी0 के0 रामानुजम[8] का मत है कि वर्तमान में व्यक्तिगत और आर्थिक कारणों से एकाकी परिवारों की प्रवृत्ति बढ रही है। वे यह मानते है कि संरचना की दृष्टि से तो संयुक्त परिवार टूट रहे है, किन्तु प्रकार्यात्मक दृष्टि से बने हुए है।

उपर्युक्त अध्ययनों के अतिरिक्त एम0एस0गोरे, बी0आर0 अग्रवाल, योगेश अटल, ए0एम0 शाह, आर0 के0 मुकर्जी आदि अनेक समाजशास्त्रियों ने संयुक्त परिवार में होने वाले परिवर्तनों को दर्शाया है और बताया कि संयुक्त परिवारों का विघटन हो रहा है।

## संयुक्त परिवार की परिभाषा

संयुक्त परिवार को परिभाषित करते हुये आई0 पी0 देसाई कहते है ''हम उस परिवार को एक संयुक्त परिवार कह सकते है जिसमें अनेक पीढियों (सामान्यतः तीन से अधिक) के सदस्य एक साथ रहते है तथा संपत्ति, आय, पारस्परिक अधिकारों तथा कर्तव्यों के द्वारा एक–दूसरे से संबंधित होते है।''[9]

बुलेटिन ऑफ दी क्रिश्चियन इन्स्टीटयूट फॉर दी स्टडी ऑफ सोसाइटी ने लिखा है, ''संयुक्त परिवार से हमारा अभिप्राय उस परिवार से है जिसमें कई पीढियों के सदस्य एक–दसूरे के प्रति पारस्परिक कर्तव्य परायणता के बंधन में बंधे रहते है।''[10]

दुबे के अनुसार ''यदि कई मूल परिवार एक साथ रहते हो और उनमें निकट का नाता हो एक ही स्थान पर भोजन करते हों और एक आर्थिक इकाई के रूप में कार्य करते हों, तो उन्हें उनके सम्मिलित रूप में संयुक्त परिवार कहा जा सकता है।''[11]

इस प्रकार संयुक्त परिवार से तात्पर्य एक ऐसे परिवार से है जहां दो या दो अधिक पीढी के लोग एक साथ निवास करते हों, एक रसोई में बना भोजन ग्रहण करते हों, समान संपत्ति के भागीदार हों, समान पूजा पाठ में भाग लेते हों तथा परस्पर कर्तव्यों और अधिकारों से बंधे हुये हों।

## संयुक्त परिवार का महत्व

भारतीय समाज की एक अत्यन्त प्राचीन एवं महत्वपूर्ण संस्था संयुक्त परिवार है। यह महत्वपूर्ण संस्था भारत में एक लंबे समय से चली आ रही है। किसी भी संस्था के महत्व का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि समाज में उस संस्था की उपयोगिता क्या है? यह उपयोगिता ही उस संस्था के महत्व की द्योतक है। संयुक्त परिवार के महत्व पर प्रकाश डालते हुये अग्रवाल ने बताया है कि संयुक्त परिवार एक ऐसी व्यवस्था है जो प्रत्येक सदस्य को बेरोजगारी, बीमारी, दुर्घटना, वृद्धावस्था अथवा कठिनाई के क्षणों में पूर्ण सुरक्षा प्रदान करती है। संयुक्त परिवार में बच्चों के पालन पोषण तथा उनके समाजीकरण का कार्य उन वृद्ध सदस्यों की देख रेख में होता है जिन्हें जीवन का लम्बा अनुभव प्राप्त होता है। निराश्रित व्यक्तियों को संयुक्त परिवार व्यवस्था ने अपनी उपयोगी सेवाएं देकर सामाजिक जीवन को स्वस्थ बनाने का प्रयत्न किया। इस व्यवस्था ने व्यक्ति को धार्मिक आचरणों, वैवाहिक नियमो, शिष्टाचार के तरीकों तथा सामाजिक मूल्यों की सीख प्रदान करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। इस व्यवस्था के माध्यम से भारतीय संस्कृति का हस्तांतरण हुआ है। संयुक्त परिवार व्यक्ति की स्वार्थवादी मनोवृत्ति पर नियंत्रण लगाकर उसके व्यक्तित्व को संतुलित बनाने में उपयोगी सिद्ध हुई है। इन परिवारों में पारस्परिक कर्तव्य पूर्ति को सबसे अधिक महत्व दिया जाता है। संयुक्त परिवार ने परिवार के सदस्यों को स्वस्थ मनोरंजन प्रदान किया है। इस व्यवस्था के द्वारा बच्चों में प्रारंभ से ही अनुशासन में रहना सिखाया जाता है।[12] संयुक्त पिरवार ने श्रम – विभाजन को सरल बनाया है क्योंकि सदस्यों की संख्या अधिक होने से स्त्री–पुरूष के मध्य कार्यों का विभाजन सरलता से हो जाता है जिससे परिवार के प्रत्येक सदस्य को बिना किसी प्रकार का अनुचित दबाव डाले उसकी योग्यतानुसार कार्य दिया जाता है। इससे सदस्यों को विश्राम का अवसर भी मिल जाता है। संयुक्त परिवार ने व्यक्ति में सामाजिकता के गुणों जैसे त्याग, बलिदान, स्नेह, प्रेम, सहयोग आदि का विकास किया है। हेनरी मेन के अनुसार, संयुक्त परिवार एक निगम की भांति होता है, जिसका न्यासधारी पिता होता है। संयुक्त परिवार में प्रत्येक व्यक्ति अपने सामर्थ्यानुसार कार्य करता है, परन्तु अपनी आवश्यकतानुसार प्राप्त करता है। इस प्रकार यह समाजवादी आदर्श को साकार बनाता है।

जिस प्रकार प्रत्येक सिक्के के दो पहलू होते हैं उसी प्रकार संयुक्त परिवार व्यवस्था के भी दो पहलू है पहला पहलू हमने इस व्यवस्था के महत्व के रूप में देखा तथा दूसरे पहलू के रूप में इस व्यवस्था के संबंध में अनेक दोषों, अवगुणों, अकार्यों एवं हानियों की व्याख्या की गई है।

संयुक्त परिवार के संबंध में यह कहा जाता है कि इस व्यवस्था ने अकर्मण्य व्यक्तियों की संख्या में वृद्धि की है जिससे यह व्यवस्था व्यक्तित्व के विकास में बाधक हो जाती है। क्योंकि यहां प्रतिभाशाली व मूर्ख, कर्मण्य व अकर्मण्य आदि सभी के साथ समान व्यवहार होता है। संयुक्त परिवार में स्त्रियों की बडी दुर्दशा होती है। विवाह के बाद उनका घर में स्वागत एक

लक्ष्मी के रूप में होता है परन्तु समय बीतने के साथ–साथ वह घर में एक दासी बनकर रह जाती है उसका सारा जीवन घरवालों की सेवा करने एवं बच्चों के पालन पोषण में ही निकल जाता है।

संयुक्त परिवार धीरे–धीरे कलह का केन्द्र बन जाता है जहां आये दिन बच्चों, स्त्रियों एवं संपत्ति को लेकर झगडे होते रहते है। इस संघर्ष एवं कलह का अंतिम परिणाम होता है पारिवारिक विघटन। संयुक्तता की भावना प्रत्येक सदस्य में ये धारणा भर देती है कि ''ऑख से दूर हुए तो दिल से भी दूर हुए'' यह धारणा व्यक्ति को अपने परिवार से दूर जाने से रोकती है इसलिए कोई भी व्यक्ति परिवार से बाहर जाकर नौकरी व्यवसाय एवं शिक्षा प्राप्त नहीं करना चाहता। अतः यह व्यवस्था व्यक्ति की गतिशीलता में बाधक है। संयुक्त परविार में सदस्यों की संख्या अधिक होने के कारण गोपनीय स्थान का अभाव होता है इस संबंध में डा0 राजेन्द्र प्रसाद ने अपनी आत्मकथा में लिखा है कि ''संयुक्त परिवार में पति–पत्नी इतनी कृत्रिम और अस्वाभाविक पिरस्थितियों में मिलते है कि उनमें प्रेम का विकास तो दूर की बात है मामूली परिचय भी नहीं होता है।'' संयुक्त परिवारों के संबंध में ऐसा कहा जाता है कि ये रूढियों जैसे दहेज प्रथा, बाल विवाह, पर्दा प्रथा तथा विधवा विवाह पर रोक आदि को बढावा देते है। इस संबंध में के0 एम0 पणिक्कर का कथन है कि वर्तमान में संयुक्त परिवारों के पास रूढियों को बढाने तथा जातिगत पृथकता को प्रोत्साहन देने के अतिरिक्त और कुछ नहीं बचा है।

उपर्युक्त दोषों से हमें यह नहीं समझना चाहिए कि संयुक्त परिवार का वर्तमान में कोई महत्व नहीं है। संयुक्त परिवार के महत्व को ध्यान में रखते हुये प्रत्येक वर्ष 15 मई को विश्व में अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस मनाया जाता है। इस दिन की शुरूआत संयुक्त राष्ट्र अमेरिका ने 1994 को अंतर्राष्ट्रीय परिवार वर्ष घोषित कर की थी तब से इस दिवस को लगातार मानाया जा रहा है।

## संयुक्त परिवार में परिवर्तन अथवा विघटन के कारक

परम्परागत भारतीय संयुक्त परिवार वर्तमान में संक्रमण के दौर से गुजर रहे हैं। अनेक नवीन परिस्थितियों ने संयुक्त परिवार के स्वरूप में परिवर्तन उत्पन्न किया है जिसे कुछ विद्वान इसे संयुक्त परिवार का विघटन मानते हैं तो कुछ का मानना है यह केवल स्वरूप का परिवर्तन है। मतों में अंतर है परन्तु सत्य यही है कि अब भारतीय संयुक्त परिवारों का विघटन हो रहा है डॉ0 आर0 एन0 सक्सेना[13] ने संयुक्त परिवार में परिवर्तन लाने वाली शक्तियों को तीन भागों में बांटा है।

1. भावनात्मक शक्तियां – जिनमें उदारवाद, व्यक्तिवाद एवं पश्चिमी विचारधाराएं प्रमुख हैं।
2. आर्थिक शक्तियां – जिसमें औद्योगीकरण एवं पूंजीवादी व्यवस्था प्रमुख है।
3. नये सामाजिक कानून – इनमें विवाह एवं संपत्ति से संबंधित नवीन कानून आते है। बॉटोमोर के अनुसार ''संयुक्त परिवार का विघटन केवल औद्योगीकरण से संबंधित विभिन्न दशाओं का ही परिणाम नहीं है, बल्कि उसका प्रमुख कारण यह है कि संयुक्त परिवार आर्थिक विकास की आवश्यकताओं को पूरा करने में असफल सिद्ध हो चुका है''[14] डॉ0 कपाडिया ने नवीन न्याय व्यवस्था, यातायात के नवीन साधन, औद्योगीकरण, शिक्षा के प्रसार तथा परिवर्तित मनोवृत्तियों को संयुक्त परिवार के विघटन के लिए उत्तरदायी माना है[15] पणिक्कर संयुक्त परिवार के विघटन के लिए सदस्यों पर आवश्यकता से अधिक नियंत्रण लगाने और इस कारण उनके संबंधों का क्षेत्र सीमित होना मानते है।[16]

## वर्तमान में संयुक्त परिवारों की प्रासंगिकता

संयुक्त परिवार एक ऐसी व्यवस्था है जो अपने सदस्यों को प्यार, स्नेह एवं अपनेपन द्वारा बांधे रखती है। आज बदलते परिवेश में जब संयुक्त परिवार टूट रहे है और एकाकी परिवार बढ रहे है बच्चों को इसी प्यार स्नेह और अपनेपन की जरूरत है। संयुक्त परिवार की वर्तमान में ज्यादा जरूरत है क्योंकि आज माता–पिता दोनों ही कामकाजी होते है जिससे बच्चों के पालन–पोषण लिए उन्हें किसी परिवार के सदस्य की आवश्यकता होती है चूंकि एकाकी परिवार में केवल माता पिता एवं उनके अविवाहित बच्चे होते है इसलिए उन्हें अपने बच्चों की देखभाल के लिए द्वितीयक संस्थाओं का सहारा लेना पडता है इसी वजह से आज प्ले स्कूल एवं डे केयर सेंटर आदि का रिवाज प्रचलन में है। बडे शहरों में एक और प्रचलन है कि बच्चों की देखभाल के लिए आया अथवा नैनी को रखा जाता है। इस सबके चलते बच्चों में अच्छे संस्कार जो कि परिवार का एक सदस्य ही दे सकता है विकसित नहीं हो पाते परिणामस्वरूप संस्कारों एवं अनुशासन के अभाव में बच्चों में गलत आदतों का विकास हो जाता है और वे अपराध की ओर अग्रसर हो जाते है। इसलिए संयुक्त परिवार में बच्चों का लालन–पालन एवं मानसिक विकास अच्छे से होता है। संयुक्त परिवारों से ही संस्कारों का जन्म होता है। संयुक्त परिवार बच्चों के लिए सुरक्षित वातावरण निर्मित करता है। इसी प्रकार उम्र के एक पडाव पर आकर बुजुर्गों को भी परिवार के सदस्यों तथा बच्चों से प्रेम व सहानभूति की आवश्यकता

*https://doi.org/10.31995/jgv.2023.v14iS2.022*

होती है। वृद्धजन बच्चों के साथ खेलकर अपना दुःख दर्द भूल जाते है। आज संयुक्त परिवारों के विघटन तथा एकल परिवारों की उत्पत्ति से वृद्धाश्रमों का प्रचलन बढता जा रहा है। जिससे वृद्धों का आखिरी समय बहुत ही नीरस एवं उदास व्यतीत होता है। इस प्रकार हम देखते है कि संयुक्त परिवार बच्चों तथा वृद्धों दोनों की दृष्टि से आवश्यक है जहां बच्चों के जीवन का प्रारंभ एवं वृद्धों के जीवन का अंत सुखमय होता है।

## उपसंहार

वर्तमान में संयुक्त परिवारों का बिखराव हो रहा है लेकिन इसके महत्व को नकारा नहीं जा सकता। मानव की बदलती जीवन शैली ने आज संयुक्त परिवारों के संबंध में लोगों का ध्यान भंग अवश्य किया है परन्तु इसका महत्व आज भी उतना है जितना कि पहले था। जो लोग आज संयुक्त परिवारों में न रहकर एकल परिवारों में रह रहे है वे संयुक्त परिवारों के लाभ एवं आवश्यकता को समझते है क्योंकि किसी भी वस्तु का महत्व उसके अभाव से ही पता चलता है। इस प्रकार संयुक्त परिवार की एक अपनी विशिष्ट पहचान एवं गरिमा है जो युवा पीढी को अच्छे संस्कार व चरित्रवान बनाने में पूर्ण सहयोग प्रदान कर सकता है, उनको साथ मिलकर रहना सिखा सकता है। अतः संयुक्त परिवार पूर्ण रूप से वर्तमान में उपयोगी, लाभकारी एवं आवश्यक है।

## संदर्भ


1. कर्वे, इरावती. (1968). किन्शिप ऑर्गेनाइजेशन इन इण्डिया. एशिया पब्लिशिंग हाउसः मुंबई. पृष्ठ **10.**
2. पणिक्कर, के0 एम0. (2019). हिन्दू समाज निर्णय के द्वार पर. ईस्टर्न बुक लिंकर्सः न्यू दिल्ली. पृष्ठ **16.**
3. मर्चेन्ट, के0 टी0. चेंजिग व्यूज ऑन मैरिज एण्ड फैमिली. पृष्ठ **122–27.**
4. कपाडिया, डॉ0 के0 एम0. (2018) . भारत में विवाह एवं परिवार. मोतीलाल बनारसीदास पब्लिषर्सः दिल्ली. पृष्ठ **256–269.**
5. देसाई, आई0 पी0. (1956). द ज्वाइंट फैमिली इन इण्डिया. एन आर्टिकल इन सोशियोलॉजिकल बुलेटिन. Vol V. No. 2. सितम्बर. पृष्ठ **148.**
6. कोलिन्दा, पी0 एम0. (1970). फैमिली स्ट्रकचर इन विलेज. लोनीखण्ड. इण्डिया. कन्ट्रीव्यूशन टू इण्डियन सोशियोलॉजी. नं0 IV. दिसम्बर. पृष्ठ **70.**
7. रॉस, ए0 डी0. (1961). द हिन्दू फैमिली इन इट्स अर्बन सेटिंग. यूनिवरसिटि ऑफ टोरोंटो प्रेस. कनाडा. पृष्ठ **36.**
8. रामानुजम, बी0 के0. (2007). द इण्डिन फैमिली इन ट्रांजीशन. सेज इंडिया पब्लिशरः अहमदाबाद. पृष्ठ **23.**
9. देसाई, आई0 पी0. (1964). सम एस्पेक्ट्स ऑफ फैमिली इन महुआ. एशिया पब्लिशिंग हाउस. मुंबई. पृष्ठ **25.**
10. (1957). Bulletin of the Christian institute for the study of society. Sept. Pg. **48.**
11. दुबे, डॉ0 एस0 सी0. (2005). इंडियन सुसाइटी नेशनल बुक ट्रस्ट. न्यू दिल्ली. पृष्ठ **113.**
12. अग्रवाल, जी0 के0. (2019). समाज शास्त्र. एस0वी0पी0डी0 पब्लिशिंग हाउसः आगरा. पृष्ठ **162–63.**
13. सक्सेना, डॉ0 आर0 एन0. भारतीय समाज तथा सामाजिक संस्थाएं. पृष्ठ **15–16.**
14. Bottomore, T. B. (1971). Sociology A Guide To Problems And Literature. Vintage Books: New York. Pg. **177.**
15. कपाडिया, के0 एम0. (2018). भारत में विवाह एवं परिवार. मोतीलाल बनारसीदास पब्लिशर्स. दिल्ली. पृष्ठ **260.**
16. पणिक्कर, के0 एम0. (2019). हिन्दू सुसाइटी एट क्रॉस रोड्स. ईस्टर्न बुक लिंकर्स. न्यू दिल्ली. पृष्ठ **23.**

# बाल गंगाधर तिलक का राजनैतिक चिंतन – एक विश्लेषण

**डॉ० नीलम सिंह**
*असिस्टेंट प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, इतिहास विभाग*
*श्रीमती बी०डी० जैन गर्ल्स (पी०जी०) कॉलेज, आगरा छावनी, आगरा*
*ईमेलः dr.neelamsingh777@gmail.com*

*सारांश*

*राष्ट्रवाद के जनक और लोकमान्य के नाम से प्रसिद्ध तथा भारतवासियों को स्वराज्य के अधिकार का प्रथम पाठ पढ़ाने वाले बाल गंगाधर तिलक आधुनिक भारत के महानतम् कर्मयोगियों में से हैं। बाल गंगाधर तिलक का जन्म 23 जुलाई, 1856 को महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले में चिखली गाँव में हुआ था। उनके पिता का नाम गंगाधर पंत था जो अध्यापक थे और संस्कृत के विद्वान थे। तिलक का विराट व्यक्तित्व उनके कार्यों तथा प्रयासों का स्पष्ट प्रमाण हैं। उनका सार्वजनिक जीवन 1880 में एक शिक्षक और शिक्षक संस्था में संस्थापक के रूप में आरम्भ हुआ इसके बाद 'मराठा' और 'केसरी' उनकी आवाज बन गये। उन्होंने मराठी भाषा में 'केसरी' और अंग्रेजी भाषा में 'मराठा' के माध्यम से लोगों की राजनैतिक चेतना को जगाने का कार्य किया। सामाजिक सुधारों के साथ–साथ उन्होंने लोगों का ध्यान राजनैतिक समस्या ब्रिटिश शासन से भारत की मुक्ति की ओर दिलाया। अखबार में लिखे उनके लेख आजादी के दीवानों में एक नई ऊर्जा का संचार करते थे इसके लिए अंग्रेजों ने उन्हें कई बार जेल भेजा।*

Reference to this paper should be made as follows:

डॉ० नीलम सिंह

*बाल गंगाधर तिलक का राजनैतिक चिंतन – एक विश्लेषण*

*Vol. XIV, Special Issue*
*pp.114-117*
*Article No.23*

**Online available at:**
*https://anubooks.com/journal/journal-global-values*

**DOI:** *https://doi.org/10.31995/jgv.2023.v14iS2.023*

बाल गंगाधर तिलक को 'लोकमान्य' की उपाधि उनके अनुयायियों ने दी थी। उन्हें यह उपाधि होमरूल आन्दोलन 1916 के दौरान दी गई जिसका अर्थ होता है लोगों द्वारा प्रतिष्ठित। वे भारत की उस पीढ़ी के व्यक्ति थे जिस पीढ़ी ने आधुनिक कॉलेज की शिक्षा पायी। वे अंग्रेजी शिक्षा के कड़े आलोचक थे उनका मानना था कि यह शिक्षा भारतीय सभ्यता के प्रति अनादर सिखाती है। उन्होंने 'दक्कन शिक्षा सोसाइटी' की स्थापना की ताकि भारत में शिक्षा का स्तर सुधर सके। तिलक का विचार था कि भारतीय जनता को पूर्ण रूप से पाश्चात्य सभ्यता की प्रतिमूर्ति न बनकर अपने गौरवमयी अतीत के प्रति ध्यान आकर्षित करना चाहिये।

तिलक ने बहुत पहले ही राष्ट्रीय एकता के महत्व को समझ लिया था। उन्होंने 'गणेश उत्सव' और 'शिवाजी उत्सव' को व्यापक रूप से मनाना प्रारम्भ किया। उनका मानना था कि इस तरह के सार्वजनिक मेल मिलाप के कार्यक्रम लोगों में सामूहिकता की भावना का विकास करते हैं। वह अपने इस उद्देश्य में काफी हद तक सफल भी हुए।

तिलक ने भारतीय दर्शन और संस्कृति पर अनेक रचनाऐं की। माण्डले जेल में उन्होंने 'गीता रहस्य' नामक पुस्तक लिखी जिसमें उन्होनें ''श्रीमद्भगवत गीता'' के कर्मयोग की वृहद व्याख्या की। इसके अलावा आर्कटिक होम इन द वेदाज, 'द हिन्दु फिलोसफी ऑफ लाइफ', 'इथिक्स एण्ड रिलीजन', 'वैदिक क्रोनोलॉजी एण्ड वेदांग ज्योतिष' आदि पुस्तके भी उन्होंने लिखी।

इण्डियन होम रूल लीग का गठन तिलक के राजनैतिक जीवन की महत्वपूर्ण उपलब्धि थी तिलक अपनी पीढ़ी के उन नेताओं में सबसे बड़े थे, जिन्होंने गाँधीवादी युग के परीक्षणों और विजयों के लिए राष्ट्र को तैयार किया। साहस और संघर्ष की मूर्ति तिलक के विषय में गुरूमुख निहाल सिंह ने कहा है– ''यदि तिलक नहीं होते तो भारत अब भी पेट के बल सरक रहा होता, सिर धूल में दबा होता और उसके हाथ में याचिका होती। तिलक ने भारत की रीढ़ की हड्डी को बलिष्ठ बनाया और इसे अपना सिर ऊँचा रखते हुए पैरों के बल खड़ा रहना सिखाया।''

तिलक सच्चे अर्थों में उग्र राष्ट्रवाद के जनक थे। तिलक का राजनैतिक दर्शन आध्यात्मिक अवधारणाओं पर आधारित था। उनके राजनैतिक दर्शन में भारतीय दर्शन की कुछ प्रमुख धारणाओं तथा आधुनिक यूरोप के राष्ट्रवादी और लोकतांत्रिक विचारों का समन्वय देखने को मिलता है। वे वेदान्तवादी थे और उन्होनें वेदांत के अद्वैतवादी सिद्धान्त के आधार पर ही प्राकृतिक अधिकारों की राजनैतिक धारणा का निर्माण किया तिलक का चिन्तन अध्यात्मिक पृष्ठभूमि पर आधारित था। उन्होंने स्वराज्य को केवल एक अधिकार ही नहीं वरन् धर्म भी माना।

## तिलक का राष्ट्रवाद

तिलक ने भारतीयों में यह भावना भरने का अथक प्रयास किया कि वे वेदों और गीता के महान सन्देशों से नई शक्ति और नई स्फूर्ति ग्रहण करके ही ब्रिटिश नौकरशाही से लोहा लेकर स्वराज्य की स्थापना सम्भव कर सकते है। सुधारों के नाम पर प्राचीन संस्कृति एवं गौरव का अनादर राष्ट्रीयता के पतन का प्रतीक हैं भारत में सच्ची राष्ट्रीयता उत्पन्न करने के लिए प्राचीन संस्कृति का पुनर्जागरण आवश्यक है।

तिलक ने राष्ट्रवाद को एक आध्यात्मिक और मनोवैज्ञानिक धारणा माना है। इस सम्बन्ध में उन्होंने कहा कि प्राचीन काल में आदिम जातियों के मन में अपने कबीले के प्रति जो भक्ति रहती थी उसी का आधुनिक नाम राष्ट्रवाद है। इस राष्ट्रवाद का सम्बन्ध तीव्र संवेगों और अनुभूतियों से हैं। तिलक ने भारत में एकता की प्रतिस्थापना का मार्ग बताते हुए कहा कि भारत में विद्यमान विभिन्न पन्थ वैदिक धर्म की शाखाएँ प्रशाखायें हैं। जब तक एक मत दूसरे मत से सामंजस्य स्थापित नहीं करता हम हिन्दुओं के रूप में आगे नहीं बढ़ सकते।

हिन्दुओं में एकता की भावना जाग्रत करने के उद्ददेश्य से तिलक ने राष्ट्रवाद के विकास में सार्वजनिक उत्सवों को महत्वपूर्ण माना। राष्ट्रीयता को आध्यात्मिक और सांस्कृतिक स्वरूप देने के लिए ही उन्होंने 'गणेश उत्सव' और 'शिवाजी उत्सव' मनाना शुरू किया। 'गणेश उत्सव' द्वारा उन्होंने धार्मिक उत्सव को सामाजिक और राजनीतिक अर्थ दिया तथा 'शिवाजी उत्सव' द्वारा उन्होंने राष्ट्रीय भावनाओं को उभारने और संगठित करने का काम किया उनके अनुसार उत्सव प्रतीक का काम करते हैं जिनसे राष्ट्रवाद की भावना पनपती है। राष्ट्रीय उत्सव, राष्ट्रगान, राष्ट्रध्वज आदि देशवासियों के संवेगों और भावों में तीव्रता लाते हैं तथा उनमें राष्ट्रवादी भावना को तीव्रता से जाग्रत करते है। तिलक ने प्राचीन उत्सवों को किस प्रकार आधुनिक राष्ट्रीय आवश्यकताओं के अनुकूल बना दिया यह निस्संदेह उनकी राजनैतिक और नेतृत्व प्रतिभा का सुन्दर उदाहरण है।

तिलक ने राष्ट्रवाद के सम्बन्ध में आर्थिक पक्ष को भी पर्याप्त महत्व दिया। 'केसरी' में अपने लेखों द्वारा तिलक ने स्पष्ट कहा कि भारत का कच्चा माल विदेशों से पक्का बनकर जब लौटता है तो भारती की इस प्रकार लूट की जाती है। भारत में जो स्वदेशी आन्दोलन चला वह आर्थिक दृष्टि से देश के प्रारम्भिक पूँजीवाद की वृद्धि का ही आन्दोलन था।

## स्वराज्य

राजनैतिक क्षेत्र में तिलक की सबसे बड़ी देन 'स्वराज्य' का विचार था। उन्होंने सम्पूर्ण भारत को यह मंत्र प्रदान किया कि 'स्वराज्य हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है'। इससे उनका जो अभिप्राय था उसे उन्होंने अपने एक भाषण में स्पष्ट करते हुए कहा था कि ''स्वराज्य का अर्थ है सारा नियन्त्रण अपने हाथों में लेना। मैं अपने घर की कुंजी अपने हाथ में रखना चाहता हूँ हमारा लक्ष्य स्वराज्य है। हम प्रशासन करने वाले समूचे शासन–तंत्र पर अधिकार चाहते है। हम केवल क्लर्क नहीं बनना चाहते. ... इस समय हम क्लर्क हैं और एक विदेशी सरकार के हाथों में अपने ही उत्पीड़न का साधन बने हुए है।'' स्वराज्य से वे इस स्थिति का प्रतिकार करना चाहते थे।

तिलक के स्वराज्य व होमरूल की अवधारणा कुछ अंशों में आयरलैंड के स्वतन्त्रता आन्दोलन पर आधारित थी। आयरिश आन्दोलन से प्रभावित होते हुए भी तिलक का स्वराज्य का विचार गीता के स्वधर्म के विचार पर आधारित था। यदि कोई व्यक्ति स्वराज्य के लिए प्रयास नहीं करता तो वह अपने धर्म का पालन नहीं करता। संक्षेप में स्वराज्य का आशय केवल इतना ही है कि भारत में शासन की समूची व्यवस्था भारतीयों द्वारा भारत के हितों का ध्यान रखते हुए की जानी चाहिये। भारत को यह स्वराज्य अपने ही प्रयत्नों से प्राप्त हो सकता है अतः इसके लिए उग्र संघर्ष करना चाहिये।

## स्वराज्य प्राप्ति के लिए अहिंसक किन्तु उग्र साधनों का समर्थन

तिलक ने उन उपायों का भी उल्लेख किया जिनके द्वारा स्वराज्य प्राप्त किया जा सकता है। उन्होनें कहा कि भारतीयों को स्वराज्य का अधिकार उग्र प्रयत्नों और क्रियात्मक उपायों से प्राप्त होगा। तिलक स्वराज्य प्राप्ति हेतु उदारवादियों द्वारा अपनाये गये साधनों से सहमत नहीं थे। तिलक इस दृष्टि से दवाब की राजनीति में विश्वास करते थे और यह मानते थे कि जब तक देशप्रेम की भावना से ओतप्रोत और देश सेवा के लिए समर्पित भारतीय जनमानस द्वारा जनशक्ति पर आधारित स्वदेशी, बहिष्कार और अहिंसक लेकिन उग्र निष्क्रिय प्रतिरोध के आन्दोलनात्मक साधनों को नहीं अपनाया जाता तब तक साम्राज्यवादी ब्रिटिश शासको को भारत को स्वराज्य प्रदान करने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। अतः तिलक ने भारतीय जनता को स्वदेशी और बहिष्कार रूपी निष्क्रय प्रतिरोध में उग्र किन्तु अहिंसक साधनों को स्वराज्य प्राप्ति हेतु अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। उनका मानना था कि ये तरीके तभी सफल हो सकते हैं जबकि देश प्रेम और देश सेवा की भावना में प्रशिक्षित जनता द्वारा व्यापक पैमाने पर इसका प्रयोग किया जाये। इसके लिए ही उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा योजना प्रस्तुत की और इसे व्यवहारिक रूप प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय शिक्षण योजनाओं की स्वयं भी स्थापना की। वे यह भली–भाँति जानते थे कि जब तक भारतीय जनता को राष्ट्रीय भावनाओं में प्रशिक्षित नहीं किया जायेगा तब तक स्वदेशी, बहिष्कार का व्यापक पैमाने पर प्रयोग सम्भव नहीं है। तत्कालीन शिक्षा पद्वति को दोषपूर्ण मानते हुए उन्होंने बारसी नामक स्थान पर अपने भाषण में कहा था कि– ''20 वर्ष तक इसमें सड़ने के बाद भी विद्यार्थी को अपने धर्म और कर्तव्यों का कोई बोध नहीं होता है।'' उनका मानना था कि गुरू शिष्यों में देश के पुनरूत्थान और जागृति की ऐसी भावना कूट–कूटकर भरें कि वे देश के स्वतन्त्रता संग्राम में पूरी तरह जुट जाये।

## उग्रवादी विचारधारा

कांग्रेस और देश को उग्रवाद के पथ पर ले जाने वाले पहले बड़े नेता श्री लोकमान्य तिलक थे। तिलक ने जिस समय कांग्रेस में प्रवेश किया वह उदारपंथी बुद्धिजीवियों की एक संस्था थी जो प्रार्थना पत्रों, स्मरणपत्रों और प्रतिनिधि मंडल आदि द्वारा ब्रिटिश शासको से स्वशासन की मांग करने में विश्वास रखती थी उनका ब्रिटिश शासकों की सदाशयता और न्यायप्रियता में गहरा विश्वास था उनकी मान्यता थी कि एक बार सन्तुष्ट कर दिये जाने पर थाली में रखकर वे सहज ही भारत को स्वशासन प्रदान कर देंगे। लेकिन तिलक ने ब्रिटिश साम्राज्यवादी शासकों के हर प्रकार से शोषण करने के इरादों को समझ लिया था इसलिए उन्होंने कांग्रेस की उदारवादी बुद्धिजीवियों की संस्था से जाग्रत जनशक्ति आधारित उग्र राष्ट्रवादी आन्दोलनात्मक संगठन का रूप देने का प्रयास किया। इस प्रकार तिलक ने अपने प्रेरणा स्पद नेतृत्व, अद्‌भुत संगठन क्षमता एवं अदम्य संघर्षशीलता के बल पर कांग्रेस का कायाकल्प कर दिया तथा उसे भारतीय स्वाधीनता संघर्ष का एक प्रमुख एवं अग्रणी संगठन बना दिया।

लार्ड कर्जन द्वारा बंग भंग की घोषणा करने और कलकत्ता विश्वविद्यालय पर नये कानून द्वारा प्रतिबन्ध लगाने की आलोचना करते हुए तिलक ने केसरी में अनेक लेख लिखे और जब बंगाल में विभाजन के विरूद्ध आन्दोलन शुरू हुआ तो उन्होंने बंगाल के नेताओं का पूर्ण समर्थन करते हुए इसे समस्त भारत का राष्ट्रीय आन्दोलन बना दिया।

## अहिंसक क्रांतिवादी

तिलक न तो अपने कृतित्व की दृष्टि से हिंसक गतिविधियों में विश्वास रखने वाले थे और न ही वे क्रांतिकारियों की जो परिभाषा की जाती है उसमें फिट बैठते थे। तिलक का विश्वास संवैधानिक साधनों के उग्र और सक्रिय प्रयोग तक सीमित था। वे हिंसा के विरोधी थे लेकिन अंहिसा के पुजारी नहीं थे। व्यवहारिक दृष्टि से वे हिंसक साधनों की उपयोगिता और प्रभाव पूर्णता में विश्वास नहीं करते थे। तत्कालीन परिस्थितियों को देखते हुए उन्हें उग्र किन्तु अहिंसक संवैधानिक साधनों का प्रयोग ही स्वराज्य प्राप्ति हेतु उचित लगा। इसी आधार पर ब्रिटिश साम्राज्य की जड़े हिलाने के लिए स्वदेशी, बहिष्कार और राष्ट्रीय शिक्षा के माध्यम से जन–जागरण उत्पन्न करने का आहवान किया। अतः तिलक हिंसक नहीं एक अहिंसक क्रांतिकारी थे तथा उनकी क्रांति के साधन उग्र राष्ट्रवाद पर आधारित थे जिसका प्रयोग वे देशाभिमान और आत्म सम्मान की भावना के साथ करना चाहते थे। उन्होंने निरन्तर तर्क दिया कि ''मैं राष्ट्रवादी हूँ और अपने देश से प्रेम करता हूँ किन्तु मैं ऐसी किसी योजना से परिचित नहीं हूँ जिसका उद्देश्य वर्तमान राजनैतिक व्यवस्था को हिंसात्मक तरीके से उलट देना हो।'' वे लोक नायक थे, लोकमान्य थे जो सदैव जनता को लेकर चलना चाहते थे। उनका नेतृत्व जनतांत्रिक था। उन्होंने न केवल शिक्षित वर्ग का बल्कि किसानों, मजदूरों, व्यापारियों और ग्रामीणों का भी नेतृत्व किया। उनकी प्रबल आस्था जनशक्ति में थी। उनके वचन हजारों लोगों के लिए वेदवाक्य थे। सही अर्थों में तिलक भारतीय राष्ट्रवाद के जनक है।

सन्दर्भ

1. रामगोपाल. भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम का इतिहास।
2. शर्मा, गोकुल चन्द्र. तपस्वी तिलक।
3. शर्मा, नन्द कुमार देव. लोकमान्य तिलक की जीवनी।
4. सिंह, प्रताप. आधुनिक भारत।
5. रमैया, पट्टाभिसीता. ''द हिस्ट्री ऑफ इण्डियन नेशनल कांग्रेस खण्ड।''
6. जोग, एन.जी. लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक।
7. वर्मा, डॉ0 वी. पी. द लाइफ एण्ड फिलोसफि ऑफ लोकमान्य तिलक।

# समसामयिक परिस्थितियों में सेश्वरसांख्य के योगमार्ग की शैक्षिक उपादेयता

**डॉ० नरेन्द्र कुमार**
*असिस्टेंट प्रोफेसर, शिक्षक–शिक्षा विभाग*
*बन्शीधर महाविद्यालय, उरई जालौन (उ०प्र०)*

**डॉ० हरीश चन्द्र**
*असिस्टेंट प्रोफेसर, शिक्षक–शिक्षा विभाग*
*श्रीमती बी०डी० जैन गर्ल्स (पी०जी०) कॉलेज*
*आगरा छावनी, आगरा*
*ईमेलः harishchandrbs@gmail.com*

*सारांश*

*वर्तमान परिस्थितियों का अवलोकन करने पर चारों ओर अनुशासनहीनता का वातावरण दृष्टिगत होता है जिससे व्यक्ति का व्यक्तित्व विकृत होता जा रहा है। अतः शिक्षा में ऐसे क्रियात्मक साधनों को सम्मिलित करने की आवश्यकता है जिससे अनुशासनहीनता का समाधान हो सके। भारतीय दर्शन में योगसाधन क्रियात्मक पक्ष को महत्व देता है। अतः यदि हम शिक्षा में योगसाधनों को सम्मिलित कर दें, तो उससे नैतिक मूल्यों का विकास हो सकेगा। शैक्षिक परिस्थितियाँ परिवर्तित हो सकेंगी जिससे बालक का व्यक्तित्व सन्तुलित होगा। शिक्षा में योग को प्रोत्साहन मिलने पर अध्यापक वर्ग, छात्रा वर्ग व निर्देशक वर्ग लाभान्वित होंगे और उससे व्यक्ति का व्यक्तित्व समायोजित होगा और सामाजिक व राष्ट्रीय स्तर का ही नहीं वरन् अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का भी विकास हो सकेगा।*

*मुख्य शब्द*

*समसामयिक परिस्थितियाँ, सेश्वरसांख्य, योगमार्ग।*

Reference to this paper should be made as follows:

डॉ० नरेन्द्र कुमार,
डॉ० हरीश चन्द्र

*समसामयिक परिस्थितियों में सेश्वरसांख्य के योगमार्ग की शैक्षिक उपादेयता*

*Vol. XIV, Special Issue*
*pp.118-124*
*Article No.24*

**Online available at:**
*https://anubooks.com/journal/journal-global-values*

**DOI:** *https://doi.org/10.31995/jgv.2023.v14iS2.024*

*https://doi.org/10.31995/jgv.2023.v14iS2.024*

## प्रस्तावना

हमारा विश्वास है कि भारत को विज्ञान तथा आत्मा सम्बन्धी मूल्यों को निकट लाने व उनमें संगति लाने का प्रयास करना चाहिए, तथा अन्त में जाकर एक समाज के उदय के लिए मार्ग प्रशस्त करना चाहिए जो सम्पूर्ण मानव की आवश्यकताओं की पूर्ति करे, न कि उसके व्यक्तित्व के किसी एक खण्ड की। अस्तु भारत में पुनर्रचना की आवश्यकता है जिसकी नींव की शालाएं भारतीय जनजीवन एवं संस्कृति से ग्रहण की गयी है। जो सच्चे प्रजातान्त्रिाक जीवन के लिए भारतीयों को तैयार करे और उन्हें आदर्श नागरिक बना सके। उक्त विचारों के महात्म्य एवं सार्थकता को दृष्टिगत रखते हुए 5 जनवरी 1985 को प्रधानमंत्राी श्री राजीव गांधी ने नवीन शिक्षा हेतु 'शिक्षा की चुनौति' में ये विचार व्यक्त करते हुए कहा है–

*''हमें शिक्षा पर जोर देना है। शिक्षा को भारत की एकता और अखण्डता बढ़ाने में प्रयोग करना है। शिक्षा में नये तरह का विज्ञान, नयी टेक्नालॉजी लायी जाए, लेकिन यह लाते हुए भारत की परम्परा, भारत की संस्कृति न छूट जाए। पुराने मूल्य नयी पीढ़ी को सिखाने हैं।''*

उपर्युक्त विचारों की पूर्ति योग दर्शन पूर्णतः करता है। योगदर्शन (सेश्वरसांख्य) की प्रमुखतम विशेषता है कि जहाँ अन्य दर्शन केवल विचारात्मक अथवा कुछ सिद्धान्तों की विवेचना करते है, वहाँ योगमार्ग पूर्णतः क्रियात्मक मार्ग बतलाता है। इसकी सत्यता एवं यथार्थता का अनुभव प्रत्येक अभ्यासी स्वतः कर सकता है। योगदर्शन (सेश्वरसांख्य) में पंतजलि ने योगशब्द को 'चित्तवृत्ति निरोध' अर्थात् वैराग्य तथा अभ्यास द्वारा चित्तवृत्तियों की एकाग्रता के अर्थ में प्रयुक्त किया है। उनका प्रधान उद्देश्य यही है कि मानव स्थूल भाव से प्रगति करके सूक्ष्मता की ओर अग्रसर होता जाए अर्थात् आत्मतत्व को ग्रहण करता जाय। आध्यात्मिकता के अतिरिक्त योग सांसारिक दृष्टि से भी मानव जीवन की सफलता तथा सार्थकता का सर्वोच्च मार्ग है। चित्तवृत्ति निरोध हेतु आष्टांगिक साधन का पालन करके ही मानव संयमी, दृढ़निश्चयी एवं आदर्श नागरिक बनकर विश्व शान्ति एवं देश हिताय कार्य कर सकता है। जिसकी आकांक्षा प्रधानमंत्राी श्री नरेन्द मोदी ने नयी शिक्षा नीति में व्यक्त की है। इसी प्रकार योगमार्ग पर चलकर ही युवा वर्ग या छात्रा वर्ग आत्मानुशासित होकर देश को प्रगति के पथ पर अग्रसित कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त नैतिकता, भावात्मकता एवं ज्ञानात्मकता की दिशा से समाज, राष्ट्र तथा अन्ततः विश्व को सबल आधार मिल सकेगा।

शिक्षा का मुख्य उद्देश्य अन्तिम व वास्तविक सुख की प्राप्ति करना है। परन्तु आज मानव भौतिकवादी होकर क्षणिक सुख की ओर भाग रहा है। वर्तमान शिक्षा बौद्धिकता पर आधारित हैं, उसने क्रियात्मकता को नकार दिया है जिससे बालक का शारीरिक एवं मानसिक विकास असन्तुलित हो रहा है और शिक्षा अपने उद्देश्यों की प्राप्ति में असफल दृष्टिगोचर हो रही है। अतः शिक्षा में ऐसे किन साधनों को जोड़ने की आवश्यकता है जिससे शिक्षा अपने लक्ष्यों की पूर्ति में सफल हो सके और व्यक्ति अपने व्यक्तित्व की रक्षा कर सके जिससे सामाजिक, राष्ट्रीय और शैक्षिक स्तर पर समायोजन हो सके। अतः शोधकर्त्ती ने विभिन्न दर्शनों का अध्ययन करते हुए यह विचार किया कि यदि शैक्षिक परिप्रेक्ष्य में योगसाधनों (योगमार्ग) को समावेशित कर दिया जाय तो शिक्षा के पाठ्यक्रम में क्या परिवर्तन होगा और वर्तमान परिप्रेक्ष्य में उसकी उपादेयता कहाँ तक होगी ? इसके लिए शोधार्थी द्वारा अधोलिखित समस्या का चयन किया गया है।

## समस्या कथन

*''समसामयिक परिस्थितियों में सेश्वरसांख्य के योगमार्ग की शैक्षिक उपादेयता''*

## समस्या में निहित शब्दों की व्याख्या

### समसामयिक परिस्थितियाँ

समसामयिक शब्द से तात्पर्य वर्तमान परिप्रेक्ष्य से है। आज सम्पूर्ण देश में भ्रष्टाचार, दुराचार, अनैतिकता जैसे हीन तत्वों की वृद्धि द्रुत गति से हो रही है जिससे चारों ओर भय, शंका, अशान्ति, असुरक्षा आदि का वातावरण व्याप्त है। इनके लिए सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक, राजनैतिक और शैक्षिक परिस्थितियाँ उत्तरदायी है। अतः समसामयिक परिस्थितियों से अभिप्राय वर्तमान में उपर्युक्त परिस्थितियों से है।

## सेश्वरसांख्य

सांख्यदर्शन के आचार्यो ने ईश्वर के सम्बन्ध में दो मत व्यक्त किये हैं। कुछ विद्वानों का कहना है कि ईश्वर को न मानने के कारण सांख्य निरीश्वरवादी दर्शन है, दूसरे आचार्यो का मत है कि सांख्य ईश्वरवादी दर्शन है। इस प्रकार सांख्याचार्यो के मतानुसार सांख्यदर्शन के एक मत ने पच्चीस तत्वों को स्वीकार किया है। यह पुरुष को स्वीकार करता है, ईश्वर को नहीं

इसलिए यह सांख्य दर्शन निरीश्वरसांख्य कहलाया। दूसरे मत ने ईश्वर को सर्वोपरि माना है और इस तरह छब्बीस तत्वों को स्वीकार किया है। यह सांख्य दर्शन 'सेश्वरसांख्य' कहलाया। यह 'सेश्वरसांख्य' ही 'योग' कहलाता है।

## योगमार्ग

महर्षि पतंजलि ने 'चित्तवृत्ति के निरोध' को योग कहा है। शरीर, मन एवं इन्द्रियों की शुद्धि से योग की सिद्धि होती है। इनकी सिद्धि के आठ मार्ग बताये गये है। जिन्हें योगमार्ग या अष्टांगयोग कहते हैं। योगमार्ग से तात्पर्य योगसाधनों से है। ये आठ साधन है–

यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान, समाधि।

## शोध अध्ययन के उद्देश्य

शोधार्थी के शोध अध्ययन के निम्नलिखित उद्देश्य रहे हैं–

1. पतंजलि योग (सेश्वरसांख्य) के साधनों का वर्गीकरण एवं विश्लेषण करना।
2. वर्तमान परिस्थितियों का निरूपण एवं वर्गीकरण करना।
3. शिक्षा के विभिन्न पक्षों में योग साधनों का निरूपण करना।
4. वर्तमान परिस्थितियों के सन्दर्भ में योग साधनों की शैक्षिक उपादेयता का निरूपण करना।

## शोध अध्ययन विधि

प्रस्तुत शोध अध्ययन में दार्शनिक शोध विधि के अन्तर्गत विषय–वस्तु विश्लेषण विधि का प्रयोग किया गया है।

## शोध अध्ययन की उपलब्धियाँ

चयनित शोध अध्ययन के परिप्रेक्ष्य में संकलित किये गये प्रदत्तों के विश्लेषणोपरांत प्राप्त किये गये प्रदत्त उपलब्धियों को अध्ययन के उद्देश्यों के अनुसार निम्न रूप में प्रस्तुत किया गया है–

## पतंजलि योग (सेश्वरसांख्य) के साधनों का वर्गीकरण एवं विश्लेषण करना

इस उद्देश्य के अन्तर्गत पतंजलि योग के अष्टांग (साधनों) का वर्गीकरण एवं विश्लेषण करना था। पतंजलियोग के साधनों को आठ मार्गो में विभक्त किया गया है– यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि। इन आठों साधनों में प्रथम पाँच साधन बहिरंग साधन है– यम, नियम, आसन, प्राणायाम और प्रत्याहार तथा अन्तिम तीन साधन अन्तरंग साधन है– धारणा, ध्यान और समाधि। पतंजलि बहिरंग साधनों के अन्तर्गत प्रथम साधन यम है जिसके भी पाँच अंग है– सत्य, अहिंसा, अस्तेय, अपरिग्रह व ब्रह्मचर्य जिनका योगसूत्रा के सूत्रा संख्या– 2/29, 2/30, 2/31, 2/33, 2/35, 2/36, 2/37, 2/38 तथा 2/39 के अन्तर्गत विश्लेषण किया गया है। दूसरा साधन नियम है जिसके भी पाँच अंग है– शौच, सन्तोष, तप, स्वाध्याय, ईश्वरप्रणिधान तथा जिनका सूत्रा संख्या 2/32 2/40, 2/42, 2/43, 2/44 तथा 2/45 के अन्तर्गत विश्लेषण किया गया है। तीसरा साधन आसन है जिसका विश्लेषण सूत्रा संख्या– 2/46, 2/47, 2/48 के अन्तर्गत किया गया है। चौथा साधन प्राणायाम है जिसका विश्लेषण 2/49, 2/52 तथा 2/53 के अन्तर्गत किया गया है। अन्तिम बहिरंग साधन प्रत्याहार का विश्लेषण 2/54 व 2/55 के अन्तर्गत किया गया है।

अन्तरंग साधनों के अन्तर्गत धारणा, ध्यान तथा समाधि आते है जिनका अध्ययन योगसूत्रा के सूत्रा संख्या– 3/1, 3/2 तथा 3/3 के अन्तर्गत किया गया है।

## वर्तमान परिस्थितियों का निरूपण एवं वर्गीकरण करना

वर्तमान परिस्थितियों से तात्पर्य समसामयिक परिप्रेक्ष्य से है। वर्तमान समय में मानव जीवन में दुराचार, अनैतिकता, अस्वास्थ्य, अनुचित आसन, अनुशासनहीनता जैसे तत्वों की द्रुत गति से वृद्धि हो रही है व चारों ओर असुरक्षा व अशान्ति का वातावरण व्याप्त हो रहा है। इन परिस्थितियों के दृष्टिकोण से वर्तमान परिस्थितियों को सामाजिक एवं सांस्कृतिक, धार्मिक, राजनैतिक, आर्थिक तथा शैक्षिक इन पाँच वर्गो में विभाजित किया गया है।

सामाजिक और सांस्कृतिक परिस्थितियों का यदि हम अध्ययन करें तो सामाजिक दृष्टिकोण से समाज में चारों ओर ईर्ष्या, द्वेष, जात–पात, छुआछूत, अत्याचार जैसे हीन तत्व दृष्टिगोचर हो रहे है जो आज के मानव जीवन को अमानविक बना रहे हैं। सांस्कृतिक दृष्टिकोण से व्यक्ति का खान–पान, रहन–सहन दूषित होता जा रहा है हमारी संस्कृति परिवर्तित होती जा रही है जिसने मानव स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव डाला है। मानव स्वास्थ्य की दृष्टि से व मानसिक दृष्टि से कुप्रभावित हो रहा है।

धार्मिक परिस्थितियों के अन्तर्गत धर्म के नाम पर आडम्बर, कुरीतियाँ व अन्धविश्वास पनम रहे हैं। धर्म, प्रेम, दया, सौहार्द जैसी नैतिकता की कमी ने आज समाज में धर्म के स्वरूप को ही बदल दिया है।

राजनैतिक परिस्थितियों पर यदि दृष्टिपात करें तो भ्रष्टाचार, धोखा, बेईमानी जैसे अराजक तत्वों ने समाज में मानव को पाशविक प्रवृत्ति की ओर धकेल दिया है और मानव आज राजनैतिक परिस्थितियों के पाश में फंसकर पूर्णरूपेण विखण्डित हो जा रहा है।

समाज की सर्वाधिक प्रबल परिस्थितियाँ आज आर्थिक परिस्थितियों से प्रभावित है। इन परिस्थितियों ने बालक के स्वास्थ्य व मस्तिष्क पर गहरा प्रभाव डाला है जिससे आज बालक में उचित आसन, ध्यान एवं एकाग्रता की कमी होती जा रही है और बालक उचित प्रकार ज्ञान नहीं प्राप्त कर पा रहा है। जिस कारण आज अनुशासनहीनता तथा छात्रा उपद्रव बढ़ रहा है और शिक्षा मानव जीवन में मूल्यों को विकसित करने में असमर्थ प्रतीत होती जा रही है।

उपर्युक्त परिस्थितियों को देखते हुए आज शिक्षा में ऐसे साधनों को सम्मिलित करने की आवश्यकता है जिससे मानव इन परिस्थितियों में स्वयं को संयमित व सन्तुलित बना सके।

## शिक्षा के विभिन्न पक्षों में योगसाधनों का निरूपण करना

इस उद्देश्य के अन्तर्गत शिक्षा के विभिन्न पक्षों में योगसाधनों का निरूपण करना था। इस उद्देश्य के अनुसार शिक्षा के स्वरूप, उद्देश्य, पाठ्यक्रम, विधियों में योगसाधनों के शैक्षिक निहितार्थ का निरूपण इस रूप में कर सकते है—

## शिक्षा के उद्देश्य

योग आधारित शिक्षा का उद्देश्य व्यक्ति का सन्तुलित व सर्वागीण विकास करना है जिससे मानव एक सन्तुलित मानव के रूप में राष्ट्र विकास में सहयोग कर सके। योग आधृत शिक्षा ने शिक्षा के क्षेत्रा में निम्नलिखित उद्देश्यों को समावेशित कर शिक्षा को एक नवीन दिशा प्रदान की है—

(i) चित्तवृत्ति निरोध के अभ्यास का उद्देश्य
(ii) दुःख से आत्यन्तिक निवृत्ति
(iii) ईश्वर की सर्वोच्चता में विश्वास
(iv) एकाग्रता का अभ्यास
(v) दृढ़ संकल्प शक्ति का विकास
(vi) अन्तर्मुखी व्यक्तित्व का विकास
(vii) सर्वागीण विकास
(viii) नैतिकता का विकास

योग आधृत उपर्युक्त उद्देश्यों के माध्यम से शिक्षा बालक का शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक व चारित्रिक विकास कर सकती है।

## पाठ्यक्रम

शिक्षा के उद्देश्यों की प्राप्ति पाठ्यक्रम के माध्यम से की जाती है। योग आधृत उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु पाठ्यक्रम में भौतिक तथा आध्यात्मिक दोनों तरह के पाठ्यक्रमों को समावेशित किया गया है। भौतिक पाठ्यक्रम के अन्तर्गत गणित, विज्ञान, शारीरिक विज्ञान, भौतिक विज्ञान आदि तथा आध्यात्मिक पाठ्यक्रम के अन्तर्गत वेद, वेदांग, पुराण आदि विषयों को समावेशित किया गया है। पाठ्यक्रम के अन्तर्गत बालक के विकास क्रम भी ध्यान में रखा गया है जो एक मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है तथा जिससे बालक का सर्वागीण विकास सम्भव है।

## शिक्षण विधियाँ

योग दर्शन आधारित शिक्षा शिक्षण—विधियों के क्षेत्रा में भी मनोवैज्ञानिक विधियों को समावेशित करती है। योग शिक्षा ने करके सीखना, अभ्यास द्वारा सीखना, अनुकरण द्वारा सीखना, स्वाध्याय विधि, प्रदर्शन विधि जैसी क्रान्तिकारी विधियों द्वारा मौलिक योगदान किया है। शिक्षक को शिक्षण—विधियों के सन्दर्भ में नवाचार होना चाहिए जिससे बालक अधिकाधिक व उचित विधि से ज्ञान प्राप्त कर सके।

## अनुशासन

अनुशासन के अन्तर्गत योग आधारित शिक्षा छात्रा के दमनात्मक व आत्मानुशासन पर बल देती है। योगदर्शन का मुख्य आधार शिक्षा है और योग आधृत शिक्षा यह मानती है कि स्वयं की इन्द्रियों पर नियन्त्राण करके व आत्मानुशासित होकर ही अध्ययन कर सकता है। बालक जितना अधिक अनुशासित होगा उतना ही वह सन्तुलित व्यक्तित्व बनेगा व अधिक से अधिक ज्ञान प्राप्त कर सकेगा।

## शिक्षक–शिक्षार्थी सम्बन्ध

शिक्षक–शिक्षार्थी सम्बन्ध में योग आधारित शिक्षा ने आदर्शवादी पुष्टि की है। योग आधृत शिक्षा के अनुसार शिक्षक–शिक्षार्थी का आधार होता है। वह अपने विषय का ज्ञाता होता है इसलिए शिक्षार्थी को शिक्षक के प्रति समर्पित होना चाहिए। योग शिक्षा में शिक्षक–शिक्षार्थी सम्बन्ध पिता–पुत्रा व ईश्वर–भक्त के समान बताए गए है। योग शिक्षा यह मानती है कि शिक्षक को संयमित होना चाहिए व व्यक्तिगत रूप से छात्रा की समस्याओं का समाधान करना चाहिए तभी शिक्षक–शिक्षार्थी सम्बन्ध सुदृढ़ बन सकते हैं।

## विद्यालय

योग आधारित शिक्षा प्राकृतिक व शान्त वातावरण में विद्यालय की संकल्पना करती है। विद्यालय योगाधारित हो जिसमें बालक को यम, नियम, आसन, प्राणायाम की उचित प्रकार से शिक्षा दी जा सके। योग आधृत शिक्षा यह मानती है कि शिक्षा का वातावरण सैद्धान्तिक न होकर क्रियाप्रधान हो जिससे बालक का शारीरिक व मानसिक विकास हो सके।

## वर्तमान परिस्थितियों के सन्दर्भ में योग साधनों की शैक्षिक उपादेयता का निरूपण करना

प्रस्तुत उद्देश्य के अन्तर्गत वर्तमान परिस्थितियों के सन्दर्भ में योग साधनों की शैक्षिक उपादेयता का निरूपण करना था। यद्यपि वर्तमान परिस्थितियों के निरूपण और योगसाधनों के शैक्षिक निहितार्थ से शैक्षिक उपादेयता स्वतः ही स्पष्ट है परन्तु उद्देश्यानुरूप शैक्षिक उपादेयता इस प्रकार हैं–

उद्देश्यों के आधार पर यदि शैक्षिक उपादेयता का अध्ययन करें तो उद्देश्यों ने शिक्षा को एक नवीन गति प्रदान की है। वर्तमान शिक्षा के उद्देश्यों का यदि अवलोकन किया जाय तो शिक्षा के उद्देश्य केवल बालक का मानसिक विकास को ध्यान में रखते हैं न कि शारीरिक विकास को। शिक्षा के उद्देश्य भौतिकता की पृष्ठभूमि पर आधारित है। जबकि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए शिक्षा के उद्देश्यों को भौतिकता की पृष्ठभूमि पर आधारित नहीं कर सकते। अतः शिक्षा के उद्देश्य ऐसे होने चाहिए जो बालक का सर्वांगीण विकास कर उसे आध्यात्मिकता की ओर प्रवाहित करें। योग आधृत शिक्षा बालक के सर्वांगीण विकास का उद्देश्य रखती है और यथार्थ की पृष्ठभूमि पर प्रस्फुटित होकर आध्यात्मिक की ओर प्रवाहित है।

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति (1986)** ने शिक्षा के उद्देश्यों के सन्दर्भ में अपने विचार प्रस्तुत किये हैं– *''शिक्षा मानव समाज के प्रारम्भ से ही नियमित रूप से विकसित व विस्तृत होती आयी है। प्रत्येक देश शिक्षा की ऐसी प्रणाली को विकसित करता है जो उस समय की सामाजिक–सांस्कृतिक पहचान को अभिव्यक्त व प्रोत्साहित करती है और उस समय की चुनौतियों को भी प्राप्त करती है।''*

वर्तमान शिक्षा का पाठ्यक्रम बालक को मात्रा सैद्धान्तिक ज्ञान प्रदान करता है जो केवल मानसिक विकास में सहायक है। जबकि आज परिस्थितियों की माँग है कि बालक का मानसिक के साथ शारीरिक विकास भी हो जिससे बालक का सर्वागीण विकास सम्भव हो। योग आधारित शिक्षा पाठ्यक्रम में सैद्धान्तिक विषयों जैसे गणित, साहित्य, विज्ञान को ही समावेशित नहीं करती वरन् खेलकूद, शारीरिक व्यायाम जैसे क्रियाप्रधान विषयों की भी वकालत करती है। योग आधृत शिक्षा बालक के विकास के अनुरूप पाठ्यक्रम का निर्माण कर पाठ्यक्रम को एक मनोवैज्ञानिक रूप प्रदान करती है जो आज की परिस्थितियों के अनुरूप है।

**कार्ययोजना (1992)** पाठ्यक्रम के विषय में अपने विचार इस प्रकार अभिव्यक्त करती है– *''खेलकूद और शारीरिक व्यायाम शिक्षण प्रक्रिया का एक अभिन्न अंग है और इसे कार्यनिष्पादन के मूल्यांकन में शामिल किया जायेगा। शिक्षा भवन में खेलकूद और शारीरिक व्यायाम के लिए एक विश्वव्यापी अधःसंरचना का निर्माण किया जायेगा।''*

शिक्षण विधियों के सन्दर्भ में वर्तमान शिक्षा आज भी परम्परागत सैद्धान्तिक विधियों को अपनाती है। वर्तमान परिस्थितियों की यह माँग है कि शिक्षण विधियाँ ऐसी हों जो बालक को क्रियात्मक रूप से ज्ञान प्रदान करें। योग आधृत शिक्षा ने शिक्षण–विधियों के परिप्रेक्ष्य में भी क्रान्तिकारी दिशा दिखायी है। योग मार्गीय शिक्षा शिक्षण विधियों में खेल विधि, स्वानुभव, अनुकरण, विभेदीकरण, प्रदर्शन विधियों की वकालत करती है।

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति (1986)** ने अपने विचार इस प्रकार व्यक्त किये हैं– *''पाठ्यक्रम आधारित पढ़ाई व रटने की प्रवृत्ति को समाप्त कर छात्रों को सीखने व समझने के लिए ग्रन्थालय रूपी प्रयोगशाला में कक्षा अध्ययन के व्याख्यान का पाठ्य अध्ययन करने हेतु जाना चाहिए।''*

अनुशासन के दृष्टिकोण से यदि वर्तमान शिक्षा का अवलोकन करें तो वर्तमान शिक्षा अध्यापक द्वारा बाह्य अनुशासन पर बल देती है। बालक पर दण्डे के बल पर बाह्य अनुशासन रखा जाता है जो कि अमनोवैज्ञानिक है। योग आधृत शिक्षा अनुशासन के दृष्टिकोण से वर्तमान परिस्थितियों का समाधान प्रस्तुत करता है। योग शिक्षा के अनुसार दमनात्मक व आत्मानुशासन ही बालक को आज की परिस्थितियों में सन्तुलित बना सकता है। स्वयं के नियन्त्राण से आज बालक इन अनैतिक तत्वों से बच सकता है।

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति (1986)** के इस सन्दर्भ में विचार– *''आन्तरिक अनुशासन छात्रों में आत्म प्रेरणा का विकास करता है, छात्रा अपनी इच्छा से अनुशासन में रहते है क्योंकि वे यह समझते है कि उसी में उनका कल्याण है।''*

शिक्षण प्रक्रिया में शिक्षक–शिक्षार्थी सम्बन्ध महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। यदि शिक्षक–शिक्षार्थी सम्बन्ध सुदृढ़ व सौम्य होंगे तो शिक्षण प्रक्रिया सुचारू रूप से चलती है। परन्तु वर्तमान परिस्थितियों ने शिक्षक–शिक्षार्थी दोनों को प्रभावित किया है। जिस कारण आज शिक्षक–शिक्षार्थी परिवेश में बिखराव उत्पन्न होता जा रहा है। जिस कारण शिक्षक और शिक्षार्थी दोनों ही अपने कर्त्तव्यों से भटक रहे है। अतः आवश्यकता ऐसी शिक्षा की है जो शिक्षक–शिक्षार्थी के कर्तव्यों की बात करती हुयी सौम्य सम्बन्ध स्थापित करे। योग आधष्त शिक्षा शिक्षक–शिक्षार्थी के सुदृढ़ सम्बन्धों की बात करती है। यह शिक्षा मानती है कि शिक्षक को छात्रा की व्यक्तिगत रूप से समस्याओं का समाधान करना चाहिए और शिक्षार्थी को शिक्षक के प्रति समर्पित होना चाहिए। इस प्रकार योग आधारित शिक्षा शिक्षक–शिक्षार्थी के कर्त्तव्यों की बात करती हुयी उनके मध्य पिता–पुत्रा और ईश्वर भक्त जैसे सम्बन्धों को स्पष्ट करती है।

वर्तमान विद्यालयों का यदि अवलोकन करें तो विद्यालय औद्योगीकरण व शहरीकरण से प्रभावित है। विद्यालयों का वातावरण शोरगुल व सैद्धान्तिक है जहाँ क्रियात्मक नहीं है। इस कारण विद्यालय में आज बालकों का सर्वांगीण विकास नहीं हो पा रहा है। अतः आज विद्यालयों में ऐसी शिक्षा व्यवस्था की आवश्यकता है जो विद्यालय को सैद्धान्तिक होने के साथ–साथ क्रियात्मक बनाये। योग आधृत विद्यालयों में योगाभ्यास व क्रियात्मक पर बल दिया जाता है। योग आधारित शिक्षा शान्त व प्राकृतिक वातावरण में विद्यालय की कल्पना करती है।

उपर्युक्त योगमार्गीय शैक्षिक निहितार्थो व शैक्षिक उपादेयता को पूर्ण करने का प्रावधान नई शिक्षा नीति (1986) में भी किया गया है। शैक्षिक उद्देश्यों के तौर पर बालक का स्वस्थ शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास करने का प्रावधान किया गया है। पाठ्यक्रम में शरीर विज्ञान, संकाय परक विषय– साहित्य, गणित, विज्ञान एवं नैतिकता को जीवन का एक अपरिहार्य अंग बनाने के लिए मूल्य परक शिक्षा पर बल दिया गय है। शिक्षण–विधियों में प्रत्यक्ष पर सर्वाधिक बल दिया गया है। विद्यालयी परिसर में अनुशासनहीनता की समस्या के निवारणार्थ शिक्षक–शिक्षार्थी में आपसी मानवोचित गुणों के विकास पर बल दिया गया है।

## शोध अध्ययन के निष्कर्ष

योगदर्शन के अध्ययन की उपलब्धियों को यदि हम संक्षेप में शाश्वत मूल्यों के अर्थ में कहें तो किंचिद्मात्रा भी अतिशयोक्ति नहीं होगी और इन मूल्यों को हम धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष कह सकते हैं।

वर्तमान शैक्षिक प्रणाली में योगदर्शन की सार्थकता विद्यालयी परिसर में छात्रों द्वारा अनुभव की जाने वाली समस्याओं को दूर कर सकती है तथा उनके जीवन में समायोजन हेतु सहायता करता है। नई शिक्षा नीति (1986) और कार्ययोजना (1992) ने भी यह स्वीकार किया कि योग पाठ्यक्रम का समेकित भाग होना चाहिए। योग हमारे सांस्कृतिक व आध्यात्मिक समाज की आवश्यकताओं को पूर्ण करेगा। योगसाधन व्यक्ति को एक सन्तुलित व्यक्तित्व के रूप में विकसित करते है। योग साधनों के द्वारा आज के बालक अपने लक्ष्यों के प्रति एकाग्रचित हो सकेंगे। वे अपने जीवन में शारीरिक रूप से स्वस्थ व मानसिक रूप से उत्साहित बनेंगे। योग के माध्यम से बालक अपने मन, शरीर व आत्मा पर नियन्त्राण कर सकेंगे। आज के बालकों का संज्ञानात्मक व भावात्मक पक्ष योगसाधनों के द्वारा विकसित होगा जिससे उनका सन्तुलित विकास होगा। नैतिक मूल्य, सामाजिक मूल्य व सद्गुणों का विकास होगा जो व्यक्ति की उस समाज में उन्नति करेगा जिस समाज के वे सदस्य हैं। योग आधृत शिक्षा का उद्देश्य ही अनुशासित जीवन है। एक अनुशासित व्यक्ति ही जीवन में प्रगति कर सकता है।

योगदर्शन व्यक्ति के सन्तुलित व्यक्तित्व के विकास में सहायता करता है। अष्टांग मार्ग व्यक्ति के नैतिक मूल्यों व सद्गुणों का विकास करते है। अन्त में यह कहा जा सकता है कि यदि व्यक्ति एक दैवीय व सन्तुलित जीवन जीना चाहता है तो यह तभी सम्भव हो सकता है जब वह शारीरिक रूप से स्वस्थ हो, मानसिक रूप से सक्रिय हो और आध्यात्मिक रूप से आध्यात्म की ओर अग्रसित हो।

## सन्दर्भ

1. उपाध्याय, बल्देव. *''भारतीय दर्शन''*. साहित्य पब्लिकेशनः आगरा।
2. ओड, लक्ष्मीलाल के. (1997). *''शिक्षा की दार्शनिक पृष्ठभूमि''* रा0हि0ग्रन्थ अकादमीः जयपुर।
3. कौल, लोकेश. (1998). *''शैक्षिक अनुसंधान की कार्यप्रणाली''* विकास पब्लिशिंग हाउस प्रा0 लि0ः नई दिल्ली।
4. चट्टोपाध्याय, सतीश चन्द्र., दत्त, धीरेन्द्र मोहन. *''भारतीय दर्शन''*. पुस्तक भण्डारः पटना।
5. चौबे, एस.पी., चौबे, ए. (1994). *''शिक्षा के आधार''*. विकास पब्लिशिंग हाउस, प्रा0लि0ः नई दिल्ली।
6. झा, कीर्त्यानन्द. *''पात× जलयोगदर्शनम्''*. हरजीवनदास संस्कृत ग्रन्थ मालाः वाराणसी।
7. त्यागी, जी.एस.डी. (1999). *''शिक्षा के दार्शनिक एवं सामाजिक आधर''*. विनोद पुस्तक मंदिरः आगरा।
8. द्विवेदी, पारसनाथ. (1980). *''भारतीय दर्शन''*. श्रीराम मेहरा एण्ड कम्पनीः आगरा।
9. पाण्डेय, रामशकल. (2000). *''पाश्चात्य एवं भारतीय शिक्षा दर्शन''*. आर लाल बुक डिपोः मेरठ।
10. मिश्र, सुनीता. (1996.97). *''योगदर्शन की शैक्षिक विचारधारा''*. लघु शोध प्रबन्ध (एम.एड.). दयालबाग शिक्षण संस्थानः दयालबाग, आगरा।
11. मिश्र, नारायण. (1999). *''पतंजलियोगसूत्र''*. भारतीय विद्या प्रकाशनः वाराणसी।
12. राष्ट्रीय शिक्षा नीति (1986). मानव संसाधन विकास मंत्रालय शिक्षा विभागः नई दिल्ली।
13. राय, पारसनाथ. (2006). *'अनुसंधान परिचय'*. चावला एण्ड संसः आगरा।
14. वेदालंकार, भीमसिंह. (1998). *''पतंजलिमहाभाश्य में प्रतयख्यात सूत्र, एक समीक्षात्मक अध्ययन''*. निर्मल बुक एजेन्सीः कुरूक्षेत्र।
15. विद्यालंकार, सुनष्ता. (1995). *''योगदर्शन (व्यासभाष्य के परिप्रेक्ष्य में)''*. क्लासिकल पब्लिशिंग कम्पनीः नई दिल्ली।
16. शर्मा, मणि. (1999). *''समकालीन भारतीय शिक्षा का स्वरूप तथा उसकी सम्भावनायें''*. भार्गव बुक हाउसः आगरा।
17. शर्मा, आर.ए. (1995). *''शिक्षा अनुसंधान''*. मनोज प्रिन्टर्स हनुमानपुरीः मेरठ।
18. सम्पूर्णानन्द. (1965). *''योगदर्शन''*. हिन्दी समिति सूचना विभागः लखनऊ।

Journal Global Values, Vol. XIV, Special Issue, May 2023, ISSN: (P) 0976-9447, (e) 2454-8391, Impact Factor 8.835*(SJIF)*
*https://doi.org/10.31995/jgv.2023.v14iS2.025*

# भारतीय संगीत एवं धर्म : भगवद् गीता के संदर्भ में

**डॉ० साक्षी**
*संगीत अध्यापिका (TGT)*
*बाल भवन पब्लिक स्कूल, मयूर विहार, दिल्ली*
*ईमेलः dr.sakshisharma23@gmail.com*

***सारांश***

*प्राचीनकाल से ही भारतीय संगीत प्रत्यक्षतः धर्म से जुडा हुआ है। सभी धर्मों का अन्तिम लक्ष्य मोक्ष प्राप्ति है और धर्म की आत्मा है– संगीत। हमारे देश में संगीत का केवल मनोरंजन का साधन न मानते हुए उसे भक्ति एवं धर्म के साथ जोड़ा गया है। संगीत को मनोरंजन का साधन बनाना मुगलकाल से आरम्भ हुआ इससे पूर्व संगीत पूर्णतः पवित्र तथा धार्मिक था। जब–जब भारत पर दूसरी जातियों का आक्रमण हुआ, तब–तब उसकी संस्कृति और कलाओं को नष्ट करना चाहा, इस संकट काल में धर्म ने (धार्मिक नेता तथा धार्मिक स्थलों) उन्हें आश्रय देकर बचाए रखा। हवेली संगीत के रूप में मुगलों के युगल से बचकर काव्य व संगीत अपने उस प्रचलित रूप में (ध्रुपद व धमार को) मंदिरो में ही सुरक्षित रह पाया। इसी प्रकार जब–जब कलाएँ पतनोन्मुख हुई उन पर अनैतिकता का प्रभाव हुआ था। लेकिन धर्म के प्रभाव के कारण ही संगीत अपना परिष्कृत व उज्जवल रूप बचाए रखने में समर्थ हुआ इसका उपयुक्त उदाहरण मध्यकाल में परिवर्तित भक्ति आंदोलन है अतः कला व धर्म दोनों एक–दूसरे की सहायता से पुष्ट व उन्नत होते हैं।*

Reference to this paper should be made as follows:

डॉ० साक्षी

*भारतीय संगीत एवं धर्म : भगवद् गीता के संदर्भ में*

*Vol. XIV, Special Issue*
*pp.125-127*
*Article No.25*

**Online available at:**
*https://anubooks.com/journal/journal-global-values*

**DOI:** *https://doi.org/10.31995/jgv.2023.v14iS2.025*

अनेक धार्मिक क्रान्तियों के परिणामस्वरूप उत्पन्न परिवर्तनों के बावजूद संगीत व्यक्ति को मानसिक शान्ति तथा अतीन्द्रियों को आलौकिक सुख एवं वैराग्य प्रदान करता है। संगीत का साहित्य के साथ जुड़ा होने के कारण इसका एक मार्ग धर्म की ओर जाता है तो दूसरा दर्शन की ओर। संगीत शिक्षा का एक लक्ष्य इसी व्यापक धार्मिक चेतना का विकास करना है।

श्री लक्ष्मीनारायण गर्ग का यह कथन उल्लेखनीय है – ''भारतीय शास्त्रीय संगीत भौतिक विज्ञान न होकर अध्यात्मवाद की संवेदनशीलता है। इसका आनन्द भौतिक संसार से थोड़ा बचकर आ सकता है, संसार मुख्यतः दो वर्गो में बंटा हुआ दिखाई देता है पहला बुद्धिजीवी वर्ग और दूसरा श्रमजीवी वर्ग।''

महाभारत का महाकाव्य भारतीय साहित्य की विशिष्ट धरोहर है यद्यपि यह महाकाव्य संगीत से संबंधित नहीं है, तथापि तत्कालीन सामाजिक, सांस्कृतिक तथा राजनैतिक स्थिति से संगीत कला के अत्यन्त विकसित स्वरूप का परिचय प्राप्त किया जा सकता है। महाभारत में रचियता महर्षि वेदव्यास थे इस अध्यात्मिक ग्रंथ में लगभग एक लाख श्लोक हैं इतिहासकारों के मतानुसार इसकी रचना ईसा पूर्व, तीसरी शताब्दी में हुई थी। रामायण काल के समान, इस काल में भी साम, स्तोत्र तथा गाथा आदि में वैदिक कालीन संगीत का ही परिपालन होता दिखाई देता है महाभारत में भगवान श्री कृष्ण संगीत के महान पंडित थे, और उन्होनें समकालीन समाज में राजनीति, धर्म और ज्ञान के साथ साथ संगीत का भी प्रचार प्रसार किया। उनके संगीत का प्रमुख क्रीडा स्थल ब्रजभूमि थी ब्रजलोक के कण–कण में श्री कृष्ण की बांसुरी की स्वर लहरी गुंजायमान रहती थी, उनके वंशी वादन में ऐसा सांगीतिक सम्मोहन था कि ब्रज नारियां उसे सुनकर उनके पास इस प्रकार दौड़ी चलीं आती थी। जैसे सपेरों की बीन सुनकर नाग और नागिन मदमस्त हो जाते हैं। उनका संगीत की तीनों कलाओं पर पूर्ण अधिकार था। उनके संगीत का सुष्टि में जड़ चेतन पशु–पक्षी तथा नर–नारी आदि सभी पर अमिट प्रभाव पड़ता था, और वे सांसारिक सुख–दुख से विरक्त होकर नैसर्गिक आनन्द में निमग्न हो जाते थे।

महाभारत में ऋषि–मुनियों के आश्रम सदैव साम एवं अन्य वेद–मंत्रों के गायन से प्रतिध्वनित रहते थे, ऋषि–मुनि, पुरोहित, गन्धर्व तथा द्विज सभी साम–गायन करते थे, साम–संगीत के अतिरिक्त विशिष्ट अवसरों पर आयोजित अनुष्ठानों में धार्मिक संगीत का भी प्रयोग होता था, साम संगीत के साथ–साथ लौकिक संगीत में भी धार्मिक नियमों एवं मर्यादाओं का भी निर्वाचन गेय रूप में होता था, सम्पूर्ण महाभारत ग्रंथ ने विभिन्न अवसरों पर अनुकूल संगीत के तीनों अंगों का विपुल प्रयोग किया जाता था।

महाभारत काल में सम्तस्वरी एवं गन्धारग्राम का भी उल्लेख है। विद्वानों के मतानुसार महाभारत काल में संगीत धार्मिकता, पवित्रता एवं उत्तमता की दृष्टि से पराकाष्ठा तक पहुॅच गया था। इस काल में कृष्ण के वंशी वादन तथा अर्जुन के वीणा–वादन का उल्लेख मिलता है। महाभारत काल में संगीत कला का धार्मिक अनुष्ठानों में सहज प्रयोग किया जाता था। इस काल में अनेक वाद्य तथा तन्त्रीवाद्य प्रचार में थे। महाभारत के दो प्रमुख नायक श्री कृष्ण और अर्जुन के संगीतानुरागी थे। श्री कृष्ण को वंशी वाद्य का प्रवर्तक माना जाता है। इस काल में संगीत का समाज में उच्च स्तरीय स्थान था, लोगों ने धर्म और संगीत का सुमेल किया।

श्री कृष्ण के सह्रदय सखा अर्जुन भी संगीत सेवी थे, वे कृष्ण के समकक्ष श्रेष्ठ वीणावादक थे। अज्ञातवास की अवधि में अर्जुन ने बृहन्नला नाम से विराट् की सुपुत्री को सगीत की शिक्षा दी थी तथा अर्जुन ने इन्द्रपुरी के देवों से संगीत की शिक्षा प्राप्त की थी।

सेनाओं के मध्य युद्ध क्षेत्र में भी गायन एवं बदी जनों की स्तुति होती थी, तीर्थ स्थान भी सदा संगीत से प्रतिध्वनित रहते थे, गंधर्व व अप्सराएँ इस स्थान पर गायन वादन नृत्य करती थी। महाभारत काल में वैदिक यज्ञों के अनुरूप राजसूय एवं अश्वमेध यज्ञों का अनुष्ठान होता था। उस काल में वेणु, मृदंग, शंख, झर्झर, आनरव, गोमुख, पणव, आडम्बर, पुष्कर, घण्टा, नुपुन, झल्लरी, पटह, दुन्दुभि तथा तन्त्री युक्त वीणाओं का प्रयोग होता था।

उपरोक्त विवेचन से हमें स्पष्ट होता है की संगीत एवं धर्म का संबंध वैदिक काल से चला आ रहा है। संगीत तथा भगवद् गीता विशेष रूप से संबंधित है क्योंकि गीता का उपदेश देने वाले भगवान श्री कृष्ण स्वयं ही संगीत के विद्वान थे। वे वंशी वादन में निपुण थे एवं एक कुशल संगीतकार थे। हालांकि गीता के श्लोकों में संगीत का उल्लेख कहीं–कहीं ही मिलता है किंतु संगीत इस काल में अपनी पराकष्ठा पर पहुंच गया था। सभी अनिवार्य कार्यों में संगीत की विशेष भूमिका होती थी।

आज हम महाभारत को टी.वी. चैनल पर देखते हैं तो इस कार्यक्रम की शुरूआत ही संगीत से होती है। बी.आर. चोपड़ा द्वारा प्रस्तुत महाभारत में 'राज कमल' जी का संगीत निर्देशन है। यह कार्यक्रम संगीत बहुत प्रसिद्ध हुआ था और आज भी इस कार्यक्रम का प्रसारण हम टी.वी. चैनल पर देख सकते हैं। इस कार्यक्रम की खास बात यह है कि इसके हर एपिसोड का अंत एक संगीतमय गीता के दोहे से होता है, जो उस एपिसोड में प्रसारित व्याख्यान से संबंधित होती है दोहों को प्रसिद्ध गायक महेन्द्र कपूर ने गाया है। इसका मुख्य गीत भी बहुत प्रसिद्ध हुआ। इस प्रकार आज भी महाभारत काल में दिए गए गीता के उपदेश संगीत के माध्यम द्वारा आम जनता तक पहुँचा रहा है।

## सन्दर्भ

1. संगीतयान, सीमा जौहरी।
2. सांगीतिक निबन्ध माला, सीमा जौहरी।
3. भारतीय संगीत का इतिहास, उमेश जोशी।
4. निबंध संगीत, गर्ग, लक्ष्मी नारायण।
5. शर्मा, भारती. सांगीतिक एवं धार्मिक परम्पराएँ।
6. शर्मा, सुनीता. भारतीय संगीत का इतिहास (आध्यात्मिक एवं दार्शनिक)।

# अज्ञेय के साहित्य में दर्शन

**आशीष शर्मा**
*शोधार्थी, हिन्दी विभाग*
*श्रीमती बी०डी० जैन गर्ल्स (पी०जी०) कॉलेज*
*आगरा छावनी, आगरा*
*ईमेलः ashishmorena007@gmail.com*

**प्रो० शिखा श्रीधर**
*अध्यक्ष, हिन्दी विभाग*
*श्रीमती बी०डी० जैन गर्ल्स (पी०जी०) कॉलेज*
*आगरा छावनी, आगरा*

**सारांश**

*दर्शन! क्या है दर्शन? एक दृष्टि! या देखना या विचारधारा या दृष्टिकोण है जिसे नजरिया भी कहते हैं। दर्शन को समग्र रूप में अवलोकन करें तो यही प्रतीत होता है कि दर्शन एक दृष्टिकोण है जिससे किसी व्यक्ति के विचार निर्धारित होते हैं तथा विचारों के आधार पर ही हमारे कर्म निर्धारित होते हैं और यही कर्म आगे चलकर हमारी आदतें बन जाती हैं और हमारी आदतें ही अंततः हमारा चरित्र निर्धारित करती हैं। अतः दर्शन वह है जो किसी व्यक्ति या समाज का चरित्र निर्धारित करता है जिसका दर्शन उत्तम है उसका चरित्र उत्तम है। जिसका दर्शन हीन है वह अवश्य ही हीन चरित्र का होगा।*

Reference to this paper should be made as follows:

आशीष शर्मा,
प्रो० शिखा श्रीधर

*अज्ञेय के साहित्य में दर्शन*

*Vol. XIV, Special Issue*
*pp.128-130*
*Article No.26*

**Online available at:**
*https://anubooks.com/journal/journal-global-values*

**DOI:** *https://doi.org/10.31995/jgv.2023.v14iS2.026*

अज्ञेय का जीवन बाल्यकाल से ही नाटकीय प्रवृत्ति का रहा है और परिस्थितियों से उनका दर्शन निर्मित तथा परिवर्तित ही हुआ है। उनके काव्य जीवन की आरंभिक रचनाओं पर छायावादी प्रभाव देखने को मिलता है जिसमें वेदना, प्रेम आदि का वर्णन दिखता है। जैसे–

एक तीक्ष्ण अपांग से कविता उत्पन्न हो जाती है,
एक चुंबन में प्रणय फलीभूत हो जाता है।
पर मैं अखिल विश्व का प्रेम खोजता फिरता हूँ
क्योंकि उसके असंग ह्रदयों का गाथाकार हूँ।[1]

आगे चलकर वे 'चिंता' में स्त्री–पुरुष संबंधों को अलग तरह से व्याख्यायित करते हैं। अज्ञेय पर मूलतः जो प्रभाव हम देखते हैं वह फ्रायड के मनोविश्लेषणवाद का ही है। जो उनके उपन्यास 'शेखर एक जीवनी' तथा 'नदी के द्वीप' में दिखाई पड़ता है कि कैसे शेखर भिन्न–भिन्न स्त्रियों के प्रति आसक्त होता रहता है। तथा भुवन व रेखा आदि पात्रों में भी फ्रॉयड का दर्शन भरा पड़ा है। परंतु जब वे 'शेखर एक जीवनी' के आरंभ में कहते हैं कि–

''जिस जीवन को उत्पन्न करने में हमारे संसार की सारी शक्तियां असमर्थ हैं...
उसी जीवन को छीन लेने में... ऐसी भोली ह्रदयहीनता–फांसी !''[2]

उक्त उद्धरण को देखने पर निसंदेह सार्त्र के अस्तित्ववाद का प्रभाव दिखाई देता हैय जो कहता है कि सभी को अपने निर्णय लेने का अधिकार है। जीवन को समाप्त कर देने में अधिकार उसी का, जिसने जीवन दिया। 'इत्यलम' अज्ञेय की उत्कृष्ठ रचना है। इसके एक खंड 'बंदी का स्वप्न' में राष्ट्रवाद की भावना प्रबल है। वहीं अन्य खंड 'हिय हारिल' में वैयक्तिक रहस्यवाद का प्रभाव है जो कि उनके ऊपर व्यक्तिवादी जीवन दर्शन का प्रभाव दर्शाता है। हिय हारिल की निम्न पंक्तियों से यह स्पष्ट हो जाता है।

मैं उस असीम शक्ति से
संबंध जोड़ना चाहता हूँ
अभिभूत होना चाहता हूँ
जो मेरे भीतर है।[3]

इस रचना में कहीं–कहीं उन पर रोमांटिसिज्म का प्रभाव भी दिखता है। वहीं जब वे कहते हैं कि 'तुम कहाँ हो नारि?' तब यह स्पष्ट रूप में उन पर मनोविश्लेषणवाद का प्रभाव दर्शाता है। अज्ञेय तार सप्तक की भूमिका में भी लिखते हैं कि–

आधुनिक युग का साधारण व्यक्ति यौन वर्जनाओं का पुंज है।[4]

पर यह मनोविश्लेषणवाद थोपा हुआ नहीं है। उसमें एक जिज्ञासा है, आत्मान्वेषण है या स्वर की खोज हैय जिसे अज्ञेय अपने साहित्य में उकेरने का प्रयास करते हैं। और यह भी जानते हैं कि केवल अपने आप में जीते रहना या अत्यधिक अंतर्मुखी जीवन भी किसी योग्य नहीं है। अज्ञेय कहते हैं–

''जानता क्या नहीं निज में बंद होकर, है नहीं निर्वाह मेरा''

वहीं अज्ञेय जब 'नदी के द्वीप' की रचना करते हैं तब उनका दर्शन सामने आ जाता है कि कैसे वे व्यक्ति को अपने मूल व्यक्तित्व में रहकर समष्टि के अस्तित्व से बंधे रहने को प्रेरित करते हैं। किंतु यह बंधन संकुचित नहीं है, स्वच्छंद है जिसमें कोई व्यक्तिगत अस्तित्व भी न खोये और समाज में भी अपना योगदान देता रहे। अर्थात अपना कर्म करता रहे जो उसके लिए नियत है श्रीमद भगवत गीता भी कुछ ऐसा ही कहती है–

नियतम कुरु कर्म त्वं कर्म ज्यायो हयकर्मणः
शरीर यात्रापि च ते न प्रसिद्ध येद कर्मणः।।[5]

अर्थात अपना नियत कर्म करो क्योंकि कर्म न करने से अच्छा है कर्म करना। इसके अतिरिक्त जब अज्ञेय 'कलगी बाजरे की' जैसी प्रकृति अनुकूल रचना करते हैं तब उनका गैर परंपरावादी दर्शन सामने आता है और वह सभी पूर्व उपमानों को त्याग देते हैं और नए प्रतिमानों की खोज करते हैं तथा कहते हैं कि–

ये उपमान मैले हो गए हैं
देवता इन प्रतीकों के कर गए हैं कूच

कभी बासन अधिक घिसने से मुलम्मा छूट जाता है।[6]

वहीं जब वे 'असाध्यवीणा' की रचना करते हैं तब बौद्ध दर्शन से प्रभावित दिखाई देते है। जब वज्रकीर्ति किरीटि तरु से बनी वीणा को झनकारित करते हैं तो सबको अपना अपना सत्य दिखाई देता है। ये कहीं कहीं जैन दर्शन के 'अनेकांतवाद' तथा 'एकं सत्यम् विप्रा बहुधा वदंती' से मेल खाता नजर आता है। वहीं जब अज्ञेय कहते हैं कि–

दुख सबको माँजता है।
स्वयं सबको मुक्ति देना वह न जाने
किंतु जिनको माँजता है
उन्हें यह सीख देता है कि
सबको मुक्त रखें।[7]

यह वैसा ही है जैसे स्वयं दुख सहकर दूसरों के प्रति उदार व्यवहार रखना। इस विषय में अज्ञेय 'जैनेंद्र' के निकट आ जाते हैं। जैनेंद्र के यहाँ भी त्यागपत्र में मृणाल का यही ममेतर चरित्र दिखाया गया है यह अहम की भावना अज्ञेय की कई रचनाओं में देखने को प्राप्त होती है।

अज्ञेय कभी कभी घोर रहस्यवादी भी हो गए हैं। जहाँ भी अंतर्मुखी प्रवृत्ति या गुह्य विषय आता है तब उनकी वाणी रहस्यमयी भाषा का आलिंगन करती है। एक स्थान पर अज्ञेय लिखते हैं कि–

मौन भी अभिव्यंजना है
जितना तुम्हारा सच है
उतना ही कहो।[8]

बच्चन सिंह ने एक स्थान पर लिखा है कि– "मौन, साधना, भीतर जो व्यापा है उसे निबाहना है "[9] आदि रहस्योन्मुख होने का प्रमाण है। यूँ तो हर कवि पर बहुत सारे दर्शनों का प्रभाव रहता है, वैसे ही अज्ञेय पर भी बहुत सारे दर्शनों का प्रभाव हैय पर ऐसा नहीं होना चाहिए की जबरन उनके काव्य में तरह तरह के दर्शन खोजे जाएँ। असाध्यवीणा पर तो बौद्ध दर्शन का प्रभाव है ही, परंतु 'चक्रांतशिला', 'अंतःसलिला' जैसी रचनाओं पर बौद्ध–जैन दर्शनों का प्रभाव बच्चन सिंह ने यूँ ही जोड़ दिया है।

अज्ञेय के दर्शन का दर्शन हम तारसप्तक के वक्तव्य में कर सकते हैं। अज्ञेय असल में प्रयोगधर्मी व्यक्ति हैं, प्रयोग करते हैं और सीखते हैं। अज्ञेय पर किसी एक दर्शन को थोपना उनके साथ न्याय नहीं होगाय परंतु फिर भी साहित्य की दृष्टि से कुछ दर्शनों जैसे मार्क्सवाद, मनोविश्लेषणवाद, अस्तित्ववाद, व्यक्तिवाद तथा कुछ एक रचनाओं के आधार पर जैन बौद्ध दर्शनों का प्रभाव माना जा सकता है। परंतु एक तरह से कहें तो वे किसी वाद के पक्षकार नही हैं वे प्रयोगधर्मी व्यक्ति हैं और यही अज्ञेय का मूल दर्शन है, प्रयोग!

## संदर्भ

1. सिंह. डॉ. बच्चन. (2021). आधुनिक हिंदी साहित्य का इतिहास. लोकभारती प्रकाशनः प्रयागराज. पृष्ठ **264.**
2. अज्ञेय. (2017). शेखर एक जीवनी पहला भाग. मयूर पेपरबैक्स प्रकाशनः दिल्ली. पृष्ठ **3.**
3. सिंह. डॉ. बच्चन. (2021). आधुनिक हिंदी साहित्य का इतिहास. लोकभारती प्रकाशनः प्रयागराज. पृष्ठ **264.**
4. सिंह. डॉ. बच्चन. (2021). आधुनिक हिंदी साहित्य का इतिहास. लोकभारती प्रकाशनः प्रयागराज. पृष्ठ **265.**
5. प्रभुपाद. स्वामी. (2017). श्रीमद्भगवद्गीता. भक्तिवेदांता बुक ट्रस्टः मुंबई. पृष्ठ **128.**
6. अज्ञेय. आंगन के पार द्वार. पृष्ठ **39.**
7. अज्ञेय. पूर्वा. 242–243.
8. सिंह. डॉ. बच्चन. (2021). आधुनिक हिंदी साहित्य का इतिहास. लोकभारती प्रकाशनः प्रयागराज. पृष्ठ **269.**
9. सिंह. डॉ. बच्चन. (2021). आधुनिक हिंदी साहित्य का इतिहास. लोकभारती प्रकाशनः प्रयागराज. पृष्ठ **269.**

Journal Global Values, Vol. XIV, Special Issue, May 2023, ISSN: (P) 0976-9447, (e) 2454-8391, Impact Factor 8.835*(SJIF)*
*https://doi.org/10.31995/jgv.2023.v14iS2.027*

# सर्वेश्वर दयाल सक्सेना : व्यक्तित्व एवं कृतित्व

गीतांजली त्रिपाठी
*शोधार्थी, हिन्दी विभाग*
*श्रीमती बी०डी० जैन गर्ल्स (पी०जी०) कॉलेज*
*आगरा छावनी, आगरा*
*ईमेलः gitanjalitri1435@gmail.com*

प्रो० शिखा श्रीधर
*अध्यक्ष, हिन्दी विभाग*
*श्रीमती बी०डी० जैन गर्ल्स (पी०जी०) कॉलेज*
*आगरा छावनी, आगरा*

***सारांश***

*सर्वेश्वर दयाल सक्सेना हिंदी साहित्य के आधुननक युग के जनवादी और समाजवादी विचारधारा के कवि हैं जो अज्ञेय द्वारा प्रकाशित तृतीय तार सप्तक के कवियों में अपना महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। उनके जीवन के बारे में जानने की किसी भी साहित्य के विद्यार्थी को उत्कंठा होती हैं एवं उनहोंने जीवन में साहित्य व समाज के लिए अपने कृतित्व द्वारा क्या योगदान दिया; उसके प्रति भी जिज्ञासा किसी भी सहृदय को होती ही है। इन सब बातों को ध्यान में रखकर ही सर्वेश्वर दयाल सक्सेना जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व के बारे में सामान्य जनमानस को अवगत कराया गया है।*

Reference to this paper should be made as follows:

गीतांजली त्रिपाठी,
प्रो० शिखा श्रीधर

*सर्वेश्वर दयाल सक्सेना : व्यक्तित्व एवं कृतित्व*

*Vol. XIV, Special Issue*
*pp.131-134*
*Article No.27*

**Online available at:**
*https://anubooks.com/journal/journal-global-values*

**DOI:** *https://doi.org/10.31995/jgv.2023.v14iS2.027*

## जीवन परिचय

सर्वेश्वर दयाल सक्सेना हिंदी साहित्य जगत के ऐसे प्रतिभासंपन्न व्यक्ति रहे हैं जिनका विकास साहित्य के केवल एक क्षेत्र में न होकर सभी क्षेत्रों में समान रूप से रहा है।

ये केवल कविता ना लिखकर कहानी, उपन्यास, नाटक, एकांकी, बाल साहित्य इत्यादि में भी समान रूप से सक्रिय रहे हैं।

सर्वेश्वर दयाल सक्सेना जी का जन्म 15 सितंबर 1927 दिन बृहस्पतिवार को बस्ती जिले के पिकौरा गांव उत्तर प्रदेश में हुआ था। बचपन में लोग इन्हें प्रेम से मुन्ना बाबू कहकर बुलाते थे जिसके कारण इनके बचपन का नाम मुन्ना बाबू ही पड़ गया।

इनकी माता का नाम श्रीमती सौभाग्यवती देवी जो पढ़ी लिखी विदुषी शिक्षिका थीं तथा पिता का नाम श्री विश्वेश्वर दयाल सक्सेना था। सर्वेश्वर दयाल सक्सेना जी को कविता करने का गुण अपने पिता जी से प्राप्त हुआ होगा क्योंकि विश्वेश्वर दयाल सक्सेना जी भी कविता प्रिय व्यक्ति थे। किन्तु वो हमेशा चाहते थे कि सर्वेश्वर दयाल सक्सेना जी कविता ना करें क्योंकि कविता करने वाला व्यक्ति जीवन की आपूर्ति और जीवन को सुचारू रूप से चलाने वाले संसाधनों के प्रति उदासीन रहता है। सर्वेश्वर दयाल सक्सेना जी के पिता जी व्यवसाय पर जोर देते थे जबकि उनकी माता जी अध्यापन कार्य किया करती थी। वह शासकीय हाई स्कूल में अध्यापिका के रुप में कार्यरत थी तथा अध्यापन कार्य करते करते ही किसी लंबी बीमारी से ग्रसित होकर चल बसी।

सर्वेश्वर जी का विवाह सच्चिदानंद जी की पुत्री आनंदी देवी से हुआ। जिनसे इनको तीन संतानों की प्राप्ति हुई। ज्येष्ठ पुत्र अभिजीत और विभा और शुभा नामक दो सुंदर सुशील पुत्रियां हुई। इनके परिवार के बारे में एक विशेष बात यह थी कि इनका पूरा परिवार मूर्ति पूजा में विश्वास नहीं करता था।

सर्वेश्वर जी के बचपन के बारे मे कृष्णदत्त पालीवाल जी लिखते हैं कि ''उनका बचपन हरे भरे खेतों में, तालों और फूलों भरे गाँव में बीता।''[1] इनकी प्रारंभिक शिक्षा बस्ती के गवर्नमेंट स्कूल से हुई तथा क्वींस कॉलेज बनारस से इंटरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण की। 1946 में बीए के बाद प्रयाग विश्वविद्यालय इलाहाबाद से एमए की परीक्षा उत्तीर्ण की और विजयदेव नारायण साही जैसा एक और साहित्यकार इनको एम.ए. में सहपाठी के रूप में मिला। डॉ. धीरेंद्र वर्मा, डॉ. रमाशंकर शुक्ल रसाल तथा डॉ. रामकुमार वर्मा जैसे बड़े आलोचकों का सानिध्य बतौर शिक्षक सर्वेश्वर दयाल सक्सेना जी को प्राप्त हुआ।

पढ़ाई पूरी करने के बाद गृहस्थी चलाने के लिए ये सर्वप्रथम ए. जी. ऑफिस इलाहाबाद में यू. डी. सी. के पद पर कार्यरत रहे। तत्पश्चात दिल्ली में अनुवादक के रुप में आकाशवाणी में कार्य किया तथा 1957 में दिनमान पत्रिका के प्रमुख संपादक के रुप में नियुक्त हुए और पूरी निष्ठा के साथ कार्य किया। इन सभी घटनाओं से पता चलता है कि घर संभालने के लिए सर्वेश्वर जी ने विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार के कार्य किये।

साहित्य में झुकाव बचपन से होने के कारण सर्वेश्वर जी मैथिलीशरण गुप्त व रामनरेश त्रिपाठी को बहुत पसंद करते थे।

23 सितंबर, 1983 को दिल का दौरा पड़ने से साहित्य के एक चमचमाते सितारे सर्वेश्वर दयाल सक्सेना जी की अकस्मात मृत्यु हो गई।

## व्यक्तित्व

यूँ तो सर्वेश्वर दयाल सक्सेना जी को हिंदी साहित्य जगत का ऐसा कोई व्यक्ति नहीं होगा जो न जानता हो क्योंकि वह एक सर्वतोमुखी प्रतिभासम्पन्न व्यक्ति होने के साथ साथ नेक दिल इंसान भी थे। जिन्होंने अपने जीवन में कई प्रकार के क्षेत्रों में कार्य किया और बिना घबराए हर क्षेत्र में डटे रहे।

सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन 'अज्ञेय' द्वारा प्रकाशित चारों सप्तकों में से सर्वेश्वर जी 1959 में प्रकाशित तीसरे सप्तक के कवि थे। तीसरे सप्तक के अपने एक वाक्यांश में सर्वेश्वर जी कहते हैं कि ''जो सत्य है उसे चुपचाप अपनाये रहने भर से काम नहीं चलेगा। बल्कि जो असत्य है उसका विरोध भी करना पड़ेगा और मुँह खोलकर कहना पड़ेगा कि वह गलत है।''[2] आकर्षक व्यक्तित्व होने के साथ साथ विनोदप्रिय होना एक व्यक्ति के व्यक्तित्व में चार चाँद लगा देता है और सर्वेश्वर जी के पास ये दोनों ही गुण विद्यमान थे।

इनके व्यक्तित्व की छवि का मापन करना तो मुश्किल है किंतु चहुँमुखी प्रतिभासंपन्न होने के साथ साथ सर्वेश्वर जी स्पष्टवादी भी थे, भावुकता की उनमें कोई कमी नहीं थी, विद्रोहीपन भी उनमें कूट कूट के भरा था तथा विद्रोहीपन की भावना उनकी निम्न पंक्तियों में स्पष्ट रूप से देखने को मिलती है!

*https://doi.org/10.31995/jgv.2023.v14iS2.027*

लीक पर वे चलें,
जिनके चरण दुर्बल और हारे हैं
हमें तो अपनी यात्रा से बने,
ऐसे अनिर्मित पंथ प्यारे हैं।[3]

सर्वेश्वर जी हमेशा से कला प्रेमी, मानवतावादी, समाजसेवी भी रहे। अनेक रचनाकारों से प्रेरित होकर भी वे हमेशा अपना नया रास्ता ही निर्मित करते थे और उसी पर चलते थे। इन्होंने पुराने बिंबो और प्रतीकों को तोडा तथा नए बिंबो और प्रतीकों की स्थापना की और अपने काव्य के माध्यम से उसे जन–जन तक पहुँचाया।

सर्वेश्वर जी की अनेक कलाओं के प्रति भी विशेष रुचि थी। प्रत्येक व्यक्ति का भावुक होना उसके संवेदनशील होने का प्रमाण होता है और प्रायः संवेदनशीलता हमें कला के माध्यम से ही प्राप्त होती है। अपने प्रिय मित्र विजयदेव नारायण साही की मृत्यु से सर्वेश्वर जी इतनी विकट अवस्था में आ गए थे कि वे हमेशा इसे ''अपनी भी एक छोटी सी मौत कहने लगे थे।''[4]

सर्वेश्वर जी ने अपने जीवन का बहुत समय लोगों की सेवा करने में भी गुजारा और साथ ही साथ ऐसा करने से उनका कोई भी राजनीतिक या किसी भी प्रकार का कोई प्रयोजन नहीं रहा है।

कृतित्व–सर्वेश्वर दयाल सक्सेना अपने समय के लेखकों में एक महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। इन्होंने अपने कृतियों में पुरानी प्रथाओं पर न चलकर नए भाषा और शैली के आधार पर नए प्रयोग किये। इन्होंने साधारण सामाजिक–राजनीतिक भाषा को अपनी काव्य भाषा बनाई तथा व्यंग्यात्मक राजनीतिक कविताएँ लिखीं जिसका उल्लेख निम्न है–

''मै नया कवि हूँ
इसी से जानता हूँ कि सत्य की चोट बहुत गहरी होती है।
मै नया कवि हूँ।''[5]

''बचो, उनसे बचो
जो मुर्दा हाथ गिनकर
युग – निर्माण की घोषणा कर रहे हैं।
बचो, उनसे बचो
जो लकड़ी की टांगों पर दौड़कर
मानव प्रगति का इतिहास लिखने में लगे हैं।''[6]

इन्होंने साहित्य के विभिन्न क्षेत्रों में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

कविता संग्रह – काठ की घंटियां (1959), बाँस का पुल (1963), एक सूनी नाव (1966), गर्म हवाएँ (1969), कुआनो नदी (1973), जंगल का दर्द (1976), खूँटियों पर टँगे लोग (1982), कोई मेरे साथ चले।

विसंगति, आत्मपीड़ा, घुटन, जगपीड़ा इत्यादि उनकी कविता में हर जगह देखने को मिलता है।

'खूँटियों पर टँगे लोग' 1982 के लिए सर्वेश्वर दयाल सक्सेना जी को 1983 में 'साहित्य अकादमी' पुरस्कार से मरणोपरांत नवाजा गया।

घोड़ा, नानी का गुलकंद, नेता और गदहा, पकौड़ी की कहानी, महँगू की टाई, बतूता का जूता इत्यादि इनकी बाल कविताएं हैं।

नाटक – बकरी (1974), हवालात (1976) (एकाँकी), रानी रूपमती और बज बहादुर (1976), होरी धूम मच्योरी (1976), लड़ाई (1979), कल फिर भात आएगा (1979), अब गरीबी हटाओ (1981), पीली पत्तियाँ।

बकरी इनका पहला नाटक होने के साथ साथ सबसे प्रसिद्ध नाटक है ''इसे आलोचकों ने जनवादी नाटक की परंपरा में रखा है।''[7]

कहानी – क्षितिज के पार, बदला हुआ कोण (1981), पराजय का क्षण, कच्ची सड़क (1978), अंधेरे पर अंधेरा (1979)।

उपन्यास – सोया हुआ जल (1954) (प्रतीकात्मक लघु उपन्यास), पागल कुत्तों का मसीहा (1977) (लघु उपन्यास), सूने चौखट (1981), उड़े हुए रंग।

अनुवाद– रित्तो नाऊ, सोवियत कथा संग्रह (1978)।

यात्रा साहित्य – कुछ रंग कुछ ढंग।

पत्रकारिता–चरचे और चरखे (निबंध), दिनमान।

## निष्कर्ष

1. सर्वेश्वर दयाल सक्सेना जी जिज्ञासू प्रवृत्ति के रोचक व्यक्ति थे इन्होंने पुरानी पीढ़ियों, प्रतिमानों, परंपराओं को तोड़ते हुए नए पीढ़ी, परंपरा, प्रतिमान, बिंब, प्रतीकों को अपने साहित्य में स्थान दिया। काव्य में इनकी अधिक रुचि या विशेष पैतृक प्रवृत्ति होने के कारण साहित्य की अन्य विधाओं में भी काव्य की झलक प्रायः देखने को मिल ही जाया करती थी ।
2. बच्चन सिंह जी अपनी पुस्तक आधुनिक हिंदी साहित्य का इतिहास में कहते हैं कि "वे राजनीति में समाजवादी और काव्य में व्यक्ति – स्वातंर्त्य के आग्रही हैं। वे काव्य में कविता की निर्मिति चाहते हैं, व्यक्तित्व की नहीं।"[8]

इससे स्पष्ट होता है कि उनका काव्य समाज और आलोचकों के मध्य एक विशिष्ट धरातल पर अपना स्थान बनाये रखा।

## सन्दर्भ

1. चतुर्वेदी, जगदीश. संपादक. भाषा. सर्वेश्वर दयाल सक्सेना अहिस्ता मत चलो दौड़ो. पृष्ठ 90.
2. अग्रवाल, डॉ. कल्पना. सर्वेश्वर दयाल सक्सेना व्यक्ति और साहित्य।
3. http%//shorturl-at/bhpGZ.
4. चतुर्वेदी, जगदीश. संपादक. भाषा. सर्वेश्वर दयाल सक्सेना अहिस्ता मत चलो दौड़ो. कृष्णदत्त पालीवाल. पृष्ठ 911.
5. https%//twitter-com/Hindi_Kavitaa/status/1405564886541910016\s¾20.
6. (2020). यू.जी.सी. / एन.टी.ए. नेट / जे.आर.एफ. हिंदी साहित्य, दृष्टी पब्लिकेशन्स, प्रथम संस्करण मार्च. पृष्ठ 235.
7. तिवारी, डॉ. रामचंद्र. (2022). हिंदी गद्य का साहित्य. विश्वविद्यालय प्रकाशनः वाराणसी, विशालाक्षी भवन चौक. चौदहवां संस्करण।
8. सिंह, डॉ. बच्चन. (2021). आधुनिक हिंदी साहित्य का इतिहास. लोकभारती प्रकाशनः प्रयागराज. पृष्ठ 2941.

Journal Global Values, Vol. XIV, Special Issue, May 2023, ISSN: (P) 0976-9447, (e) 2454-8391, Impact Factor 8.835*(SJIF)*
*https://doi.org/10.31995/jgv.2023.v14iS2.028*

# महिला साहित्यकारों के लेखन में स्त्री चेतना

नेहा विश्वकर्मा
*सहायक आचार्या, हिन्दी विभाग*
*श्रीमती बी०डी० जैन गर्ल्स (पी०जी०) कॉलेज, आगरा छावनी, आगरा*
*ईमेलः nehav238@gmail.com*

***सारांश***

*भारत में स्वतंत्रता के बाद निर्मित नव सामाजिक परिवेश में नारी के रूप में बदलाव आया है। उन्होंने अपने अस्तित्व से जुड़े सन्दर्भों को गंभीरता से लेना शुरू किया और अपने अधिकारों के प्रति सजग हुई। बदलते समय में शिक्षा के प्रचार–प्रसार और नए विचारों के संवर्धन के साथ उन्होंने यह समझ लिया कि परम्परागत मूल्य और आदर्श के अनुसरण करते रहने मात्र से उनकी स्थिति में कोई परिवर्तन या सुधार आना संभव नहीं है। इसलिए उन्होंने उन सभी बन्धनों को नकार दिया जो उनकी प्रगति में अवरोधक बन रहे थे। स्त्री की इस नवीन चेतना ने उसे परिवार, धर्म, समाज और संस्कृति आदि से संबंधित परिसीमाओं के पुनर्निर्धारण के साथ हाशिए पर धकेल दी गई स्त्रियों को केंद्र में स्थापित करने की मांग की। यह स्त्री चेतना के विकास का ही परिणाम है जो आधुनिक स्त्रियां पितृसत्तात्मक व्यवस्था को ध्वस्त करती हुई उस सत्ता द्वारा आरोपित भूमिकाओं के प्रति सवाल उठा रही हैं। वह वस्तु से व्यक्ति बनने की प्रक्रिया में अपनी निजी स्वतंत्रता को स्थापित कर रही हैं। वर्तमान समय में महिला लेखिकाओं का एक विशाल समूह हमारे समक्ष अपनी मजबूत लेखनी के साथ उपस्थित है जो स्त्रियों की समस्याओं और उससे जुड़े वास्तविक तथ्यों को अपनी लेखनी के माध्यम से अभिव्यक्ति प्रदान कर रही हैं। नैतिक मूल्यों के विघटन, वैचारिक विद्रोह और जीवन में होने वाले बदलावों आदि हमें उनकी रचनाओं में देखने को मिल रही हैं। आज की महिला लेखिकाओं के लेखन में स्त्री विषयक चिंतन तेजी से उभरा है। सभी महिला लेखिकाएं कविता, कहानी, उपन्यास, नाटक, आत्मकथा आदि के माध्यम से महिलाओं की पीड़ा, उनका शोषण और उनकी दबी हुई इच्छाओं को बहुत ही सशक्त ढंग से व्यक्त कर रही हैं। उनकी अभिव्यक्ति इतनी सशक्त और प्रभावशाली है कि समूचे भारत के शहरी–ग्रामीण परिवेश से जुड़ी छोटी–छोटी जीवंत अनुभूतियां उनके लेखन में सामने आ रही हैं। "समकालीन हिंदी साहित्य में स्त्री–लेखन अपनी निजता का अतिक्रमण करते हुए, अपने लेखन में जीवन के वैविध्य को उजागर करते हुए विभिन्न सरोकारों के साथ उपस्थित है। स्त्री लेखन का सन्दर्भ निजता से आरम्भ होकर व्यापक जीवन–जगत से जुड़ रहा है। यही कारण है कि आज स्त्री लेखन कविता, कहानी, उपन्यास के आलावा आत्मकथा, इतिहास, संस्कृति, आलोचना, राजनीति एवं पत्रकारिता तक फैला है। स्त्री–लेखन प्रायः इन सबका हिस्सा बनकर अपने अनुभवों की सर्जनात्मकता में इनका प्रयोग कर रहा है।"*

Reference to this paper should be made as follows:

नेहा विश्वकर्मा

*महिला साहित्यकारों के लेखन में स्त्री चेतना*

*Vol. XIV, Special Issue*
*pp.135-138*
*Article No.28*

**Online available at:**
*https://anubooks.com/journal/journal-global-values*

**DOI:** *https://doi.org/10.31995/jgv.2023.v14iS2.028*

आज साहित्य में रोती–कलपती स्त्री नहीं, बल्कि अपने होने का गौरव करने वाली, अपने अधिकारों की मांग करने वाली स्त्री का सृजन हो रहा। समकालीन लेखन में स्त्री–छवि का जो स्वरुप मिलता है वह एकाएक प्रगट नहीं हुआ है। इसके पीछे वैचारिकता और आन्दोलनों की गहरी पृष्ठभूमि है। संघर्ष की निरंतर चलने वाली प्रक्रिया के बीच से जड़ता का उच्छेदन संभव हुआ है। किन्तु इसका यह अर्थ नहीं है कि आज से पहले सशक्त स्त्री–छवियाँ समाज और साहित्य से नदारत थीं। 'महिला लेखन की एक अविच्छिन धारा रही है, आवश्यकता उसे खोज निकालने की है और एक व्यवस्थित आकर देने की है। ऋग्वेद में रोशमा, लोपामुद्रा, श्रद्धा, कामायनी, यमी, वैवस्वती, पौलोमी, शची, विश्वारा, अपाला, घोषा, सूर्या, शाश्वती, ममता एवं उशिज आदि ऋषिकाओं के नाम मंत्र–द्रष्टा के रूप में प्राप्त होते हैं। ईसा पूर्व पांचवीं शताब्दी में थेरी गाथाओं में 522 गाथाओं का संकलन है जिसमें लगभग 100 थेरियों की वाणी हैं। थेरी गाथाओं विभिन्न वर्गों एवं वर्णों की महिलाएं शामिल हैं जिन्होंने अपने संचित जीवनानुभवों को इन गाथाओं में गाया हैं। "खेमा, सुमना, शैला और सुमेधा कोसल, मगध और आलवी के राजवंशों की महिलाएं थी। महाप्रजापति गोतमी, तिश्या, अभिरुपा नंदा, सुंदरी नंदा, जेन्ती, सिंहा, धीरा, मित्रा, भद्रा, उपशमा और अन्यतरा आदि थेरियाँ शाक्य और लिच्छवि सामंतों की कन्याएँ थी। मैत्रिका, अन्यतरा, उत्तमा, चाला, उपचाला, शिशूचाला, रोहिणी, सुंदरी, शुभा, भद्रा, कापिलायिनी, मुक्ता, नंदा, सकुला, चंदा, गुप्ता, दंतिका और सोमा ब्राह्मण वंश की थी। गष्हपति और वैश्यवर्ग की महिलाओं में पूर्णा, चित्रा, श्यामा, उर्विरी, शुक्ला, धम्मदिन्ता, उत्तमा, भद्रा, कुण्डलकेशा, पटाचारा, सुजाता और अनोपमा के नाम लिए जा सकते हैं। अड़ढकाशी, अभयमाता, विमला और अम्बपाली गणिकाएँ हैं। शुभा सुनार की पुत्री है और पूर्णिका दासी की है।"[2] थेरी गाथाओं की अपनी पहचान है और यह पहचान स्त्री होने की है। इन गाथाओं में स्त्रियों ने अपने जीवन सत्य और अनुभवों के विषय में बहुत ईमानदारी से बताया है। "थेरीगाथा भगवान बुद्ध की समकालीन भिक्खुणियों के जीवनानुभव उन्हीं की वाणी में व्यक्त अभिव्यक्ति का अनुपम संग्रह हैं। थेरीगाथा काल के पहले भारतीय इतिहास में नारी को अपनी व्यथा को इतनी स्वतंत्रता के साथ प्रगट करते नहीं देखा जा सकता। वास्तव में थेरीगाथा नारी स्वतंत्रता को प्रगट करने वाला पहला ग्रन्थ है।"[3] सुमंगलामाता नामक थेरी अपने अनुभवों को व्यक्त करते हुए कहती हैं –

"अहो ! मैं मुक्त नारी। मेरी मुक्ति कितनी धन्य है !
पहले मैं मूसल लेकर धान कूटा करती थी,
आज उससे मुक्त हुई !
मेरी दरिद्रावस्था के वे छोटे–छोटे बर्तन !
जिनके बीच मैं मैली–कुचौली बैठती थी,
और मेरा निर्लज्ज पति मुझे उन छातों से भी तुच्छ समझता था
जिन्हें वह अपनी जीविका के लिए बनाता था।
अब, उस जीवन की आसक्तियों और मैलों को मैंने छोड़ दिया है।
मैं आज वृक्ष–मूलों में ध्यान करती हूँ।
अहो ! मैं कितनी सुखी हूँ
मैं कितने सुख से ध्यान करती हूँ !"[4]

मध्यकाल में "स्त्री विमर्श पर चर्चा करते समय सबसे पहले जिस तेजस्वी व्यक्तित्व का नाम ध्यान में आता है वह है– मीरा, जिन्होंने मध्यकाल के सामन्ती समाज, पितृसत्तात्मक समाज में विद्रोह का झंडा बुलंद किया और अपने समय को झकझोर कर रख दिया। मीरा ने समाज द्वार स्थापित मूल्य–मान्यताओं को ललकारा और अपने विद्रोही तेवरों के सहारे अपनी अनोखी पहचान बनाई। अपने स्त्रीत्व को उन्होंने एक अद्भुत उदात्तता में परिवर्तित कर दिया।"[5] लेकिन यहाँ एक और महत्वपूर्ण बात ध्यान देने योग्य है कि पितृसत्तामक व्यवस्था के समर्थक और पुरोधाओं ने उस समय भी अपने तरीके से मीरा को रोकने का बहुत प्रयास किया "जब मीरा अपने पति और परिवार से विद्रोह कर गलियों में घूम–घूम गाने लगी, 'मेरे तो गिरिधर गोपाल, दूसरो न कोई रे' तो उच्च कुल और राजकुल की मर्यादा के रक्षार्थ, बड़ी चालाकी से आध्यात्म का पर्दा डालकर, उसे भक्त कवि कहकर, उसके विद्रोह की भावना को ढंक दिया ताकि पुरुष की सत्ता बरकारार रहे और कोई स्त्री स्वतंत्र होकर गौरवान्वित न हो पाए, भले उस स्त्री को भक्त का रूप देकर महिमामंडित ही क्यों न करना पड़ जाए। भक्त परिवर्तन–कामी नहीं होते, अनुगामी होते हैं, सो मीरा को कृष्ण की भक्तिन बता दिया गया।"[6] इसी समय आण्डाल, अक्क महादेवी, चन्द्रसखी, ललद्य, ताज आदि भी स्त्री चेतना की पुरोधा महिलाएं थी। ताज के तेवर मीरा तरह विद्रोही नहीं थे मगर फिर भी मुस्लिम होते

हुए उन्होंने खुद कृष्ण के प्रेम में 'हिन्दुआनी' घोषित किया है। यह उस समय बहुत साहस की बात थी। आण्डाल को दक्षिण की मीरा कहा जाता था। इसी कड़ी में आगे पुरुषवादी रवैये से परिचित कराती एक अनाम लेखिका ने 'सीमंतनी उपदेश' लिखा। उन्होंने इस रचना के माध्यम से स्त्री समानता और अधिकारों की बात करने अपनी साहस का परिचय दिया। इतना होने के बाद भी समाज के भय से अपना परिचय देने का साहस न जुटा पाई, उन्होंने पुस्तक में अपना नाम न देकर 'एक हिन्दू औरत' लिखा। यह बीते समय में महिला लेखन की स्थिति और समाज में उसकी वास्तविक तस्वीर को उजागर करती है। इसी परम्परा में अगली और महत्वपूर्ण कड़ी में महादेवी और सुभद्राकुमारी चौहान का नाम है। "मीरा के बाद आधुनिक समय में जो अत्यंत महत्वपूर्ण नाम सामने आते हैं, वे हैं– महीयसी महादेवी वर्मा और वात्सल्य की प्रतिमूर्ति सुभद्राकुमारी चौहान। महादेवी जी ने जहां पुरुष समाज के बन्धनों को अस्वीकार करते हुए स्त्री होने की करुणा को चित्रित किया वही सुभद्रा जी स्त्रीत्व के उल्लास और कान्तिमयी तर्कता को शब्द देते हुए स्त्रीत्व की गरिमा को नई ऊँचाई दी।"[7]

एक साजिश के तहत जब स्त्रियों ने लिखना शुरू किया या लिखने की कोशिश की, तो सर्वप्रथम उन्हें नजरअंदाज करने का प्रयास किया गया, उनके लेखन को रोने–धोने वाला कहा गया। इतना होने पर भी जब लेखिकाओं ने हार नहीं मानी और लेखन की हर विधा में दखल देने लगी, अपनी उपस्थिति दर्ज कराने लगी तो कुछ आलोचकों ने उन्हें सराहा जरुर मगर उन्हें पुरुष लेखक के समकक्ष नहीं माना। "यदि मर्द आगे बढ़ते हैं, खूब छपते हैं, खूब लिखते हैं तो यह उनकी प्रतिभा का कमाल है; लेकिन यदि कोई स्त्री लिखती है, छपती है तो वह अपनी प्रतिभा 'एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटीज' के कारण छपती है। जरा–सा खरोंचिये कि प्रगतिशीलता के गूदडों में अन्दर दबा मर्द फुंफकारने लगता है। यह औरत जबान लड़ाती है। पलट कर जवाब देती है। साली क्या समझती है अपने आप को ? औरत होकर यह दुस्साहस इसको तो एक बार में ठीक किया जा सकता है। जिनके साथ रहती है, चाय पीती है, नाम जोड़ दो उनके साथ ! बस, काम खत्म। साथ में अफसर का नाम भी, फिर कुछ करने की जरुरत ही नहीं रह जाएगी।"[8] इन सबके बाद भी लेखिकाएँ रुकी नहीं। उन्होंने नए–नए विषयों पर अपनी लेखनी चलाई, अपने नए अनुभवों पूरी निडरता के साथ अपनी रचनाओं में उकेरा।

महिला लेखिकाओं ने स्त्री–दृष्टिकोण से जीवन को देखा और अपनी रचनाओं में दर्शाया है। उन्होंने अपनी अनुभूतियों से साहित्य को समृद्ध किया है और उन–उन विषयों पर साहित्य लेखन किया जो अब तक अछूती रह गयी थी। रचनाकारों ने उन अनुभूतियों को स्वर दिया है जो अब तक किसी कोने में उदास पड़ी थी। यह अपने आप में एक उपलब्धि है। उन्होंने सहानुभूति को छोड़कर स्वानुभूति के बल पर अपनी राह बनाई और अपनी मंजिल की ओर आगे बढ़ रही। आज के समय में महिला लेखन की बेबाकी और स्पष्टवादिता पर बहुत से आरोप भी मढ़े जा रहे हैं। स्त्री चेतना का मतलब पुरुष का बहिष्कार या अपमान नहीं है। इसमें सह–अस्तित्व की भावना निहित है। इसके स्पष्टीकरण में रोहिणी अग्रवाल बड़े ही सार्थक और सधे शब्दों में जवाब देती हैं कि "महिला लेखन के मूल में स्त्री–चेतना का यही छोटा सा बीज है। इसलिए 'महिला–लेखन' न गाली है न चुनौती, वरन् वह मनुष्य, नागरिक और सामाजिक प्राणी की हैसियत से स्त्री के मानवीय अधिकारों की संघर्षपूर्ण मांग करने वाला साहित्य है। लेखन कोई भी कर सकता है स्त्री या पुरुष। अतः लैंगिक पहचान की बात यों भी बेमानी हो जाती है, लेकिन हम अपने शुद्धतावादी–ब्राह्मणवादी संस्कारों का क्या करें जो स्त्री को स्वतंत्र विषय और प्रस्तोता मानने को राजी ही नहीं।"[9] सच्चाई भी यह है कि आधुनिक सृजनधर्मा स्त्री लेखिकाओं ने अपनी रचनाओं में स्त्रियों की एक बेबाक छवि प्रस्तुत की है और समाज व पुरुष की मानसिकता की परत–दर–परत खोली। वे अपने अनुभवों को लिखकर समाज को उसकी विषमताओं और विकृतियों का आईना दिखा रही हैं।

कृष्णा सोबती प्रसिद्ध उपन्यास लेखिका है। उन्होंने अपने सम्पूर्ण रचना में नारी मुक्ति संकल्पना को विभिन्न रूप से दर्शाने का प्रयास किया है। उनकी रचनाओं में स्त्री अस्मिता के प्रश्न, स्त्री की अंतर्द्वंदात्मक स्थिति का चित्रण है। मैत्रेयी पुष्पा ने अपनी रचनाओं में स्त्रियों के ऐसी रूप को चित्रित किया है जो स्वयं संघर्ष करती हैं। उनके उपन्यासों में स्त्री की पारिवारिक चेतना के अनेक चित्र वर्णित हैं। उन्होंने अपने उपन्यासों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों की स्त्रियों की अस्मिता को एक बड़े फलक पर प्रस्तुत करने की कोशिश की है। उषा प्रियंवदा की कहानियां स्त्री–पुरुष संबंधों, प्रेम और परिवार की परिवर्तित व्यवस्था, नारी की जटिल मानसिकता, भटकाव, पीड़ा और विद्रोह की कहानी है। मन्नू भंडारी ने स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद उभरे नए जीवन मूल्यों और संघर्षों को अपनी रचनाओं का केंद्रबिंदु बनाया है। उन्होंने नारी की मानसिकता को वैयक्तिक चेतना के आधार पर वर्णित किया है। मेहरुन्निसा परवेज ने मुस्लिम महिलाओं की दबी और घुटन भरी जिन्दगी और उनके दुःख–दर्द को अपनी रचनाओं में अभिव्यक्त किया है। इनकी स्त्री पात्र बहुत ही सजग, सशक्त और संवेदनशील है जो पारिवारिक, सामाजिक, धार्मिक

संकीर्ण मान्यताओं मान्यताओं के विरुद्ध विद्रोह करती है। चित्रा मुदगल ने स्त्री के दुःख—दर्द और स्त्री—मुक्ति के सवालों को उपन्यास का केंद्रबिंदु बनाया है। उनका रचनात्मक उद्देश्य स्त्री—शक्ति का परिचय देना है। उन्होंने आधुनिक नारी की दशा और दिशा को केंद्र में रखकर पूंजीवादी हथकंडों को बेनकाब किया है। प्रभा खेतान ने स्त्री अस्मिता, स्वतंत्रता और आर्थिक स्वतंत्रता की चेतना को बहुत ही बेबाकी से अपनी रचनाओं में चित्रित किया है। स्त्री—जीवन और स्त्री—पुरुष संबंधों से जुड़े सवालों को भी अपनी रचनाओं में उठाया है। उन्होंने अपनी रचनाओं में पितृसत्ता के बीच अपने अधिकारों के लेकर संघर्ष करने वाली स्त्रियों के चरित्र को गढ़ा है। मृदुला गर्ग नारी अस्मिता से ज्यादा महत्वपूर्ण और कुछ नहीं मानती है। उनकी कथा नायिका जीवन की सार्थकता अपनी आत्मनिर्भरता में ढूंढती है। मंजुल भगत ने अपनी रचनाओं में स्त्रियों को पूरी संवेदना के साथ उकेरा है। उन्होंने स्त्री के सामाजिक जीवन की सशक्त अभिव्यक्ति की है। ममता कालिया ने अपनी रचनाओं में नारी जीवन, उसकी मानसिकता, पीड़ा और घुटन आदि को चित्रित किया है। उनकी नारी पात्र वैचारिक स्तर पर एक नई चेतना के साथ नारियों के लिए अलग से बनाए गए सामाजिकता, नैतिकता और मान्यताओं का विरोध करती हैं। राजी सेठ की रचनाओं में नारी की दासता, घुटन, आंतरिक टूटन और अस्मिता के प्रश्न बार—बार आते हैं। उन्होंने नारी के ऐसे रूप को चित्रित किया है जिसे एक स्त्री ही अधिक सच्चाई के साथ निरुपित करती है। इनकी स्त्री—पात्र अपने स्त्रीत्व की रक्षा करते हुए सामाजिक व्यवस्था को नकार देती हैं। नासिरा शर्मा का रचना संसार मुख्यतः नारी के प्रति असमानताओं और उसके अस्तित्व की रक्षा के लिए लड़ा जाने वाला युद्ध है। उन्होंने अपनी रचनाओं में न सिर्फ स्त्री—जीवन की समस्याओं का उल्लेख किया है बल्कि अपने स्तर से समाधान भी प्रस्तुत करने का प्रयास किया है। प्रगतिशील महिला लेखिकाओं ने पुरुष वर्चस्व को चुनौती देते हुए साहित्य लेखन के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई है। समकालीन महिला रचनाकारों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से कई नये प्रयोग किए है। अनामिका, कात्यायनी, मधु कांकरिया, सुधा अरोड़ा, प्रभा खेतान, नमिता सिंश, उषा गुप्ता, सोनाली सिंह, अलका सरावगी, पंखुरी सिन्हा, शर्मीला बोहरा, मनीषा कुलश्रेष्ठ, नीलाक्षी सिंह, अल्पना मिश्र, गीतांजलि श्री, दूर्वा सहाय, जया जादवानी, लवलीन, क्षमा शर्मा, उर्मिला शिरिश, ज्योत्सना मिलन, पुष्पा बंसल, मृदुला गर्ग, राजी सेठ, शशि प्रभा, मंजुल भगत, क्षमा शर्मा आदि नामों की लम्बी सूची है जिन्होंने बदलते हुए समय और जीवन संदर्भो में स्त्रियों की बदलती हुई मानसिकता और परिस्थितियों को ध्यान में रखकर साहित्य रचना की है। इन लेखिकाओं ने अपने बहुमूल्य रचनाओं के माध्यम से महिला लेखन को एक नयी दशा और दिशा प्रदान करने का सार्थक प्रयास किया।

अतः संक्षेप में प्रगतिशील महिला लेखिकाओं ने पुरुष वर्चस्व को चुनौती देते हुए साहित्य लेखन के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई है। आधुनिक लेखिकाओं ने बदलते हुए जीवन सन्दर्भों में ऐसी स्त्रियों को रेखांकित किया है जो एक साथ नयी और पुरानी चुनौतियों से मुठभेड़ करती हुई जीवन में आगे बढ़ रही हैं। वे रूढ़ियों को तोड़कर अपनी पहचान स्थापित करने के लिए कटिबद्ध हैं। उनकी कहानियों में बेचारी या आसानी से बरगलाई जाने वाली महिलाओं के स्थान पर शिक्षित, अपने अधिकारों से प्रति सजग और संघर्षशील महिलाओं का चित्रण हैं। सभी महिला लेखिकाएँ आधुनिक चेतना संपन्न है। स्त्री—चेतना से ही विकास का रास्ता खुलेगा ऐसा मानते हुए वे अपने लेखन के माध्यम से भारतीय स्त्रियों की चेतना को बदलने की दिशा में प्रयासरत हैं।

## सन्दर्भ

1. सिंह, डॉ. प्रभाकर. समकालीन स्त्री लेखनः संवेदना और सरोकार. पृष्ठ 78.
2. राजे, सुमन. हिंदी साहित्य का आधा इतिहास. पृष्ठ 89.
3. डॉ. विमलकीर्ति. (संपादक). थेरीगाथा, बौद्ध भिक्खुणियों के जीवनानुभव और भावनापूर्ण उद्‌गार. पृष्ठ 3.
4. राजे, सुमन. हिंदी साहित्य का आधा इतिहास. पृष्ठ 89.
5. ओझा, सीमा. (2008). आजकल. मार्च. पृष्ठ 2.
6. गुप्ता, रमणिका. सृजनधर्मा स्त्री ने निर्मित की बेबाक स्त्री की छवि. पृष्ठ 69.
7. राजे, सुमन. हिंदी साहित्य का आधा इतिहास. पृष्ठ 99.
8. शर्मा, क्षमा. स्त्रीत्ववादी विमर्श समाज और साहित्य. पृष्ठ 26.
9. यादव, राजेंद्र. (संपादक). पितृसत्ता के नये रूप, आकाश चाहने वाली लड़की के सवाल. पृष्ठ 131.

Journal Global Values, Vol. XIV, Special Issue, May 2023, ISSN: (P) 0976-9447, (e) 2454-8391, Impact Factor 8.835*(SJIF)*
*https://doi.org/10.31995/jgv.2023.v14iS2.029*

# ग्वालियर घराने के प्रमुख वाग्येयकार पण्डित रोशन लाल वर्मा

शिवा वर्मा
*शोधार्थी, पी०एच०डी०*
*चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ*
*ईमेलः musicshiva7@gmail.com*

प्रो० वन्दना अग्रवाल
*प्राचार्या*
*श्रीमती बी०डी० जैन गर्ल्स (पी०जी०) कॉलेज*
*आगरा छावनी, आगरा*

***सारांश***

*पं0 रोशन लाल वर्मा जी का जन्म 15 जुलाई 1945 को इलाहाबाद में पं0 माया राम वर्मा जी के घर में हुआ था। पं0 रोशन लाल वर्मा जी लगभग 4 वर्ष की आयु से ही अपने पिता के साथ संगीत कार्यक्रम में गाया करते थे। पं0 रोशन लाल वर्मा जी बचपन से ही बहुत प्रतिभाशाली गायक थे। पं0 रोशन लाल वर्मा ने अपनी संगीत शिक्षा स्व0 पं0 माया राम वर्मा जी, स्व0 पं0 भोलानाथ भट्ट, पं0 लक्ष्मण कृष्णराव पण्डित जी से गुरू–शिश्य परम्परा के अन्तर्गत प्राप्त की। पं0 रोशन लाल जी ने सम्पूर्ण भारतवर्ष में संगीत के कार्यक्रम किये है। पं0 जी उच्चकोटि के वाग्येयकार के रूप में जाने जाते हैं। पं0 जी ने लगभग 5 हजार गजल, भजन, गीत, ख्याल, ठुमरी, ध्रुपद, धमार, चतुरंग, त्रिवट, तरानों की रचना की हैं। पं० रोशन लाल वर्मा जी आकाशवाणी दिल्ली से गजल, भजन, शास्त्रीय संगीत के ग्रेड कलाकार हैं।*

Reference to this paper should be made as follows:

शिवा वर्मा,
प्रो० वन्दना अग्रवाल

*ग्वालियर घराने के प्रमुख वाग्येयकार पण्डित रोशन लाल वर्मा*

*Vol. XIV, Special Issue*
*pp.139-143*
*Article No.29*

**Online available at:**
*https://anubooks.com/journal/journal-global-values*

**DOI:** *https://doi.org/10.31995/jgv.2023.v14iS2.029*

## जीवन–परिचय

पं0 रोशन लाल वर्मा जी के दादा स्व0 श्री बनवारी लाल जी मेरठ के कुरडी गांव में रहा करते थे। उनको भजन व कीर्तन आदि का बहुत शौक था। बनवारी लाल जी के दो पुत्र हुए, प्रथम श्री रतन लाल जो कि तबला बजाने में निपुण थे व द्वितीय श्री स्वर सम्राट पं0 माया राम वर्मा जो की अपने समय के शास्त्रीय संगीत के पण्डित माने जाते थे। माया राम जी ने अपनी संगीत शिक्षा पं0 शिकोटी महाराज मिश्रा व पं0 भोलानाथ भट्ट जी से गुरू–शिष्य परम्परा के अन्तर्गत इलाहाबाद में रहकर प्राप्त की थी। वह आकाशवाणी इलाहाबाद से गाया करते थे। उन्होंने अनेकों भजन व ख्यालों की रचना की।

मायाराम जी के छः पुत्र हुए प्रथम श्री रघुवीर जो तबला बजाया करते थे, द्वितीय श्री बलबीर, तृतीय श्री रोशन लाल वर्मा, चतुर्थ श्री भरत सिंह वर्मा, पंचम श्री रविन्द्र वर्मा, छठे श्री प्रताप वर्मा। श्री मायाराम जी मेरिस कॉलेज लखनऊ में संगीत अध्यापक तथा उसके बाद एच0ए0वी0 इण्टर कॉलेज सहारनपुर में संगीत अध्यापक के पद पर नियुक्त हो गये तथा सहारनपुर को ही अपनी संगीत की कर्मभूमि बना लिया। पं0 मायाराम जी जब सहारनपुर आये तो यहां संगीत का माहौल बिल्कुल भी नहीं था। मायाराम जी ने धीरे–धीरे संगीत का माहौल बनाना प्रारम्भ कर दिया व संगीत के छोटे–छोटे कार्यक्रम करने प्रारम्भ कर दिये।

## बाल्यकाल एवं गुरू–शिष्य परम्परा

"पं0 रोशन लाल वर्मा जी का जन्म 15 जुलाई 1945 को इलाहाबाद में हुआ था।"[1] परन्तु उनके पिता की नौकरी सहारनपुर में लग गयी थी तो वह भी अपने पिता के साथ सहारनपुर आ गये। पं0 रोशन लाल वर्मा जी ने संगीत की शिक्षा सर्वप्रथम अपने पिता पं0 मायाराम वर्मा जी से लेना प्रारम्भ कर दिया। पं0 रोशन लाल वर्मा जी लगभग 4 वर्ष की आयु से ही अपने पिता के साथ संगीत कार्यक्रम में जाते थे व वहाँ पर गाया करते थे। पं0 रोशन लाल वर्मा जी बचपन से ही बहुत प्रतिभाशाली गायक थे। जनता उनको सुनने के लिए उनके गायन का इन्तजार किया करती थी।

"पं0 माया राम जी एक बार रोशन लाल जी को 8 वर्ष की आयु में अपने गुरू पं0 भोलानाथ भट्ट जी के पास ले गये। उनके गुरू पं0 भोला नाथ जी ने पं0 रोशन लाल वर्मा जी को कुछ गाने को कहा। जब उन्होंने उनको एक भजन सुनाया तो भोलानाथ भट्ट जी ने मायाराम जी को कहा कि रोशन को मुझे दे, इसको मै सिखाऊँगा।"[2] पं0 मायाराम जी ने अपने गुरू की आज्ञा मानी व उनको उनके पास सिखाने के लिए गुरू–शिष्य परम्परा के अन्तर्गत छोड़ दिया और लगभग वह पं0 भोलानाथ जी के पास 9 वर्ष रहकर सीखते रहे। उन्होंने पं0 भोलानाथ भट्ट जी से ठुमरी, दादरा, ख्याल, भजन, सादरा की शिक्षा ली।

"पं0 जी बताते है कि पहले मै रोज बाजार से सब्जी लाया करता था। उसके बाद जब गुरू जी अपने वरिष्ठ शिष्यों को सिखाया करते थे तब उनके घंटो–घंटों पांव दबाया करता था। यह सिलसिला निरन्तर एक वर्ष तक चलता रहा। एक दिन गुरू जी ने कहा कि "क्या सीखा तूने इतने समय में, जरा सुना तो।" तब पं0 जी ने जो सुनकर सीखा था उसमें से राग भैरवी सुनाया तो गुरूजी बहुत प्रसन्न हुए और उसी दिन से मुझे संगीत की शिक्षा देनी प्रारम्भ कर दी।

"पं0 जी बताते हैं कि पं0 भोलानाथ भट्ट जी को उस समय थोड़ा कम सुनता था परन्तु उनकी लय और सुर पर पकड बहुत मजबूत थी।"[3]

वर्ष 1963 में पं0 रोशनलाल वर्मा जी ने पं0 भोला नाथ भट्ट जी से संगीत की शिक्षा प्राप्त कर अपने गुरूजी की आज्ञा से सहारनपुर आ गये।

"पं0 भोलानाथ भट्ट जी के वरिष्ठ शिष्य पं0 रामाश्रय झा (रामरंग) व पं0 गणेश प्रसाद मिश्रा (अम्बाला), पं0 रोशनलाल जी के गुरूभाई के साथ–साथ अच्छे मित्र भी थे।"[4] वर्ष 1964 में पं0 जी के गायन से प्रभावित होकर एस0ए0एम0 इण्टर कॉलेज में इनको संगीत अध्यापक के पद पर नियुक्त कर दिया गया। पं0 रोशनलाल वर्मा जी निरन्तर अपने पिता से सिखते रहे तथा वर्ष 1966 में संगीत प्रवीण की डिग्री प्राप्त की। जब तक पं0 रोशन लाल वर्मा जी की ख्याति आसपास फैलती जा रही थी। वर्ष 1970 में पं0 रोशन लाल जी दिल्ली आकर रहने लगे व संगीत के कार्यक्रम देने लगे और आकाशवाणी दिल्ली से गाना प्रारम्भ कर दिया।

"पं0 जी ने एक बार पं0 लक्ष्मण पण्डित का गायन मंच पर सुना व पं0 जी उनके गायन से इतने प्रभावित हुए कि इनको गुरू बनाना चाहते थे। पं0 लक्ष्मण कृष्णराव जी दिल्ली में ही रहते थे। उनका घर का पता प्राप्त करके उनके घर गये व तब उन्होंने पं0 लक्ष्मण पण्डित जी से आग्रह किया। उनको अपना गायन सुनाया और उनके गंडाबन्ध–शिष्य बन गये व ग्वालियर घराने की गायकी को अपनाते (अपने पिता की आज्ञा से) हुए ग्वालियर घराना अपना लिया।"[5]

पं0 लक्ष्मण पण्डित जी से ग्वालियर घराने की गायकी की बारीकियों को सीखना प्रारम्भ कर दिया व उनके साथ मंच पर साथ में गाने लगे। पं0 रोशनलाल वर्मा जी पं0 लक्ष्मण पण्डित जी के सबसे ज्येष्ठ शिष्य है। पं0 लक्ष्मण पण्डित जी कहते हैं कि "पं0 रोशनलाल वर्मा उच्चकोटि के गायक के साथ–साथ उच्चकोटि का वाग्येयकार है तथा बहुत बड़ा गुरूभक्त भी है।"[6]

## पारिवारिक जीवन

''पं0 रोशनलाल वर्मा जी का विवाह वर्ष 1971 में सहारनपुर शहर के एक प्रतिष्ठित परिवार की पुत्री राजकुमारी वर्मा जी से सम्पन्न हुआ।''[7]

राजकुमारी वर्मा जी की संगीत में रूचि थी, गायन की शिक्षा उन्होंने अपने पति पं0 रोशनलाल वर्मा जी व ससुर पं0 मायाराम वर्मा जी से प्राप्त की। पं0 रोशनलाल वर्मा वर्ष 1970 से निरन्तर आकाशवाणी नजीबाबाद व आकाशवाणी दिल्ली से गजल, भजन व ख्याल गायक के रूप में अपनी सेवा देते रहे।

पं0 रोशन लाल वर्मा जी को तीन पुत्ररत्न व दो पुत्रियों की प्राप्ति हुई। पं0 जी की प्रथम पुत्री श्रीमती रीना वर्मा संगीत में एम0ए0, प्रयाग संगीत समिति इलाहाबाद से संगीत प्रवीण हैं तथा मुरादाबाद में संगीत प्रवक्ता के पद पद नियुक्त हैं। द्वितीय पुत्र संदीप रोशन है, जो संगीत में पी0एच0डी0 कर रहे हैं व गायक के रूप में स्थापित हैं। तृतीय सुधीर रोशन जी संगीत प्रभाकर हैं, चतुर्थ डा0 शालिनी वर्मा जो राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय मेरठ में असिस्टेंट प्रोफेसर संगीत गायन के पद पर नियुक्त हैं। पंचम शिवा रोशन जो संगीत में पी0एच0डी0 कर रहे हैं व शास्त्रीय गायक के रूप में जाने जाते हैं। पं0 रोशनलाल वर्मा जी जितने प्रभावशाली गायक हैं उतने ही प्रभावशाली गुरू के रूप में स्थापित हैं।

उनका कहना हैं कि ''आजकल संगीत सीखने के साथ–साथ संगीत की पढाई (डिग्री) भी होनी उतनी ही जरूरी है।''[7]

पं0 जी अपने सभी छात्र–छात्राओं को संगीत सीखाने के साथ–साथ संगीत में डिग्री लेने को भी कहते हैं। उनके सिखाये छात्र–छात्रायें डिग्री, इन्टर, कॉलेज व कुछ शिष्य संगीत गुरू के पद पर है एवं संगीत संस्थायें चला रहे हैं।

''वर्ष 1977 में पं0 रोशन लाल वर्मा जी के पिता व कुछ संगीत प्रेमियों ने उन्हें अपने पास बुलाकर कहा कि अगर आप दिल्ली रहोगें तो सहारनपुर में संगीत का क्या होगा? जो मायाराम जी ने इतने वर्षो से कार्य किया है वह तो बन्द हो जायेगा और सहारनपुर से संगीत लुप्त हो जायेगा। अपने पिता की आज्ञा व संगीत प्रेमियों के आग्रह पर अपने गुरू पं0 लक्ष्मण कृष्ण राव जी से आज्ञा लेकर सहारनपुर वापस आ गये और यही पर संगीत को आगे बढाने का कार्य निरन्तर करते आ रहे हैं।''[8]

## संगीत शिक्षण, कार्यक्रम एवं सम्मान

पं0 जी के पिता ने वर्ष 1955 में सरस्वती संगीत अकादमी की स्थापना की थी जो उनके जाने के बाद सुचारू रूप से कार्य नही कर पा रही थी। पं0 जी ने सहारनपुर आकर संगीत–अकादमी को सुचारू रूप से चलाना प्रारम्भ कर दिया। 'बैठक' नाम की एक संगीत श्रृंखला प्रारम्भ की जो आज तक चलती आ रही है। पं0 रोशन लाल वर्मा जी को बिरला कॉलेज, दिल्ली, जिन्दल पब्लिक हाई सैकेण्ड्री स्कूल दिल्ली, टी–सीरीज कम्पनी में भजन गायक के रूप में, दिल्ली सरकारी स्कूल, शंकर जयकिशन, मुम्बई, (कम्पोजर) महर्षि गंधर्व वेद विश्वविद्यालय, अमेरिका से भी संगीत प्रवक्ता पद पर बुलाया गया था, लेकिन उन्होंने अपने पिता के वचन को निभाया और सहारनपुर में रहकर ही संगीत की सेवा करते रहे।

पं0 कृष्णकांत विद्याकुल 'हरिद्वार' ने एक किस्सा सुनाया– ''कृष्णकांत जी पं0 रोशनलाल वर्मा जी के शिष्यों में से एक थे। कृष्णकांत जी प्रतिवर्ष अपने घर पर एक संगीत की गोष्ठी किया करते थे जोकि पूरी रात चला करती थी एवं आसपास जैसे ज्वालापुर, रूड़की, सहारनपुर, हरिद्वार, ऋषिकेश, देहरादून के कलाकार आया करते थे। पं0 रोशनलाल वर्मा जी ने लगभग रात के एक बजे उस गोष्ठी में गाना प्रारम्भ किया। उस समय मौसम बिल्कुल साफ था, लोगों के आग्रह पर मेघ–मल्हार गाना प्रारम्भ किया। लगभग 20 मिनट बाद ऐसी बारिश हुई कि कार्यक्रम ही बन्द करना पड़ा। उसके बाद वर्ष 1985 के बाद जब तक वह कार्यक्रम चला, पं0 रोशनलाल जी निरन्तर 6 घंटे वहां गाया करते थे।''[9]

पं0 रोशन लाल जी ने सम्पूर्ण भारतवर्ष में संगीत के कार्यक्रम किये हैं, जिनमें कुछ प्रमुख हैं– ''बाबा हरिबल्लभ संगीत समारोह, जालंधर, स्पिक मेंके सहारनपुर, सरस्वती संगीत अकादमी सहारनपुर संगीत गोष्ठी, हरिद्वार, मार्ककण्डे संगीत समारोह, देहरादून। दिल्ली में अनेकों कार्यक्रम, बिहार में अनेकों कार्यक्रम, मानसी संस्था सहारनपुर सम्मान एवं कार्यक्रम, नाट्य सहारनपुर सम्मान व कार्यक्रम, रसिपा (राजन–साजन परफोमिंग आर्टस), सम्मान कार्यक्रम, संगम कला ग्रुप सम्मान व कार्यक्रम, बेजू संगीत विद्यालय मुजफ्फरनगर सम्मान एवं कार्यक्रम, मेरठ संगीत सर्किल (जौहरी जी द्वारा सम्मान एवं कार्यक्रम), लखनऊ महोत्सव लखनऊ, एल0के0 पण्डित जी के साथ, पटियाला महोत्सव पटियाला, पं0 एल0के0 पण्डित जी के साथ स्वामी हरिदास संगीत सम्मेलन मुम्बई, एल0के0 पण्डित जी साथ जुगलबंदियां हुई आदि कार्यक्रम में आज तक निरन्तर कार्यक्रम देते आ रहे हैं।''[10]

## शिष्यगण

पं0 रोशन लाल वर्मा जी ने गुरू के रूप में हजारों छात्र–छात्राओं को संगीत की शिक्षा दी हैं, जिनमें से बहुत सारे छात्र–छात्रायें संगीत अध्यापक के पद पर भारतवर्ष में फैले हुए हैं और बहुत सारे कलाकार के रूप में स्थापित हैं।

जिनमें कुछ प्रमुख शिष्य हैं ''स्व0 डा0 कल्पना भटनागर, मुजफ्फरनगर, भूपेन्द्र कोर, कनेडा, श्रीमती पूनम सक्सैना, मिंटू गुप्ता बंगाल, श्रीमती प्रतिमा शशिधर कोलकाता, श्रीमती शालिनी अग्रवाल दिल्ली, श्रीमती संगीता माथुर नोएडा, डा0 शालिनी वर्मा मेरठ, श्रीमती रीना वर्मा मुरादाबाद, श्रीमती सीमा अग्रवाल, डा0 सीमा अग्रवाल, डा0 रमेश दत्ता बंगलौर, डा0 स्मृति अग्रवाल इंग्लैण्ड, डा0 अमिता अग्रवाल, श्री संदीप रोशन, श्री गीता राम यमुनानगर, डा0 निधि शर्मा उदयपुर राजस्थान, डा0 गुंजन अग्रवाल पूना, श्रीमती लता नेगी मसूरी, स्व0 कृणकांत हरिद्वार, डा0 शिशिरनाथ चौधरी कोलकाता, श्री लोकपाल तोमर मोदीनगर, सोनाली ग्रोवर चण्डीगढ, नेहा गांधी चण्ढीगढ, देव कुमार कुरूक्षेत्र, सुश्री मीता पण्डित शास्त्रीय गायिका दिल्ली, रिपुल शर्मा मुम्बई, श्री शिवा रोशन, श्री अनुराग शर्मा हरिद्वार, वन्दना बिष्ट दिल्ली, श्री विजय लक्ष्मी, डा0 ज्ञान सिंह, पलक (दिल्ली), नितिन कुमार एवं राजकुमार आदि।''[11]

## वाग्येयकार के रूप में

पं0 रोशन लाल वर्मा जी उच्चकोटि के वाग्येयकार के रूप में जाने जाते हैं। पं0 जी ने लगभग 5 हजार गजल, भजन, गीत, ख्याल, ठुमरी, ध्रुपद, धमार, चतुरंग, त्रिवट, तरानों की रचना की हैं जिसमें कुछ वाग्येयकार के रूप में व कुछ पदों को लिपिबद्ध किया हैं। पं0 जी ने आम बोल–चाल की भाषा को चुनते हुए ख्यालों की रचना की हैं। जिसमें अधिक ख्याल भक्ति रस के हैं।

पं0 रोशन लाल वर्मा जी बहुत सरल व उदार ह्दय के इंसान हैं। संगीत के अलावा उनका और दुनिया में किसी भी वस्तु से मोह नहीं हैं। वह रोज सुबह उठकर लगभग एक घंटा पूजा करते हैं उसके बाद लगभग 4 घंटे रियाज करते हैं। दिन में छात्र–छात्राओं को सिखाते हैं व सांयकाल में फिर से अपना 4 घंटे रियाज करते हैं। पं0 रोशन लाल वर्मा जी सरस्वती संगीत अकादमी के अन्तर्गत निरन्तर 'बैठक' व अपने पिता स्व0 श्री मायाराम वर्मा जी की स्मृति में अखिल भारतीय शास्त्रीय संगीत गायन प्रतियोगिता व भव्य संगीत कार्यक्रम 'श्रद्धांजलि' श्रृंखला के अन्तर्गत करते हैं। जिसमें प्रतियोगियों का रहना–खाना सब फ्री होता है जिसमें सम्पूर्ण भारतवर्ष से प्रतियोगी आते हैं व कार्यक्रम में उभरते हुए कलाकार, राष्ट्रीय व अन्र्तराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकारों का कार्यक्रम सहारनपुर में कराया जाता है, जो सहारनपुर के लिए ''मिल का पत्थर'' है।

''वाग्येयकार के रूप में पं0 रोशनलाल वर्मा जी द्वारा लिखा हुआ एक संगीत का ग्रंथ जिसमें लगभग 150 रागों में ख्याल, ध्रुपद, तराने, आलाप, बोलताप, तानें, बोलताने शीघ्र ही प्रकाशित होने वाला है।''[12]

## पं0 जी की गायकी की विशेषतायें

पं0 रोशनलाल वर्मा जी की गायकी खुली आवाज की गायकी के साथ–साथ कर्णप्रिय मधुर आवाज, राग की शुद्धता पर विशेष ध्यान, बन्दिश का कलात्मक रूप, सौन्दर्यमय प्रस्तुतिकरण से युक्त हैं। उनको एक–एक राग में अनेकों बंदिशें याद हैं। एक विशेष बात यह हैं कि पं0 जी को यदि कोई पद अचानक से याद आ जाये या कोई पद उनको पढ़ कर अच्छा लगे तो वह साथ–साथ उसकी स्वर रचना कर उसको श्रोताओं के सामने गाना प्रारम्भ कर देते हैं। पं0 जी बहलावे का प्रयोग एक अनुठे ढंग से करते हैं। ग्वालियर की गायकी में गमक और मींड का अत्यधिक प्रयोग होता है। उसे गम्भीर आवाज में भिन्न–भिन्न प्रकार की गमकों का प्रयोग करना उनकी विशेषता हैं। जमजमा, मुर्की व खटकों का प्रयोग, अपनी मधुर आवाज को महान गुरूओं के मार्गदर्शन में व विकट साधना से साधते हुए तीन सप्तक की तान बहुत ही आसानी से लेते हैं। तानों के विशेष प्रकारों पर समान अधिकार, विभिन्न प्रकार की अपने गायन में लयकारियों का प्रयोग कर सम पर आने का भी पं0 जी का विशेष अंदाज हैं। ताल के सम्पूर्ण आवर्तन में अष्टांगों की गायकी को भरते हुए अचानक तिहाईयों के साथ सम पर आना उसका अपना अलग ही अंदाज है। गायन की सभी विधाओं पर समानाधिकार है। जैसे ख्याल, ठुमरी, दादरा, सादरा, गजल, भजन, तराना, त्रिवट, चतुरंग, टप्पा, टप्पे अंग की बंदिशों पर पं0 रोशन लाल जी जैसे गायन पर अपना विशेष अधिकार रखते हैं। वैसे ही सितार, तबला और हारमोनियम पर भी अपना विशेष अधिकार रखते हैं। उनके पुत्र का कहना हैं कि वो जैसा गाना गाते हैं उसी प्रकार गायकी अंग का सितार बजाते हैं।

## समकालीन कलाकारों के विचार

पं0 लक्ष्मण कृष्ण राव जी का कथन ''रोशनलाल उच्च कोटि का गायक व उच्चकोटि का वाग्येयकार भी हैं।''[13]

आगरा घराने के प्रो0 यशपाल जी का कथन ''पं0 जी जैसे गायक व गुरू आसानी से नहीं मिलते हैं।''[14]

शास्त्रीय गायिका डा0 मीता पण्डित जी का कथन ''रोशन लाल जी जैसे वाग्येयकार सदियों में पैदा होते हैं। उनका स्वर रचनायें बहुत ही मधुर व कर्णप्रिय होती हैं।''[15]

वायलिस्ट संतोष कुमार नाहर का कथन ''रोशन लाल जी जैसे गुणीजन कलाकार सदियों में पैदा होते हैं।''[16]

स्व0 गणेश प्रसाद शर्मा जी कहते हैं कि ''रोशन लाल जी की गायकी ग्वालियर की अष्टांग गायकी प्रधान गायकी हैं। विशेष वह ठुमरी अंग में जब ग्वालियर गायकी का मिश्रण करते हैं तो सुनकर बहुत ही आनन्द प्राप्त होता है।''[17]

डा0 शालिनी वर्मा का कहना है कि ''मेरे गुरू व पिता जी का जब हम गाना सुनते हैं तो आत्मा का परमात्मा से मिलन हो जाता है। उनकी गायकी भाव प्रधान गायकी है।''[18]

डा0 सीमा अग्रवाल जी कहती है ''रोशन लाल जी उन गुणीजन कलाकारों में से एक हैं। जिन्होंने संगीत को जीवित रखने के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन संगीत पर ही त्याग दिया।''[19]

पं0 रामाश्रय झा जी कहते थे कि ''रोशन सिर्फ और सिर्फ संगीत के लिए ही बना है। उसको संगीत के अलावा कुछ नहीं पता।''[20]

श्रीमती रीना वर्मा जी का कहना है कि ''मेरे गुरू व पिता जी उत्तम कोटि के कलाकार के साथ–साथ उच्चकोटि के गुरू भी हैं।''[21]

ग्वालियर घराने की महान परम्परा के मूर्धन्य गायक पं0 रोशन लाल वर्मा जी जिन्होंने ग्वालियर घराने की परम्परा को कायम रखा हुआ है। इस गायन महर्षि के व्यक्तित्व को विस्तृत स्वरूप को प्रस्तुत करने का यह प्रथम प्रयास है। शोधकर्ता को उसी परिवार के सदस्य होने के कारण प्राथमिक स्रोत के आधार पर यह लघु शोध–प्रबन्ध लिखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। पं0 रोशन लाल वर्मा जी के साथी कलाकार उनके परिवार व शिष्यों से काफी जानकारी प्राप्त हुई हैं।

पं0 रोशन लाल जी के द्वारा उनकी अद्भुत स्मरण–शक्ति उनके कुछ प्रमुख शिष्यगण, परिवार सदस्यों व उनके साथी कलाकारों से उनके बारे में काफी जानकारी शोधकर्ता को प्राप्त हुई हैं। पं0 रोशन लाल वर्मा जी को कैसे अपने गुरूओं से सिखने का सुअवसर मिला, गुरू–शिष्य परम्परा के बारे में जानने का मौका मिला, इस बात को शोधकार्य में उजागर करने का प्रयास किया है।

## संदर्भ

1. साक्षात्कार. पं0 रोशन लाल वर्मा।
2. साक्षात्कार. श्री भरत सिंह वर्मा।
3. साक्षात्कार. पं0 रोशन लाल वर्मा।
4. साक्षात्कार. श्री गणेश प्रसाद शर्मा।
5. साक्षात्कार. पं0 रोशन लाल वर्मा।
6. साक्षात्कार. पं0 लक्ष्मण कृष्णराव पण्डित जी।
7. साक्षात्कार. श्रीमती रीना वर्मा।
8. साक्षात्कार. श्रीमती राजकुमारी वर्मा।
9. साक्षात्कार. पं0 कृष्णकांत विद्याकुल।
10 साक्षात्कार. श्री संदीप रोशन।
11. साक्षात्कार. पं0 रोशन लाल वर्मा।
12. जानकारी शोधकर्ता।
13. साक्षात्कार. पं0 लक्ष्मण कृष्णराव पण्डित जी।
14. साक्षात्कार. प्रो0 यशपाल सिंह जी।
15. साक्षात्कार. डा0 मीता पण्डित।
16. साक्षात्कार. श्री संतोश कुमार नाहर।
17. साक्षात्कार. श्री गणेश प्रसाद शर्मा।
18. साक्षात्कार. डा0 शालिनी वर्मा।
19. साक्षात्कार. डा0 सीमा अग्रवाल।
20. पं0 रामाश्रय झा।
21. साक्षात्कार. श्रीमती रीना वर्मा।

# इक्कीसवीं सदी में पुरुष विमर्श : एक अनुशीलन

**कल्पना सिंह**
*शोधार्थी, हिन्दी विभाग*
*श्रीमती बी०डी० जैन गर्ल्स (पी०जी०) कॉलेज*
*आगरा छावनी, आगरा*
*ईमेलः kalpgir@gmail.com*

**प्रो० शिखा श्रीधर**
*अध्यक्ष, हिन्दी विभाग*
*श्रीमती बी०डी० जैन गर्ल्स (पी०जी०) कॉलेज*
*आगरा छावनी, आगरा*

***सारांश***

*साहित्य के क्षेत्र में सबसे अधिक क्रान्ति बीसवीं सदी में आयी। उस साहित्यिक क्रान्ति में जो शब्द सबसे अधिक चर्चा में आया वो था स्त्री–विमर्श। यूं तो स्त्री अपने ऊपर हो रहे अन्याय, अत्याचार, उत्पीडन, शोषण एवं लैंगिक भेदभाव का दबे स्वर में आरम्भ से ही विरोध करती रही, किन्तु बीसवीं सदी में चन्द जमात पढ़ी ये स्त्री जो मायके में अपने पिता, भाई और ससुराल में अपने पति एवं पुत्र पर निर्भर रहती थी, जब शिक्षित होने लगी तो वह अपने अधिकारों, अपने स्वाभिमान एवं अपनी अस्मिता के प्रति सजग एवं सचेत होने लगी, और इस प्रकार स्त्री विमर्श का आरम्भ हुआ।*

Reference to this paper should be made as follows:

कल्पना सिंह,
प्रो० शिखा श्रीधर

*इक्कीसवीं सदी में पुरुष विमर्श : एक अनुशीलन*

*Vol. XIV, Special Issue*
*pp.144-147*
*Article No.30*

**Online available at:**
*https://anubooks.com/journal/journal-global-values*

**DOI:** *https://doi.org/10.31995/jgv.2023.v14iS2.030*

यूरोप, अमेरिका जैसे पश्चिमी देशों में हो रहे नारीवाद एवं नारीमुक्ति आन्दोलनों से प्रभावित होकर भारतीय साहित्यकारों ने भी स्त्री को केन्द्र में रखकर अपने साहित्य में उसे विशिष्ट स्थान प्रदान किया।

किन्तु जैसे बीसवीं सदी स्त्री–विमर्श के नाम रही है, अब समय आ गया है, कि इक्कीसवीं सदी में पुरुष–विमर्श पर भी विचार किया जाए। स्त्री–विमर्श, नारीवाद अथवा फैमेनिज्म की बाढ़ में सब ऐसे बहे, कि जो पुरूष युगों–युगों सें इस धरती पर राज करता आया, एवं जिसको स्त्री का स्वामी कहा गया, वही पुरूष अब बेचारा बनकर रह गया। स्त्री–विमर्श ने अपने उदेश्य को इतना कट्टरपंथी बना दिया, कि वह एक पक्षीय बनकर रह गया। नारीवाद ने स्त्री को असहाय, अबला, निरीह एवं शोषित प्रदर्शित किया, किन्तु पुरूष को तो खलनायक ही घोषित कर दिया, जो कि स्त्रियों पर सिर्फ अत्याचार, उनका अपमान, उत्पीड़न एवं शोषण करता है।

अगर सभी पुरुष श्रीराम नहीं हो सकते हैं, तो सभी पुरुष रावण कैसे हो गए? हाँ यह कटु सत्य है, कि पुरुषों का कुछ प्रतिशत स्त्रियों पर सदैव हावी रहा है, किन्तु उसके आधार पर समस्त पुरुष वर्ग के लिए ऐसी नकारात्मक धारणा कैसे कायम की जा सकती है?

अब समय आ गया है, कि इस पूर्वाग्रह से मुक्त होकर पुरुषों के प्रति भी संवेदनशील होकर विमर्श किया जाए, क्योंकि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में स्त्रियों से अधिक तो पुरूष उपेक्षित हो रहे हैं। प्रत्येक क्षेत्र में बस नारीवाद अथवा फैमेनिज्म ही हावी है।

## पुरुषः आशय एवं स्वरूप

पुरुष शब्द देखने में भले ही छोटा प्रतीत होता है किन्तु इसका अर्थ अत्यंत व्यापक है। यदि परिभाषा की दृष्टि से देखा जाए तो पुरुष शब्द स्त्री के विपरीत लिंग के लिए प्रयोग किया जाता है।

हिन्दी भाषा में पुरुष से आशय है कि जो पुर अर्थात समाज की सेवा करता हो वही पुरुष कहलाता है।

वृहद हिन्दी कोश के अनुसार– "Man शब्द का अर्थ नर, मानव, मनुष्य, आदमी, पुरूष, मनुष्य, जाति, इंसान, आसामी, दास प्रजा, सेवक, परिचारक, सैनिक, जवान, कारीगर, पति एवं जलपोत आदि अर्थों में किया जाता है।"[1]

## विमर्श : आशय एवं स्वरूप

पुरूष शब्द पर विचार करने के उपरान्त अब विचार करते हैं कि विमर्श किसे कहते हैं? एवं उसका स्वरूप क्या है? मानक हिंदी कोश के अनुसार विचार, आलोचना व्याकुल, या उद्वेग को ही विमर्श कहते हैं।[2]

डॉ० भोलानाथ तिवारी के अनुसार तबादला ए ख्याल, परामर्श, मशविरा राय–बात, विचार विनिमय, विचार विमर्श, सोच विचार।[3]

डॉ. नामवर सिंह के शब्दों में विमर्श का अर्थ किसी एक वस्तु के बारे में लोगों के बातचीत करने के तरीके पर सोचने की पद्धति से है। यह तरीके मिलजुल कर लोगों की सामान्य धारणा को बनाते हैं।[4]

इस प्रकार पुरुष विमर्श से आशय पुरूषों की चारित्रिक विशेषताएँ, उनकी सामाजिक, पारिवारिक, आर्थिक एवं नैतिक परिस्थितियों के विश्लेषण करने की प्रक्रिया से है।

## पुरुष विमर्श की आवश्यकता

अब प्रश्न यह उठता है, कि बीसवीं सदी के साहित्य का केन्द्र विन्दु 'स्त्री–विमर्श' था, तथा जिस स्त्री–विमर्श का कारण ही पुरूष वर्ग था, फिर आखिर वे कौन से कारण उत्तरदायी हैं, जिसके कारण इस पुरुष प्रधान समाज में पुरूष–विमर्श की माँग उठायी जा रही है। पुरुष आखिर क्यों विमर्श का विषय बन गया, जो कल तक समाज एवं परिवार मुखिया था।

यह सर्वविदित है कि परिवर्तन प्रकृति का नियम है। शनैः–शनै, स्त्रियों की दशा एवं दिशा में भी क्रान्तिकारी परिवर्तन देखने को मिला। आधुनिक नारी अब पुरूष से दबकर नहीं रहती है, उसे भी अब पुरूषों के समान सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक एवं धार्मिक अधिकार प्राप्त होने लगे हैं। महिलाओं की सुरक्षा एवं अधिकारों के लिए अनेक कानून बने हैं। अनेक स्थानों पर तो उन्हें पुरुषों की अपेक्षा अधिक अधिकार एवं छूट प्राप्त हुई यथा महिला आरक्षण, नौकरियों में आयु सीमा में छूट कर में रियायत इत्यादि।

पिछली सदी में जितने जोर–शोर से नारी सशक्तिकरण के लिए आवाज उठायी गई थी, अब समय आ गया है कि पुरूष विमर्श पर भी विचार किया जाए, क्योंकि स्त्री और पुरूष दोनों की ही सृष्टि के निर्माण में अहम् भूमिका रहती है। अकेले नारी से ही सृष्टि नहीं चल सकती है, तो भला हम पुरुषों को कैसे उपेक्षित कर दें।

दरअसल गलती हमारी भी नहीं है, गलती इस पुरुष प्रधान समाज की सोच की है। पुरूष शब्द का जिक्र करते ही हमारे मन–मस्तिष्क में ऐसा विराट व्यक्तित्व चित्रित हो जाता है कि जैसे पुरुष ही इस सृष्टि का सबसे बलिष्ठ प्राणी है, वही इसका स्वामी है, वह जो चाहे वह कर सकता है एवं समस्त सृष्टि उसके अधीन है। मानों, विधाता ने नारी से इतर कुछ अमोघ शक्तियाँ पुरूष को प्रदान की हैं।

जैसे पुरुष को दर्द ही नही होता है, उसके प्रति किसी प्रकार की संवेदना एवं सहानुभूति रखने की आवश्यकता ही नहीं है, क्योंकि वह तो पुरूष है, बलिष्ठ है।

समाज पुरुष को सदैव एक शोषक की नजर से देखता आया है, जो कि सदैव स्त्रियों पर अत्याचार करके उनका शोषण करता रहा है।

महादेवी वर्मा के शब्दों में पुरुष को यदि वृक्ष की उपमा दी जाए तो वह अपने चारों ओर के छोटे–छोटे पौंधों का जीवन रस चूसकर आकाश की ओर बढ़ता है।[5]

महादेवी वर्मा जी ने तो पुरुषों को शोषक तक की उपाधि दे डाली। समाज में स्त्रियों को देवी का दर्जा दिया गया है, किन्तु जैसे सभी स्त्रियाँ देवी नहीं हो सकती हैं, तो समस्त पुरूष को वर्ग को हम दोशी करार देकर कठघरे में कैसे खड़ा कर सकते हैं? क्या पुरूष ही शोषण करते हैं? नही ....पुरूषों का भी शोषण होता है।

अपने आस–पास के गरीब, कमजोर, दीन हीन, असहाय, मजदूर वर्ग अथवा दलित वर्ग के पुरुषों को देखिए क्या ये पुरूष आप को शोषित नहीं लगते हैं? पुरूषों का शोषण तो घरों में भी होता है, और बाहर भी होता है। इस बात से में बिल्कुल भी सहमत नहीं हूँ, कि पुरुषों का शोषण सिर्फ स्त्रियाँ ही करती हैं, पुरुषों का शोषण पुरुष भी करते हैं।

ऑफिस में बॉस द्वारा अपने नीचे काम करने वाले कर्मचारियों का शोषण एवं उत्पीडन आम बात है। प्राय: प्रत्येक विभाग में चाहे वे निजी हो अथवा सरकारी ऐसे पीडित पुरुष देखने को मिल जायेंगे! इतना ही नहीं घरों में काम करने वाले घरेलू नौकर, होटलों मे, कारखानों एवं फैक्टरियों में काम करने वाले इन कमजोर वर्ग के पुरूषों का धनाढ्य वर्ग जमकर फायदा उठाता है, फिर भी बेचारे पुरूष अपनी बेबसी खुलकर बयान भी नहीं कर सकते हैं, क्योंकि पुरूष की छवि समाज ने ऐसी विराट पुरूष की बना रखी है, कि यदि वह किसी को बताता भी है, तो कोई भी आसानी से उसकी बात पर विश्वास नहीं करेगा। इसके विपरीत वह समाज में उपहास का पात्र और बन जाएगा।

पुरुषों की पैदाइश के लिए भले ही मन्नतों धागे बाँधे जाते हों और उनके जन्म पर जश्न भी मनाया जाता है, कि कुल का वंशज आ गया, लेकिन उनको विरासत में वसीयत के साथ–साथ अनेकानेक जिम्मेदारियाँ एवं फर्ज भी निभाने पड़ते हैं। पैदा होते ही कुल का नाम रोशन करने की जिम्मेदारी से लेकर मृत पिता को मुखाग्नि देने तक के प्रत्येक कार्य का उत्तरदायित्व पुत्र के कँधों पर ही होता है, यहाँ तक कि पितरों के तर्पण का भी फर्ज पुत्र ही निभाता है।

"जिस मानव सभ्यता ने स्त्री और पुरूष की गुणात्मक भिन्नता को जन्म दिया है, वह पितृ सत्तामक मानव सभ्यता है, इस मानव सभ्यता में पिता शासक अथवा नियंता होता हैं।[6] परिवार के भरण–पोषण का उत्तदायित्व उसी पर होता है। वर्तमान समय में स्त्रियाँ जब पुरुषों की बराबरी की बात करती हैं, पुरुषों के समान अधिकार भी चाहती है, तथा उन्हें माता–पिता की सम्पत्ति में बराबर का हिस्सा भी चाहिए तो सारे उत्तरदायित्व फर्ज एवं सारी आर्थिक जिम्मेदारी सिर्फ पुरुषों के ही हिस्से में ही क्यों आती हैं?

आजकल जिधर देखो उधर एक मुहिम सी छिड़ी है कि "मेरी बेटी मेरा अभिमान। सोचने वाली बात ये हैं कि जिस बेटे के जन्म के लिए इतनी मनौतियां माँगी जाती हैं, यहाँ तक कि गैर दृकानूनी ढंग से गर्भस्थ शिशु का लिंग परीक्षण तक भी करवाते हैं, फिर ये बेटा किसी का अभिमान क्यों नहीं होता है?

महिला दिवस के विषय में सबको पता होता है, कि वह कब मनाया जाता है, यहाँ  तक छोटी कक्षा में पढ़ने वाले बच्चे भी महिला दिवस के विषय में जानते हैं। किन्तु बिंडबना देखिए कि 'पुरूष दिवस' भी होता है स्वंय अधिकतर पुरूष इससे अनभिज्ञ हैं।

पुरूषों की बराबरी एवं उनसे आगे निकलने की होड़ में महिलाएं भी उनका शोषण करने से नहीं चूकती हैं। आए दिन समाचार–पत्रों, न्यूज चौनलों में देखने को मिलता है, कि किस प्रकार पुरूषों पर दहेज के झूठे आरोप, घरेलू हिंसा, यौन शोषण एवं बलात्कार के आरोप लगाकर उनको फँसाया जाता है।

अभी कुछ समय पहले ही 'फोर्थ बेब फैमिनिज्म' के अन्तर्गत एक आन्दोलन चलाया गया था Me too आन्दोलन, किन्तु क्या किसी ने यह जानने का प्रयास किया, कि महिलाओं द्वारा लगाए उन आरोपों में कितनी वास्तविकता है? क्या सभी पुरूष आरोपी हैं? अथवा समस्त महिलाएँ जिन्होंने उन पुरूषों पर आरोप लगाए हैं वे सब सच ही बोल रहीं हैं? किन्तु Me too आन्दोलन ने तो उन पुरूषों को एक झटके में ही गुनहगार बनाकर उन छवि को जिन्दगी भर के लिए धूमिल कर दिया।

"एक और घटना जो पिछले वर्ष जालंधर में घटित हुई कि चार धनाढ्य वर्ग की लड़कियों ने एक शादीशुदा युवा मजदूर को शराब पिलाकर उसके साथ गैंगरेप किया, और जब उस मजदूर ने उन रेपिस्ट लड़कियों के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई तो पुलिस भी यह तय नहीं कर पाई कि किस धारा के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज किया जाए? क्योंकि भारत में पुरूषों के खिलाफ होने वाले यौन–उत्पीड़न के लिए कोई कानून नहीं बना है क्योंकि भारत के कानून के अनुसार पुरूषों के साथ होने वाले यौन उत्पीड़न को रेप में नहीं गिना जाता है।"[7]

आज भी यदि पुरूष अपने अधिकारों की माँग कर ले तो उसे स्त्री–विरोधी–घोषित कर दिया जाता है। ये आधी आबादी के समर्थक सिर्फ महिलाओं की ही समस्याओं को केन्द्र में रखते हैं। उनकी नजर में समस्त समस्याओं की जड़ पुरूष ही हैं। इन्हीं कारणों से कुंठित होकर पुरूषों में हताशा बढ़ रही है, जिसस वे चिन्ता, डिप्रेशन का शिकार होकर आत्महत्या तक करने के लिए मजबूर हो जाते हैं, अथवा पढ़ाई, छोड़कर गलत, रास्ते पर चल पड़ते है। बॉलीवुड अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत ने कुछ ऐसी ही परिस्थितियों में मजबूर होकर आत्महत्या जैसा कठोर कदम उठा लिया था।

## निष्कर्ष

पुरुषों के उत्पीड़न एवं शोषण का ये सिलसिला अब थमना चाहिए। स्त्री–विमर्श की भाँति समाज में अब पुरुष–विमर्श को भी उचित स्थान मिलना चाहिए। पुरूष विमर्श न स्त्री विरोधी है, और न उनके अधिकारों का हनन करता है। स्त्री और पुरूष ईश्वर की बनाई हुई जैविक संरचना है, एवं दोनों के सहयोग से ही ये सृष्टि चल रही है। जिस प्रकार पाँचों उंगलियाँ बराबर नहीं होती हैं उसी प्रकार सभी पुरूष भी बुरे नहीं होते हैं। आधुनिक संस्करण में देखा जाए तो स्त्री भी शोषित है, दमित है, प्रताड़ित है, और पुरुष भी समान परिस्थितियों से गुजर रहा है। अतः विमर्श का विषय सिर्फ स्त्री न होकर पुरुष भी होना चाहिए, क्योंकि यदि स्त्री परेशान है, तो परेशान पुरूष भी है। पुरूष भी बराबर का हकदार है, कि उसके साथ भी मनुष्यता दिखाई जाए। पुरूष–विमर्श द्वारा सम्भव है कि इन विसंगतियों एवं असमानताओं को विराम् मिल जाए जो इन पुरूषों को अंधेरे की गर्त में धकेल रही हैं, एवं उनके जीवन को नैराश्यपूर्ण एवं दिशाहीन बन रहीं हैं। पुरुष विमर्श इक्कीसवीं सदी की महत्ती आवश्यकता है, जिससे कि ये पुरुष वर्ग राष्ट्र एवं समाज के नव निर्माण एवं विकास में अपना पूर्ण योगदान दे सकें।

## सन्दर्भ

1. बाहरी, डॉ. हरदेव. वृहद अंग्रेजी–हिन्दी कोश. भाग–1. पृष्ठ 1106.
2. मानक हिन्दी कोश. पृष्ठ 903.
3. तिवारी, भोलनाथ. संपादक. हिन्दी पर्यायवाची कोश. पृष्ठ 257.
4. साक्षात्कार. (2004). हंस, राजेन्द्र यादव. अगस्त. पृष्ठ 195.
5. वर्मा, महादेवी. (1944). श्रृंखला की कड़ियाँ. तृतीय संस्करण. जून. पृष्ठ 30.
6. डॉ. नगेन्द्र., डॉ. हरदयाल. संपादक. (2020). हिन्दी साहित्य का इतिहास. 72वां संस्करण. जून. पृष्ठ 434.
7. Rewaryasat-com http://www-rewariyasat-com-crime.

# 16 संस्कारों में लोकगीतों की पृष्ठभूमि

मनीषा
*सहायक आचार्य, संगीत विभाग (गायन)*
*श्रीमती बी०डी० जैन गर्ल्स (पी०जी०) कॉलेज, आगरा छावनी, आगरा*
*ईमेलः manisha3493@gmail.com*

**सारांश**

*भारतवर्ष अपनी संस्कति के लिए प्रसिद्ध है जहाँ संस्कृति है वहाँ संस्कार स्वतः ही मिश्रित है। प्राचीत काल से ही इस लोक में 16 संस्कार की मान्यता है जो व्यक्ति के जन्म से पूर्व ही प्रारम्भ हो जाती है और मृत्यु तक निरन्तर चलती है। इस प्रत्येक 16 संस्कारों के लिए लोक में लोकगीत निर्मित है जिसे आम जन जीवन वर्षों से गाता आ रहा है। इन्हीं संस्कारों में पल कर लोकगीतों का विकास किस प्रकार हो रहा है को सन्दर्भित करना मेरे मुख्य प्रपत्र ''16 संस्कारों में लोकगीतों की पृष्ठभूमि'' का उद्देश्य है। आशा है लोकसंगीत जिज्ञासुओं की ज्ञान पिपासा को इस पपत्र द्वारा थोड़ी संतुष्टि अवश्यक प्राप्त होगी।*

Reference to this paper should be made as follows:

मनीषा

*16 संस्कारों में लोकगीतों की पृष्ठभूमि*

*Vol. XIV, Special Issue*
*pp.148-151*
*Article No.31*

**Online available at:**
*https://anubooks.com/journal/journal-global-values*

**DOI:** *https://doi.org/10.31995/jgv.2023.v14iS2.031*

Journal Global Values, Vol. XIV, Special Issue, May 2023, ISSN: (P) 0976-9447, (e) 2454-8391, Impact Factor 8.835*(SJIF)*
*https://doi.org/10.31995/jgv.2023.v14iS2.031*

## लोकगीतों में संस्कार

संस्कार हिन्दु रीति रिवाज का मूलाधार है विकास क्रिया संस्कारों के परिस्कृत होती है। मनोवोचित संस्कारों में 16 संस्कारों को प्राथमिकता मिली है जिनका वर्णन वेदों में मिलता है। वैदिक काल में पुत्र जन्म, यज्ञोपवीत तथा विवाहादि के उत्सवों पर सरस सुमनोहर पदावलि में गाये जाने वाले गीतों का उल्लेख मिलता है। इन्ही गीतों के लिए वेद में गाथा शब्द का प्रयुक्त हुआ है। ऋग्वेद के अनेक मंत्रों में गाथा शब्द का प्रयोग गीत व पद के रूप में प्रयुक्त हुआ। ऋग्वेद में गाथा गायक को 'गाथिन्' शब्द से सम्बोधित किया जाता है। ऋग्वैदिक काल में विवाहादि अवसरों पर गाये जाने वाले गीत रैमी, नाराशंसी तथा गाथा आदि शब्दों के नाम से प्रसिद्ध हुई। ये गाथायें छन्दोबद्ध होती थी।

ब्राह्मण तथा आरण्यक ग्रन्थों में भी गाथाओं का वर्णन प्रचुर मात्रा में मिलता है शतपथ ब्राह्मण तथा ऐतरेय ब्राह्मण ग्रंथों में गाथा दृष्टान्त है जिनमें अश्वमेघ यज्ञ करने वाले राजाओं के उदात्त एवं महान चरित्र का वर्णन संक्षेप में हुआ। ऐतरेय ब्राह्मण में गाथाओं का उल्लेख श्लोक व यज्ञ गाथाओं दोनों रूप में मिलता है।

इन ऐतिहासिक गाथाओं की परम्परा महाभारत काल में भी प्रचलित रही। दुश्यन्त पुत्र भरत के सन्दर्भ में अनेकों गाथाओं की रचना महाभारत में प्राप्त होती है। इसके अतिरिक्त श्रीमद्भगवत पुराण में ऐतरेय ब्राह्मण की गाथाऐं प्राचीन रूप में ही मिलती हैं। इन गाथाओं का गायन अधिकाशतः राजसूय यज्ञ के अवसरों पर होता था तथा विवाहादि अवसरों पर भी गाथाओं का गायन होता था। जिसके साक्ष्य व प्रमाण ''मैत्रायणी संहिता'' से प्राप्त होता है। वीणा पर गाथा गान का साक्ष्य आश्वलायन के गृहसूत्र से भी प्राप्त होती है।

इन सभी प्रसगों से विदित है कि गाथाओं का गायन राजसूय यज्ञादि के अवसर व विवाहादि के अवसर मंगलकामना हेतु गाई जाती थी।

उपनिषद काल में प्रचलित गाथाओं के विषय की जानकारी पालि जातको का अध्ययन करने से पूर्णरूप से प्राप्त होती है ये गाथाऐं भी अत्यन्त प्राचीन हैं इन तात्कालिक लौकिक घटनाओं व कहानियों का उल्लेख संक्षिप्त रूप में मिलता है।

बैदिक युग के पश्चात् महाकाव्य व पौराणिक युग भी लोकगीतों की परम्परा सुदृढ़ रूप से देखने को मिलता है। आदि कवि श्री वाल्मीकी जी ने रामायण के बालकाण्ड में राम जन्म के शुभ अवसर पर गन्धर्वों द्वारा गाये जाने वाले गीतों का उल्लेख किया। लीला पुरूषोत्तम श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव पर ब्रज नारियों द्वारा गाया जाने वाला गीत तात्कालिक लोकगीत ही रहा होगा। राजा शालिवाहन की 'गाथा सप्तशती' से प्रतीत होता है कि इस समय लोकगीतों के गाने तथा बजाने की वही उन्नत प्रथा रही।

संस्कृत साहित्य के अनेक कवियों ने भी लोकगीतों के गाये जाने का वर्णन अपनी कृतियों में किया है। इन लोक गीतों में केवल मांगलिक अवसरों का वर्णन नहीं था बल्कि मजदूरी, श्रम, नित्य प्रयोग में लिये गये प्रत्येक कर्म की व्यथा का सजीव वर्णन था जिसे गाकर श्रम के कार्य में भी चित्त प्रसन्न रहता था। संस्कृत की प्रसिद्ध कवयित्री विज्जका ने ऐसे ही धान रोपनी के गीतों का बड़े रोचक ढंग से वर्णत किया। 'नैषधीय चरित्र' संस्कृत महाकाव्य के रचयिता श्री हर्ष ने इस महाकाव्य में महिलाओं द्वारा गाये जाने वाले अनेकों गीतों का वर्णन किया। अपभ्रंश काल में भी लोकगीतों की अत्यधिक महत्ता थी गोस्वामी तुलसीदास जी ने भी 'रामचरित मानस' में श्री राम के विवाह अवसर पर स्त्रियों द्वारा गाये जाने वाले अनेकों गीतों का वर्णन किया। इसके अतिरिक्त जेवनार (आधुनिक लोक नाशा में कलेवा) के समय गाई जाने वाले गालियों का वर्णन भी रामायण में किया गया। यह प्रथा आज भी जब बारात आती है और वर के घर वाले जब भोजन कर रहे होते है उस बेला में इस लोकगीत विधा को बहुत शुभ व मंगलकारक माना जाता है।

भारतीय संस्कृति की आधारशिला पुरूषार्थ चतुष्य है जिसमें धर्म, अर्थ, काम मोक्ष आ जाते हैं इनमें सर्वप्रधान धर्म को माना जाता है साथ ही यदि यह कहा जाए कि धर्म ही भारतीयों का प्राण है तो अनुपयुक्त न होगा। इसी कारण इस धार्मिक जीवन के अन्तर्गत आदर्श एवं सफल बनाने के लिए संस्कारों का विधान है यद्यपि जन्म से लेकर मृत्यु तक मनुष्य के जीवन में अनेकों संस्कार है किन्तु इन संस्कारों में 16 संस्कारों को विशेष प्रसिद्धि मिली। इन संस्कारों से मनुष्य का शोधन होता है। जीव के गर्भ में आने के बाद तथा जन्म लेने से पूर्व गर्भ में स्थित बालक की शुद्धि के लिये गर्भाधान संस्कार किये जाते है। गर्भ में स्थित जीव पुत्र हो इसके लिए पुंसवन संस्कार किया जाता है। भ्रुण में पल रहे जीव की रक्षा हेतु माता–पिता शपथ ग्रहण करते है जिसे सीमान्तोन्नयन संस्कार कहते है। आजकल इन संस्कारों का प्रचलन लगभग शून्य है। बालक के जन्म के पश्चात् सर्वप्रथम संस्कार जन्मोत्सव संस्कार है आजकल इस संस्कार के अतिरिक्त चूड़ाकर्म, उपनयन, विवाह आदि ही सर्वप्रधान एवं सुप्रसिद्ध संस्कार है जिसका प्रचलन समाज में अधिकता से होता है।

मनुष्य इस संसार में आकर अनेकों उपभोगों व आनन्दों का रसास्वादन करता है तथा अनेक प्रकार के उत्सवों को सम्पादित करता है। इन्हीं उत्सवों पर आनंद व हर्ष से उन्मत हो जो गीत जन्म लेता उसे लोकगीत कहकर पुकारा जाता है। ये लोकगीत अनेक प्रकार के नामो से प्रसिद्ध है जैसे पुत्र जन्म से सम्बन्धित व जन्मोत्सव पर गाया जाने वाला गीत सोहर के नाम प्रसिद्ध है। इन गीतो में भारतीय संस्कृति व समाज के उत्साह एवं मनोल्लास का चित्रण रहता है। सोहर में प्रेम ही प्रधान वर्ण्य विषय रहता है। इन गीतों में पति–पत्नी की रति क्रीडा, गर्भाधान, गार्भिणी की शरीर यष्टि (उसका गर्भधारण के बाद शरी, मुखादि पीला पड़ा) प्रसव पीड़ा, दोहद व उसकी पूर्ति, धाय बुलावा, पुत्र जन्म, नंद भावज के मध्य नेगाचार की मीठी तकरार आदि समाहित है।

आम जनजीवन में मुडन संस्कार ही प्राचीन कालीन चूड़ाकर्म संस्कार है इसमें बालक के बड़े हो जाने पर गर्भ के बाल उतरवा दिये जाते है। बालक के जन्म के बाद सर्वप्रथम बाल इसी अवसर पर काटते है। इसके पूर्व बालक के बाल काटने को निषेध माना जाता है। यह संस्कार बालक के तीन, पाँच, सात साल हो जाने पर किया जाता है। इस अवसर पर गाये जाने वाले गीत 'मुंडन गीत' कहलाते है। चूड़ाकर्म संस्कार का वर्णन रामायण ग्रन्थ में भी है।

मुण्डन गीतों में वर्ण्य विषय अत्यन्त मनोहर है। इनमें माता मुडन के अवसर पर इन्द्र देव से प्रार्थना करती है कि आज के दिन वर्षा न हो। तो वही पिता अपनी बहन से बालक के बाल परछने के लिए अनुरोध करते है, कही बहन अपने पिता से नेग में आभूषण माँगाती है।

चूडाकर्म की ही भाँति यज्ञोपवीत संस्कार भी भारतीय जीवन में अत्यधिक महत्व रखता है। इस संस्कार के विषय से मनु तथा यज्ञावल्क्य आदि महार्षियों ने अपनी स्मृत में विस्तार पूर्वक लिखा है। इस संस्कार के सम्पन्न होने के बाद बालक को गुरू के यहाँ अध्ययनार्थ भेज दिया जाता है। इसलिये इसे उपनयन (समीप ले जाने) संस्कार भी कहते है। यज्ञोपवीत सूत्र को धारण करने के पश्चात ही बालक द्वित कहलाने योग्य हो जाता है।

इन सभी संस्कारों के पश्चात् सर्वत्र प्रसिद्ध विवाह संस्कार का सर्वाधिक महत्व है यह संस्कार लगभग सम्पूर्ण जातियों में, सभ्य व असभ्य, शिष्ट व अशिष्ट सभी में प्रचलित है। अतः विवाह सम्बन्धी गीत सब भाषाओं के साहित्य में अधिकता से प्राप्त होते है।

इन विवाह गीतो को दो प्रकार से गाया जाता है।

(1) वे गीत जो वर के घर में गाये जाते है।

(2) वे गीत जो कन्या के घर में गाये जाते है।

कन्या पक्ष से गाये जाने वाले गीत अत्यन्त सरल, मधुर, एवं करूण रस से पूर्ण होते है ये गीत पाषण ह्रदय को भी पिघला देते है। जिन्हें सुनकर वास्तव में ह्रदय विदीर्ण होने लगता है और शरीर स्नेह से रोमाचिंत हो उठता है।

इसके विपरीत वर पक्ष के यहाँ गाये जाने वाले गीत हर्षोत्पादक एवं शोभा तथा सजावट से पूर्ण होते है। वर पक्ष की ओर गाये जाने वाले गीतो की संख्या व भेद 16 है तथा कन्या पक्ष के विभिन्न कार्यो में गाये जाने वाले गीतो की संख्या व भेद 22 हैं। जिनमें वर पक्ष की ओर से कुछ मुख्य रस्मो में तिलक, सागुन, वस्त्रधारण, हल्दी, मातृपूजा मोर है तथा कन्या पक्ष में तिलक, संज्ञा, कलस धराई, हल्दी, द्वारपूजा, लावा, भुजाई, भँवर, सोहाग, परिहास, भात, विदाई, कुंगन खुलाई आदि आते हैं। कन्या पक्ष के गीतो का वर्ण्य विषय अत्यन्त रोचक एवं दुखपूर्ण होता है। इन गीतो में कहीं पुत्री पिता से योग्य वर ढूंढने की विनती करती है, तो कहीं माता पुत्री के लिए वर ढूंढने के लिए उसके पिता से कहती है। कहीं योग्य वर न मिलने पर पिता के दुःखी हो जाने का वर्णन है तो कहीं पुत्री अपने जीवन को कोसती है धिक्कारती है कहीं माता जमाता से पुत्री को आराम से रखने के लिए कहती है आदि। मैथिली भाषा में इसे ही 'लग्न गीत' कहते है। मिथिला में विवाह के अवसर पर सम्मरि नामक गीत गाया जाता है।[1]

इस गीत परम्परा में प्रायः 'सीता स्वयंवर', 'रूक्मिणी स्वयंवर' आदि के गीत मिलते है। लेखको का मत है कि सम्मरि स्वयंवर का बिगाड़ा हुआ रूप है। राजस्थानी भाषा में इन विवाह गीतों को 'बनडा' कहते है।

आधुनिक समय में इन 16 संस्कारों में से कुछ ही संस्कार प्रचलन में है। इन संस्कारों में गाये जाने वाले गीतों का प्रचलन लगभग समाप्त सा हो गया है यदि लोकगीतों की जीवान्तता पर है गहन चिन्तन किया जाए तो इन गीतों में संस्कार सम्बन्धी पृष्ठ भूमि ही मुख्य मानी जाएगी लेकिन संस्कारों के विलुप्त होने के साथ लोकगीतों का विलुप्त हो जाना कोई आश्यर्च की बात नहीं। लोकगीतों व लोकसंस्कृति के संरक्षण हेतु असंख्य संस्थाओं का निर्माण हुआ है लेकिन यदि लोक से संस्कार

और इनकी सरलता ही मिट जाएगी, तो इन संरक्षण केन्द्रों में केवल पुराने अशेष ही रह जाएगे। नित्य निरन्तर परिष्कृत हो रहे समाज में केवल परिष्कार ही नहीं अपरिष्कृत तथ्य भी व्याप्त हैं तो हमारी परम्पराओं में पीढ़ी दर पीढ़ी चलते आ रहे हैं इन्हीं परम्पराओं के सान्ध्यि में लोक गीत पलते और बढ़ते आ रहे हैं और यही परम्परा इन लोकगीतों का प्रथम संरक्षण केन्द्र है इन्हें हमे स्वयं बचाना होगा।

इस सम्पूर्ण प्रपत्र से आशय केवल इतना है कि ना केवल 16 संस्कार यदपि इन लोकगीतों और भारत में व्याप्त लोकसंस्कृति को व्यक्तिगत रूप से बचाने की आवश्यकता जो केवल परिष्कृत हो रहे समाज के हाथ में है।

## सन्दर्भ

1. बष्हस्पति, आचार्य. संगीत चिन्तामणि (प्रथम खण्ड)।
2. सिंह, डा0 विद्या बिन्दु. अवधी लोकगीत विरासत।
3. शर्मा, प्रो0 स्वतंत्र. सौन्दर्य रस एवं संगीत।
4. मिश्र, ब्रजवल्लभ. भरत और उनका नाट्यशास्त्र।
5. मिश्र, डा0 शिवगोपाल. अर्न्तवेदीय लोक काव्य।
6. चौबे, डा0 सुशील कुमार. हमारा आधुनिक संगीत।
7. डॉ0 नागेन्द्र. रस सिद्धान्त।
8. सिन्हा, डॉ0 ज्योति. भोजपुरी लोकगीतों के विविध आयाम।
9. सम्मेलन पत्रिका : लोक संस्कृति अंक
10. श्रीवास्तव, डॉ0 शैलेश. भोजपुरी संसकार गीत और प्रसार माध्यम।

# लोक और शास्त्र के समन्वयकर्ता : विद्यानिवास मिश्र

अंकिता तिवारी
*सहायक आचार्या, हिंदी विभाग*
*श्रीमती बी०डी० जैन गर्ल्स (पी०जी०) कॉलेज, आगरा छावनी, आगरा*
*ईमेलः monitiwari316@gmail.com*

**सारांश**

*ललित निबंधकार के रूप में प्रसिद्ध विद्यानिवास मिश्र संस्कृत के प्रकांड विद्वान, जाने–माने भाषाविद, सफल संपादक होने के साथ ही भारतीय लोकजीवन के मर्मज्ञ हैं। उनकी कृतियों से रूबरू होने पर जो उनके व्यक्तित्व की रेखाएं उभरती हैं, उनमें एक तरफ तो वे भारतीय संस्कृति के पुरोधा के रूप में सामने आते हैं, जहां वे परंपराओं का निर्वहन तर्कपूर्ण ढंग से अभिव्यक्त करते हैं, वहीं दूसरी ओर उन विभिन्न पृष्ठभूमियों का भी वर्णन बेहद आत्मीय ढंग से करते हैं, जिन लोकतत्वों के रचाव–बसाव का परिणाम वे खुद हैं। 'छितवन की छांव' निबंध संग्रह में मिश्र जी स्वयं को घोषित करते हैं– "वैदिक सूक्तों के गरिमामय उद्गम से लेकर लोकगीतों के महासागर तक जिस अविच्छिन्न धारा की उपलब्धि होती है, उस भारतीय भावधारा का मैं स्नातक हूं।"[1] मिश्र जी संस्कृत के प्रकांड विद्वान होने के साथ ही लोकजीवन के प्रति सदैव हृदय से जुड़े रहे। इनके निबंधों में एक तरफ साहित्य की समृद्ध परंपरा है तो वहीं दूसरी तरफ ग्रामीण जीवन के जीवंत पहलुओं को लेकर विभिन्न रचनाओं का बुनियाद गढ़ा गया है। इनके साहित्य में सामान्य जन की अभिव्यक्ति का स्वर ही मुख्य रहा है। श्री चंद्रबली शास्त्री द्वारा ली गई एक भेंटवार्ता में मिश्र जी ने बताया कि "साहित्य के स्वभाव में ही है कि वह सामान्य से सामान्य की पीड़ा का साधारणीकरण करे। इसलिए वस्तुतः साहित्य मात्र संवेदना प्रधान होने के कारण संवेदना की अपेक्षा रखने वाले व्यक्ति–मात्र का होता है।"[2]*

Reference to this paper should be made as follows:

अंकिता तिवारी

*लोक और शास्त्र के समन्वयकर्ता : विद्यानिवास मिश्र*

*Vol. XIV, Special Issue*
*pp.152-156*
*Article No.32*

**Online available at:**
*https://anubooks.com/journal/journal-global-values*

**DOI:** *https://doi.org/10.31995/jgv.2023.v14iS2.032*

मिश्र जी का मन इस प्रकार लोकजीवन में रमा हुआ है कि उसके प्रति तुच्छता का भाव उन्हें क्षोभ से भर देता है। वे कहते हैं कि "मैं बचपन से ही लोक के सजीव क्षेत्र में रहता रहा हूं। उस क्षेत्र के प्रति दया दृष्टि मुझे बहुत चुभती है। मैंने अपने जीवन के आस–पास उसे छंदोमयगति से थिरकते पाया है।''

'छितवन की छांव', 'महाकाव्य का काव्यार्थ', 'भारतीय भाषा की दर्शन पीठिका', 'काव्य स्वरूप–विमर्श' जैसे निबंधों में मिश्र जी का साहित्यिक मर्मज्ञ स्वरूप उभरता है तो 'टिकोरा', 'होरहा', 'दिया टिमटिमा रहा है', 'आंगन का पंछी और बंजारा मन' जैसे निबंधों में मिश्र जी का गंवई मन आत्मीयता से परिलक्षित होता है। सामान्य से सामान्य विषय को चुनकर जीवन के कठिन से कठिन गूढ़ विषयों को पाठक के समक्ष इस रूप में उपस्थित करने की कला कि पाठक का चित्त उसे एक झलक में ही आत्मसात कर लेय मिश्र जी के ही पास है। किसी विषय–विशेष को लेकर जो निबंध मिश्र जी ने लिखा उनमें जयदेव के गीतकाव्य 'गीतगोविंद' को आधार बनाकर लिखा 'राधा माधव रंग रंगी' या 'महाभारत का काव्यार्थ' या 'साहित्य का खुला आकाश' आदि हैं। उनके हृदय से निकले ललित निबंध तो वे हैं जिनमें कहीं गांव के खलियान में खुशी से झूमते अल्हड़ किसान के मुंह से निकले भोजपुरी लोकगीत का आह्लाद है, कहीं धान कूटती ग्रामीण युवतियों के चूड़ियों की खनक है, कहीं संयुक्त परिवार की नवबधुओं की मंद मंद हंसी।

लोकजीवन उनकी चेतना में इस कदर बसा हुआ है कि वह अपनी संपूर्ण अवधारणा का केंद्र बिंदु उसे ही मानते हैं। भारतीय संस्कृति को परिभाषित करते हुए बताते हैं कि– "भारतीय संस्कृति को अपनी बाहर की बात मानता ही नहीं, अपने भीतर की बात करूंगा तो अपने आप मैं उसी की बात करूंगा जो हमारी चेतना में बसी हुई है।.....छोटे से बिरवे के नीचे एक छोटा सा दिया जलते देखना चाहते हैं, क्योंकि उनके भीतर लौ पर लौ है– मां की, बहन की, भाभी की, पत्नी की, बहू की, बेटी की। सब के प्राणों में एक–सी सोंधी गंध है– रोटी की, भात की, नये गुड़ की। इस सबसे अलग भी कोई भारतीयता है क्या, है तो उससे मेरा कोई सरोकार नहीं है।"[3] आज ग्रामीण परिवेश में भी विकास की वे लहरें पहुंच चुकी हैं जो उसके वास्तविक स्वरूप को क्षति पहुंचा रही हैं। ग्रामीणों को आधुनिक बनाने के नाम पर उनके जीवन के मूलभूत तत्वों को ही नष्ट किया जा रहा है। लोकनाटकों, लोकगाथाओं, लोकगीतों, घरेलू नुस्खों, ग्रामीण परिवेश की निश्चल हंसी, बाग–बगीचा रूपी रंगमंच का कम होना.... ये सभी ग्रामीण जीवन के जीवंत पहलूओं का मृतप्राय होना दर्शाती है। एक विडंबना यह भी है कि पहले इन्हें नष्ट करने में कोई कसर नहीं छोड़ा जाता, फिर इनके संरक्षण में ही विभिन्न तरह की परियोजनाएं चलाई जाती हैं। जिसके तहत इसे बचाने का तो कोई मार्ग नहीं सुझाया जाता, परंतु अपने हितों की पूर्ति अवश्य कर ली जाती है। परिणाम यह होता है कि ना तो वह शुद्ध रूप से ग्रामीण ही रह पाते हैं और ना तो शहरी हो पाते हैं। 'कहे ईसुरी फाग' उपन्यास में लोकगीत का एक रूप 'फाग' के दयनीय स्थिति की ओर संकेत किया गया है, जहां उसे देश के साथ विदेश में भी मंच देने की बात की जाती है, लेकिन स्थिति यह होती है कि वह अपनी जड़ से ही उखड़ जाता है।जिसका वर्णन इस रूप में हुआ है– "वे इन गंवई फगवारों का पालन पोषण नहीं कर सकते, भले इनको देश–परदेश घुमाते रहें। घर के रहेंगे ना घाट के, ये भटकन के रास्ते पड़ जाएंगे, क्योंकि गांव– कस्बे इन्हें भूल जाएंगे और शहरी सभ्य कहलाने वाला तबका नए–नए खेलों का तलबगार होता रहेगा।'' ठीक यही स्थिति लोक जीवन के विभिन्न विधाओं के साथ भी हुआ है।समाज में संभ्रांत वर्ग और लोग जीवन के मध्य इस प्रकार की खाई नजर आती है कि दोनों के अपने–अपने त्यौहारों में भिन्नता, जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं में भिन्नता, रहन–सहन के तौर–तरीकों में भिन्नता, यहां तक कि दोनों की अपने–अपने अलग भारतीय अवधारणा भी है। ऐसे में भारतीय समाज हमें अलग–अलग वर्गों में विभाजित दिखाई देता है, परंतु यदि हम इनके भीतरी तह तक जाने की कोशिश करें तो हमें इनके स्रोत एक ही मिलते हैं, जैसे हिमखंड से प्रभावित नदियां समतल में आकर विभिन्न नामों से जानी जाती हैं, लेकिन उन सब का उत्स एक ही होता है। मिश्र जी का मत है कि– "भारतीय संस्कृति परायापन नहीं देखती न मनुष्य के किसी अन्य प्रजाति में, न जीव जगत में। हर एक की भूमिका विशेष तो होती है, पर दूसरे की भूमिका से ना बड़ी होती है, ना छोटी।'' मिश्र जी के निबंध एक समाधान के रूप में दिखाई देते हैं। उनका मानना है कि हमें ज्ञान–विज्ञान के क्षेत्र में नये–नये चीजों को अपनाने के साथ ही भारतीय जीवन के जीवंत तत्वों को भी सहेजने की जरूरत है। हम केवल नये के मोह में पड़ेंगे तो अपनी पृष्ठभूमि को भी खो देंगे और बिना पृष्ठभूमि के इमारत खड़ा कर पाना कभी भी संभव नहीं हो पाएगा।

मानववाद के अंतर्गत मनुष्य को ही सृष्टि का केंद्र बिंदु माना जाता है। मानव सृष्टि में मुख्य तो है, परंतु इससे अन्य तत्व नगण्य तो नहीं हो जाते, क्योंकि मनुष्य धरा की समस्त जड़–चेतन का समष्टिगत रूप ही है। अन्टोनियो ग्राम्शी अपनी

पुस्तक 'साहित्य संस्कृति और विचारधारा' के अंतर्गत बताते हैं कि "मनुष्य को सक्रिय संबंधों (एक प्रक्रिया) की एक श्रृंखला के रूप में ही समझना जरूरी है, जिसमें व्यक्तिवादिता ही एकमात्र विचारणीय तत्व नहीं है। प्रत्येक व्यक्ति में प्रतिबिंबित मानवता अनेक तत्वों का सामंजस्य है– १) व्यक्ति २) अन्य लोग और ३) प्रकृति। दूसरे और तीसरे तत्व वैसे नहीं है, जैसे वे दिखाई पड़ते हैं। व्यक्ति दूसरे मनुष्यों के विपरीत उनसे संबंध नहीं स्थापित करता, बल्कि वह उनके साथ आवयविक एकता कायम करता है।" इस प्रकार मनुष्य के साथ ही मनुष्य जीवन को संभव बनाने वाले सभी उपादानों का समष्टिगत रूप ही सृष्टि का व्यापक स्वरूप उपस्थित कर सकता है। ऐसे में केवल मनुष्य की ही बात करना संकुचित दृष्टिकोण है, जो हमें प्रकृति के अन्य तत्वों से अलग करता है। मानव के साथ ही उसके सानिध्य में आने वाले समस्त जड़–चेतन की उपस्थिति हमें व्यापक दृष्टि प्रदान कर प्रकृति के करीब लाती है, जिसमें लोकमंगल की भावना निहित होती है। मिश्र जी कहते हैं कि "संपूर्ण जीवन चक्र से जुड़कर अकेले मनुष्य के अधिकार की बात करना मानुषभाव का संकुचन है। समस्त चर–अचर, चेतन–अचेतन के अधिकारों की चिंता करना सही मानुषभाव है।"[4]

व्यष्टि की सार्थकता समष्टि से जुड़कर ही महत्व पाती है। भारतीय परंपरा में 'मैं' की संस्कृति के बजाय 'हम' की संस्कृति पाई जाती है। मिश्रजी 'हम क्या हैं' निबंध के अंतर्गत बताते हैं कि "जो हमारी साझी–संस्कृति, सगे– संबंधी, परिवेश आदि हैं, ये सब हम हैं, इन सबके साथ जुड़ाव हम हैं, इन रिश्तों का निर्वाह हम हैं।"[6] इस प्रकार के समष्टिगत विचार ही भारतीय संस्कृति का प्राण–तत्व है। मेसोपोटामिया, मिस्र जैसी प्राचीन सभ्यताएं एक समय के बाद विश्व पटल पर धूमिल हो गईं, परंतु भारतीय संस्कृति के मूलभूत तत्व आज भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हैं। भारतीयता के संबंध में भी अनेक भ्रमात्मक अवधारणाओं का प्रचार–प्रसार हुआ, परंतु भारतीय संस्कृति के मूलतत्वों की अदम्य जिजीविशा ही उसे आज भी विश्व पटल पर अमित छाप के रूप में स्थापित करती है। वर्तमान संदर्भ में मानवीय मूल्यों का विघटन, अनैतिकता का बोलबाला, पर्यावरणीय संकटों पर नियंत्रण की बजाय अमानवीयता की हद तक दोहन जैसे अमानुषिक क्रियाकलापों पर नियंत्रण बेहद जरूरी है। इस संबंध में मिश्र जी का मत है कि "समस्त संसार में मत– मतांतर चाहे जितने भी हों, पर आदमी का आदमी से और आदमी का अपने परिवेश से संबंध एक सी गहरी आत्मीयता का संबंध होना चाहिए।'' व्यक्ति की पूर्णता का एहसास दूसरे को पाकर, दूसरे में अपने को पाकर ही होता है।

प्रत्येक समाज व संस्कृति वस्तुतः विकासशील होती है। विकास की दिशा एकतरफा ना होकर कई दिशाओं में होती है, जिन्हें हम मुख्यतः दो रूपों में देख सकते हैं– पहला बाह्य अथवा भौतिक विकास का पक्ष तथा दूसरा आंतरिक विकास का पक्ष। बाह्य विकास के साथ ही हमें अपने आंतरिक 'स्व' को भी विकसित करना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि वही हमें उचित–अनुचित का विवेक प्रदान करती है। मानव जीवन को आज हम नित नए उपादानों से विभूषित करते चले जा रहे हैं, जो वस्तुतः हमारी भौतिक समृद्धि का ही द्योतक है। आज हम भौतिक समृद्धि में ही इस कदर मशगूल है कि अपने 'स्व' को ही नजरअंदाज कर देते हैं। ये हमें आधुनिक ज्ञान–विज्ञान के विविध क्षेत्रों में तो अबाध गति प्रदान करती हैं, परंतु मानवीय जीवन की सुकून को हमसे छीन लेती हैं। हमें आज इस बिंदु पर ठहरकर सोचने के लिए भी फुर्सत नहीं है कि आखिर हम किस दिशा में विकास कर रहे हैं। विकास की राह में कई बार मानव स्वयं ही अनेक समस्याओं को जन्म देने वाला कारक बन जाता है। जैसे पर्यावरण का अति दोहन और अत्यधिक प्रदूषण से उत्पन्न खतरों के प्रति हमारा उदासीन रवैया वस्तुतः हमारे विनाशोन्मुखता का ही द्योतक है। इससे ना केवल पर्यावरण, बल्कि हमारी संपूर्ण जीवन–सृष्टि, जीवन–शैली व मानव–चेतना ही अनुर्वर होती जा रही है। इस संबंध में विद्यानिवास मिश्र की चिंताएं उनके निबंधों में साफ तौर पर देखी जा सकती हैं। विकास की विडंबनात्मक रूप को मिश्र जी इस प्रकार अभिव्यक्त करते हैं– "मनुष्य का पुरुषार्थ उसी की सिरजी हुई यंत्रमाया से नियंत्रित हो गया है। आदमी अपने ही से बनाए मायाजाल में कैद हो गया है। वह मोटर की रफ्तार बढ़ाता है, पेट्रोल की गंध की मात्रा आसपास की हवा में दूनी हो जाती है और ऐसी धुंध, कुहासे, चिकट गंध से मिली हुई धुंध छा जाती है कि रफ्तार बरबस एकदम रुक जाती है। आदमी घर की सफाई के लिए, फ्लश के लिए सैकड़ों लीटर पानी इस्तेमाल करता है, दुर्गंधनाशकों का छिड़काव करता है, और परिणाम यह होता है कि नदियों के भूगर्भ का और सागर का जल दूषित हो जाता है।... आदमी कीटों के नाश के लिए कीटनाशकों का प्रयोग करता है और प्रकृति का आवर्तन–चक्र विश्रृंखल हो जाता है। कीड़े मर जाते हैं, चिड़िया मर जाती है और चिड़ियों के द्वारा उड़ उड़कर पराग–संयोजन की प्रक्रिया मर जाती है। भयावह अनुर्वरता आ घेरती है।"[5]

विकास के इस राह में आज हम विविधता को भी संकट का प्रतीक मानने लगे हैं। विचार, खान–पान, बोली–व्यवहार, रहन–सहन आदि सबकुछ में एकता की बात कर रहे हैं और इस एकता को महिमामंडित भी कर रहे हैं। ऐसा करके हम

मानवजीवन को किस संकट के मुंह में धकेल रहे हैं, इसकी भनक तक हमें नहीं हो पाती है। इस प्रक्रिया का चरम बिंदु मानवीय त्रासदी का वह रूप दिखाता है, जिससे डरने की जरूरत है। हम एक ऐसे समाज के निर्माण में लगे हुए हैं, जहां न विचारों की स्वतंत्रता, न भाषा बोलने की स्वतंत्रता, न खानपान की स्वतंत्रता, न जीवन जीने के अपने तरीके की ही स्वतंत्रता होगी। ऐसे यांत्रिक समाज में जीने से 'घुटन' के अलावा क्या मिलेगा? इसे चाहे जो कहा जाए, लेकिन मानवीय जीवन तो नहीं ही कहा जा सकता। 'संस्कृति, पहचान और विकासः आमने–सामने' निबंध के अंतर्गत इस तरफ संकेत करते हुए मिश्र जी लिखते हैं– "वैश्वीकरण की धुन में क्षेत्रीयता का समतलीकरण संकट का सूचक है। हर जगह की आवश्यकता भिन्न है।"[6] अन्य निबंध में मिश्र जी बताते हैं कि हम जनजातियों के विकास के नाम पर उनकी सहजता को उनसे छीन रहे हैं। मुख्यधारा में उनको लाने के बजाय मुख्यधारा को वहां ले जाने का प्रयास होना चाहिए। इससे हम उनके संस्कृति, सभ्यता, भाषा के साथ ही अनेक लाभकारी पहलुओं से परिचित होकर लाभान्वित होंगे तो वहीं अपनी विकास की प्रक्रिया को उन वर्गों तक भी पहुंचा सकेंगे।

मानव जीवन में शिक्षा का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है, जिसके द्वारा मनुष्य आदिमानव से होमोसेपियंस तक की यात्रा को संभव बना सका। शिक्षा यानी सीखने की प्रक्रिया होती है। शिक्षा के द्वारा ऐसे सर्वांगीण व्यक्तित्व का विकास होना चाहिए, जो मानव जीवन को सहज, सरल एवं आनंदप्रद बना सकें। वर्तमान समाज में शिक्षा का उद्देश्य मात्र नौकरी पाने तक सिमट कर रह गया है, परंतु आज की शिक्षा से नौकरी भी मिल पाना मुश्किल हो गया है। तब हमें यह सोचने की जरूरत है कि आखिर हमारी शिक्षा की दिशाहीनता की वजह क्या है? समाज का एक वर्ग ऐसा है जो हुनरमंद है। किंतु अक्षरज्ञान से वंचित हैं, वहीं एक वर्ग ऐसा है जिसके पास अक्षरज्ञान तो है लेकिन अधिकतर के पास कौशल की कमी है। साधनहीन वर्ग छोटी उम्र से ही रोजी–रोटी के जुगाड़ में लग जाते हैं और शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। ऐसे में शिक्षा के क्षेत्र में समस्त समाज की हिस्सेदारी नहीं हो पाती। शिक्षा से वंचित समूह को शिक्षा ग्रहण करने की व्यवस्था होनी चाहिए। ऐसी व्यवस्था जिसमें हुनर को अक्षरज्ञान से जोड़ा जाए तथा अक्षरज्ञान वालों में कौशल को भी विकसित किया जाए। इस तरह के प्रयास की झलक हमें 'कौशल विकास', 'मिशन कर्मयोगी' जैसी योजनाओं में दिखाई देता है। जरूरत इस प्रक्रिया को और आगे बढ़ाने की है। समाज के सभी वर्गों के योग से ही 'समग्र शिक्षा' को बढ़ावा दिया जा सकता है। मिश्र जी का मत है कि ''जब तक निरक्षर पर कुशल और ज्ञान समृद्ध लोगों की भूमिका शिक्षा में सुनिश्चित नहीं की जाती, तब तक संस्कृति की प्रक्रिया ठहरी ही रहेगी। शिक्षा को ऐसे मूल्यों से जोड़ने की जरूरत है जिसमें दूरदर्शिता भी हो।'' जब तक योग और संयम का, व्यष्टि और समष्टि का तथा निजी और सरकारी का ठीक–ठीक समन्वय नहीं होगा तब तक विकास विश्रृंखल ही होगा और अंत में ह्रास के रूप में ही परिणत होता रहेगा। इन सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए हमें शिक्षा को कौशलयुक्त बनाने के साथ ही मूल्यपरक बनाने पर जोर देना चाहिए, जिससे सही मायने में शिक्षा का उद्देश्य प्राप्त किया जा सके।

विद्यानिवास मिश्र कृत साहित्य के विविध आयामों से परिचित होकर हम पाते हैं कि उनके साहित्य का फलक अत्यंत विस्तृत है, जिसमें पंडित से लेकर हरवाहों तक की उपस्थिति समान रूप से महत्व पाती है। केवल भारतीय संस्कृति की दुहाई देते रहना और पश्चिम की बुराई करते रहना भी उनके हिसाब से एक अपरिपक्व दृष्टि है। आधुनिकीकरण का पर्याय न तो पश्चिम के देशों को माने और ना ही अपनी हर पुरानी चीज को धरोहर माने क्योंकि यह दोनों ही रास्ते अतिवादिता की तरफ जाती हैं। मिश्र जी ऐसे निबंधकार हैं जिनकी चिंताऐं ना केवल मानव जाति की है, बल्कि समस्त मानवेत्तर संसार से भी संबंध रखती हैं। जीवन के अत्यंत सरल से सरल विषय को मिश्र जी इतनी समृद्धता के साथ पाठक के समक्ष उपस्थित करते हैं, कि पाठक का चित्त चमत्कार से भर उठता है। इनके साहित्य को लेकर एक बात जो खटकती है वह है इनकी– भाषा। इनके साहित्य में जहां लोक की भी चिंता की गयी है, वहां भी लोक भाषा का प्रयोग ना होकर संस्कृतनिष्ठ भाषा का प्रयोग हुआ है। यदि उस लोक की चिंता को लोक की भाषा में ही अभिव्यक्त किया गया होता तो उसका प्रभाव कुछ और होता। इसके बावजूद भी मिश्र जी के निबंधों में उनकी समन्वयात्मक स्वरूप, विषय प्रतिपादन का दिलचस्प तरीका पाठक को इस कदर बांध लेता है कि वह एक ही प्रवाह में रचना का संपूर्ण रस पा लेना चाहता है। पाठक इनकी निबंधों को पढ़कर भाषा के ज्ञान के साथ ही संस्कृति की विशाल परंपरा से अपने आप को काफी समृद्ध करने का अवसर प्राप्त करता है। इस प्रकार मिश्र जी अपने साहित्य में लोकजीवन के विविध पक्षों के साथ ही प्राचीन साहित्य परंपराओं के समन्वयक के रूप में उपस्थित होते हैं।

## संदर्भ

### क) आधार ग्रंथ

1. मिश्र, विद्यानिवास. 'छितवन की छांह' निबंध–संग्रह. लोकभारती प्रकाशनः पहली मंजिल, दरबारी बिल्डिंग, महात्मा गांधी मार्ग, इलाहाबाद–211001. पृष्ठ 13.

2. मिश्र, विद्यानिवास. (1998). 'कंटीले तारों के आर–पार' निबंध–संग्रह में छपी. श्री चंद्रबली शास्त्री की भेंटवार्ता. प्रवीण प्रकाशकः 1/1079 ई, महरौली, नई दिल्ली–110030. पृष्ठ 9.
3. मिश्र, विद्यानिवास. 'अग्निरथ'. निबंध–संग्रह।
4. मिश्र, विद्यानिवास. 'दिए जलाने का अर्थ' निबंध।
5. मिश्र, विद्यानिवास. (2001). 'पीपल के बहाने'निबंध–संग्रह, 'हम क्या हैं?' निबंध. अरुणोदय प्रकाशनः 35–ए डी डी ए फ्लैट्स, मानसरोवर पार्क शाहदरा, दिल्ली–110032.
6. मिश्र, विद्यानिवास. (1998). 'कंटीले तारों के आर–पार'. निबंध–संग्रह'. 'जाहि विधि राखे राम'. निबंध. प्रवीण प्रकाशनः 1/1079 ई, महरौली, नई दिल्ली–110030.
7. मिश्र, विद्यानिवास. 'संस्कृति, पहचान और विकासः आमने–सामने'. निबंध।

**ख) सहायक ग्रंथ**

1. तिवारी, डॉ. रामचंद्र. (2018). 'हिंदी का गद्य–साहित्य'. विश्वविद्यालय प्रकाशनः पोस्ट बॉक्स नं०–1149, विशालाक्षी भवन (भूगर्भ तल) चौराहा, वाराणसी–221001 (उत्तरप्रदेश, भारत) 12वां,संस्करण. पृष्ठ 98–99.
2. सिंह, बच्चन. (2021). 'हिंदी साहित्य का दूसरा इतिहास'. राधाकृष्ण प्रकाशनः प्राइवेट लिमिटेड, जी–17, जगतपुरी दिल्ली–110051, 13वां, संस्करण–अगस्त. पृष्ठ 501.
3. श्रोत्रिय, प्रभाकर. 'ललित निबंध के पुरोधा विद्यानिवास मिश्र'. abhivyakti&hindi-org-com.
4. सिंह, विजयमोहन. (2014). 'आधुनिक हिंदी गद्य साहित्य का विकास और विश्लेषण'. भारतीय ज्ञानपीठः 18,इंस्टीट्यूशनल एरिया, ललोदीरो, नयी दिल्ली–110003. पृष्ठ 169.
5. ग्राम्शी, अन्टोनियो. (2000). 'साहित्य संस्कृति और विचारधारा'. अनुवाद एवं संपादन. रामनिहाल गुंजन. मीना प्रकाशनः 693ध्542 के.एल. कीडगंज, इलाहाबाद–211003.
6. पुष्पा, मैत्रेयी. (2004). 'कहे ईसुरी फाग'. राजकमल प्रकाशनः प्राइवेट लिमिटेड, 1–बी, नेताजी सुभाष मार्ग, नई दिल्ली–110002.

Journal Global Values, Vol. XIV, Special Issue, May 2023, ISSN: (P) 0976-9447, (e) 2454-8391, Impact Factor 8.835*(SJIF)*
*https://doi.org/10.31995/jgv.2023.v14iS2.033*

# उच्च शिक्षा की चुनौतियाँ : राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के सन्दर्भ में समाधान

डॉ० शिखा
*असिस्टेंट प्रोफेसर, शिक्षक शिक्षा विभाग*
*श्रीमती बी०डी० जैन गर्ल्स (पी०जी०) कॉलेज, आगरा छावनी, आगरा*
*ईमेलः yshikha781@gmail.com*

***सारांश***

*शिक्षा वह प्रक्रिया है जो मनुष्य को एक संस्कारवान तथा चेतनाशील बनाती हैं। लेकिन जिस प्रकार भारत में विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों द्वारा निरन्तर आन्दोलन तथा हिंसक प्रदर्शन किए जा रहे हैं, उससे उच्च शिक्षा की गुणवत्ता, समाजस्यता, तथा छात्र असन्तोष पर प्रश्नचिन्ह लगना स्वाभाविक है। स्वतंत्रता के पश्चात् उच्च शिक्षा में प्रगति तो हुई, परन्तु इसी के साथ शिक्षा का राजनीतिकरण भी शुरू हुआ जिससे विश्वविद्यालयों व कॉलेजों का वातावरण परिवर्तित होने लगा परिणामस्वरूप विश्वविद्यालय पठन–पाठन और अध्ययन के केन्द्र के स्थान पर राजनीतिक तत्वों के केन्द्र बनने लगे, जिससे उच्च शिक्षा केन्द्रों की ख्याति और गरिमा नष्ट होने लगी। 34 वर्षो के पश्चात् भारतीय शिक्षा की जीर्ण–शीर्ण इमारत का पुनरुद्धार करने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 का ढ़ाचा प्रस्तुत किया। जो निःसन्देह ही उच्च शिक्षा की चुनौतियों का समाधान करने में मील का पत्थर साबित होगी।*

Reference to this paper should be made as follows:

डॉ० शिखा

*उच्च शिक्षा की चुनौतियाँ : राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के सन्दर्भ में समाधान*

*Vol. XIV, Special Issue*
*pp.157-160*
*Article No.33*

**Online available at:**
*https://anubooks.com/journal/journal-global-values*

**DOI:** *https://doi.org/10.31995/jgv.2023.v14iS2.033*

शिक्षा मनुष्य को संस्कारवान् चेतनायुक्त व जिम्मेदार नागरिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है हमारे देश में शिक्षा रूपी ज्ञान का उदय काफी पहले उस समय हो गया था, जब देश असभ्यता के अन्धकार में अपना जीवन पथ ढूंढ रहा था। ब्रिटिश काल में देश में शिक्षा के विकास के लिए किये गये प्रयासों पर दृष्टिपात डालें तो विदित होता है कि प्राथमिक शिक्षा से लेकर–उच्च शिक्षा तक के विकास के लिए अनेक आयोगों वे समितियों मैकाले का विवरण पत्र (1835), वुड घोषणा पत्र (1854) इण्टर आयोग (1882) शिक्षा नीति (1913), सैडलर आयोग (1917) हर्टांग समिति (1929), सार्जेण्ट आयोग (1944) आदि का कठन किया गया।

स्वतंत्रता के पश्चात् उच्च शिक्षा के विकास व सुधार हेतु राधाकृष्णन आयोग (1948), माध्यमिक शिक्षा आयोग (1952–53), कोठारी आयोग (1964–66) राष्ट्रीय शिक्षा नीति (1968) राष्ट्रीय शिक्षा नीति (1968) नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (1986) का गठन किया गया।

इस प्रकार स्वतंत्रता पूर्व से स्वतंत्रता प्राप्ति तक देश में शिखा सुधार हेतु गठित आयोगों की दर्जनों बड़ी–बड़ी रिपोर्टों और सिफारिशों के बाद भी भारत में शिक्षा व्यवस्था की रूपरेखा वही है जो अंग्रेजों ने पढ़े–लिखे क्लर्क और शासकीय कर्मचारी प्राप्त करने के लिए यहाँ प्रारम्भ की थी। उच्च शिक्षा देश के निागरिकों में प्रजातंत्रीय भावनाओं के विकास में सर्वथा असफल रही हैं जिसके कारण शिक्षाविदों के समक्ष अनेक समस्याएँ उत्पन्न हो गई हैं, जिनका समाधान करना किसी चुनौती से कम नहीं है।

- विश्वविद्यालयों व कॉलेजों के प्रशासन व नियमों में शिथिलता होने के कारण जहाँ एक ओर शिक्षकों के स्तर में गिरावट आई है, वही दूसरी ओर छात्रों में ज्ञानार्जन की अभिलाषा नष्ट हुई है। परिणामतः अशिक्षितों की लम्बी श्रृंखला खड़ी हो रही हैं जिसका समाधान करना किसी चुनौती से कम नहीं है।
- वर्तमान उच्च शिक्षा रोजगारन्मुखी नहीं है, इसका स्वरूप शिक्षक केन्द्रित व परीक्षोन्मुखी है जो सिर्फ डिग्री बाँटता है। भूमण्डलीकरण व निजीकरण के दौर में देश के शिक्षा तंत्र में समानता लाना उच्च शिक्षा के लिए एक चुनौती है।
- आर्थिक संसाधनों के अभाव में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता को बनाए रखना एक चुनौती है।
- उच्च शिक्षा के क्षेत्र में व्याप्त शिक्षा माफियाओं और ठेकेदारों पर नियंत्रण लगाने व विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए तर्कसंगत शुल्क निर्धारित करना उच्च शिक्षा के लिए चुनौती है।
- उच्च शिक्षा में प्रचलित पाठ्यक्रमों में व्यवहारिक विषयों का अभाव, कठोरता व नीरसता होने के कारण छात्रों का मानसिक विकास अवरुद्ध हो रहा है, जिसका निराकरण करना उच्च शिक्षा के लिए एक चुनौती है।
- उच्च शिक्षा के माध्यम को लेकर जो विवाद चल रहा है उसका समाधान करना उच्च शिक्षा के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती है।
- आज विश्वविद्यालय पठन–पाठन के केन्द्र होने के स्थान पर राजनीतिक तत्वों के अखाड़े बनने लगे हैं, जिससे विश्वविद्यालयों की ख्याति और गरिमा नष्ट होने लगी है, जो उच्च शिक्षा के लिए चुनौती है।

इक्कीसवीं सदी की आवश्यकताओं को देखते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का आवश्यक उद्देश्य, चिंतनशील, बहुमुखी प्रतिभा वाले रचनात्मक व्यक्तियों का विकास करना होना चाहिए। इन्हीं सब उद्देश्यों की पूर्ति हेतु राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 जिसे 29 जुलाई, 2020 को देश के केन्द्रीय मंत्रिमण्डल द्वारा अनुमोदित किया गया।

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पाँच स्तम्भों–वहनीयता, अभिगम्यता, गुणवत्ता न्यायपरकता और जबावदेही पर आधारित है। इसे समाज और अर्थव्यवस्था में ज्ञान की मांग के रूप में नागरिकों की जरूरतों के अनुरूप तैयार किया गया है।

**नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की उच्च शिक्षा के सन्दर्भ में सुझाव**

भारतीय उच्चतर शिक्षा आयोग–(एचईसीआई)

उच्चतर शिक्षा की नियामक प्रणाली के रूप में भारतीय उच्च शिक्षा आयोग शिक्षा आयोग को 4 स्वतंत्र व्यवस्थाओं (अंग) के रूप में स्थापित किया जायेगा–

1. **राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा विनियामक परिषद (एनएचआरसी)**– यह एचसीआई का पहला अंग है जो उच्च शिक्षा क्षेत्र में एक साझा और सिंगल रेगुलेटर की तरह काम करेगा। यह वित्तीय ईमानदारी, सुशासन ऑडिट प्रक्रिया, इंफ्रास्ट्रक्चर संकाय, कर्मचारी, पाठ्यक्रम और शैक्षिक प्रतिफलों को प्रभावी ढंग से नियंत्रित करेगा।

2. **राष्ट्रीय प्रत्यायन परिषद् (एनएसी)**– यह एचसीआई का दूसरा अंग है। इसे कम समय में संस्थाओं को प्रत्यायन करने की मजबूत प्रणाली के रूप में स्थापित किया जायेगा। यह संस्थाओं का प्रत्यायन कुछ बुनियादी नियम सार्वजनिक स्व–प्रकटन, मजबूत गवर्नेस ओर परिणामों के आधार पर करेगा।
3. **उच्चतर शिक्षा अनुदान परिषद् (एचईजीसी)**– यह एचईसीआई का तीसरा अंग है। यह पारदर्शी मानदण्डों के आधार पर उच्च शिक्षा के क्षेत्र में फंडिंग और वित्तपोषण का कार्य करेगा।
4. **सामान्य शिक्षा परिषद् (जीईसी)**– यह एचईसीआई का चौथा अंग है। वह उन विशिष्ट कौशलों की पहचान करेगा। जो छात्रों को अपने शैक्षणिक कार्यक्रमों के समय 21 वीं शताब्दी के उद्देश्यों को पूरा करने में सहायता करेंगे।

- **सकल नामांकन अनुपात (जीईआर)**– एनईपी 2020 में मौजूदा सकल नामांकन अनुपात को 26% के बढ़ाकर 2035 तक 50% करने का लक्ष्य रखा गया है। इसका उद्देश्य मुक्त और दूरस्थ शिक्षा, ऑनलाइन शिक्षा और शिक्षा में प्रौद्योगिकी के उपयोग को बढ़ाकर छात्रों के समग्र व्यक्तित्व का निर्माण करना है।
- **समग्र और बहुविषयक शिक्षा**– इस शिक्षा का उद्देश्य मनुष्य का शारीरिक, सामाजिक, भावात्मक, बौद्धिक तथा नैतिक विकास करना है। इसके लिए यह वाणभट्ट की कादम्बरी शिक्षा की 64 कलाओं के ज्ञान के रूप में कला, मानविकी, भाषा, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान व्यावसायिक और तकनीकी विषयों के ज्ञान की बात करता है।
- **संस्थागत पुनर्गठन और समेकन**– एनईपी 2020 का उद्देश्य उच्चतर शिक्षा संस्थानों को बड़े एवं बहु–विषयक विश्वविद्यालयों, कॉलेजों ओर एवईआई कलस्टरों/नॉलेज हबों में सथानंतरित करके उच्चतर शिक्षा के विखण्डन को समाप्त करना है।
- **डिग्री कार्यक्रमों की अवधि और संरचना में परिवर्तन**– एनईपी–2020 द्वारा उच्च शिक्षा की डिग्री कार्यक्रमों की अवधि और संरचना में बदलाव किया जायेगा। स्नातक उपाधि 3 या 4 वर्ष का होगा जिसमें प्रमाणपत्र के साथ निकास के अनेक विकल्प उपलब्ध होंगे। जैसे–

- किसी भी विषय या क्षेत्र में एक वर्ष पूरा करने पर – सर्टिफिकेट
- दो वर्ष पूरा करने पर – डिप्लोमा
- तीन वर्ष पूरा करने पर – स्नातक डिग्री
- चार वर्ष पूरा करने पर – शोध सहित डिग्री प्रदान की जायेगी।

- **डिजिटल शिक्षा**– नई शिक्षा नीति 2020 प्रोद्योगिकी की संभावित चुनौतियों को स्वीकार करते हुए उससे मिलने वाले लाभों के महत्व पर ध्यान केन्द्रित करती है। डिजीटल शिक्षा के लिए स्वयं, दीक्षा तथा स्वयं प्रभा ई–लार्नेंग पलेटफार्म का विस्तार किया जायेगा।
- **व्यावसायिक शिक्षा**– वर्तमान में व्यावसायिक शिक्षा को मुख्यधारा की शिखा से कम महत्व दिया गया है। एनईपी–2020 व्यावसायिक शिक्षा के कार्यक्रमों को चरणवद ढंग से स्कूल, कॉलेज, और विश्वविद्यालयी शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य करेगी।
- **राष्ट्रीय अनुसंधान फांउडेशन (एनआरएफ)**– उच्च शिक्षा में गुणवत्तायुक्त अनुसंधार की विकसित और प्रत्प्रेरित करने के लिए एनईपी 2020 में एनआरएफ की स्थापना की परिकल्पना की गई है।
- **भाषा, कला एवं संस्कृति का संरक्षण**– भारतीय भाषाओं एवं उनके सम्बन्धित स्थानीय कला एवं संस्कृति के संरक्षण हेतु वेब आधारित प्लेटफार्म/पोर्टल/विकीपीडिया के माध्यम से दस्तावेजीकरण किया जायेगा। प्लेटफार्म पर वीडियो, शब्दकोश, रिकॉर्डिंग तथा लोगों द्वारा भाषा बोलना, कहानियाँ सुनाना, कविता पाठ करना, नाटक खेलना, लोक गायन एवं नृत्य करना आदि उपलब्ध होंगे।
- **विद्यार्थियों का समग्र विकास**– एनईपी–2020 के अनुसार शिक्षा का उद्देश्य छात्रों में केवल संज्ञानात्मक समझ न विकसित करना नहीं बल्कि चरित्र निर्माण और इक्कीसवीं शताब्दी के मुख्य कौशलों के सुसज्जित करना है। ''फिट इण्डिया मूवमेंट'' कार्यक्रम अपेक्षित जीवन कौशलों को प्राप्त करने में सहायता करेगा।
- **साइवर सुरक्षा में शिक्षा और कौशल**– विश्व आर्थिक मंच 2021 की वैश्विक जोखिम रिपोर्ट–2021 के अनुसार ''साइबर सुरक्षा विफलता'' दुनिया के लिए चौथा सबसे महत्वपूर्ण खतरा है। आज प्रत्येक व्यक्ति की गोपनीयता और सुरक्षा की

रक्षा करना अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है। वर्तमान परिदृश्य में यह आवश्यक हो जाता है कि ''साइबर लचीलापन'' के लिए क्षमता निर्माण को उच्च शिक्षा पाठ्यक्रम में शामिल किया जाये।

➢ **उपसंहार**– उक्त अध्ययन के फलस्वरूप कहा जा सकता है कि नई शिक्षा नीति–2020 का उचित क्रियान्वयन भारतीय शिक्षा को नई ऊँचाइयों पर ले जा सकता हैं नई शिक्षा नीति के अनुसार शिक्षा रटने वाले विषयों, समय सीमा को पूरा करने और अंक प्राप्त करने से कही ज्यादा अधिक है। नई शिक्षा नीति–2020

## सन्दर्भ

1. राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020.
2. सिंह, विरेन्द्र., देवी, कुकन. (2022). ''उच्च शिक्षा के विषय सन्दर्भ में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की एक महत्वपूर्ण अन्तदृष्टि''. वॉल्यूम–9. अंक 1. जनवरी।
3. सिंह, महेन्द्र., चिलवाल. (1999). ''उच्च शिक्षा के द्वन्द्व''. योजना जुलाई. नई दिल्ली. पृष्ठ 12.
4. पाठक, पी.डी. (2007). भारतीय शिक्षा और उसकी समस्याएँ. विनोद पुस्तक मन्दिरः पृष्ठ 337–369.
5. राय, अधिकेश. (2001). इक्कीसवीं सदी में उच्च शिक्षा की चुनौतियाँ. योजना. मई. पृष्ठ 17–19.
6. https://en.wikipedia.org/wiki/NationalEducationPolicy2020/.
7. https://www.mhrd.gov.in/sites/upload-files/mhrd/NEP-2020finalHindiDraft/.

Journal Global Values, Vol. XIV, Special Issue, May 2023, ISSN: (P) 0976-9447, (e) 2454-8391, Impact Factor 8.835*(SJIF)*
*https://doi.org/10.31995/jgv.2023.v14iS2.034*

# ''सामाजिक नियन्त्रण में धार्मिकता, नैतिकता एवं आध्यात्मिकता का प्रभाव'' : एक समाजशास्त्री अध्ययन

डॉ० संगीता कुमार
*असिस्टेंट प्रोफेसर, समाजशास्त्र विभाग*
*श्रीमती बी०डी० जैन गर्ल्स (पी०जी०) कॉलेज, आगरा छावनी, आगरा*
*ईमेलः sharaddhasahay@gmail.com*

***सारांश***

*मनुष्य यदि अपना वास्तविक विकास चाहता है और समाज में स्वयं को आदर्श रूप में स्थापित करके मृत्यु से पूर्व अपने सुकृत्यों से अमर होना चाहता है, तो कुसंगति को त्याग कर सत्संगति का चयन करने का प्रयास करना चाहिये। धार्मिकता, नैतिकता एवं आध्यामिकता की शिक्षा व्यक्ति का सुनिश्चित समाजीकरण कर उसे आदर्श नियमनाकुल व्यक्तित्व प्रदान करते हैं। दुर्खीम सरल शब्दों में कहते हैं कि धर्म के अध्ययन द्वारा ''धर्म सामाजिक व्यवस्था को बनाए रखता है। बेबर धर्म का अध्ययन अनुयायियों द्वारा दिये गये अर्थो और उनकी क्रियाकलापों और अन्य सामाजिक गतिविधियों पर उसके प्रभाव के सन्दर्भ में करते हैं। धर्म समाज को नियमों में बांधे रखता है नियमों के अभाव में समाज में विसंगति हो जाती है। विसंगति समाज की एक ऐसी स्थिति है जहाँ मानदण्डों का अभाव हो जाता है, सामाजिक नियमों के प्रति भ्रम एवं तनाव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है और व्यापक स्तर पर अव्यवस्था फैल जाती है। विसंगति व्यक्ति और समाज दोनों के लिये घातक है। इसलिए व्यक्ति के व्यवहार को नियंत्रित करना संगठित समाज के लिए आवश्यक है। मनोविज्ञान, समाजशास्त्र और मानवविज्ञान मानव व्यवहार के शास्त्र है इनमें साध्य एवं साधन पर भी विचार किये जाते है। भारत में धार्मिकता, नैतिकता एवं आध्यामिकता के माध्यम से समाज के विचलन को नियन्त्रित किया जाता है उदाहरण स्वरूप ब्रह्मकुमारी संस्थान के साथ भारत के 'सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग' द्वारा 'नशामुक्त भारत अभियान' की शुरूआत की है। भारत आध्यात्मवाद का पालना है' आध्यात्मवाद को बढ़ाने में भारत में अनेक ध्यान केन्द्र अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है। ध्यान केन्द्रों का लक्ष्य समाज में व्याप्त परेशानियों जैसे शराब एवं मादक व्यसन से छुटकारा, समाज में जीवन जीने की कला (Art of Living), मनुष्यों में गलत आचरण का निराकरण करना है। आध्यात्मिक केन्द्रों द्वारा हिंसामुक्त समाज का निर्माण सर्वोत्तम लक्ष्य निर्धारित है। देश–विदेश के व्यक्ति भारत में आध्यात्मक को अपनाकर अपना जीवन सरल एवं सफल बनाने का प्रयास कर रहे हैं। उदहारणार्थ इस्कान मन्दिर एवं ऋषिकेश के अनेक धार्मिक तप स्थल समाहित है। धर्म कुछ अलौकिक शक्तियों में विश्वास और ईश्वरीय सत्ता पर आधारित शक्ति है, जिसमें व्यक्ति नियमों का पालन पाप और पुण्य अथवा ईश्वरीय शक्ति के भय के कारण करता है। समाज में व्यक्ति द्वारा इस शक्ति को सामान्य रूप से अनेक देवी–देवताओं, स्वर्ग व नरक, ईश्वरीय न्याय तथा कर्म व पुर्नजन्म जैसे अनेक धारणाओं के रूप में देखा जाता है। इसी प्रकार समाज में नैतिकता एक ऐसी स्थिति है जो व्यक्ति को चारित्रिक नियमों के अनुसार कार्य करने और मानवीय मूल्यों को बनाए रखने की प्रेरणा देती है, नैतिकता के सिद्धान्तों का पालन इसलिए नहीं किया जाता कि वह परम्परागत है, बल्कि इसके अनुसार व्यवहार इसलिए करते हैं कि न्याय पवित्रता व सत्यता पर आधारित होते हैं इनका पालन कठोर राज्य नियम द्वारा न कर व्यक्ति 'आत्मचेतना' के कारण करता है जिससे समाज में क्ररूता, अपराध, हिंसा, बलात्कार, नशाखोरी, चोरी, लूट, डकैती जैसी समस्याओं का निपटारा होता है। सामाजिक नियन्त्रण से अभिप्राय कूले के मतानुसार ''प्रत्येक व्यक्ति की मौलिक आवश्यकता अपने 'आत्म' का विकास करना है। आत्म के विकास के लिये व्यक्ति की सामाजिक सहभागिता एवं उसका समाजीकरण आवश्यक है। स्पेन्सर ने धर्म, प्रथा, नैतिकता को सामाजिक नियन्त्रण के प्रमुख साधन माना है जिनके द्वारा एक समाज अपने सदस्यों पर अंकुश एवं नियन्त्रण रखता है। समाज में किसी भी प्रकार का नियंत्रण न होना व्यक्तियों का नैतिक पत्तन कर समस्याओं व अपराध को जन्म देने में सार्थक होता है।*

Reference to this paper should be made as follows:

डॉ० संगीता कुमार

*''सामाजिक नियन्त्रण में धार्मिकता, नैतिकता एवं आध्यात्मिकता का प्रभाव'' : एक समाजशास्त्रीय अध्ययन*

*Vol. XIV, Special Issue*
*pp.161-165*
*Article No.34*

**Online available at:**
*https://anubooks.com/journal/journal-global-values*

**DOI:** *https://doi.org/10.31995/jgv.2023.v14iS2.034*

*मुख्य शब्द*

*आदर्श रूप, धार्मिकता, नैतिकता, आध्यात्मिकता, सामाजिक नियम, नशामुक्त, न्याय पवित्रता, आत्मचेतना, समाजीकरण, अंकुश, नैतिक पतन, आत्मविकास, सामाजिक सहभागिता, सामाजिक नियन्त्रण, सामाजिक प्रतिनिधिान।*

नैतिक, आध्यात्मिक, धार्मिक शिक्षा व्यक्ति से सम्बन्धित है। व्यक्ति को नैतिकता की शिक्षा प्रदान करना ही समाजीकरण है। बाल मस्तिष्क कोरे कागज के समान होता है, समाज उस पर जैसा अंकित करता है, वह उसी अनुरूप अपने व्यवहारों को सम्पन्न करता है। दुर्खीम ने इसे दूसरे शब्दों में भी सामूहिक चेतना का सिद्धान्त से सम्बोधित किया है। जिसमें कहा है कि आत्म के विकास के लिये मुख्य रूप से समाज की ही जिम्मेदारी होती है। दुर्खीम ने इसे सामाजिक प्रतिनिधान के रूप में समझाया है और कहा है कि यह एक सामाजिक तथ्य है। नैतिकता, धार्मिकता या (धार्मिक शिक्षा) और आध्यात्मिकता की शिक्षा व्यक्ति से ही सम्बन्धित है। जो व्यक्ति के व्यवहार को नियंत्रित करते हैं। मनोविज्ञान, समाजशास्त्र एवं मानवशास्त्र भी मानव व्यवहार के ही शास्त्र हैं। इनमें साध्य एवं साधन पर विचार किया जाता है। भारत में नैतिक, धार्मिक एवं आध्यत्मिक शिक्षा पर बड़ी गम्भीरता से विचार किया गया है। सामाजिक नियन्त्रण से सत्संगति के प्रभाव से बुरे लोगों के अच्छे बन जाने और कुसंगति के प्रभाव से अच्छे लोगों के बुरे बन जाने के अनेक उदाहरण हमारे ग्रन्थों में विद्यमान है। मनुष्य यदि अपना वास्तविक विकास चाहता है तो समाज में अपने आपको आदर्श रूप से स्थापित करना चाहता है, और शरीर के समाप्त होने के बावजूद अपने अच्छे कर्मो का पालन कर देश में महान पुरूषों की श्रेणी में अमर होना चाहता है तो कुसंगति को त्याग कर सत्संगति का चयन करें।

''कबीरा संगति साधु की, हरै और की व्याधि।
ओछी संगति नीच की, आठो पहर उपाधि।

सामाजिक नियन्त्रण अपने स्वयं के विवेक अर्थात आत्म चेतना से भी सम्भव है। सामाजिक नियन्त्रण के अनौपचारिक साधन इन्हीं सामाजिक मूल्यों एवं आदर्शो का प्रतिनिधत्व करते हैं। अतः सामाजिक नियन्त्रण इन साधनों के अनुसार आचरण करना लोग अपना नैतिक दायित्व मानतें है। समाज के लोग सम्पूर्ण समूह जनरीतियों, प्रथाओं आदर्शो, रूढ़ियों, नैतिकता आदि को अपने हित व कल्याण की दृष्टि से आवश्यक समझते हैं। संतसंगति एक प्राण वायु है, जिसके संस्पर्श मात्र से मनुष्य सदाचरण का पालक बन जाता हैं। गोस्वामी तुलसीदास जी ने लिखा है कि ''सठ सुधरहिं सतसंगति पायी, पारस परस कुधातु सुधर्य सुहायी।''

दुर्खीम सरलतम शब्दों में कहते है कि धर्मा के अध्ययन द्वारा धर्म सामाजिक व्यवस्था बनाये रखता है। वेबर ने धर्म (आध्यात्म) को आर्थिक, सा0 राजनैतिक और एतिहासिक परिप्रेक्ष्य में देखते है। वेबर दुर्खीम की अपेक्षा पैगम्बरों की भूमिका को अधिक महत्वपूर्ण मानते है। वेबर धर्म का अध्ययन अनुयायियों द्वारा दिये गये अर्थो और उनकी क्रियाकलापों और अन्य सामाजिक गतिविधियों पर उसके प्रभाव के सन्दर्भ में करता है।

विसंगति समाज की एक ऐसी स्थिति जहाँ मानदण्डों का अभाव हो जाता है, सामाजिक नियमों के प्रति भ्रम एवं तनाव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है और व्यापक स्तर पर अव्यवस्था फैल जाती है विसंगति कहलाती है। विसंगति व्यक्ति एवं समाज दोनों के लिए घातक है। समाज शास्त्र में विसंगति (Anomaly) शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग इर्माइल दुर्खीम ने किया था तत्पश्चात् मर्टन ने इसको व्यापक अर्थ प्रदान किया। मर्टन के अनुसार जब किसी समाज के लक्ष्य व साधन स्पष्ट रूप से परिभाषित हो तथा इन लक्ष्यों को मान्य साधनों द्वारा प्राप्त करने के अवसरों का समान वितरण हो तो समाज की आदर्श स्थिति की सूचक है परन्तु जब लक्ष्यों एवं साधनों के मध्य असंतुलन की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। अर्थात मान्य साधनों द्वारा लक्ष्यों को प्राप्त करने के अवसर सभी को समान रूप से उपलब्ध नहीं होते हैं तो व्यक्ति के सांस्कृतिक लक्ष्यों एवं मान्य साधनों के प्रति प्रतिबद्वता कमजोर पड जाती है, समाज की यही स्थिति, विसंगति कहलाती है। समाज के नियमों एवं मानदण्डों के अनुसार व्यवहार करना अनुरूपता तथा उनका उल्लघंन विचलन कहलाता है। अनुरूपता एवं विचलन अनुकूलन की पूर्व प्रचलित जैविकीय एवं मनोवैज्ञानिक व्याख्या (जैसे लोम्ब्रोसो का जन्मजाती अपराधी का सिद्धान्त फ्रयड का मनोविश्लेषणात्मक सिद्धान्त आदि) भारतीय आध्यात्मिक चिंतन के अनुसार मानव जीवन के लिये चार पुरूषार्थो का परिपालन आवश्यक है। और वे हैं धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष धर्म और मोक्ष आत्मा के गौरव के संरक्षण के लिये आवश्यक है जबकि अर्थ और काम सांसारिक जीवन की सम्पन्नता के लिये जरूरी है। एक सिद्व गुरू के मार्गदर्शन में आदमी से आत्मा में परिवर्तन आसान हो जाता है। एक आध्यात्मिक गुरू (शिक्षक) की दो प्राथमिक जिम्मेदारियां होती हैं। सबसे पहले वह अपने व्यवहार और अनुभवों को अपने मार्गदर्शन के आचार में लाता है दूसरा वह जीवात्मा का बाहृय प्रतिनिधि बन जाता है जिसे प्रत्येक शिष्य को अपने अंतस में

स्वीकारना चाहिये ताकि बाद में जिसे प्रत्येक शिष्य को अपने अंतस में स्वीकारना चाहिए ताकि बाद में उसे परम स्वरूप का एहसास हो सके धर्म और आध्यामिकता के मध्य एक बहुत बड़ा अन्तर है। धर्म हमें अच्छे और बुरे के बीच के अंतर की पहचान करने की समझ देता है, और हमें बुराई छुड़वाकर अच्छे को अपनाने की सीख देता है। जबकि आध्यामिकता में कुछ भी छोड़ने की और अपनाने की कोई आवश्यकता नहीं है। जिस प्रकार एक भौतिक वैज्ञानिक गंदे पानी से दो तत्वों को अलग कर सकता है, उसी प्रकार ज्ञानी (आध्यत्मिक वैज्ञानिक) आध्यात्मिक विज्ञान के माध्यम से, आध्यात्मिक ज्ञान द्वारा शुद्धात्मा (आत्मा) जड तत्वों में से आत्मा को अलग कर सकते हैं। आज सम्पूर्ण समाज में निराशा आक्रोश, अशान्ति और असंतोष का प्रभाव है मनुष्य इन सब से इस तरह घिर चुका है कि वह जगत के कल्याण की सोच भी नहीं पा रहा है। हमारे चारों ओर प्रकृति का संकट भी मंडरा रहा है इन सबसे निजात पाने के लिये हमें जीवन में शारीरिक, मानसिक तथा आध्यत्मिक संतुलन की आवश्यकता है। आधुनिक जगत में आध्यात्म और योग का महत्व बढ़ गया है मन व शरीर अत्यधिक व्यस्तता एवं प्रदूषण से मनोरोग व अपराध बढ़ रहा है। सामाजिक नियन्त्रण के द्वारा व्यक्तियों के व्यवहारों को समाज के स्थापित प्रतिमानों के अनुरूप ढालने का प्रयत्न किया जाता है। इस प्रकार सामाजिक नियन्त्रण व विधि है जिसके द्वारा एक समाज अपने सदस्यों के व्यवहारो का नियमन करता है। सामाजिक नियन्त्रण के द्वारा एक समाज अपने सदस्यों को उनकी निर्धारित भूमिकाएं निभाने, नियमों का पालन करने एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिये प्रेरित करता है। प्रत्येक समाज अपने सदस्यों से यह अपेक्षा करता है कि वे एक निर्धारित तरीके से समाज में आचरण करें, उचित रूप से अपनी भूमिका एवं कर्तव्यों का निर्वाह करें अन्यथा समाज में व्यवस्था बनाए रखना एवं लोगों की आवश्यकताओं की पूर्ति करना कठिन हो जायेगा। प्रत्येक समाज अपने सदस्यों से यह अपेक्षा करता है कि वे उसकी संस्कृति के अनुरूप व्यवहार–प्रतिमानों प्रथाओं, रीति–रिवाजों, मूल्यों, आदर्शो एवं कानून के अनुरूप आचरण कर समाज को स्थायित्व व व्यवस्था प्रदान करें। प्रारम्भ में सामाजिक नियन्त्रण का अर्थ केवल दूसरे समूहों से अपने समूह की रक्षा करना और मुखिया के आदेशों का पालन करना मात्र था। बाद में धार्मिक, नैतिक नियमों के अनुसार व्यवहार करने को सामाजिक नियन्त्रण माना गया है। मानव अपनी प्रकृति से स्वार्थी, व्यक्तिवादी, अराजक, लडाकू, हिसंक एवं संघर्षकारी है यदि उसकी इन प्रकृतियों पर अंकुश नहीं रखा जाए तो समाज युद्ध स्थल बन जायेगा व मानव का जीना कठिन हो जायेगा। अपराध का स्तर शनैः–शनैः बढ़ता जायेगा। समाज में अराजकता, संघर्ष, हिंसा, बलात्कार, हत्या, चोरी, डकैती लूटमार, जातिवाद, साम्प्रदायिकतावाद, इत्यादि समस्याओं के अतिरिक्त भ्रष्टाचार, जमीनों के घोटाले, अवैध कारोबार, मनीलॉर्न्डिग, महिलाओं से सम्बन्धित अनेक प्रकार के अपराधों की बाढ़ आ जायेगी। पारसन्स के अनुसार "विपथगामी प्रवृत्तियों की कली फूल बनने से पहले ही कुचल देना सामाजिक नियन्त्रण है।" जबकि जानसन के अनुसार 'व्यक्ति कई बार तो स्वयं ही अपनी अन्तरात्म के द्वारा नियन्त्रण करता है, जब यह आत्म–नियन्त्रण अचेतन एवं अनौपचारिक रूप से ही होता है।" आज सम्पूर्ण मानवता अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है। मनुष्य ही मनुष्य के लिये घातक बन गया है। उसने अपनी इच्छाओं की पूर्णता के लिये दूसरो की इच्छाओं को दबाना शुरू कर दिया है। हिंसा और बलात्कार जैसी घटनाएं मानवता के पतन के ही सूचक है। सम्पूर्ण विश्व में मनुष्यों के बीच वैमनस्ता फैल गई है। किसी के भीतर मानव प्रेम नहीं झलकता जिस देश में 'दधीचि' जैसे महर्षि, अशोक, शिवि, अकबर आदि जैसे राजा और महात्मा गांधी, स्वामी विवेकानन्द, स्वामी दयानन्द सरस्वती– सृदश 'सर्वजन हिताय' की खातिर जान देने वाले व्यक्तियों का आदर्श हो वहाँ मानवता के मूल्यों में पतन चिंतानीय है। आध्यात्मिकता के विचार का मतलब अलग–अलग व्यक्तियों के हिसाब से मापा जाता है। आध्यात्मिक विश्वासों और रीति–रिवाजों की विविधता उतनी ही भिन्न है जितनी उन्हें मानने वाले लोग परंतु इस सब में एक ही समानता है कि वह हमारा मानसिक स्वास्थ्य पर कितना प्रभाव डालती है आध्यात्म लोगों द्वारा लिये जाने वाले अनेक निर्णयों को प्रभावित करता है यह लोगों को खुद के साथ, दूसरों के साथ और अज्ञात के साथ बेहतर संबन्ध बनाने के लिये प्रोत्साहित करता है। आध्यात्मिकता आपको शान्ति, उद्देश्य और क्षमा की भावना देकर तनाव से निपटने में मदद कर सकती है। भावनात्मक तनाव या बीमारी के समय में यह अक्सर अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है। आध्यात्म व्यक्ति को उद्देश्यो, शान्ति व क्षमा के अतिरिक्त आत्मसम्मान, आत्मनियन्त्रण, आत्मशक्ति प्रदान करता है। आध्यात्म व्यक्ति को सद्मार्ग पर चलने के लिये प्रेरित करता है। जीवन के सभी क्षेत्रों में अभूतपूर्व विकास द्वारा प्रदान की गई भौतिक सुख–सुविधाओं के बीच, मानवता चौराहे पर है जो इन साधनों से परे खुद देख रही है स्वास्थ्य एवं खुशी से सम्बन्धित कई सवालों के जवाब देने के लिए आध्यात्मिकता को अब विश्व स्तर पर महत्वपूर्ण पहलू के रूप में पहचान मिली है। भारत में शीर्ष योग ध्यान केन्द्र स्पीति घाटी में स्थित ब्लू मैंगों केन्द्र हिमालय, ओशो ध्यान रिर्जोट पुणे, आर्ट ऑफ लिविंग इंटरनेशल सेंटर बैगलुरू धर्मशाला तुशिता ध्यान केन्द्र, योग विद्या आध्यात्मिक केन्द्र केरल, विपष्यना ध्यान केन्द्र, ईशा योग केन्द्र तमिलनाडु इत्यादि। उपरोक्त आध्यात्मिक ध्यान केन्द्रों का लक्ष्य समाज में व्याप्त

परेशानियों जैसे शराब के सेवन से छुटकारा, मानसिक स्वास्थ्य लाभ, मनुष्यों में गलत भावना का निराकरण होकर मनुष्य पुर्नजीवित होने का अभ्यास, तन और मन दोनों को शान्त कर समाज में जीवन जीने की कला सिखते है। आध्यात्मिक केन्द्रों द्वारा हिंसा मुक्त समाज का निर्माण करना परम लक्ष्य है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग द्वारा ब्रहमकुमारी संस्थान के बीच नशा मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है। आध्यात्मिक संगठन अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। आध्यात्मिक गुरूओं की भागीदारी से न केवल नशामुक्त अभियान की पहुँच बढ़ेगी अपितु आध्यात्मिक ज्ञान के माध्यम से नशे से दूरी बनाए रखने में मदद मिलेगी। ''भारत अध्यात्मवाद का पालना है।'' विभिन्न आध्यात्मिक संगठन कॉपोरेट नेताओं व कर्मचारियों की भूमिका को पुनःपरिभाषित करने में मदद कर रहा है। आध्यात्मिकता के वशीभूत होकर मनुष्य विसंगति तथा विचलन से विमुक्त होकर समाज में शान्ति स्थापित करता है। धर्म कुछ अलौकिक शक्तियों में विश्वास और ईवश्वरीय सत्ता पर आधारित एक शक्ति है जो नियमों का पालन व्यक्ति पाप और पुण्य अथवा ईश्वरीय शक्ति के भय के कारण करता है। इस शक्ति को सामन्य रूप से अनेक देवी–देवताओं, स्वर्ग और नर्क ईश्वरीय न्याय तथा कर्म और पुर्नजन्म जैसे अनेक धारणाओं के रूप में देखने को मिलती है। व्यक्ति यह विश्वास करते हैं कि धर्म आदेशों व निर्देशों का पालन न करने पर वह पाप है और इनके अनुसार कार्य करना पुण्य है। पाप का फल ईश्वर यह दण्ड व नर्क है, जबकि पुण्य से परम ब्रहम की प्राप्ति होती है। धर्म बहुत ही रोचक घटनाओं, पौराणिक घटनाओं व कथाओं, ईश्वरीय महिमा, कर्मकाण्ड और पवित्र वस्तुओं के माध्यम से अविश्वास दिखाता है कि धार्मिक नियमों का पालन व्यक्ति को कितना समृद्ध सुखी और सफल बना सकता है। नैतिकता एक ऐसी स्थिति है जो व्यक्ति को चारित्रिक नियमों के अनुसार कार्य करने और मानवीय मूल्यों को बनाए रखने की प्रेरणा देती है। नैतिकता के सिद्धान्त का पालन इसलिये नहीं किया जाता कि वह परम्परागत है, बल्कि व्यक्ति इनके अनुसार व्यवहार इसलिये करते हैं कि वह न्याय पवित्रता करने के लिये राज्य की ओर से कोई स्पष्ट नियम नहीं बनाए जाते लेकिन व्यक्ति आत्म चेतना के कारण इनका पालन करते हैं। दुर्खीम द्वारा रचित पुस्तक Sociology and Philosophy में सामूहिक प्रतिनिधान/प्रतिनिधित्व या सामूहिक चेतना का सिद्धान्त प्रस्तुत किया जिसमें कहा गया है कि ''आत्म विकास के लिये मुख्य रूप से समाज ही जिम्मेदार होता है।'' राष्ट्र धर्म और नागरिक एक सिक्के के दो पहलू हैं। राष्ट्र की उन्नति और समृद्धि इस बात पर टिकी है कि उस देश के नागरिकों को अपने कर्त्तव्य का बोध है कि नहीं। राष्ट्र का अर्थ किसी सीमा विशेष से बंधा हुआ नहीं है। राष्ट्र शब्द के मूल में सम–धर्म–भाव–समान की भावना निहित है यही भावना विश्व को एक सूत्र में पिरोती है। इस भावना का उदय होते ही राष्ट्र की सीमाएं लुप्त होने के कारण ही विश्व के राष्ट्रों में समान रूप में आदर करना है। नागरिकों के राष्ट्र के प्रति कुछ कर्त्तव्य निर्धारित हैं, इन्हें कर्त्तव्यों के परिणाम स्वरूप राष्ट्र निर्मित होता है। राष्ट्र की सुरक्षा का दायित्व नागरिकों का ही है जब राष्ट्र के नागरिक उचित आचरण करेगें तो एक अच्छे सुदृढ़ राष्ट्र का निर्माण होगा। प्रत्येक राष्ट्र की तस्वीर उस राष्ट्र के नागरिकों के चरित्र पर आधारित होती है अतः परिवार में उदात्त चरित्र की भावना का विकास किया जाना चाहिये, उनमें विश्व बन्धुत्व की भावना का विकास किया जाना चाहिये। इससे राष्ट्रीय एकता व अखण्डता सुदृढ़ होती है। 'वसुदैव कुंटुम्बकम्' की भावना को प्रवज्जलित करती है। सम्यक् आचरण, उच्च चरित्र, निर्मल भावना और मधुर भाषण मनुष्य के ऐसे गुण है जिन्हें देखकर न चाहते हुए भी सम्पूर्ण समुदाय उसे आदर्श रूप में देखता है।

## निष्कर्ष

मनुष्य का समाज द्वारा स्थापित मानदण्डों एवं नियमों के अनुरूप व्यवहार न करना सामाजिक विचलन/नियमहीनता है जो मनुष्य के सन्तुलित जीवन/समाज के लिए घातक है जिसे विभिन्न विद्वानों द्वारा अपने–अपने शब्दों में बताया गया है। समाज में विचलन की स्थिति को दूर करने के लिए समाज ने धर्म/धार्मिकता, नैतिकता एवं आध्यात्मिकता को अपनाया है। इसमें आध्यात्मिक/धार्मिक गुरूओं द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है। मनुष्यों द्वारा धार्मिकता, नैतिकता एवं आध्यात्मिकता को सीखकर सद्आचरण अपनाया जा रहा है। अर्थात जैसी संगत वैसा आचरण। धार्मिकता, नैतिकता तथा आध्यात्मिकता व्यक्ति के व्यवहार को नियंत्रित करते हैं, जिसके कारण समाज को स्थायित्व प्राप्त होता है तथा व्यक्ति का भी मानसिक तथा शारीरिक अर्थात् संतुलित विकास होता है। यदि समाज से धार्मिकता, नैतिकता एवं आध्यात्मिकता को समाज/व्यक्ति के जीवन से हटा दिया जाए तो समाज एक युद्ध स्थल बन जाएगा। समाज विघटित होगा, विघटित समाज से विभिन्न प्रकार के अपराध पैदा हो जाएगा जिसके कारण व्यक्ति का जीवन कठिन होगा। मानवता समाप्त हो जाएगी। व्यक्ति के जीवन को सरल बनाने अर्थात मानवता को बनाये रखने में विभिन्न संगठन/संस्थायें जैसे ब्रहम कुमारी आदि समाज में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

Journal Global Values, Vol. XIV, Special Issue, May 2023, ISSN: (P) 0976-9447, (e) 2454-8391, Impact Factor 8.835*(SJIF)*
*https://doi.org/10.31995/jgv.2023.v14iS2.034*

## सन्दर्भ

1. गुप्ता, एम.एल., शर्मा, डी.डी. ''समाजशास्त्र''. साहित्य भवन पब्लिकेशनस।
2. पाण्डेय, समशकल. (2011). शिक्षा : वर्तमान सन्दर्भ में परिवर्तन. विकल्प प्रकाशनः इलाहाबाद।
3. पाण्डेय एस.एस. समाजशास्त्र. टाटा मेकग्रो हील एजूकेशन प्राइवेट लि0।
4. www.amarujala.com.
5. www.google.come.
6. www.healthshots.com.
7. मुखर्जी, आर.एन. (1997). 'सामाजिक विचारधारा'. विवेक प्रकाशनः जवाहर नगर दिल्ली।
8. द्विवेदी, ओ.पी. (1982). विश्व धर्म और पर्यावरण. गीतांजलि प्रकाशनः नई दिल्ली।
9. मिश्र, अमरेश. (2012). आधुनिक शिक्षा का स्वरूप. मिश्रा बुक डिपोः इलाहाबाद।

# अद्वैत वेदान्त के प्रतिष्ठापक आद्यगुरू शंकराचार्य

डॉ० मंजु लता
*असिस्टेंट प्रोफेसर, दर्शनशास्त्र विभाग*
*श्रीमती बी०डी० जैन गर्ल्स (पी०जी०) कॉलेज, आगरा छावनी, आगरा*
*ईमेलः drmanjulata20@gmail.com*

**सारांश**

*आद्यगुरू शंकराचार्य विलक्षण प्रतिभा सम्पन्न थे। उन्होंने अद्वैत वेदान्त के सिद्धान्त को प्रतिपादित किया तथा भारतवर्ष के चारों कोनों में फैलाया। सनातन धर्म को पुनर्जीवित करने में उनका महान योगदान था। शंकराचार्य ने अपने जीवनकाल में ऐसे अद्भुत कार्य किये जो अत्यन्त सराहनीय एवं भारत की अनमोल धरोहर हैं।*

Reference to this paper should be made as follows:

डॉ० मंजु लता

*अद्वैत वेदान्त के प्रतिष्ठापक आद्यगुरू शंकराचार्य*

*Vol. XIV, Special Issue*
*pp.166-168*
*Article No.35*

**Online available at:**
*https://anubooks.com/journal/journal-global-values*

**DOI:** *https://doi.org/10.31995/jgv.2023.v14iS2.035*

Journal Global Values, Vol. XIV, Special Issue, May 2023, ISSN: (P) 0976-9447, (e) 2454-8391, Impact Factor 8.835*(SJIF)*
*https://doi.org/10.31995/jgv.2023.v14iS2.035*

सर्वशास्त्रमयी श्रीमद्भगवतगीता में योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण ने कहा है कि जब–जब धर्म की हानि और अधर्म की वृद्धि होती है तब–तब धर्म के अभ्युदय के लिये मैं धरा–धाम पर अवतरित होता हूँ। 'धर्म संस्थापनार्थाय' धर्म की संस्थापना का कार्य सम्पादित करता हूँ।

जिस समय भारत में चतुर्दिक वेदविरूद्ध मत–मतान्तरों का प्रचार–प्रसार तेजी से फैल रहा था। बौद्ध धर्म एवं तन्त्र विद्या का प्रभाव हावी हो रहा था। 'बुद्धं शरणं गच्छामि' का उद्‌घोष हो रहा था। अधर्म, अनाचार, भेदभाव अन्धविश्वास अपनी चरम सीमा पर था। सनातन धर्म अपनी पहचान, अपनी सरलता खोता जा रहा था। सनातन धर्म के अस्तित्व पर आये संकटकाल में आध्यात्मिक, सांस्कृतिक, राष्ट्रीयता की भावना का संचार करने, धर्म की पुनर्स्थापना करने, सत्य का सन्देश देने के लिये आद्यगुरू शंकराचार्य संकटमोचक के रूप में भारत भूमि पर अवतरित हुए।

शंकराचार्य का अवतरण 788 ई. में केरल प्रान्त के कालड़ी ग्राम में नम्बूद्री ब्राह्मण कुल में हुआ। इनके पिता का नाम शिवगुरू तथा माता का नाम आर्यम्बा था। आद्यगुरू शंकराचार्य को भगवान शिव का अवतार माना जाता है। भगवान शिव का शंकराचार्य के रूप में अवतरित होने की पुष्टि स्कन्दपुराण, वायु पुराण, भविष्य पुराण आदि में की गयी है। ''माधवीय शंकर दिग्विजय'' में भी इस तरह का वृतान्त मिलता है। 16वीं शताब्दी के मधुसूदन सरस्वती ने अपने ग्रन्थ 'सिद्धान्त बिन्दु' के आरम्भ में उल्लेख किया है–

श्रीशंकराचार्य नवावतारम्। विश्वेश्वरं विश्वगुरूं प्रणम्यम्।।

आचार्य शंकर जन्म से ही बहुमुखी व्यक्तित्व व अलौकिक प्रतिभा से सम्पन्न थे। अपनी विलक्षण व कुशाग्र बुद्धि से बाल्यावस्था में ही उन्होंने वेद–वेदान्तों का अध्ययन कर लिया। उन्होंने गौडपाद के शिष्य गोविन्दपाद से संन्यास दीक्षा ग्रहण करके तत्वज्ञान प्राप्त किया।

आचार्य शंकर ने अपनी दार्शनिक पटुता, तार्किक कुशलता व असाधारण विद्वता द्वारा शास्त्रार्थ करके समस्त भूमण्डल पर छाये हुए नास्तिकों, बौद्धों और वेद विरूद्ध भेदवादियों को परास्त करके सनातन धर्म का उद्‌घोष किया। 80 से अधिक सम्प्रदायों को शास्त्रार्थ में पराजित करके जगद्‌गुरू की उपाधि से विभूषित हुए।

आचार्य शंकर की महिमा में विद्वानों के प्रशस्तिवचन इस प्रकार हैं–

''शंकरं शंकराचार्य केशवं बादरायणम्। सूत्र भाष्य कृतौवन्दे भगवन्तौ पुनः पुनः।।''

''श्रुति स्मृति पुराणानामालयं करूणालयम्। नमामि भगवत्पादं शंकरं लोकशंकरम्।।''

सम्पूर्ण भारत की सांस्कृतिक, धार्मिक, आध्यात्मिक एकता को सुदृढ़ करने; सनातन धर्म को निर्देशित, निरूपित, स्थायित्व करने एवं ऋषियों– मुनियों की चिर–पोषित परम्परा तथा अलौकिक सम्पदा को अनन्तकाल तक अक्षुण्ण बनाये रखने के लिये जगद्‌गुरू शंकराचार्य भारतवर्ष की चारों दिशाओं में चार पीठों (मठों) की स्थापना की। दक्षिण दिशा–रामेश्वरम् में 'श्रृंगेरी मठ', उत्तर दिशा– बद्रीनाथ में ज्योतिर्मठ, पूर्व दिशा– जगन्नाथपुरी में गोवर्धनमठ और पश्चिम दिशा– द्वारिका में शारदा मठ स्थापित किया। भारत की सम्प्रभुता व अखण्डता की एक विराट सकंल्पना को साकार करने के लिये इन चारों पीठों में क्रमशः अपने प्रमुख शिष्यों–सुरेश्वराचार्य (पूर्वनाम अचार्य मण्डन मिश्र), तोटकाचार्य, पद्मपादाचार्य, हस्तमलकाचार्य को शंकराचार्य के पदों पर अभिशिक्त किया। भारत के भावी समुज्ज्वल भविष्य की संकल्पना के द्रष्टा शंकराचार्य ने चारों पीठों की समुचित व्यवस्था के लिये एक विधान का निर्माण किया। इससे सम्बन्धित ग्रन्थ को 'मठाम्नाय' कहा जाता है। साथ ही उन्होने 'दशनामी सम्प्रदाय' को भी स्थापित किया। इस प्रकार शंकराचार्य ने केवल वैदिक धर्म का उद्‌घोष ही नहीं किया बल्कि हिमालय से लेकर सागर पर्यन्त, अटक से लेकर कटक तक समग्र भारत को एकता के सूत्र में आवद्ध कर दिया।

शंकराचार्य सत्य को उद्‌घोषित करने हेतु भारतवर्ष के कोने–कोने में लगातार यात्रा करके प्रचार–प्रसार करते रहे तथा साथ ही वे लेखन कार्य भी करते रहे। वे एक महान लेखक, विचारक, कवि, तर्कपुट, सूक्ष्मद्रष्टा तथा अलौकिक शक्तियों से समलंकृत थे। उनका सम्पूर्ण जीवन निष्काम, लोक संग्रहार्थ समार्पित था। सनातन धर्म को व्यवस्थित व पल्लवित करने के पश्चात् 820 ई0 में केदारनाथ क्षेत्र में शंकराचार्य ने अपने नश्वर शरीर का त्याग कर दिया।

32 वर्ष की अल्पायु में औपनिषदिक ज्ञान को सर्वसाधारण तक सुलभ कराने के लिये उन्होंने अनेकों ग्रन्थों की रचना की। आचार्य शंकर की कृतियाँ तीन प्रकार की हैं– भाष्य, स्तोत्र तथा प्रकरण ग्रन्थ। शंकराचार्य ने प्रस्थानत्रयी–उपनिषद्, गीता, ब्रह्मसूत्र तथा अन्य ग्रन्थों पर पर भाष्य लिखे। प्रस्थानत्रयी पर सर्वप्रथम भाष्य प्रणयन करने वाले शंकराचार्य ही थे। उन्होंने अत्यन्त सरस काव्य शैली में शिव स्तोत्र, दक्षिणमूर्ति स्तोत्र, सौन्दर्य लहरी आदि स्तोत्र ग्रन्थों की रचना की। इनके अतिरिक्त अपरोक्षानुभूति, आत्मबोध, विवेकचूड़ामणि, उपदेश साहस्री आदि प्रकरण ग्रन्थों का प्रतिपादन अति सुबोध, आकर्षक, हृदयग्राही रीति से किया है।

सर्वसाधारण की उपनिषदों के गूढ रहस्यमयी ज्ञान के प्रति रूचि जाग्रत करने हेतु प्रकरण ग्रन्थों की रचना गद्य में न करके काव्य में की है। वेदान्त के गम्भीर व सूक्ष्मातिसूक्ष्म विषयों को सरल शब्दों में अभिव्यक्त करने की इनकी रचना शैली अत्यन्त रोचक एवं इनकी कला अत्यन्त अनूठी है। वेदान्त की जितनी सरल व रोचक व्याख्या शंकराचार्य के ग्रन्थों में मिलती है उतनी अन्यत्र नहीं मिलती। चार्ल्स इलिएट के शब्दों में, ''शंकर का दर्शन संगीत, पूर्णता और गम्भीरता में प्रथम स्थान रखता है।''

अद्भुत भाष्य रचना के द्वारा शंकराचार्य ने दार्शनिक जगत में जिस प्रेरणा का संचार किया है, परवर्ती रामानुज आदि दार्शनिकों की भाष्य आदि रचनायें उसी का प्रतिफल हैं। डॉ. राधाकृष्णन्, श्री अरविन्द, स्वाती विवेकानन्द आदि के विचार किसी न किसी रूप से शंकराचार्य से प्रभावित हैं। अल्प अवधि में जैसा अद्भुत कार्य शंकराचार्य ने किया है वैसा अन्य किसी दार्शनिक ने नहीं किया।

प्रो0 कारी जैस्पर्स (Kari Jaspers) के शब्दों में, "There was no metaphysics superior to that of Shankara."

सच तो यह है कि भारतीय धर्म, संस्कृति और दर्शन ने अपना उच्चतम शिखर, अपना वर्चस्व शंकराचार्य के विचारों व कार्यों से प्राप्त किया है। वे वेदान्त के सर्वाधिक प्रतिष्ठित प्रणेता रहे हैं। वेदान्त भारतीय दर्शन की अमूल्य निधि है। भारतीय दर्शन को अधिकाँशतः वेदान्त दर्शन के रूप में ही जाना जाता है और वेदान्त को शंकराचार्य के रूप में।

डॉ0 दास गुप्त का कहना है, ''शंकराचार्य द्वारा प्रस्थापित दर्शन का प्रभाव इतना व्यापक है कि जब भी हम वेदान्त दर्शन की चर्चा करते हैं तो हमारा तात्पर्य उस दर्शन से होता है जो शंकर के द्वारा मंडित किया गया है।''

शंकराचार्य के दर्शन को आज पूरा विश्व अद्वैत–वेदान्त के नाम से जानता है। अद्वैत–वेदान्त भारतीय दर्शन की आत्मा है। औपनिषदिक चिन्तन के अजस्र मंथन के फलस्वरूप अद्वैत विचार रूपी जो निर्मल नवनीत निकलकर आया वह परम कल्याणकारी है। यूँ तो वेदान्त के सभी सम्प्रदाय स्वयं को उपनिषदों पर आधारित मानते हैं और उपनिषदों को वेदान्त का मूल प्रस्थान कहा जाता है लेकिन शंकराचार्य का अद्वैत वेदान्त ही वस्तुतः उपनिषदों के सर्वाधिक निकट है। शंकराचार्य ने अपनी तात्त्विक व तार्किक दृष्टि द्वारा जिस सिद्धान्त का प्रतिपादन किया है वह अद्वैतवाद है। अद्वैतवाद से तात्पर्य है– वह सिद्धान्त जो पारमार्थिक दृष्टि से एक ही सत्ता को स्वीकार करता है। अद्वैत वेदान्त का मत है कि ब्रह्म और जीव एक ही हैं। अविद्या या माया के कारण ये भिन्न–भिन्न दृष्टिगोचर होते हैं। करोड़ों ग्रन्थों के सार को उन्होंने आधे श्लोक में इस प्रकार व्यक्त किया है–

''श्लोकार्धेन प्रवक्ष्यामि यदुक्तं ग्रन्थ कोटिभिः।
ब्रह्मसत्यं जगन्मिथ्या जीवो ब्रह्मैव नापरः।।
(ब्रह्म सत्य है, जगत मिथ्या है, जीव ब्रह्म ही है।)

आद्यगुरू शंकराचार्य वेदान्त दर्शनाकाश के प्रखर भास्कर हैं जिन्होंने सूक्ष्माति–सूक्ष्म दृष्टि व गम्भीर चिन्तन द्वारा दार्शनिक विचारधारा को पल्लवित, पुष्पित, सुरभित और समृद्ध ही नहीं किया बल्कि निरन्तर प्रवाहमान भी किया है। उन्होंने एक ऐसे दार्शनिक युग का सूत्रपात किया जिसके आलोक में भारतीय दर्शन को एक नई दिशा मिली। उनकी अद्वितीय आलोचनात्मक तथा सृजनात्मक प्रतिभा चिन्तन के इतिहास में अपना शाश्वत मूल्य रखती है।

डॉ. राधाकृष्णन् के शब्दों में, ''उनका दर्शन सम्पूर्ण रूप में उपस्थित है जिसमें न किसी पूर्व की आवश्यकता है न अपर की,.... चाहे हम सहमत हों अथवा नहीं उनके मस्तिष्क का प्रकाश हमें प्रभावित किये बिना नहीं छोड़ता।''

शंकराचार्य का दर्शन देश, जाति, साम्प्रदायिकता व धर्म की सीमा में नहीं बाँधता। उनका दर्शन सार्वभौमिकता के उन तत्वों में निहित है जो समग्र मानव जाति को समान रूप से प्रभावित करता है। स्वामी विवेकानन्द, डॉ0 राधाकृष्णन्, श्री अरविन्द आदि भारतीय दार्शनिक ही नहीं बल्कि पाश्चात्य दार्शनिक स्पिनोजा, मैक्डानाल आदि भी अद्वैत चिन्तन से प्रभावित हुए हैं। पाल डायसन ने कहा था कि यह औपनिषदिक चिन्तन भारत में तो अद्वितीय है ही किन्तु सम्भवतः सम्पूर्ण विश्व में ही अतुलनीय है।

आद्यगुरू शंकराचार्य के उदात्त, समन्वयात्मक व सत्यपरक संदेश राष्ट्र के लिये अमूल्य धरोहर हैं। आज उनके विचारों को हृदयंगम करने की आवश्यकता है। उनकी दिव्य दृष्टि एवं अद्भुत कृति सर्वथा स्तुत्य है।

## संदर्भ

1. अंगिरस, डॉ0 रमाकांत. शंकर वेदांत – एक अनुशीलन।
2. राधाकृष्णन्, डॉ0 सर्वपल्ली. भारतीय दर्शन।
3. गुप्त, एस.एन. दास. भारतीय दर्शन का इतिहास।
4. वर्मा, पवन के0. आदि शप्रराचार्य–हिन्दू धर्म के महान विचारक।
5. पाण्डे, डॉ0 करूणा. सांस्कृतिक सेतु जगद्गुरू आदि शंकराचार्य।

Journal Global Values, Vol. XIV, Special Issue, May 2023, ISSN: (P) 0976-9447, (e) 2454-8391, Impact Factor 8.835*(SJIF)*
*https://doi.org/10.31995/jgv.2023.v14iS2.036*

# तबले के घराने व उनकी वादन शैलियाँ

शिप्रा जैन
*शोधार्थी*
*आर०जी० पी०जी० कॉलेज, मेरठ*
*ईमेलः bansalvaibhav07@gmail.com*

**सारांश**

*घराना शब्द स्वयं में गहनता भरा व हिन्दुस्तानी संगीत से गहरा सम्बन्ध रखने वाला एक बड़ा महत्वपूर्ण शब्द है। घराना शब्द स्वयं में परम्पराओं से घिरा शब्द है। हमारे भारत देश में कई कलाओं का जन्म हुआ जो अपने चरमोत्कर्ष पर पहुँच पायी कारण था उनका परम्परामय होना, इन्हीं कलाओं में अपना महत्वपूर्ण स्थान रखने वाली कला ही संगीत कला है। संगीत जीवन का आधार है। संगीत मानव भावनाओं को व्यक्त करने का सशक्त माध्यम है। इसी संगीत को पिछले 300 वर्षो से विकसित करने का श्रेय घरानों का ही है। जब भी हिन्दुस्तानी संगीत की बात चली घराना शब्द सन्दर्भ में आ ही जाता है।* [1]

Reference to this paper should be made as follows:

शिप्रा जैन

*तबले के घराने व उनकी वादन शैलियाँ*

*Vol. XIV, Special Issue*
*pp.169-177*
*Article No.36*

**Online available at:**
*https://anubooks.com/journal/journal-global-values*

**DOI:** *https://doi.org/10.31995/jgv.2023.v14iS2.036*

घरानों का अर्थ स्पष्ट करते हुए वामनराव देशपाण्डे जी लिखते हैं –

“Every upcoming artists always possessed home heritage handed down by tradition to which he makes his own addition if he achiever eminence and setup his own school of flowers. He became a pioneer of a new style.”

वमनराव देशपाण्डे जी ने "घरानेदार गायकी" नामक पुस्तक में इस विषय की विधिवत् चर्चा की है। लेखक ने कई प्रकरणों को लेकर घराने को समझाया है।

सुरेश मईणकर जी घराने के अर्थ को स्पष्ट करते हुए कहते हैं कि "परम्परा से चली आई गुरू की विचार शैली एवं कला प्रस्तुतीकरण की शैली को ग्रहण कर उस कला को प्रस्तुत करने वाले शिष्यों एवं उनके शिष्यों का एक अलग वर्ग का निर्माण होता है। ये शैलियॉ एवं परम्परायें पसन्द आने वाले रसिकजनों का भी एक निराला वर्ग पैदा होता है। चहेतों का यह वर्ग उस शैली उस परम्परा को बनाये रखने में पर्याप्त सहायता पहुँचाता है। कला श्रोता की इन परम्पराओं को शैली या स्कूल कहते है। संगीत के क्षेत्र में इन्हें घराने कहा जाता है।"(1)

कृष्णराव पंडित के मतानुसार– "शताब्दियों या बहुत पुरानी परम्परा उच्च कोटि के गुरू और कई पीढ़ियों की गुरू–शिष्य परम्परा सब मिलकर एक घराना बनता है।" बाबू भाई पैकर के मतानुसार– "एक ही शैली से गाने वालों को एक ही घराने का कहते है।"(2)

बड़े गुलाम अली खाँ ने कहा है कि–

“Music was something divine and therefore highly individualistic while it had to be thought in a rigorous manner to enlightened shishya, the style of a an ustad in many cases, did work as an inhibiting factor in ultimately developing the shishya”s own genius music in like an ocean and no one the individual can master every teaching without the able guidance of a guru which highly make Gharana as an important system of prevalent in classical music though the medium of Gharana only.”

डा0 सुशील कुमार चौबे ने अपनी पुस्तक घरानों की चर्चा में कहा है कि "घराना जिसे हम कुटुम्ब परिवार अथवा कुल के नाम से भी पुकारते है जन समुदाय अथवा मानव का एक एकांश अथवा यूनिट ही माना जाता है।"(1) जब भी कोई सुयोग्य कलाकार अपनी प्रतिभा तथा कठिन साधना से किसी एक विशेश शैली का निर्माण करता है तो उसके शिष्यों द्वारा प्रचारित होती हुई वहीं शैली एक घराने का जन्म देती है।

इस प्रकार वंश परम्परा एवं गुरू–शिष्य परम्परा ही घराने को जम्न देता है। घराना परम्परा की अपनी एक विशिष्ट शैली होती है। घरानों की चर्चा का विषय उठते ही आज विद्वानों ने घरानों की तुलना भाषा से भी करना आरम्भ कर दिया है। विद्वानों के मतानुसार स्वर, ताल व अलंकार वर्ण आदि की प्रधानता व आवाज के लगाव आदि के अन्तर से गायन शैली में अन्तर आ जाता है, जिसके परिणामस्वरूप विभिन्न घरानों का निर्माण हो जाता है। विद्वानों ने भाषा को चार भागो में विभाजित किया है।

1. व्यापक (Universal)
2. विशिष्ट (Special)
3. वैकल्पिक (Alternative)
4. वैयक्तिक (Individual)

इन्हीं भाषा के वर्गीकरण के आधार पर ही भाषा की तरह ही घराने बनने के भी पॉच कारण बताये गये है।

1. स्वर संग्रह भेद
2. स्वर रचना भेद
3. घटको की प्रमुखता का भेद
4. अलंकार या वर्ण भेद
5. उच्चारण भेद

प्राचीनकाल से ही हिन्दुस्तानी शिक्षा पद्धति गुरू–शिष्य परम्परा पर ही आधारित रही है। इसके अनुसार शिष्यों का एक विशिष्ट समूह गुरू से शिक्षा प्राप्त कर रहा होता है और शिक्षण की यही पद्धति एक परम्परा का रूप धारण करके सम्प्रदाय

अथवा घराना परम्परा को जन्म देती है। भारतीय संगीत के प्राचीन गायकों में कुछ ऐसे प्रसिद्ध गायक हुए है जिन्होने अपनी प्रतिभा से एक विशेष प्रकार की गायन शैली को जन्म देकर उसे अपने पुत्रों तथा शिष्यों को सिखाकर प्रचलित किया। इस प्रकार की गायन शैली को भी घराना कहते है।[1]

जी.एन. गोस्वामी के अनुसार घराना शब्द का अर्थ है – एक विशेष स्थान पर प्रचलित अथवा व्यक्तियों द्वारा प्रवर्तित संगीत की रीति शैली या स्टाईल, जो किसी एक विशिष्टता द्वारा चिन्हित होती है।[2]

राजपूत काल में भारत छोटे–छोटे टुकड़ों में बंट चुका था इसी फूट के कारण यवनों ने भारत पर आक्रमण कर दिया और यहॉ पर यवनों का अधिकार हो गया। इसमें संगीत की धारा छोटे–छोटे टुकड़ों में विभक्त हो गई। भारतीय संगीत एवं संस्कृति अनेक छोटे–छोटे वर्गो में विभाजित हो गई। इस समय जितने कलाकार थे सबको कहीं न कहीं राजाश्रय मिला हुआ था। इसी कारण से अलग–अलग परम्पराओं व सम्प्रदायों की नींव पड़ी। प्रत्येक कलाकार अपने से दूसरे कलाकार को नीचा दिखाने लगा।

यह संकीर्णता इतनी बढ़ गई कि संगीत के विद्वान लोग अन्य जाति के लोगों को तो क्या अपनी जाति के लोगो को संगीत का ज्ञान देने में संकोच करते थे।

भगवत शरण शर्मा के अनुसार "जो लोग निःसन्तान होते थे उनकी कला उनके साथ ही समाप्त हो जाती थी।"[1]

मध्यकाल में घरानों की जड़े मजबूत हो गई थी और गायन–वादन के अनेक घरानों का अपना एक विशिष्ट महत्व था। उस काल में घरानों की उपयोगिता इतनी बढ़ गई थी कि कलाकार की योग्यता उसके घरानों के आधार पर ही आकी जाती थी। गुरू ऐसे ही शिष्यों को शिक्षा के लिए चुनता था जिनको वह योग्य समझता था क्योंकि योग्य शिष्य ही कालान्तर में अच्छा कलाकार बनता है, इस आधार पर घराने के अच्छे कलाकार बन पाये।

घरानों को विशिष्ट राज्यों की तरफ से धन आदि की सहायता प्रदान की जाती है। राजा या सम्राट संगीतज्ञों को अपने गुरू मानते थे। इस कारण से हमारे समाज में संगीत व संगीतकारों को सम्मान मिला। घराना परम्परा ने ही हमारी संगीत रूपी निधि को सम्भाल कर रखा है।

घराना शब्द 20वीं शताब्दी की देन है। मानव प्रारम्भिक जीवन से लेकर आज तक वर्गो तथा घेरों में बंधा हुआ रहा है, जिसकी पृष्ठभूमि में कुछ सामाजिक व प्राकृतिक कारण है। अलग–अलग स्थान की जलवायु व वातावरण के अनुसार खान–पान, रहन–सहन तथा वस्तुओं की उपलब्धि के आधार पर विभिन्न प्रकार के वाद्य बनाये गये तथा प्रत्येक स्थान पर वहाँ के अनुकूल ही संगीत विकसित हुआ और यही संगीत अपने–अपने वर्गो में सीमित रहकर विकसित होता गया।[1]

भारतीय संगीत सदैव से गुरू प्रधान रहा। गुरू के परमज्ञान के द्वारा ही शिष्य को परमेश्वर से आत्म आत्मसाक्षात्कार होता है। यथा

"Gu means dark and "Ru" means light. The "Guru" being the one who leads from darkness to light Guru is a teacher of life or a spiritual mentor who leads the Shishya from ignorance to wisdom and enlightenment "Kul" refers to the hoe of the Guru where the disciple resides until the rigorons learning process is complete different Gharanas are like difference flowers each flower has its own fragrance and excellence.

घरानेदार कलाकारों को अपने विद्या पर बेहद गर्व था। गुरू अपने शिष्य को मौखिक शिक्षा देते थे। ये कलाकार अपने घरानों के अतिरिक्त किसी दूसरे घरानों की विद्या सीखना तो क्या सुनना भी नहीं चाहते थे। घरानेदार कलाकारों के पास विद्या का जो भण्डार था बन्दिशों की जो विपुलता थी, दीर्घ साधना का जो तेज था, कला के प्रति समर्पण की भावना थी वह आजकल कम मिलता है। घरानों के निर्माण के कुछ प्रमुख कारण भी माने गये है।

1. सांस्कृतिक व राजनैतिक स्थिति
2. देश में सांगीतिक स्थिति
3. लोक रूचि
4. राजाश्रय
5. गुरू–शिष्य परम्परा द्वारा शिक्षा का प्रचार–प्रसार
6. कलाकार का हुनर

7. शिक्षा दान की प्रवृत्ति एवं वादन विशेषता
8. स्थानीय सांगीतिक स्थिति

## दिल्ली घराना

सर्वप्रथम घराना दिल्ली ही है जिसके प्रवर्तक के रूप में उस्ताद सिद्धार खाँ या सुधार खाँ दाढ़ी का नाम प्रसिद्ध है। उस्ताद सिद्धार खाँ को ही दिल्ली प्रथम तबलावादक और दिल्ली घराने के संस्थापक माना जाता है। डा0 आबान ई0 मिस्त्री के शोध प्रबन्धन से पता चलता है कि उस्ताद सिद्धार खाँ दाढ़ी का जन्म सम्भवत् 1700 ई0 के आसपास है। दिल्ली घराने की उत्पत्ति एवं विकास का आधार देश की राजनैतिक तथा सांस्कृतिक स्थिति थी। देश में मुस्लिम राज होने पर उनकी संस्कृति का प्रभाव हमारे संगीत पर अधिक पड़ा। जनरूचि के फलस्वरूप ख्याल ठुमरी का प्रचार–प्रसार अधिक था। मौहम्मद शाह रंगीले के दरबारी संगीत कलाकार थे। सिद्धार खाँ इन्होंने श्रृंगार रस प्रधान गीतों तथा ख्याल गायकी के लिए मृदंग पखावज ढोलक आदि वाद्यों की अपेक्षा अन्य किसी ताल वाद्य की आवश्यकता महसूस की तथा हल्के लोगों में प्रचलित दो अंगो वाले तबला वाद्य में सुधार कर उसमें नवीन वादन शैली को प्रस्तुत किया।

### दिल्ली घराने की वंश परम्परा




## दिल्ली घराने के वादन की विशेषतायें

1. यह अत्यन्त कोमल व मधुर बाज है।
2. यह दो अंगुलियों का बाज है।
3. यह बाज चॉटी प्रधान बाज है। अतः इसे किनार का बाज भी कहते है।
4. इस बाज में ध्वनि उत्पत्ति सीमित है। इसलिए इसे बन्द बाज कहते है।
5. इस बाज में कायदा पेशकारा, रेला, टुकड़ा, मुखड़ा, मोहरा आदि बजाये जाते है।

6. इसमें अधिकतर चतुरस्त्र जाति की रचनायें होती है।
7. इस बाज में तर्जनी व मध्यमा का प्रयोग अधिक किया जाता है।
8. संगीत की समस्त विद्या व कत्थक नृत्य की संगति में यह बात पूर्णतः सफल है।
9. इसमें आडी लय का काम सुन्दर ढंग से दिखाया गया है।

## लखनऊ घराना

18वीं सदी के मध्य में दिल्ली पर नादिरशाह के आक्रमणों के फलस्वरूप मौहम्मद शाह रंगीले का मन संगीत की ओर से हटने लगा और इस कारण अनेक दरबारी संगीतज्ञ दिल्ली छोड़कर अन्यत्र जाकर बसने लगे। सिद्धार खाँ के दो पौत्र मोदू खाँ और बख्शू खाँ लखनऊ में आकर बसे। मोदू खाँ व बख्शू खाँ ने अपने वादन में बदलाव कर लखनऊ के स्थानीय सांगीतिक वातावरण गीत एवं नृत्य के लिए उपयुक्त खुले बोल बन्दिशों की रचना की।

इन्होने ही दिल्ली के बन्द बोलो के स्थान पर नृत्य के लिए उपयुक्त पखावज शैली का आधार लेकर तबला वादन में परिवर्तन किये तथा यही परिवर्तित वादन शैली लखनऊ घराने की शैली का आधार बनी तथा विख्यात हुई।[1]

### लखनऊ घराने की वंश परम्परा




## लखनऊ घराने की वादन विशेषतायें

1. इस बाज में ध्वनि निर्माण हेतु चॉटी की अपेक्षा लव तथा स्याही का प्रयोग होता है।
2. इस बाज में दो अंगुलियों के स्थान पर पाँचों अंगुलियों का प्रयोग होता है।
3. बाएँ पर अंगूठे द्वारा मींड घसीट लगाने की भी प्रथा है।
4. इस बाज में विशेषकर परन गत टुकड़े चक्रदार परने आदि बजाई जाती है।
5. इस बाज का प्रयोग उठान के लिए होता है।
6. इसमें प्रत्येक बोल तथा वादनकार्य में जोरदारी तथा गम्भीरता रहती है।
7. इसमें बाये व दायें दोनो का समान महत्व है।

## अघराड़ा घराना

उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के अन्तर्गत अजराड़ा नामक गॉव के दो भाई मीरू खाँ और कल्लू खाँ थे। इन्होने दिल्ली के प्रसिद्ध तबला वादक सिताब खाँ से शिक्षा ग्रहण की। ये मेरठ जिले के एक गॉव अजराड़ा में रहते थे। इनकी वादन शैली इतनी प्रभावपूर्ण साबित हुई है कि इनके कई शिष्य हुये व उन्होंने प्रसिद्धि पाई। इस प्रकार इस शैली को घराने की मान्यता प्राप्त हुई।

## अजराड़े घराने की वंश परम्परा

सिताब खाँ

कल्लू खाँ (शिष्य) — मीरू खाँ

कल्लू खाँ (शिष्य)
↓
मुहम्मदी बख्श
↓
चाँद खाँ
↓
हस्सू खाँ
↓
शम्भू खाँ
↓
हबीबुद्दीन खाँ (पुत्र)
↓
प्रो0 सुधीर सक्सैना (शिष्य), रमाजन खाँ

## अजराड़े घराने की वादन विशेषतायें

1. इसमें वोलो की रचना अधिक कठिन किन्तु सुन्दर होती है।
2. कठिन तथा डगमगाती चाल के पेशकारे को सुन्दर ढंग से प्रस्तुत किया जाता है।
3. अजराड़ा बाज पेशकारे व कायदे अधिक बजाये जाते है।
4. इस घराने की वादन शैली का आधार दिल्ली की वादन शैली है।
5. इस घराने के उस्तादों ने कायदे की रचनायें त्रयस्त्र जाति में अधिक की है।
6. इस घराने में बाया का प्रयोग मींड युक्त तथा दाहिने के बोलो से लड़ता हुआ होता है जो अन्य घरानों से अलग है।
7. इस बाज में तर्जनी मध्यमा के साथ अनामिका अंगुली का अधिकांश प्रयोग होना प्रारम्भ हुआ।
8. यह कायदा की खूबसूरती तथा विविधता के लिए विशेष प्रसिद्ध हुआ।

## फर्रूखाबाद घराना

विलायत अली खाँ ने तबले की शिक्षा लखनऊ के बख्शू साहब से प्राप्त की। मूल रूप से विलायत अली खाँ फर्रूखाबाद के थे। इन्होने बख्शू खाँ को इतना अधिक प्रभावित किया कि बख्शू साहब ने अपनी बेटी का विवाह इनसे कर दिया। विलायत खाँ साहब तबले की शिक्षा पूर्ण करके तथा विवाह उपरान्त अपने शहर वापस आ गये। तदुपरान्त इन्होने लखनऊ घराने की वादन शैली में मौलिक अन्तर करके नवीन ढंग की रचनाएँ एवं शैली का विकास किया तथा यह नवीन शैली फर्रूखाबाद कहलायी। फर्रूखाबाद बाज पर लखनऊ का कुछ प्रभाव भी दृष्टिगोचर होता है। अहमद जान थिरकुवा ने इस बाज को शुद्ध बाज का नाम दिया है।

## फर्रूखाबाद घराने की वंश परम्परा

विलायत अली
↓
हुसैन अली खाँ (पुत्र)

उस्ताद नन्हे खाँ (पुत्र) — मुनीर खाँ (शिष्य)

उस्ताद नन्हे खाँ (पुत्र) → उस्ताद मसीत खाँ (पुत्र)

मुनीर खाँ (शिष्य) → थिरकवा खाँ (शिष्य)

Journal Global Values, Vol. XIV, Special Issue, May 2023, ISSN: (P) 0976-9447, (e) 2454-8391, Impact Factor 8.835*(SJIF)*
*https://doi.org/10.31995/jgv.2023.v14iS2.036*

उस्ताद करामत खाँ (पुत्र) | अमीर हसन (भांजे)

साबिर खाँ (पुत्र) | शमशुद्दीन खाँ (शिष्य)

## फर्रूखाबाद घराने की वादन विशेषतायें

1. यह बाज पूरब घराने की ही शाखा है।
2. यहॉ का बाज नृत्य से प्रभावित नहीं है।
3. यहॉ रेलो को एक नया रूप दिया गया जिसे 'रौ' अथवा 'रविश' कहा गया जो बहुत प्रचलित है।
4. इस घराने में विशेष रूप से गत एवं गतों को लयकारी के विभिन्न दर्जो में बजाने की प्रथा है।
5. यहॉ का चाला या चलन विशेष प्रसिद्ध है।
6. स्वतन्त्र वादन के प्रस्तुतिकरण हेतु यह एक सफल बाज है।
7. इस घराने का तबला मधुर व सन्तुलित है।

## बनारस घराना

बनारस घराना मूल रूप से लखनऊ घराने से सम्बन्धित है। मोदू खाँ के शिष्य पं0 राम सहाय इस घराने के प्रवर्तक माने जाते है। पं0 राम सहाय के पिता पं0 प्रकाश महाराज मूलतः नृत्य की संगति करने वाले तबला वादक थे। इन्होंने ही अपने पुत्र रामसहाय को उस्ताद मोदू खाँ से तबले की शिक्षा दिलवाई। पं0 राम सहाय ने लखनऊ में 12 वर्ष रहकर मोदू खाँ से शिक्षा प्राप्त की तथा वापस आकर तबले की शिक्षा का प्रचार–प्रसार किया।

ऐसी मान्यता है कि पं0 राम सहाय को अपनी तबले की शिक्षा के समय गुरू पत्नी से पॉच सौ पंजाबी गते मिली थी जोकि मूलतः पखावज की गते थी। अतः बनारस बाज की वादन शैली में पखावज के मुक्त प्रहार वाले खुले बोलो का प्रयोग अधिक होना स्वाभावित ही है।

### बनारस घराने की परम्परा

पं0 राम सहाय जी

शिष्य | भाई

भगत जी | प्रताप जी | शरण जी | बैजू जी | जानकी सहाय | गौरी सहाय | ईश्वरी सहाय

भैरव जी | जगन्नाथ जी (पुत्री) | दरगाही जी (पुत्र) | छोटकू जी (पुत्र) | विश्वनाथ जी | भैरव सहाय जी

मौलवी राम | शिव कुमार | बिक्कू जी | छोटकू जी (पुत्र) | भगवान जी | बलदेव सहाय

महादेवी मिश्र | सामता प्रसाद | सामता प्रसाद | ननकू | बिक्कू जी | दुर्गा सहाय

नाटू | भगवती सहाय

अनोखे लाल | कुमार लाल | श्यामलाल

गामा मिश्र | बिरू मिश्र

कैलाश जी

रामजी मिश्र | वासुदेव

वशिष्ठ जी

महापुरूष | लच्छू जी

ईश्वरी लाल

छोटे लाल

## बनारस घराने की वादन विशेषतायें

1. इस घराने में लव का सर्वाधिक प्रयोग होता है।
2. पेशकारे की जगह उठान का अधिक महत्व है।
3. कायदों की अपेक्षा परने, चक्करदार, रेला, मोहरे, लय, लडी आदि पर अधिक महत्व दिया जाता है।
4. यह शैली संगत के लिए श्रेष्ठ है।
5. यहॉ की जनानी तथा मदार्नी गतें काफी प्रसिद्ध है।
6. यहॉ के बोलों की निकास पद्धति में गम्भीरता होती है।
7. बनारस में पंजाबी गते भी बजाई जाती है।
8. यहॉ का वादन उठान से प्रारम्भ होता है।
9. आज भी बनारस पूरब अंग की ठुमरी के लिए बहुत प्रसिद्ध है।

## पंजाब घराना

पंजाब घराने के प्रवर्तक भवानीदास ब्रज निवासी थे तथा ये दिल्ली दरबार में पखावज के कलाकार भी थे। वहॉ से ये पंजाब गए तथा इनके अनेक शिष्य हुये। इस घराने के बारे में कहा जाता है कि इसका अपना एक अलग अस्तित्व है तथा इस घराने पर अन्य किसी घराने का प्रभाव नहीं है। भवानी दास ने पखावज के बाज के आधार पर पंजाब के लोक वाद्य पर नवीन वादन शैली का आविश्कार किया। बाद में धीरे–धीरे दुक्कड़ का बाज तबले पर विकसित होकर बजाया जाने लगा।

### पंजाब घराने की वंश परम्परा

भवानी दास

कादिर बख्श (शिष्य)

हुसैन बख्श (पुत्र)

फकीर बख्श (पुत्र)

कादिर बख्श (पुत्र) — करम इलाही (शिष्य) — मलन खाँ (शिष्य)

कादिर बख्श (पुत्र) → अल्लाह रक्खा (शिष्य) → जाकिर हुसैन (पुत्र)

## पंजाब घराने की वादन विशेषतायें

1. इस घराने का बाज पखावज से अत्यधिक प्रभावित होने के कारण जोरदार है।
2. यहॉ लयकारी तथा गणित का काम अधिक होता है।
3. इस घराने में कायदे का प्रचार कम होता है।
4. पंजाब अपने रेलों व गतों के लिए प्रसिद्ध है।
5. बायॅ पर मींड का काम तथा दॉये पर लचीलापन।
6. लय तथा ताल पर पूर्ण अधिकार।
7. हाथ से ताली देने की परम्परा।
8. खुले हाथ से बन्द बोलो में प्रवीणता।
9. हाथ की शुद्धता पर जोर दिया जाता है।
10. बन्दिशें मनोरंजन के लिए श्रृंगार युक्त होती है।

वर्तमान समय में नियम का पालन गिने–चुने कलाकार ही कर रहे है। आज के आजाद भारत में सभी आजाद है, इसलिए अब घराने की बाते केवल पुस्तकों तक ही सीमित रह गई है। आश्चर्य तो यह है कि अनेक कलाकार घराने की मान्यता स्वीकार करने के पक्ष में नहीं है, जो अत्यन्त दुःख का विषय है। वास्तव में घराने का एक नियमित बन्धन होता है।

वर्तमान समय में प्रत्येक वादक एक दूसरे से प्रभावित है। पहले संगीतज्ञ एक–दूसरे के प्रस्तुति की मुक्त हृदय से प्रशंसा करते थे। परन्तु आज ऐसा सम्भव नहीं है, क्योंकि अधिकतर कलाकार स्वयं को श्रेष्ठ समझने की होड़ में वास्तविकता से विमुख हो रहे है।

## सन्दर्भ

1. स्नेही, डा0 शिखा. संगीत यू.जी.सी. पृष्ठ 384.
2. सुरेश, श्री मईणकर. तबला वादन कला और शास्त्र. पृष्ठ 212.
3. यमन, अशोक कुमार. संगीत रत्नावली. पृष्ठ 486.
4. चौबे, सुशील कुमार. संगीत घरानों की चर्चा. पृष्ठ 19.
5. चौबे, वन्दना. गायन के विभिन्न घराने और उनकी विशेषतायें. संगीत घराना. पृष्ठ 47.
6. Goswami, G.S. Understanding Indian Classical Music. Pg. **79.**
7. शर्मा, भगवत शरण. भारतीय संगीत का इतिहास. पृष्ठ 68.
8. सक्सेना, डा0 कमलेश. घरानों का आधार और महत्व. संगीत घराना. पृष्ठ 11.
9. संगीत रत्नावली. पृष्ठ 508–509.

### पत्रिकायें

1. (1982). संगीत घराना अंक. जनवरी, फरवरी।

# चित्रपट संगीत में पुराने संगीत निर्देशकों का योगदान

**श्रीमती श्रुति**
*एम०ए० (संगीत वादन), नेट*
*अध्यापिका*
*कैम्ब्रीज स्कूल, इन्द्रापुरम, गाजियाबाद*
*ईमेलः shrutivhr2@gmail.com*

*सारांश*

*चित्रपट संगीत यानि फिल्म संगीत यह संगीत का वो धरातल है जिसका आधार आमतौर पर जन जीवन है। फिल्मों की विषय वस्तु किसी व्यक्ति विशेष के जीवन पर आधारित हो सकती है, किन्हीं खास हालातों को लेकर, समाज में व्याप्त बुराईयों पर कटाक्ष, धार्मिक फिल्म या फिर कोई प्रेम कहानी को आधार बना कर फिल्में बनाई जाती हैं।*

Reference to this paper should be made as follows:

श्रीमती श्रुति

*चित्रपट संगीत में पुराने संगीत निर्देशकों का योगदान*

*Vol. XIV, Special Issue*
*pp.178-180*
*Article No.37*

**Online available at:**
*https://anubooks.com/journal/journal-global-values*

**DOI:** *https://doi.org/10.31995/jgv.2023.v14iS2.037*

जैसा कि मैंने पहले भी जिर्क किया कि फिल्म संगीत का आधार आमतौर पर जन जीवन है तो परिणामस्वरूप फिल्म संगीत आमजन से लेकर खास व्यक्ति तक अपनी पहुँच रखता है। कोई व्यक्ति विशेष जब किसी फिल्मी गीत को सुनता है तो प्रायः वह इसे अपने से जोड़ लेता है या यूं कहें कि उस गीत में उसे अपने हालात नज़र आने लगते हैं। शायद ऐसी ही कुछ वजह हैं जो फिल्म संगीत लगभग सभी जनमानस को इतना अपना–सा लगता है।

जहाँ एक ओर फिल्म की कहानी लिखने, डायलॉग्स, सिन्स् आदि बनाने तथा उनके फिल्मांकन में मेहनत लगती है वहाँ दूसरी ओर फिल्म निर्देशक अपनी फिल्म के लिए संगीत निर्देशक यानि म्यूजिक डायरेक्टर का चुनाव करता है।

संगीत निर्देशक म्यूज़िक डायरेक्टर की अपनी एक टीम होती है जिसमें म्यूज़िक अरेंजर, साजिदे इत्यादि सामूहिक रूप से कार्य करते हैं। आमतौर पर जो संगीत निर्देशक होता है वही कम्पोज़र भी होता है यानि दो व्यक्तियों का काम एक ही व्यक्ति कर देता है। ऐसे कुछ संगीत निर्देशकों के नामः– एस. डी. बर्मन, मदन मोहन, आर डी. बर्मन, नौशाद अली, ओ. पी. नैय्यर इत्यादि।

भारतीय फिल्म जगत में कुछ संगीतकार जोड़ियां हुई हैं। जिन्होंने एक से बढ़कर एक लाजवाब धुनों की रचना की। कुछ संगीतकार जोड़ियों के नामः– शंकर–जयकिशन, कल्याण जी–आनंद जी, लक्ष्मीकांत–प्यारेलाल, हुस्नलाल–भगतराम इत्यादि।

भारत की पहली सावक् फिल्म आलममारा के लिए संगीत ''फिरोज़शाह मिस्त्री जी ने दिया था। यह फिल्म 19 मार्च 1931 को मैजेस्टिक सिनेमा, मुंबई में रिजीज़ हुई थी। ''दे दे खुदा के नाम पर प्यारे'' भारतीय फिल्म का पहला गीत है। जिसे वजीर मोहम्मद खान ने गाया है।

भारतीय फिल्म जगत को लगभग 110 साल हो गये है। लेकिन आज भी पुरानी फिल्मों और उस समय के संगीत की एक अमिट छाप हमारे दिल–ओ–दिमाग पर स्पष्ट देखी जा सकती है। आज भी हम पुराने समय के फिल्मी गीतों को गोल्डन एरा के गीत या सदाबहार गीत कह कर संबोधित करते हैं।

संगीत निर्देशकों का अपना ही एक ख़ास अंदाज़ होता है जिससे अमुक गीत को सुनकर ही अंदाजा हो जाता है कि उस गीत विशेष का म्यूज़िक डायरेक्टर कौन होगा। ऐसे ही कुछ संगीत निर्देशकों के नाम निम्नलिखित हैं जो अपने एक ख़ास अंदाज़ से पहचाने जाते हैं।

वैसे तो कई संगीत निर्देशकों ने शास्त्रीय संगीत पर आधारित गाने बनाए है लेकिन फिर भी नौशाद साहब ने इस दिशा में जो काम किया है वह संगीत के बुद्धिजीवियों और संगीत रसिकों द्वारा हमेंशा याद किया जाएगा।

| फिल्म | संगीतकार | गीत | गायक / गायिका |
|---|---|---|---|
| मुग़ल–ए–आज़म | नौशाद | मोहे पनघट पे नंदलाल | लता मंगेशकर |
| बैजू बावरा | नौशाद | आज गावत मन मेरो झूम के | उ. अमीर खाँ<br>डी. वी. पलुस्कर |
| कोहिनूर | नौशद | मधुबन में राधिका नाचे रे | मोहम्मद रफ़ी |

नौशाद साहब शास्त्रीय संगीत के साथ–साथ फिल्मों में लोक संगीत के प्रयोग के लिए भी जाने जाते हैं।

| फिल्म | संगीतकार | गीत | गायक / गायिका |
|---|---|---|---|
| गंगा जमुना | नौशाद | नैन लड़ जई हैं तो मनवा मां कसक | मोहम्मद रफ़ी |
| संघर्ष | नौशाद | मेरे पैरों में घुंघरू बंधा दे | मोहम्मद रफ़ी |

हिन्दी फिल्मों में ड्रमज़, गिटार जैसे वाद्यों का अधिकाधिक प्रयोग करके युवाओं के दिल की धड़कन बने ''आर.डी. बर्मन''।

संगीतकार आर.डी.बर्मन रचित कुछ गीत

| फिल्म | संगीतकार | गीत | गायक / गायिका |
|---|---|---|---|
| अपना देश | आर.डी.बर्मन | दुनिया में लोगों को | आशा भोंसले |
| कारवां | आर.डी.बर्मन | पिया तू अब तो आजा | आशा–आर.डी.बर्मन |
| तीसरी मंज़िल | आर.डी.बर्मन | आजा–आजा, मैं | आशा भोंसले |

इन्होंने हिन्दी फिल्म संगीत जगत में वाद्यो के निराले ढंग से कई सफल प्रयोग करके जनता से वाहवाही बटोरी। पाश्चात्य् गानों की बात आती है तो सबसे पहले आर.डी.बर्मन का नाम ही ज़हन में आता है। इन्होंने अपने इन गीतों में ऐसे

ऑर्केस्ट्रा का प्रयोग किया है जिसकी बुनियाद पूरी तरह से पाश्चात्य् शैली पर ही टिकी हुई है। आर.डी. बर्मन का ही संगीतबद्ध अराधना फिल्म का ''रूप तेरा मस्ताना'' गीत में सैक्सोफोन, अर्कोडियन, कोगो–बोंगो और ड्रमज़ जैसे पाश्चात्य् वाद्यों ने इस गीत की खूबसूरती को नया रंग दिया है।

संगीतकार ओ. पी. नैय्यर साहब द्वारा रचित कुछ गीत

| फिल्म | संगीतकार | गीत | गायक/गायिका |
|---|---|---|---|
| सी. आई. डी. | ओ. पी. नैय्यर साहब | ले के पहला–पहला प्यार | आशा भोंसले |
| आर–पार | ओ. पी. नैय्यर साहब | कभी आर – कभी पार | शमशाद बेग़म |
| किस्मत | ओ. पी. नैय्यर साहब | कजरा मोहब्बत वाला | आशा भोंसले<br>शमशाद बेग़म |
| फागुन | ओ. पी. नैय्यर साहब | एक परदेसी मेरा दिल ले गया | आशा भोंसले |

## संदर्भ

1. (1998). संगीत मासिक पत्रिका. विशेष अंक. संगीत कार्यालयः हाथरस।
2. www.filmfare.com/october8,2014.
3. (2002). संगीत मासिक पत्रिका. जनवरी–फरवरी।
4. संगीत विशारद. बसंत. गुगल से प्राप्त जानकारी।

Journal Global Values, Vol. XIV, Special Issue, May 2023, ISSN: (P) 0976-9447, (e) 2454-8391, Impact Factor 8.835*(SJIF)*
*https://doi.org/10.31995/jgv.2023.v14iS2.038*

# उच्च शिक्षा के सन्दर्भ में निजीकरण की प्रासंगिकता

शिखा
*सहायक प्रवक्ता, शिक्षक शिक्षा विभाग (बी०एड०)*
*श्रीमती बी०डी० जैन गर्ल्स (पी०जी०) कॉलेज, आगरा छावनी, आगरा*
*ईमेलः shikha15286@gmail.com*

***सारांश***

*शिक्षा किसी भी राष्ट्र की प्रगति एवं समृद्धि का सर्वश्रेष्ठ माध्यम है। क्योंकि राष्ट्र का विकास उसकी शिक्षा व्यवस्था पर ही निर्भर करता है। शिक्षा को प्राचीन काल से ही विभिन्न स्तरों में विभाजित किया गया है। जिसमें प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च स्तर पर शिक्षा प्रदान की जाती है। उच्च शिक्षा की महत्ता निःसन्देह रूप में स्वीकार्य है। उच्च शिक्षा के स्तर पर आज छात्रों की संख्या में तीव्र गति से वृद्धि हुयी है। उच्च शिक्षा के अभाव में हम आज विकास की कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। एक शिक्षित समाज ही देश को उन्नत और समृद्ध बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। शिक्षा विहीन समाज साक्षात् पशु के समान बताया गया है। संस्कृत के महान कवि श्री भर्तृहरी जी ने स्पष्ट रूप से कहा भी है– शिक्षा विहीन साक्षात पशु पुच्छ विषाणहीन : हमारे वैदिक मंत्रों में शिक्षा की महिमा अनन्त बतायी गयी है।*

*भारत की 2011 की जनगणना के अनुसार लगभग 8.15% छात्र उच्च शिक्षा में नामांकित है जो वैश्विक तुलना में अत्यन्त कम है। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में निजी एवं सरकारी क्षेत्र में क्रमशः 40% एव 60% निवेश की संस्तुति की गयी थी। इससे उच्च शिक्षा निश्चिय तौर पर काफी महंगी हो गयी।*

*अतः आवश्यक है कि शिक्षण संस्थानों को जबाबदेही तय की जाये कि वे निर्धारित मानको का अनुपालन करें। जिससे शिक्षा की पवित्रता और महत्ता बनी रहे और इसका व्यवसायिकरण न हो यह सरकार की जिम्मेदारी है। जिससे उच्च शिक्षा व देश की शिक्षा व्यवस्था का ढ़ाचा मजबूत हो सकेगा।*

Reference to this paper should be made as follows:

शिखा

*उच्च शिक्षा के सन्दर्भ में निजीकरण की प्रासंगिकता*

*Vol. XIV, Special Issue*
*pp.181-183*
*Article No.38*

**Online available at:**
*https://anubooks.com/journal/journal-global-values*

**DOI:** *https://doi.org/10.31995/jgv.2023.v14iS2.038*

प्रशासन द्वारा निजी संस्थाओं की आय–व्यय का आकलन किया जाये और उसी के आधार पर विद्यार्थियों का शुल्क निर्धारण किया जाये। शिक्षा किसी भी राष्ट्र की प्रगति एवं समृद्धि का सर्वश्रेष्ठ माध्यम है। राष्ट्र का विकास उसकी व्यवस्था पर ही निर्भर करता है।

देश की शिक्षा के वर्तमान परिदृश्य के बारे में किसी कवि ने अपनी चार पंक्तियों में वर्णन भी किया है–

"चलो जलाएं दीप वहाँ, जहाँ अभी भी अंधेरा है।
शिक्षा पाकर भिक्षा मांगे, युवजन खाये ठोकर आज।
आजादी का स्वप्न दिखाकर, पाखंडी करते है राज।।
भ्रष्ट व्यवस्था ने भी डाला, अब यहाँ डेरा है।
चलो जलायें दीप वहाँ जहाँ अभी भी अंधेरा है।"

जीवन को सुंस्कारित एवं मानव को विवेकशील मानव बनाने में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। प्राचीन काल से ही शिक्षा अनवरत मनुष्य के सम्पूर्ण विकास की प्रक्रिया है। शिक्षा के अलग–अलग पहलुओं के अध्ययन हेतु प्राचीन काल से शिक्षा को विभिन्न स्तरों में विभाजित किया गया है। प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्चतर स्तर पर शिक्षा प्रदान की जाती है। प्राथमिक शिक्षा अलग जीवन की नींव है तो माध्यमिक शिक्षा दीवार और उच्च शिक्षा छत का कार्य करती है।

उच्च शिक्षा की महत्ता निःसन्देह रूप में स्वीकार्य है। उच्च शिक्षा के प्रथम केन्द्र विश्वविद्यालय और फिर महाविद्यालय है।

तीव्र गति से बढ़ती हुई जनसंख्या, प्राथमिक शिक्षा के सार्वभौमीकरण से लोगों में शिक्षा के प्रति जागरूकता में तीव्र वृद्धि हुयी है। जिससे माध्यमिक स्तर एवं उच्च शिक्षा के स्तर पर भी छात्रों की संख्या में तीव्र वृद्धि हुयी है। जिससे सरकार द्वारा सभी के लिये उच्च शिक्षित एवं दक्ष मानव संसाधन से युक्त पयप्ति मात्रा में विश्वविद्यालयों, सुविधा सम्पन्न महाविद्यालयों की व्यवस्था कर पाना कठिन है। जिससे उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में कमी आती जा रही है। अगर उच्च शिक्षा की समीक्षा करें तो देश के लिये बड़ी ही त्रासद स्थिति है कि विश्व के शीर्ष सौ विश्वविद्यालयों की सूची में भारत कही नहीं है, अथात् विश्व को भारत की उच्च शिक्षा ने प्रभावित नहीं किया। इस क्षेत्र में ऐसी दूरगामी योजनायें हो कि हम गुणवत्ता का स्तर बनाते हुये संसाधन जुटा सकें। आज के वैश्वीकरण एवं व्यवसायिक युग में सरकार द्वारा विश्वविद्यालयों एवं सुविधा सम्पन्न शिक्षण संस्थानों की व्यवस्था कर पाना दुष्कर सिद्ध हो रहा है। भारत की 2011 की जनगणना के अनुसार लगभग 8.15% छात्र उच्च शिक्षा में नामांकित है, जो वैश्विक तुलना में अत्यन्त कम है।

उच्च शिक्षा की गुणवत्ता उसकी व्यावहारिकता पर विचार करें तो हमें शिक्षित बेरोजगारों की एक बहुत बड़ी समस्या नजर आती है। उच्च शिक्षा का मिशन समानता, न्याय, गुणवत्ता, रोजगार ज्ञानपूर्ण समाज तैयार करना है। धन की अनुपलब्धता, सरकार द्वारा वित्तीय दबाब से उबरने, बड़े निवेश की आवश्यकता वाले नये शिक्षण संस्थाओं को निजी क्षेत्र में खोलना ही वर्तमान में सरकार की प्राथमिकता हो गयी है।

निजीकरण ने शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन लाये हैं जिसने हमारे समाज को सकारात्मक एवं नकारात्मक दोनों तरह से प्रभावित किया है। निजीकरण का ही परिणाम है कि भारत की साक्षरता दर लगभग 73% हो गयी है।

उच्च शिक्षा के निजीकरण के कारण ही पिछले दो दशकों में उच्च शिक्षा में जो वृद्धि हुयी है उतनी पहले कभी नहीं हुयी। इन प्राइवेट संस्थानों की वृद्धि ने शिक्षा को व्यवसायीकरण के रूप में प्रस्तुत किया है। निजीकरण के कारण भारत से ब्रेन्ड्रेन कम हुआ है। निजीकरण से बेरोजगारी की समस्या को कम किया जा सका है।

उच्च शिक्षा के क्षेत्र में निजी एवं सरकारी क्षेत्र में क्रमशः 40% एवं 60% निवेश की संस्तुति की गयी थी। इससे उच्च शिक्षा निष्चिय तौर पर काफी महंगी हो गयी। यह केवल धनाढ्य वर्गों के बच्चों तक ही सीमित होकर रह जायेगी गरीब एवं मध्यमवर्ग के बच्चों के अभिभावकों के लिये वहन करना मुश्किल हो जायेगा। जिससे उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में कमी आ सकती है क्योंकि प्राइवेट संस्थान अपने अनुसार शिक्षण संस्थान चलायेंगे। क्योंकि प्रथक्रण का सिद्धान्त यह कहता है कि यदि किसी को अप्रति बन्धित शक्तियाँ प्रदान कर दी जायें तो वह अवश्य ही उनका दुरूपयोग करेगा।

प्राइवेट संस्थानों की मनमानी से कर्मचारियों को आर्थिक एवं मानसिक समस्याओं से जूझना पड़ सकता है। स्ववित्तपोषित उच्च शिक्षा संस्थाओं के विरूद्ध शिक्षार्थियों का अर्थिक एवं शैक्षिक शोषण का आरोप सर्वत्र ज्ञात है, तथापि अन्य विकल्प न होने पर देश में उच्च शिक्षा की बढ़ती मांग की दृष्टि से इन्हे मान्यता देना सरकार की विवशता है। फिर भी इस

समस्या के समाधान की आवश्यकता है अतः शिक्षण संस्थाओं को जवाब देही तय की जाये कि वे निर्धारित मानकों का अनुपालन करें क्योंकि उच्च शिक्षा का मुख्य उद्देश्य राष्ट्र के विभिन्न कार्य के लिये विशेषज्ञों का निर्माण करना है। इसके लिये अति योग्य एवं परिश्रमी छात्र–छात्राओं का चयन करना होता है। ये प्रायः 10% होते है।

इनकी उच्च शिक्षा की व्यवस्था राज्य को स्वयं करनी चाहिये। परन्तु वर्तमान स्थिति में यह आवश्यक है कि सरकार प्रथम 5 प्रतिशत अति मेधावी छात्र–छात्राओं की उच्च शिक्षा की व्यवस्था को निजी संस्थाओं को सौंप दे तथा स्ववित्तपोषित उच्च शिक्षा संस्थाओं को मान्यता देते समय कुछ बातों को भी ध्यान में रखा जायें जैसे कि क्षेत्र विशेष में उनकी माँग का और राष्ट्र में उच्च शिक्षा प्राप्त व्यक्तियों की माँग का क्योंकि यह दोनों ही आवश्यक है। साथ ही किसी भी क्षेत्र की स्ववित्तपोषित उच्च शिक्षा संस्थाओं को उसी समय मान्यता प्रदान की जाये जब उनके द्वारा निश्चित मानदण्डों को पूरा कर दिया जाये। मान्यता देने में किसी प्रकार की शिफारिश व पूँजी देने को बन्द किया जाये। इसके लिये इस प्रक्रिया में सम्मिलित सभी व्यक्तियों का ईमानदार होना आवश्यक है। सरकार स्ववित्तपोषित संस्थाओं के कुल व्यय का आंकलन कर उस आधार पर छात्र–छात्राओं से लिये जाने वाले वार्षिक शुल्क का निर्धारण करें। 14 अगस्त, 2003 को उच्चतम न्यायालय ने दो निर्देश दिये थे–

1. प्रथम, इन संस्थाओं द्वारा कैपीटिशन फीस वसूल करने पर रोक का निर्देश।
2. द्वितीय, छात्र–छात्राओं के लिये प्रवेश नियम बनाने एवं उनके लिये जाने वाले वार्षिक शुल्क को निश्चित करने के लिए प्रांतिय स्तर पर अलग–अलग समितियों के गठन का निर्देश।

परन्तु नियमों के विपरीत कार्य करना एक सामान्य चलन है। इसलिये नियमों का कठोरतापूर्वक पालन कराने की आवश्यकता है। अतः सम्बन्धित प्रशासनिक समस्याओं समितियों द्वारा नियमित मानीटरिंग की जायें स्वतन्त्र एजेंसियों द्वारा समय–समय पर रेटिंग करायी जाये तथा उनका स्तर तय किया जाये।

राज्य सरकार, विश्वविद्यालयों, निजी संस्थानों के बीच सदैव वार्तालाप होते रहना चाहियें जिससे एक दूसरे की जानकारी मिलती रहेगी जिससे विभिन्न प्रकार की शैक्षिक समस्याओं का समाधान भी होता रहेगा।

सामाजिक एवं शैक्षिक दृष्टि से पिछड़े वर्ग छात्र वृत्तियों का निर्धारण किया जाये ताकि वो भी अवसरों का लाभ उठा सकें।

प्रशासन द्वारा निजी संस्थाओं की आय–व्यय का आंकलन किया गये और उसी के आधार पर विद्यार्थियों का शुल्क निर्धारण किया जायें। शैक्षिक संस्थानों के प्रशासकों के लिये समय आ गया है कि शिक्षा की पवित्रता और महत्ता की महसूस करें और इसका व्यवसायीकरण न करें। यह सरकार की जवाबदेही है कि उचित कानून बनाकर शिक्षा के निजीकरण से उत्पन्न समस्याओं को रोकें ताकि देश की नींव को सुरक्षित रखा जा सके। इसी से उच्च शिक्षा व देश व देश की शिक्षा व्यवस्था का ढ़ांचा मजबूत हो सकेगा।

**सन्दर्भ**

1. गुप्ता, एस.पी. (2008). "भारतीय शिक्षा का इतिहास विकास एवं समस्याएँ". शारदा पुस्तक भवनः इलाहाबाद।
2. गुप्ता, एस.पी. (2012). "भारतीय शिक्षा का ताना–बाना". शारदा पुस्तक भवनः इलाहाबाद।
3. Agarwal, P. (2006). “Higher Education in India The Need for Change”. ICRIER.
4. Shrivastava, N., Sharma, Kusum. (2004). “Development of Education System in India”.

# अमेरिका की प्रवासी महिला कथाकारों के उपन्यासों में नस्लीयभेद

**मोहिनी दयाल**
*शोधार्थी, हिन्दी विभाग*
*क० मुं० हिन्दी तथा भाषा विज्ञान विद्यापीठ*
*ईमेलः dayal.mohini@gmail.com*

**प्रो० प्रदीप श्रीधर**
*निदेशक*
*क० मुं० हिन्दी तथा भाषा विज्ञान विद्यापीठ*
*डॉ० भीमराव अम्बेडकर वि०वि०, आगरा*

***सारांश***

*भूमंडलीकरण तथा वैश्वीकरण के इस युग में अब सम्पूर्ण संसार वैश्विक ग्राम के रूप में परिवर्तित हो चुका है, हिन्दी भाषा एवं साहित्य का संसार भी अपनी सीमाओं को लांघकर सुदूर देशों में पहचान स्थापित कर रहा है।*

*दुनिया भर में हिन्दी को विश्व भाषा का दर्जा दिलाने में भारतीय प्रवासियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। भारत से बाहर अन्य देशों में जाकर बसने की परम्परा का अपना एक लम्बा इतिहास है, परन्तु अंग्रेजों की उपनिवेशवादी प्रवृत्ति की चपेट में उन्नीसवीं शताब्दी में उत्तर और दक्षिण भारत के लोग अपने उज्ज्वल भविष्य की कल्पना के लिए अपना देश छोड़कर श्रमिक रूप में अन्य देशों में जा बसे। ये भारतीय जहाँ भी गये उनके साथ अन्य भारतीय भाषाएं और संस्कृति के विविध पक्ष भी साथ गये। आरंभ में तो इन लोगों को बहुत कष्ट और यातनाएं सहनी पड़ी परन्तु समय के साथ वे स्वयं को वहाँ स्थापित करने में सफल भी हुए। आज उस पीढ़ी की संतान विदेश की मुख्य धारा में शामिल हो चुकी है।*

Reference to this paper should be made as follows:

मोहिनी दयाल,
प्रो० प्रदीप श्रीधर

*अमेरिका की प्रवासी महिला कथाकारों के उपन्यासों में नस्लीयभेद*

*Vol. XIV, Special Issue*
*pp.184-187*
*Article No.39*

**Online available at:**
*https://anubooks.com/journal/journal-global-values*

**DOI:** *https://doi.org/10.31995/jgv.2023.v14iS2.039*

भारत में इतर विशेष रूप से अमेरिका में भारतीय भाषाओं का महत्व बढ़ता जा रहा है। पहजी पीढ़ी के लोग जो अमेरिका आये एक बड़ी संख्या थी जो सामान्य बोलचाल और बॉलीवुड की हिन्दी जानते थे। हिंदी सिनेमा के प्रति इसी आकर्षण के कारण उन्होंने अगली पीढ़ी को भी हिंदी भाषा सीखने के लिए प्रेरित किया आज अमेरिका में भारतीयों के साथ–साथ अमेरिकन भी हिंदी सीखते हैं। सशक्त होते भारतीय बाजार में स्वयं को स्थापित करने भारतीयों से व्यवहार बनाने आदि के लिए भी हिंदी भाषा आना महत्वपूर्ण हो गया है। 6 जनवरी 2007 को अमेरिकन राष्ट्रपति जार्ज बुश ने कुछ अन्य भाषाओं के साथ हिन्दी को भी अमेरिका के स्कूलों तथा कॉलेजों में पढ़ाए जाने के लिए अपनी योजना का स्पष्टीकरण किया। आर्थिक दृष्टि से बढ़ते हुए भारतीय संबंधों को सुदृढ़ करने के लिए हिंदी के महत्व का विचार इस योजना का करण था।

आज अमेरिका में कई विश्वविद्यालय में हिंदी पढ़ाई जाती है। भारतीय बच्चों को भाषा और संस्कृति सीखाने के लिए जगह–जगह पर भारतीय अध्ययनशालाएँ खोली जा रही हैं। अमेरिका की सरकार इस बात पर जोर दे रही है कि बच्चे कम आयु में ही भाषा सीखकर प्रवण हो जाये। अमेरिका विश्व के उन देशों में से है जहाँ प्रवासी भारतीयों की सबसे ज्यादा उपस्थिति है। अमेरिका में भारतीय मूल के निवासी अपनी प्रतिभा, लगन और मेहनत से अपना स्थान बनाए हुए है।

अमेरिका में लगभग सभी पद पर भारतीय मौजूद हैं फिर चाहे वे डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक कोई भी हो। इसी श्रृंखला में भारतीय हिंदी साहित्य का भी विशेष महत्व है। भारतीय मूल के कई साहित्यकार अपनी लेखनी के माध्यम से महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। इस शोध प्रस्ताव में कुछ प्रतिनिधि महिला कथाकारों को शामिल किया गया है। जिनके साहित्य के अध्ययन से वहाँ के प्रवासी जीवन के दर्शन किए जा सकते हैं। प्रवासी जीवन के अनुभव, प्रवास के कारण तथा वहाँ प्रवास की समस्याओं को इन लेखिकाओं ने अपने साहित्य में संजोया है। इनमें मुख्य रूप से उषा प्रियंवदा, सुदर्शन, प्रियदर्शिनी, सुषम बेदी, सुधा ओम ढ़ींगरा, अनिल प्रभा कुमार हैं। प्रस्तुत शोध पत्र में हम चयनित कलाकारों के उज्यों में नस्लीय भेदभाव का अध्ययन करेंगे।

- **नस्लीय भेदभाव**

प्रवासी साहित्य जीवन में जो सबसे बड़ी विडम्बना है वह है नस्लीय भेदभाव। अपने देश को छोड़कर विभिन्न कारणों से लोग विदेशों में जाकर काम करते हैं, शिक्षा ग्रहण करते हैं या फिर व्यवसाय नौकरी, आदि के लिए रहते हैं। वहाँ अपने देश से बढ़कर भले ही कितनी सुविधाएँ उपलब्ध हों लेकिन कुछ भी ऐसी समस्यसाओं का सामना उन प्रवासियों को करना पड़ता है जिसके आगे सारी सुख–सुविधाएँ और वहाँ की मिट्टी बेगानी लगती है तथा रह–रहकर अपना देश याद आने लगता है। इन्हीं में से एक है नस्लीय भेदभाव। विदेशों के मूल नागरिक कई बार प्रवासियों के साथ नस्लीय भेदभाव करते हैं। अपने साथ बैठाने में, खाने में, घूमने फिरने के स्थानों में, क्लबों, स्टेडियम आदि स्थानों में उनके साथ भेदभाव किया जात है। कभी–कभी तो यह इतना उग्र हो जाता है कि सार्वजनिक स्थलों पर मारपीट, गाली–गलौच तक हो जाता है और स्थानीय पुलिस को हस्तक्षेप करके शान्ति करवानी पड़ती है।

- **सामाजिक स्तर पर नस्लीय भेदभाव**

अमेरिका जैसे विकसित और बड़े देश में विश्व के प्रायः प्रत्येक देश से लोग आते हैं। कुछ पढ़ाई के लिए तो कुछ नौकरी के लिए व कुछ व्यवसाय के लिए जिसके कारण अमेरिकी मूल के लोगों के लिए नौकरी, व्यवसाय आदि में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। मँहगाई बढ़ रही है और अमेरिका के साधन कम होते जा रहे हैं। नस्लीय भेदभाव का एक कारण यह भी है। 'लौटना' उपन्यास में सुषम बेदी इस बात को अभिव्यक्त करते हुए लिखती हैं, ''अभी हिन्दुस्तानी तो फिर भी यहाँ कम हैं पर चीनी, कोरियाई इतने ज्यादा आ गये हैं कि सारी इकॉनॉमी पर बहुत बोझ डाल दिया है। नौकरियों के लिए प्रतियोगिता बढ़ती चली जा रही है। मँहगाई बढ़ रही है... एक तो सारे एशियाई आकर हमारी नौकरियाँ छीनते जा रहे हैं, ऊपर से हमीं पर जातीय–वैमनस्य और रंगभेद का आरोप लगाया जाता है। अपने देश में चाहें भूखों मरें, यहाँ आकर सभी अपने समान अधिकारों की बात करने लगते हैं।''[1] इसके प्रति उत्तर में उपन्यास नायिका मीरा के विचार को लेखिका ने अपने शब्दों में लिखा है, ''मीरा को लगा कि अंततः ये अभिव्यक्तिगत स्तर पर गयीं दोस्तियाँ ही रंग और नस्लवाद के दुष्परिणामों से बचा सकती हैं। हर गोरे का अगर एक भी काला और एशियाई दोस्त तो क्या नजरिया बदलेगा नहीं।''[2]

अमरीका में बसे विभिन्न देशों के गोरे–काले रंग के लोगों की भीड़ हर जगह दिखाई दे जाती है। सबका रंग–रूप, बातचीत का तरीका, खड़े होने, चलने का तरीका अलग–अलग वेशभूषा एक जैसी अमेरिकन। सुषम बेदी अपने उपन्यास हवन में लिखती हैं, ''काला आदमी डोंट पशु कहता, गोरा अमेरिकी कहता, 'प्लीज एक्सक्यूज मी।' गुड्डो को हर सुबह होने वाला

यह नाटक बड़ा प्रतीकात्मक लगता था आवासियों की स्थिति को लेकर। जैसे– अमेरिका में पहले से बसे लोग नए आने वालों से कह रहे हों, देखिए वहाँ बहार ठहरिए, ढकेलिए मत। जबकि वे खुद भी धक्का देकर ही अन्दर घुसे हैं। इतनी रंग–नस्लों के लोग यहाँ आकर बसे हैं कि ट्रेन के डिब्बे में नज़र घुमाती गुड्डो को एक साथ पन्द्रह देशों के नमूने वहाँ दीख सकते थे। सबकी अलग से पहचान मुश्किल थी क्योंकि पहनावा तो सबका अमरीकी ही था। फर्क था तो सिर्फ स्टाइल में।''[3]

भारत में अमेरिका को लेकर बहुत आकर्षण है। क्यों न हो वह है भी प्रोमिस्ड लैंड। अगर लड़की की शादी किसी अमेरिकी प्रवासी से हो जाये तो अपनों के लिए यह बहुत गर्व के साथ ही दूसरे लोगों के लिए ईर्ष्या की बात होती है। सुधा ओम ढ़ीगरा के उपन्यास नक्काशीदार कैबिनेट की प्रमुख पात्र सोनल के साथ उसके अपने ही धोखा देते हैं। उसे रास्ते से हटाने के लिए धोखे से उसके अपने लोग उसका विवाह एक गलत आदमी से करवा देते हैं। सोनल बहुत सहासी स्त्री है, अब वह उस आदमी को सजा दिलाने के लिए कमर कसे हुई है। दूसरी ओर पंजाब में उसके घर में तमाम धोखेबाज लोगों का जनघट है। यह सारा कुछ, यहाँ तक कि हत्याएँ भी सम्पत्ति को हड़पने के लिए की जा रही हैं। परिवार वालो के षड्यंत्र के बावजूद सोनल और उसकी माँ किसी तरह बची रह जाती है जबकि उसकी बहन मीनल, पिता, बहन का प्रेमी पम्मी, उसकी चचेरी बहन की हत्या कर दी जाती है और भी कई हत्याएँ होती हैं। राजनैतिक माहौल गरम है जिसमें आपसी रंजिशें निकाली जाती हैं। एक समय का गाँव का सबसे दबंग मनचंदा परिवार समाप्त हो जाता है। उपन्यास सोनल को नारी सशक्तिकरण उदारण के रूप में प्रस्तुत करता है।

प्रवासी लेखिकाओं ने अपने उपन्यासों में अनेक उदाहरणों के माध्यम से पूर्व और पश्चिम की संस्कृति की तुलना की है जिसके आधार पर हम यह कह सकते हैं कि लेखिकाओं ने पश्चिम के भी अनेक जीवन–मूल्य पूर्व की तरह ही बताए हैं जिनमें पारिवारिक मूल्य प्रमुख होता है। वहाँ भी शादी–जन्म–मृत्यु, क्रिसमस आदि उत्सवों पर सारा परिवार इकट्ठा होता है, दूर–दराज से भी सगे–संबंधी इन अवसरों पर आते हैं और पारिवारिक संस्था की एकजुटता दिखाई देती है।

बाहर का जीवन एक–दूसरे पर इतना निर्भर नहीं करता यही कारण है कि अकेलापन, अवसाद जैसे तत्व वहाँ जल्दी घर करते हैं। धर्मकेन्द्रित जीवन जीते–जीते वे स्वयं को भूलने लगते हैं। नक्काशीदारी केबिनेट उपन्यास में केबिनेट की मालकिन के भीतर भी यही शून्य घर करने लगता है। वह अपनी खोई हुई यादों को समेटने केबिनेट को याद करने लगती है, जिसमें अमेरिका में पूरी तरह रच–बस जाने के उपरान्त भी, अनगिनत लोगों से मिलने के बाद, उनके किस्से–कहानियों में परिचित होने के पश्चात्, अनुभवों का ढेरों खजाना समेटने के अनंतर, एक डॉक्टर एक सामाजिक कार्यकर्ता के जीवन में किए गए कई प्रयासों और प्रयोगों से भरा हुआ था कैबिनेट।

- **आर्थिक स्तर पर नस्लीय भेदभाव**

प्रवासियों को कई प्रकार के नस्लीय भेदभाव का शिकार होना पड़ता है। सामाजिक रूप से तो उन्हें कई बार अपमानित तथा उपेक्षित होना पड़ता है। इसके अतिरिक्त कार्यक्षेत्र में भी कई बार उनसे भेदभाव किया जाता है। उदाहरण के लिए पर्याप्त प्रमोशन न होना, वांछित पद न मिलना, छुट्टी न मिलना, अधिक काम लिया जाना आदि–आदि। सुषम बेदी के उपन्यास 'लौटना' में नायिका मीरा के लंबी छुट्टी से लौटने के बाद उसके ही ऑफिस में न केवल उसे पदच्युत होना पड़ा, बल्कि उसका जूनियर उसका बॉस बन गया। उसे हैरानी उस बात से हुई कि लोग उसे पहचान भी नहीं पा रहे थे, ''मीरा का मन एकदम बुझ गया। बैन आज उसका मैनेजर बन गया है तो नाम तक भूल गया। पर उसे कुछ बोलना चाहिए, यह सोचकर बोली–दैट्स ओ.के., इट इज़ हार्ड टू रिमेम्बर इंडियन नेम्ज...। बेन पल भर रूका रहा कि मीरा कुछ और कहेगी..पर मीरा किसी भी भूत की घटना का वास्ता देकर अपने आपको हीन नहीं करना चाहती थी। वह चुप रही..तब बैन एकदम बॉस वाला रूख अपनाकर काम की बाते करने लगा जिसका घूम–फिरकर अर्थ निकलता था कि न तो वे मीरा के काम और स्वभाव को जानते हैं, न मीरा उनके।''[4]

- **मनोवैज्ञानिक स्तर पर नस्लीय भेदभाव**

प्रवासी भारतीय के लेखन ने हिन्दी में एक नई दुनिया के झरोखे खोलने का काम किया है। यह लेखल भारतीय की दुष्टि से उस देश को देखता है, इसलिए यह लेखन भारतीय पाठकों के अन्दर बैठने में सफल होता है। वे प्रवासी महिला कथाकार जो अमेरिका में बस गयीं हैं, उनके उपन्यासों में प्रायः अमेरिका में बसे भारतीय परिवारों की व्यथा–कथा ही है। इन उपन्यासों में भारतीयों के मनोविज्ञान को तलाशने का प्रयास लेखिकाओं द्वारा किया गया है। उदाहरण के लिए सुधा ओम ढींगरा का उपन्यास दृश्य से अदृश्य का सफर जिसमें पूरी कथा तो अमेरिका की है लेकिन दृष्टिकोण भारतीय है। इसका विषय

ऐसा है जो दुनिया के हर हिस्से में एक–सा ही है। मनोवैज्ञानिक समस्याएँ जिनको हम अज्ञानतावश बीमारी कहते हैं। यह उपन्यास उन लोगों को अवश्य पढ़ना चाहिए जो मनोवैज्ञानिक समस्याओं को बीमारी कहते हैं, व समझते हैं। यह उपन्यास मनोवैज्ञानिक समस्याओं को देखने के नजरिये में आमूलचूल परिवर्तन ला देता है। इस उपन्यास को पढ़ने के बाद किसी ऐसे व्यक्ति को देखने का पूरा दृष्टिकोण बदल जाता है। लेखिका की एक और सफलता यह है कि यह उपन्यास बहुत अच्छे से समझाता है कि मनोवैज्ञानिक समस्याएँ असल में जीवन में आ रही कुछ बड़ी मुश्किलों, असाधरण घटनाक्रमों तथा इन सबसे उपजे भय का ही परिणाम होती हैं। जब यह भय समाप्त हो जाता है तो समस्याएँ भी समाप्त हो जाती हैं। यह इस उपन्यास का सबसे महत्त्वपूर्ण तथा जरूरी बिन्दु है। लेखिका ने मानेवैज्ञानिक समस्या से जूझ रहे व्यक्ति के अन्दर बैठे भय को परत–दर–परत खोला है और न केवल खोला है बल्कि समाधानप्रद तरीके से खोला है। साहित्य का कार्य भी तो यही होता है कि वह समस्या तक न रूके बल्कि आगे बढ़े वहाँ तक, जहाँ समस्या का समाधान है।

कभी–कभी परिस्थितियाँ ऐसी हो जाती हैं कि मनुष्य स्वयं ही अपने–आप को दूसरों से अलग–थलग महसूस करने लगता है। उसे लगता है कि वह इस देश में किसी न किसी प्रकार से अलग है, वह यहाँ के परिवेश के अनुसार स्वयं को नहीं ढाल पाया है। हवन से एक उदाहण दुष्टव्य है, ''एक दो जगह उसे महसूस हुआ है कि वह उसकी अंग्रेजी का हिन्दुस्तानीपन भी शायद अखरता है, क्योंकि एक–दो जगह पर इंटरव्यू लेने वालों ने उसे बार–बार वाक्य दुहरवाए। पर गुड्डो जब अमेरिकनों की तरह लफ्जों को खींचकर आ को ऐ जैसे कि कांट को केंट या नाट को एंट कहती थी, तो अपनी अवाज पराई और उपहाससना–सी लगती थी। मन में भाषा का यह दोगलापन कहीं कचोटता। क्योंकर उसे दूसरों की नकल करनी पड़ रही है। अपनी बोलचाल का सहजपन भी बरकरार नहीं रख सकती।''[5]

सितारों में सूराख उपन्यास में जब अमेरिका में भय न पैर पसारे और दूसरे व्यक्ति के पास बन्दूक दिखाई देने लगी तो कथा नायक जय को भी ऐसा महसूस होने लगा कि उसमें और अमेरिकी लोगों में काफी असमानताएँ हैं, ''सारे अपराध जय को अपने साथ घटित हुए लगते हैं। पहले लगता था कि वह बाहरी व्यक्ति हैं। दूसरे रंग के, देश के। वह अलग दिखते हैं। इतने त्वचा के रंग, इतनी तरह की भाषा, घर्म, संस्कृति, खान–पान और जाने क्या–क्या। शायद हर आदमी उन्हीं की तरह है। आतंकित एक मनुष्य दूसरे मनुष्य से।''[6]

## निष्कर्ष

अनुसंधेय उपन्यासों के अध्ययन से पता चलता है कि प्रवासी महिला कथाकारों ने भारतीय मन से अमेरिका में बसे भारतीयों के जीवन को शब्दों में पिरोया है। उनके दैनिक जीवन से लेकर वहाँ की संस्कृति में रच–बस जाने और भारतीयता को ओढ़े रहने का द्वन्द्व जीवन भर उनके साथ रहता है।

## सन्दर्भ

1. बेदी, सुषम. (2017). लौटना. इण्डियन बैंकः नई दिल्ली. पृष्ठ 43.
2. वही. पृष्ठ 43.
3. बेदी, सुषम. (2014). हवन. हिन्द पॉकेट बुक्सः नई दिल्ली. पृष्ठ 35.
4. बेदी, सुषम. (2017). लौटना. इण्डियन बैंकः नई दिल्ली. पृष्ठ 68.
5. बेदी, सुषम. (2017). लौटना. इण्डियन बैंकः नई दिल्ली. पृष्ठ 61.
6. कुमार, अनिलप्रभा. (2021). सितारों में सूराख. भावना प्रकाशनः नई दिल्ली. पृष्ठ 47.

# रामचरितमानस में श्रीराम और सुग्रीव मैत्री

आरती चतुर्वेदी
*शोधार्थी, हिन्दी विभाग*
*के०एम०आई०, आगरा*
*ईमेलः pn9454715549@gmail.com*

प्रो० प्रदीप श्रीधर
*निदेशक*
*क० मुं० हिन्दी तथा भाषा विज्ञान विद्यापीठ*
*डॉ० भीमराव अम्बेडकर वि०वि०, आगरा*

*सारांश*

*श्रीरामचरितमानस में तुलसी के राम मर्यादा पुरुशोत्तम ही नहीं अपितु परमब्रह्म के अवतार हैं। वे चाहते तो सुग्रीव और वानरों के सहयोग के बिना ही सीता को रावण से छीनकर ला सकते थे, किन्तु ऐसा उन्होंने किया नहीं ब्रह्म के अवतार ने नरलीला दिखाने और अपने मर्यादा पुरुषोत्तम के रूप को जनसामान्य तक पहुँचाने के लिए नर–वानरों तक से मैत्री भाव दिखाया और उनका सहयोग प्राप्त किया। मानव–जगत् के लिए यही उचित मार्ग है। वे वन–वन भटकते हुए ऋष्यमूक पर्वत तक जाते हैं और वहाँ वानरों सहयोग प्राप्त कर सीता की खोज की भूमिका रचते हैं–*

*"आगे चले बहुरि रघुराया। निष्यमूक पर्वत नियराया।।*
*तहँ रह सचिव सहित सुग्रीवा। आवत देखि अतुल बल सींवा।।*
*अति समीत कह सुन हनुमाना। पुरुष जुगल बलरूप निधाना।।*
*धरि बहु रूप देखु तै जाई। कहेसु जानि जियँ समन बुझाई।।*[1]

*(श्रीरामचरितमानव, किष्कन्धा काण्ड)*

Reference to this paper should be made as follows:

आरती चतुर्वेदी,
प्रो० प्रदीप श्रीधर

*रामचरितमानस में श्रीराम और सुग्रीव मैत्री*

*Vol. XIV, Special Issue*
*pp.188-191*
*Article No.40*

**Online available at:**
*https://anubooks.com/journal/journal-global-values*

**DOI:** *https://doi.org/10.31995/jgv.2023.v14iS2.040*

सुग्रीव श्रीराम से प्रथम परिचय में शंकालु, दिखायी देते हैं और श्री हनुमान जी से ब्राह्मण रूप में उनसे मिलने के लिए कहते हैं। बिना रहस्य जाने किसी से मैत्री उचित नही है– तुलसी यह तथ्य यहाँ स्पष्ट करते हैं। विशेषकर जो अतुल बलधारी हों।

उनका रहस्य जानना तो परमावश्यक ही है।

जब हनुमान जी श्रीराम से मिलने आये तो परम–ब्रह्म के अवतार क्या हनुमान के विप्र रूप को जानते नहीं थे? वे अवश्य ही जानते थे किन्तु उन्हें तो नरलीला में मर्यादा पुरुषोत्तम रूप लोक को दिखाना था; अतः सामान्य मानवीय परिचय देते हुए कहते हैं–

"कोसलेस दशरथ के जाए। हम पितु वचन मानि बन आए।।
रामनाम लछिमन दोऊ भाई। संगनारि सकुमरि सुहाई।।
इहाँ हरी निसिचर बैदेही। ब्रिप्र फिरहिं हम खोजत तेही।।
आपन चरित कहा हम गाई। कहहु ब्रिप्रनिज कथा बुझाई।।[2]

कितना सरल और मानवीय परिचय दिया श्रीराम ने। मित्रता में यह सरलता और निष्छलता दृढ़ मैत्री सम्बन्धों की प्रथम शर्त है। इधर श्री हनुमान जी ने भी अपने दूतधर्म का कर्तव्य चतुरता के साथ निर्वहन किया। उन्होंने श्रीराम को पहचानकर अपने कंधों पर चढ़ा लिया। प्रथम चरण स्पर्श किए और पीठ पर चढ़ाकर सुग्रीव के समक्ष दोनों भाईयों को ले जाकर प्रस्तुत किया। यहीं से मित्रता की नींव और सुदृढ़ हो गयी। पीठ चढ़ाकर लाने से हनुमान जी ने सुग्रीव को श्रीराम के साथ मित्रता की अनुकूलता का भी संदेश दिया। इधर श्रीराम का सत्कार कर उन्हें भी सुग्रीव के प्रति मैत्री की अनुकूलता बता दी। इस प्रकार श्री हनुमान जी ने श्रीराम की सुग्रीव के साथ मित्रता करा दी।

"जब सुग्रीव राम कहुँदेखा। अतिसय जन्मधन्य करि लेखा।।
सादर मिलेउ नाइ पदमाथा। भेंटेउ अनुज सहित रघुनाथा।।[3]

मित्रता में एक दूसरे का सम्मान और प्रेम की प्रगाढ़ता को भी अत्यधिक अनिवार्य आवश्यकता है अतः श्रीराम सुग्रीव को लक्ष्मण से भी प्रिय स्वीकार करते हैं–

"सनु कपि जियँ मानसि जनिऊना।
तैं मम प्रिय लछिमन ते दूना।।
समदरसी मोहि कह सब कोऊ।
सेवक प्रिय अनन्य गति सोऊ।।"[4]

जब श्रीराम का समग्र चरित्र लक्ष्मण जी ने सुग्रीव को सुनाया तो सुग्रीव ने श्रीराम को सीता जी के अन्वेषण के प्रति आश्वत किया। किस प्रकार सीता जी को रावण गगन मार्ग से ले गया। किस प्रकार सीता जी राम–राम हा राम पुकार रहीं थीं। किस प्रकार सीता ने पर्वत पर अपने पहने हुए वस्त्राभूषण गिराये–यह सब कुछ बताया और राम को आश्वस्त किया कि मैं हर प्रकार से आपकी सेवा करूँगा।

"कह सुग्रीव सुनहु रघुवीरा। तजहु सोच मन आनहु धीरा।।
सब प्रकार करिहउँ सेवकाई। जेहि विधि मिलहि जानकी माई।।"[5]

सुग्रीम ने श्रीराम के प्रति सेवक का भाव दिखाकर मित्रता के कर्तव्य को और पुष्ट किया है। मित्रता में एक हाथ लेना और एक हाथ देने का भाव कलंकित करने वाला है। यदि एक–दूसरे का कार्य करना भी है तो समर्पण, प्रेमाकुलता और निरभिमानता से रहित होकर ही करना चाहिए, इसीलिए सुग्रीव श्रीराम के समक्ष एक सेवक की भाँति प्रस्तुत होते हैं और येन–केन–प्रकारेण सीता की खोज का आश्वासन देते हैं। यह आश्वासन देने के पश्चात् वे अपनी व्यथा भी श्रीराम के समक्ष रखते हैं। किस प्रकार बालि के भय से वे किष्किन्धा पर्वत पर निवास कर रहे हैं यह बताते हैं। यह सुनकर श्रीराम भी प्रतिज्ञा करते हैं।

"सुनु सुग्रीव मारिहउँ, बालिहिं एकहिं बान।
ब्रह्म रुद्र सरनागत, गएँ न उबरहिं प्रान।।"[6]

श्रीराम सुग्रीव को इस प्रकार बालि के भय से मुक्त कर देते हैं। जब सुग्रीव के दुन्दुभि दैत्य की हड्डी को दिखाते हैं, जिसे बालि ने मारा था और जो किसी से हिल भी नहीं सकती थी, उसे श्रीराम ने पैर के अँगूठे से इस प्रकार फैंका कि

वह दस योजन दूर जाकर गिरी। सर्पाकार सात ताड़ के वृक्षों का एक ही बाण से भेदन कर श्रीराम ने अपनी सामर्थ्य दिखाकर सुग्रीव को आश्वस्त किया, जिससे उसकी प्रीति और आस्था श्रीराम के प्रति और दृढ़ हो गयी, क्योंकि उसने कहा था कि जो इस हड्‌डी को हटा देगा और ताड़ के वृक्षों को गिरा देगा वही बालि का बध कर सकता है।

"दुंदुभि अस्थि ताल देखराए। बिनु प्रयास रघुनाथ ढहाए।।
देखि अमित बल बाढ़ी प्रीति। बालि बधव इन्ह भइ परितीती।।"[7]

सुग्रीव ने राम का बल और पौरूष देखकर उन्हें सर नवाया और उसे विश्वास हो गया कि श्रीराम अवश्य ही ईश्वरावतार हैं।

सुग्रीव ने श्रीराम को अपनी व्यथा बताते हुए कहा कि– (1) बालि ने मेरे सुख का हरण कर लिया है, (2) सम्पत्ति छीन ली हैं, (3) परिवार भी ले लिया है, (4) बड़ाई भी छीन ली है, अतः इन चारों चीजों को त्याग करने के लिए आपका ही भजन करूँगा। इन चारों का त्यागकर अब वे रात–दिन के शोक से मुक्ति चाहते हैं। श्रीराम के प्रति ऐसी भक्ति उत्पन्न हुई कि उन्हें मायाकृत मानकर त्यागना चाह रहे हैं।

"ये सब रामभगति के बाधक। कहहिं संत तब पद अवराधक।।
शत्रु मित्र सुख–दुख जगमाहीं। मायाकृत परमारथ नाहीं।।
बालि परम हित जासु प्रसादा। मिलेहु राम तुम्ह समन विशादा।।
× × × × ×
अब प्रभु कृपा करहु एहि भाँती। सब तजि भजनु करौ दिन राती।"[8]

अब सुग्रीव सांसारिक सुख और मान बड़ाई को भक्ति में बाधक मान रहे हैं। प्रीति और मित्रता में सुग्रीव जैसा उदाहरण कहीं भी देखने को नहीं मिलता है। स्वयं ईश्वरावतार ही उन्हें मित्र के रूप में सर्वकष्टापहरता के रूप में मिले हैं इसके लिए वे बालि के भी आभारी हैं। न बालि ने उनका सब कुछ छीना होता और न संसार के प्रति विरक्ति उनके मन में उत्पन्न हुई होती। अतः अब वे सब त्यागकर रामभक्ति में लीन होना चाह रहे हैं।

बालि के मारे जाने पर जब सुग्रीव को अंकटक राज्य मिल गया तो वे पुनः राज सुख में लीन हो जाते हैं और श्रीराम के प्रति कर्तव्य की जो प्रतिज्ञा की थी उसे भूल जाते हैं। सुख–दुख में मन की अनुभूतियों और कर्तव्य पालन में शिथिलता को तुलसीदास जी ने बड़े ही मार्मिक ढंग से प्रस्तुत किया है। जन–जन की मनोदशा का इससे सुन्दर उदाहरण और क्या होगा कि विरक्त सुग्रीव राज्य मिल जाने पर उन्हीं सुखों में डूब जाता है जिनके कारण उसे दुःख मिला और विरक्ति की भावना उत्पन्न हुई। सुग्रीव के इस प्रकार के व्यवहार को देखकर लक्ष्मण क्रोधित हो उठते हैं–

"धनुष चढ़ाइ कहा तब, जारि करहुँ पुरदार।
व्याकुल नगर देखि तब, आयउ बालिकुमार।।"[9]

श्री लक्ष्मण जी के क्रोध को सुनकर सुग्रीव भयभीत हो जाते हैं औरा को हनुमान जी के साथ भेजकर उन्हें शान्त कराते हैं। स्वयं सुग्रीव पुनः विषय–वासना को मद स्वीकार करके क्षमा याचना करते है।

"नाथ विषय सम मदकछु नाहीं।
मुनि मनमोह करहि छन माहीं।।"[10]

सुग्रीव अपनी अज्ञता स्वीकार करते हुए आगे कहते हैं कि हे प्रभु आपकी माया अनंत है। वह तभी छूट सकती है जब आप कृपा करें।

"नाइचरन सिस कह करजोरी। नाथ मोहि कछु नाहिन खोरी।।
अतिसय प्रबल देव तब माया। छूटहिराम करहु जौं दाया।।
विषय बस्य सुरनर मुनि स्वामी। मैं पावँर पसु कपि अति कामी।।
नारि नयन सर जाहिन लागा। घोर क्रोध तम निसि जो जागा।।"[11]

पुनः सुग्रीव माया मोह को त्याग कर श्रीराम की भक्ति में लीन हो जाते हैं। उनकी श्रीराम के प्रति मित्रता से भक्ति भाव की यात्रा बड़ी रोचक और जनसामान्य को जीवन का यथार्थ बताने वाली है वे कहते हैं–

"देह धरेकर यह फलु भाई। भजिय राम सब काम बिहाई।।"[12]

सन्दर्भ

1. गोस्वामी, तुलसीदास. (संवत् 2079). श्री रामचरित मानस (गुटका). गीता प्रेसः गोरखपुर. पृष्ठ **442.**
2. वही. पृष्ठ **442.**
3. वही. पृष्ठ **443.**
4. वही. पृष्ठ **443.**
5. वही. पृष्ठ **444.**
6. वही. पृष्ठ **445.**
8. वही. पृष्ठ **445.**
9. वही. पृष्ठ **446.**
10. वही. पृष्ठ **453.**
11. वही. पृष्ठ **453.**
12. वही. पृष्ठ **455.**

# घरेलू हिंसा संरक्षण अधिनियम 2005 का महिला सशक्तिकरण में योगदान

अमिता वर्मा
*असिस्टेंट प्रोफेसर, समाजशास्त्र विभाग*
*श्रीमती बी०डी० जैन गर्ल्स (पी०जी०) कॉलेज, आगरा छावनी, आगरा*
*ईमेलः amita.verma0708@gmail.com*

***सारांश***

*महिला सशक्तीकरण भौतिक या आध्यात्मिक, शारीरिक या मानसिक, सभी स्तर पर महिलाओं में आत्मविश्वास पैदा कर उन्हें सशक्त बनाने की प्रक्रिया है। महिला सशक्तीकरण से जुड़े सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक और कानूनी मुद्दों पर संवेदनशीलता और सरोकार व्यक्त किया जाता है। सशक्तीकरण की प्रक्रिया में समाज को पारंपरिक पितृसरलात्मक दृष्टिकोण के प्रति जागरूक किया जाता है, जिसने महिलाओं की स्थिति को सदैव कमतर माना है। वैश्विक स्तर पर नारीवादी आंदोलनों और यूएनडीपी आदि अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं ने महिलाओं के सामाजिक समता, सवतंत्रता और न्याय के राजनैतिक अधिकारों को प्राप्त कराने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है।*

***मुख्य शब्द***

*घरेलू अंहिसा, महिला सशक्तिकरण, दहेज हत्या, सवैधानिक सुरक्षा, लैंगिक असमानता, राज्य महिला आयोग।*

Reference to this paper should be made as follows:

अमिता वर्मा

*घरेलू हिंसा संरक्षण अधिनियम 2005 का महिला सशक्तिकरण में योगदानः चुनौती एवं समाधान*

*Vol. XIV, Special Issue*
*pp.192-198*
*Article No.41*

**Online available at:**
*https://anubooks.com/journal/journal-global-values*

**DOI:** *https://doi.org/10.31995/jgv.2023.v14iS2.041*

## घरेलू हिंसा की अवधारणा

स्ट्रास के अनुसारः– किसी की चोट या नुकसान पहुंचाने की दृष्टि से उस पर जानबूझकर किया आघात हिंसा है, चाहे उसे वास्तव में चोट न पहुचाई गई हो।

राज्य महिला आयोग के अनुसारः– कोई भी महिला यदि परिवार के पुरुष द्वारा की गई मारपीट अथवा अन्य प्रताडना से ग्रस्त है तो वह घरेलू हिंसा की शिकारी कहलायेगी।

## महिला सशक्तिकरण की परिभाषा

डॉ० अरूण कुमार सिंह के अनुसारः– महिला सशक्तिकरण का अर्थ है महिला को शक्ति सम्पन्न बनाना ताकि वह सहजता से अपने जीवन–यापन की व्यवस्था कर सकें।

महिला सशक्तीकरण के युग में घरेलू हिंसा अप्रसांगिक मुद्दा प्रतीत हो रहा था साथ ही महिलाओं की स्थिति को निम्न कर रहा था। एन.एफ.एच.एस. की रिपोर्ट के अनुसार कभी स्कूल न जाने वाली 40 प्रतिशत महिलाओं को शारीरिक हिंसा का सामना करना पड़ता है। भारतीय समाज में घरेलू क्षेत्र में महिलाओं के प्रति हो रही हिंसा के लिए भारतीय सरकार को कदम उठाना आवश्यक हो गया जिसमें महिला सशक्तिकरण संभव हो जिसके लिए घरेलू हिंसा संरक्षण अधिनियम 2005 को अक्टूबर 2006 में लागू किया गया।

## घरेलु हिंसा की परिभाषित

1. पुलिस के अनुसार – महिला वृद्ध अथवा बच्चों के साथ होने वाली किसी भी प्रकार की हिंसा अपराध की श्रेणी में रखा गया है महिलाओं के प्रति घरेलू हिंसा के अधिकांष मामलों में दहेज प्रताड़ना तथा अकारण मार–पीट प्रमुख है।
2. राज्य महिला आयोग के अनुसार – कोई भी महिला यदि परिवार के पुरुष द्वारा की गई मारपीट अथवा प्रताड़ना से त्रस्त हैं तो वह घरेलू हिंसा की शिकारी कहलाएगी।

परिवार में महिला तथा उसके अलावा किसी भी व्यक्ति के साथ मारपीट की धमकी देना व उत्पीड़न घरेलू हिंसा की श्रेणी में आते हैं इसके अतिरिक्त लैगिंक हिंसा, मौखिक और भावनात्मक हिंसा तथा आर्थिक हिंसा भी घरेलू हिंसा के अन्तर्गत आती है।

## घरेलू हिंसा का अर्थ

घरेलू हिंसा में पति द्वारा पत्नी को यातनाएं देना तथा परिवार के अन्य सदस्यों द्वारा उसके प्रति हिंसात्मक कार्य शामिल है। पत्नी को पीटना, गाली–गलौच करना, उसे शारीरिक या मानसिक यातना देना, घरेलु हिंसा कहलाती है। कई बार पति द्वारा पत्नी के साथ की गई हिंसा को विभिन्न आधारों पर उचित ठहराने के प्रयास किये जाते है। रूढिवादी सोच रखने वाले परिवारों में तो ऐसे मामलें तभी उजागर होते हैं। जब घरेलू हिंसा गम्भीर रूप धारण कर लेती है।

घरेलू हिंसा पितृसत्तात्मक परिवार की अवधारणा है जो स्त्री पुरूष में असमानता को मान्यता देती हैं। इसके अनुसार पुरुष स्त्री से श्रेष्ठ है और पत्नी होने के नाते उसके साथ मनमाना व्यवहार करना उसका जन्मसिद्ध अधिकार है। अतः लैंगिक असमानता के पीछे भी यही विचार है जो पुरूष प्रधान समाज की हिंसक गतिविधियों को बार–बार सामना करना पड़ता है।

## घरेलू हिंसा के उद्देश्य

घरेलू हिंसा महिला संरक्षण अधिनियम (2005) के प्रति महिलाओं को जागरूक करना।

1. महिलाओं के वैचारिक एवं मानसिक रूप से सषक्त बनाने के योगदान करना।
2. महिलाओं की पौराणिक मानसिकता हीनता की भावना में परिवर्तन करना।
3. घरेलू हिंसा में संबंधित कानून का अध्ययन करना व विशेषाधिकारों का अध्ययन।
4. घरेलू हिंसा रोकने के लिए सुझाव देना।
5. उत्तर प्रदेश में महिलाओं के प्रति घरेलू हिंसा के संदर्भ में अध्ययन करना/महिलाओ की सामाजिक प्रस्थिति में सकारात्मक परिवर्तन लाना।

## साहित्य समीक्षा

किसी भी शोध को प्रारम्भ करने से पूर्व उन अध्ययनों से सम्बन्धित साहित्यों का पुनरावलोकन करना आवश्यक हो

जाता है। साहित्य समीक्षा से नये सम्भावितों को जानकारी प्राप्त होती है जिससे वर्तमान अनुसंधान की सही एवं समग्र दिशा प्राप्त होती है।

क्लाइड क्लुकहाने के अनुसारः—

''जब तक उपलब्ध सामग्री श्रोतों के अधिकांश अंश संगृहित संश्लेषित नहीं किए जाऐ तब तक अनुसंधान सामग्री के दृष्टिकोण से अपूर्ण रहेगा।''

तथापि इस अध्ययन से जुड़े पूर्व में किये गये शोध कार्यो एवं प्रस्तुत अध्ययनों का विवरण अगृांकित है।

एकांकी परिवार व संयुक्त परिवार की महिलाओं के विभिन्न पहलुओं पर अतीत में लिखा गया है। कई विद्वानों ने अपने लेखों एवं पुस्तकों में घरेलू हिंसा से सम्बन्धित महिलाओं से जुड़े विभिन्न तथ्यों को अपनी लेखनी में शामिल किया गया है। इसमें अभी सामाजिक एवं आर्थिक समस्याऐं स्वास्थ्य, सामाजिक सम्बन्धों, रहन—सहन तथा पारिवारिक प्रस्थिति, जैसे मुद्दो को लिया गया है।

## राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के अध्ययन

1. विकिपिडिया :— घरेलू हिंसा क्या व भारत में स्थिति के विषय में तथा महिला सशक्तीकरण की स्थिति का वर्णन। इस अधिनियम के विस्तार जम्मू—कश्मीर के सिवाय सम्पूर्ण भारत में हैं, घरेलू हिंसा के अन्तर्गत शारीरिक दुरूपयोग, ''लैंगिक दुरूपयोग, मौखिक एवं भावनात्मक दुरूपयोग को सम्मिलित किया गया है।
2. डॉ0 रंजना कुमारी योजना (2021) (लेख) स्त्री हत्या की रोकथाम :— इसमें स्त्री—पुरूष के मध्य असमानता व महिला हत्या पर चर्चा की गयी है। तथा कोविड महामारी के दौरान घरेलू हिंसा अंतरंग साथ द्वारा हिंसा, महिलाओं पर दुहरे कार्य की जिम्मेदारी पर चर्चा की गयी है।
3. सविता बनवाना (International Journey of Applied Research) :— में प्रकाशित ''महिला सशक्तीकरण के युग में घरेलु हिंसा (2019) लेख द्वारा लिखित है। जिमसें महिला आयोग की रिपोर्ट पर आधारित महिला उत्पीड़न के आंकड़े प्रस्तुत किये गये है 40 मिनट में एक अपहरण 120 मिनट में एक दहेज हत्या होती है।

   नेशनल क्राइम रिपोर्ट 2012 के अनुसार 46 मिनट में 100.000 घरेलू हिंसा की महिलाएँ शिकार होती है।
4. डॉ0 एस0के0 अग्रवाल, वी० सेंग गुप्ता इन्टरनेशनल जर्नल ऑफ रिव्यूह एण्ड रिसर्च इन सोशल साइंस (2019) में प्रकाशित घरों में पत्नी हिंसा के चक्रव्यूह में महिलाओं का समाजशास्त्रीय अध्ययन से स्पष्ट किया है कि अनपढ़ महिलाओं के साथ—साथ कम शिक्षित नारिया भी पुरुष को श्रेष्ठ मानती हैं। केवल एक तबके की नारियों में आये परिवर्तन को सभी पर लागू करना अतिश्योक्ति होगी।
5. सीमोन द बोडवा ने अपनी पुस्तक 'द सेकण्ड सेक्स (2002) में यह स्पष्ट रूप से उल्लेख किया है कि प्रत्येक सामाजिक संरचना में समाजीकरण की प्रक्रिया के माध्यम से पुरुषों में शक्ति तथा आक्रामकता के गुण सवाभाविक रूप से विकसित किए जाते हैं, जबकि इसके विपरीत स्त्रियों में लज्जा तथा सहनशीलता के गुण विकसित किए जाते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों की विवाहित महिलाऐं स्वयं यह मानकर चलती है कि पुरुष स्त्री से श्रेष्ठ है। अतः वह अपनी पत्नी के ऊपर तमाम अधिकार रखता है, यहां तक कि पीटने का भी। भारतीय सन्दर्भों में किए गए आनुभाविक अध्ययनों से परिणाम की समीक्षाओं से यह तथ्य भी सामने आया है कि पिछले बीस पच्चीस वर्षों की अपेक्षा अब पत्नियों के साथ गाली—गलौज मारपीट तथा दुर्व्यवहार कम हो गया है। कुछ ऐसे सकरात्मक कारण हैं, जिससे इस पारिवारिक हिंसा में कमी आई है। इनमें शिक्षा का प्रसार तथा गतिशीलता में वृद्धि प्रमुख हैं। शिक्षा के प्रचार से स्त्री व परूषों की सोच एवं मानसिकता में परिवर्तन आया है। यातायात व संचार के साधनों में प्रगति होने से गतिशीलता में वृद्धि हुई है। जिन ग्रामीण लोगों का सम्पर्क नगरों तथा महानगरों से हुआ है, जिससे उनकी सोच व मानसिकता परिवर्तित हुई हैं। शिक्षा तथा गतिशीलता से पुरूष की अपनी पत्नी को दासी मानने की प्रवृत्ति कम होती है और साथ ही महिलाओं की कार्य शैली में भी सुधार होता है। गतिशीलता कम पढ़े लिखे व्यक्तियों की मानसिकता को भी प्रभावित करती है।
6. आहूजा राम (Crime Against Women: 1987) ने अपने आनुभाविक शोध अध्ययन के आधार पर निष्कर्षतः लिखा है कि महिलाओं के विरूद्ध हिंसा का वर्गीकरण निम्नवत् हो सकता है —

1. अपराधिक हिंसा :— जैसे बलात्कार, अपहरण, हत्याऐं।
2. घरेलू हिंसा :— दहेजी हत्याएँ, पत्नी को मरना—पीटना, लैंगिक दुर्व्यवहार, वृद्धाओं तथा विधवाओं के साथ हिंसा।

3. सामाजिक हिंसा :– पत्नी व पुत्रवधू को मादा भ्रूण हत्या के लिए बाध्य करना, महिलाओं से छेड़छाड़, सम्पत्ति में महिलाओं को हिस्सा देने से इंकार करना, अल्पवयस्क व विधवा को सती होने के लिए बाध्य करना, पुत्रवधु को और अधिक दहेज लाने के लिए बाध्य करना/सताना इत्यादि।

सक्सैना मंजुलता (विवाहित महिलाएं तथा पारिवारिक हिंसा 2010) ने अपने सर्वेक्षण अध्ययन में पाया कि पारिवारिक हिंसा के कारणों में दम्पत्ति में से पति की अहम भावना, अधिकार तथा प्रबलता की प्रवृत्ति पति में शक्कीपन की भावना, पति की बात पत्नी द्वारा न मानना, परिवार के महिला सदस्यों के पारिवारिक झगड़े, घर गृहस्थी के कार्य ठीक से करना, पति का शराबी होना, घरेलू व अन्य कार्यों को पति की इच्छानुसार न करना, पत्नियों को अपने दायित्वों के प्रति लापरवाही बरतना या फिर अनदेखी करना पत्नी का पति का पसन्द के अनुरूप न होना, पुत्रियों की अधिक संख्या, दहेज लोभी पति बार–बार दहेज की मांगे इत्यादि प्रमुख उत्तरदायी कारक हैं जो घरेलू उत्पीड़न एवं हिंसा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पत्नियों को पीटने वाले पतियों का यह मानना है कि वे अपनी पत्नियों को मारना पीटना नहीं चाहते लेकिन पत्नियां ही उन्हें ऐसा करने के लिए मजबूर, प्रेरित तथा विवश करती है।

## घरेलू हिंसा के कारण

घरेलू हिंसा के पीछे कई कारण है। सामाजिक गुण इसमें प्रमुख रूप से जन्म लेता है। भारत में पितृसत्तात्मक को अधिक महत्व देने के कारण व 6/18 कमजोर व लड़कों को साहसी माना जाता है जिसके कारण लड़कियों में आत्मविश्वास विकसित नहीं हो पाता है घरेलू हिंसा के कारण निम्नलिखित हैं –

1. पति पत्नी द्वारा एक दूसरे की बात का सम्मान न करना।
2. पारिवारिक महिलाओं के बीच नकारात्मक सोच।
3. पुरुष समाज की विकृत मानसिकता।
4. लैंगिक असमानता का विचार।
5. विवाहेत्तर सम्बन्ध।
6. महिलाओं के प्रति शत्रुता की भावना रखना।
7. पति पत्नी का बेवजह शक करना।
8. महिला के चरित्र पर संदेह करना।
9. शराब की लत।
10. इलेक्ट्रोनिक मीडिया का दुष्प्रभाव।
11. महिला का स्वावलम्बी बनने से रोकना।
12. समतावादी शिक्षा व्यवस्था का अभाव।

## घरेलू हिंसा के प्रकार

1. **शारीरिक हिंसा**

   इस हिंसा में मारपीट करना, लात मारना, थप्पड़ देना या अन्य रीति से शारीरिक हिंसा करना।

2. **लैंगिक हिंसा**

   जैसे बलात् लैगिक हिंसा, अश्लील साहित्य को देखने को विवश करना, लैंगिक मैथुन आदि।

3. **मौखिक हिंसा**

   अपमान करना, गलियाँ देना, विवाह के लिए विवश करना, पुरुष सन्तान न होना, नौकरी छोड़ने के लिए विवश करना।

4. **आर्थिक हिंसा**

   महिला तथा अपने बच्चों को अपनी देखभाल के लिए धन न देना, महिलाओं को अपना रोजगार न करने देना, वेतन आदि ले लेना।

## पारिवारिक वातावरण

जैसा पारिवारिक वातावरण होता है, वैसे ही बच्चे बड़े होकर व्यवहार करते हैं। किसी बच्चे का बड़ा होकर अधिक ईर्ष्यालु अशांत, व्याभाचारी, विवेकहीन, वासनामय शक्की आदि बनने का प्रमुख कारण उसे विरासत में मिलने वाला

पारिवारिक वातावरण है। बच्चा एक कोरे कागज की तरह होता है, जो उस पर लिखा जायेगा यह भविष्य का इतिहास कहलायेगा। इसलिए घरेलू हिंसा के पीछे पारिवारिक कारणों की पहचान करके उसका निदान तलाश करना चाहिए। जब बच्चे माता–पिता को एक दूसरे पर चिल्लाते हुए सुनते हैं और स्त्री की पिटाई होते हुए देखते हैं तो वे भी बड़े होकर ऐसा ही आचरण करते हैं। सत्य तो यह है कि एक हिंसात्मक घरेलू वातावरण में पलने के कारण व्यक्तियों का व्यवहार अनिवार्य रूप से हिंसात्मक हो जाता है।

घरेलू हिंसा अधिनियम को प्रभावी तरीके से लागू करने के लिए निम्नलिखित अधिकार जिम्मेदार हैं –

अ. संरक्षण अधिकार– इस कानून के अनुसार राज्य सरकार के द्वारा हर जिले में एक संरक्षक अधिकारी नियुक्त किया गया जिसकी जिम्मेदारी घरेलू हिंसा से पीड़ित महिला को इस कानून के तहत सभी सुविधाएँ जैसे तुरंत चिकित्सा तथा कानूनी सहायता दिलवाने की होगी।

ब. पुलिस अधिकारी– इस कानून के अर्न्तगत प्रत्येक थाने के थानाध्यक्ष (एस.एच.ओ) को भी पीड़ित महिला को इस कानून के तहत सभी सुविधा, दिलवाने के निर्देश है।

स. सेवा प्रदाता – इस कानून के अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा कुछ गैर सरकारी संस्थाओ को सेवा प्रदाता के रूप में चुना जाएगा जिनकी जिम्मेदारी होंगी पीड़ित महिला को इस कानून के तहत सभी सुविधाएँ और गुफ्त कानूनी सहायता दिलवाना।

द. मजिस्ट्रेट/जज – इस कानून के जज भी विशेष परिस्थितियों में किसी पीड़ित महिला को न्याय दिलाने के लि स्वतः कार्यवाही कर सकता है।

(ये सभी अधिकारी घरेलू हिंसा का संदेह होने पर स्वयं कार्यवाही कर सकते हैं)

शिकायत करने के निम्न प्रकारों को शामिल किया गया है –

अ. फोन पर की जा सकती है।

ब. ई–मेल भेजकर की जा सकती है।

स. लिखित रूप में की जा सकती है।

घरेलू हिंसा की शिकायत कब की जा सकती है?

अ. घरेलू हिंसा होने के बाद।

ब. घरेलू हिंसा होते समय ।

स. घरेलू हिंसा होने की आशंका होने पर।

घरेलू हिंसा की शिकार महिला की सहायता कौन कर सकता है ?

इस कानून के अंर्तगत घरेलू हिंसा की शिकार महिला को राहत प्रदान करवाने के लिए मुख्य रूप से संरक्षण अधिकारी की नियुक्ति की गई है तथा सेवा प्रदाताओं का चयन किया गया है।

(ए) संरक्षण अधिकारी (पीओ)

राज्य सरकार अधिसूचना द्वारा राज्य के प्रत्येक जिले उतने संरक्षण अधिकारियों की नियुक्ति करेगी जितने कि जिले के अनुसार राज्य सरकार को आवश्यक लगे। संरक्षण अधिकारी, जहां तक संभव हो, महिला होंगी।

## संरक्षण अधिकारी के कर्त्तव्य

अ. मजिस्ट्रेट को इस कानून के अंर्तगत उसके कार्यों के निर्वहन में सहायता करना।

ब. मजिस्ट्रेट को घरेलू हिंसा की शिकायत की प्राप्ति पर और उस पुलिस थाने के पुलिस अधिकारी को घरेलू हिंसा की रिपोर्ट अगसारात/पहचान देना, जो कि उसकी स्थानीय सीमा के अंर्तगत हो ।

स. पीड़ित महिला के अधिकारों के विषय में अवगत करना, मुफ्त कानूनी सुविधा दिलाना।

द. यदि महिला सुरक्षित आश्रयगृह चाहती है। उसे उपलब्ध करना, व रिपोर्ट मजिस्ट्रेट व स्थानीय पुलिस अधिकारी को देना।

## सेवा प्रदाता

सेवा प्रदाता उस संस्था को नियुक्त किया जायेगा जो सोसायटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1860 के अंतगत रजिस्टर्ड हो, या कम्पनी अधिनियम 1956 के अंतगत रजिस्टर्ड हो।

## सेवा प्रदाता के कर्तव्य

अ. पीड़ित महिला के अधिकारों के विषय में अवगत करना, मुफ्त कानूनी सुविधा दिलाना।

ब. यदि पीड़ित महिला सुरक्षित आश्रयगृह चाहती है तो उसे उपलब्ध कराना और रिपोर्ट मजिस्ट्रेट व स्थानीय पुलिस अधिकारी को देना।

स. पीड़ित महिला को अगर शारीरिक चोट घरेलू हिंसा से पहुंची हो तो, उसका चिकित्सीय परीक्षण कराना व उसकी रिपोर्ट मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारी को देना।

## अधिनियम/कानून के अंतगत महिला प्राप्त होने वाली सुविधा/आदेश/राहत

1. धारा–14 (परामर्शदाता से परामर्श लेने को निर्देश)

मजिस्ट्रेट इस अधिनियम के अंतगत अगर महिला चाहे तो प्रत्यर्थी या पीड़ित महिला को अकेले या संयुक्त रूप से सेवा प्रदाता के किसी सदस्य से जो परामर्श में योग्यता और अनुभव रखता है, परामर्श लेने को निर्देश दे सकता है।

2. धारा–16 (कार्यवाही को बंद कमरे में किया जाना)

यदि मजिस्ट्रेट को ऐसा लगता है कि मामले की परिस्थितियों के कारण और यदि महिला चाहे तो वह इस कानून के अंतगत होने वाली कार्यवाही बंद कमरे में करने की मांग करती है तो मजिस्ट्रेट विशेष परिस्थितियों में कार्यवाही बंद कमरे में संचालित कर सकता है।

3. धारा–17 (साझी गृहस्थी में रहने का अधिकार)

घरेलू नातेदारी में प्रत्येक महिला को साझी गहस्थी/साझेदार में निवास करने का अधिकार होगा चाहे वह उसमें कोई हक, फायदा, हित रखती हो या नहीं। उसे प्रत्यर्थी को महिला को साझी गृहस्थी से निकाल नहीं सकता है।

4. धारा–18 (संरक्षण का अधिकार)

मजिस्ट्रेट के द्वारा पीड़ित महिला और प्रत्यर्थी को एक बार सुनने के पश्चात, या यह संभावना होते हुए कि घरेलू हिंसा हुई है या होने वाली है महिला के पक्ष में संरक्षण का आदेश पारित कर सकता है।

अ. घरेलू हिंसा के किसी कार्य या आचरण/व्यवहार को करने पर रोक।

ब. घरेलू हिंसा के कार्यों के करने में सहायता या दुष्प्रेरित करने पर रोक।

स. पीड़ित महिला के काम करने के स्थान पर उसके बच्चे के विद्यालय में या किसी अन्य स्थान में जहां महिला का बार–बार आना–जाना है उस पर प्रत्यर्थी के आने में रोक।

द. पीड़ित महिला से प्रत्यर्थी द्वारा किसी भी प्रकार के सम्पर्क पर रोक/इसके अंर्तगत मौखिक, लिखित, दूरभाषीय/फोन पर बातचीत या इलैक्ट्रोनिक (ई–मेल) सम्पर्क भी सम्मिलित है।

5. धारा–19 (निवास का आदेश)

मामले का समाधान करते समय, जब मजिस्ट्रेट को विश्वास हो जाये कि घरेलू हिंसा हुई है, मजिस्ट्रेट महिला को उसी घर में या प्रत्यर्थी के खर्चे पर कहीं और निवास का आदेश दे सकता है। निवास आदेश में निम्न प्रतिबंध लगाये जा सकते हैं–

अ. साझी गृहस्थी से महिला को न निकालने का आदेश।

ब. प्रत्यथी को उस साझी गृहस्थी से स्वयं हटने का आदेश।

स. पीड़ित महिला की साझी गृहस्थी/घर के उस हिस्से में जिसमें वह रह रही हैं, उसमें प्रत्यर्थी या उसके रिश्तेदार के प्रवेश पर रोक।

द. पीड़ित महिला को प्रत्यर्थी के स्तर के आनुकल्पिक वास (किराये के घर) की सुविधा दिलाना जैसी कि वह साझी गृहस्थी में उपयोग कर रही थी।

अ. महिला को उसके स्त्रीधन या किसी अन्य सम्पत्ति या मूल्यवान प्रतिभूति को जिसकी वह हकदार है, कब्जा लौटाने के आदेश देना।

6. धारा–20 (आर्थिक सहायता/वित्तीय राहत)

पीडित महिला व उसके बच्चों को उसकी जरूरत के अनुसार व्यय और नुकसान की पूर्ति के लिये आर्थिक सहायता/वित्तीय राहत देने का आदेश भी मजिस्ट्रेट दे सकता।

अ. कमाई की हुई हानि की पूर्ति।

ब. चिकित्सीय खर्च की पूर्ति।

स. पीड़ित महिला के नियंत्रण में से किसी सम्पत्ति के नुकसान, हटाये जाने के कारण हुई हानि की पूर्ति का आदेश।

**7. धारा–21 (अभिरक्षण का आदेश)**

अ. पीड़ित महिला या उसकी ओर से आवेदन करने वाले व्यक्ति को बच्चों की अभिरक्षा का आदेश भी मिल सकता है।

**8. धारा–22 (हर्जाना/मुआवजे का आदेश)**

इस कानून के अंतगत मजिस्ट्रेट पीड़ित महिला के साथ प्रत्यर्थी द्वारा की गई घरेलू हिंसा (मानसिक यातना, भावनात्मक चोट भी सम्मिलित है) के एवज में प्रतिकर और क्षतिपूर्ति के रूप में प्रत्यर्थी को पीड़ित महिला को मुआवजा/हर्जाना देने के आदेश भी दे सकेगा।

**9. धारा–23 (एकपक्षीय आदेश देने की शक्ति)**

यदि मजिस्ट्रेट संतुष्ट हो कि प्रत्यर्थी घरेलू हिंसा कर रहा है या की है अथवा करने की आशंका है तो वह शपथपत्र को संज्ञान में रखते हुए धारा 18, धारा 19, धारा 20, धारा 21 और धारा 22 के तहत कार्यवाही का आदेश दे सकता है।

**10. धारा–24**

पीड़ित महिला को आदेश की प्रति निशुल्क मिलनी चाहिए।

**11. धारा–29 (अपील)**

पीड़ित महिला अथवा प्रत्यर्थी को जारी मजिस्ट्रेट के आदेश के 30 दिन के भीतर सत्र् न्यायालय में अपील दायर की जा सकती है।

**12. धारा–31 (प्रत्यर्थी द्वारा संरक्षण आदेश भंग करने पर दंड)**

अधिनियम के अंर्तगत प्रत्यर्थी द्वारा संरक्षण आदेश या किसी अंतरिम संरक्षण आदेश का भंग होना, इस कानून के अन्दर अपराध होगा। ऐसी स्थिति में प्रत्यर्थी को एक साल की सजा या बीस हजार रुपये तक जुर्माना हो सकता है या दोनों से दंडित किया जा सकता है।

## निष्कर्ष

शहरी क्षेत्र की महिलाओं की तुलना में ग्रामीण क्षेत्र में घरेलू हिंसा अधिक पायी जाती है, घरेलू अधिनियम का प्रभाव जागरूकता के कारण शहरी क्षेत्र में अधिक और ग्रामीण क्षेत्र में कम सशक्तिकरण में योगदान कर पाया है।

## सन्दर्भ

1. (2014). वुमेन्स लिंक. वॉल्यूम 20(2). अप्रैल–जून।
2. घरेलू हिंसा के पीछे कई कारण है। सामाजिक गुण इसमें प्रमुख रूप से जन्म लेता है। 576, मस्जिद रोड़, जंगपुरा, नई दिल्ली– 110014.
3. विकिपिडिया. घरेलू हिंसा क्या व भारत में स्थिति के विषय में तथा महिला सशक्तिकरण की स्थिति का वर्णन।
4. कुमारी, डॉ. रंजना. (2021). योजना. (लेख) हत्या की रोकथाम।
5. International Journey of applied research (2018) में प्रकाशित।
6. Agrawal, Dr. S.K. (2019). V Sengupta International Journal of Reviews and Research in Social Sciences.
7. सीमोन, द वोउबा. (2002). 'द सैकण्ड सैक्स' उद्धृत प्रकाशित शोध पत्र, रीना आर्या', सामाजिक सहयोग, प्रकाशित श्री कृष्ण शिक्षण संस्थानः उज्जैन (म०प्र०). अंक–58. अप्रैल–जून. 2006. पृष्ठ 36.
8. आहूजा, राम. (1987). सामाजिक समस्याएं, क्राइम अंग्रेस्ट बूमेन. रावत पब्लिकेसन्सः जयपुर (राज0)।
9. सैनी, मन्जुलता. (2004). अनुसूचित जाति महिला उत्पीड़न. अर्जुन पब्लिकेसन्स, (प्रा०लि०मि०) हाउसः कालका जी रोड, दिल्ली।

Journal Global Values, Vol. XIV, Special Issue, May 2023, ISSN: (P) 0976-9447, (e) 2454-8391, Impact Factor 8.835*(SJIF)*
*https://doi.org/10.31995/jgv.2023.v14iS2.042*

# सांस्कृतिक विकास एवं आत्म उत्थान हेतु संगीत का प्रयोग

मीनाक्षी शर्मा
*शोधार्थी*
*शहीद मंगल पाण्डे डिग्री कॉलेज, मेरठ*
*चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ*
*ईमेलः meenakshisharma9045@gmail.com*

***सारांश***

*आधुनिक युग में कला और संस्कृति का स्थान शिक्षा व्यवस्था में एक नवीन रूप में प्राप्त हुआ है। वास्तव में उचित शिक्षा जहां एक और भविष्य में जीविकोपार्जन में सहायक होती है वहीं दूसरी ओर सम्पूर्ण जीवन के विकास एवं मानवोत्थान के परिष्कार एवं विकास की प्रणाली भी मानी गई है। शिक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों की रूचियों एवं उसकी जन्म से ईश्वरीय देन, प्रतिभा एव शक्तियों का विकास करना है। मानव जीवन के आत्मोत्थान हेतु जिन विभिन्न पक्षों के साथ शिक्षा का समन्वय अपेक्षित है उनमें जीविका, क्रीडा, कला, संस्कृति, समाज, राजनीति, प्रशासन, व्यवसाय आदि को मुख्य माना जा सकता है। अतः संगीत को छात्रों की सृजनात्मक शक्ति का विकास, आत्म विश्लेषण की क्षमता का पल्लवन, सुक्षतम मनोभावों की अभिव्यक्ति का सबसे सशस्त साधन माना गया है तथा संस्कृति की दृष्टि से कला अभिव्यक्ति के लिए स्वस्थ और सकारात्मक दृष्टिकोण है क्योंकि कला के मनोभावों की दृष्टि मनुष्य के सांस्कृतिक, सृजनात्मक प्रयासों से सम्भव होती है। प्राकृतिक साधनों से नहीं और इसके लिए संगीत कला सबसे सशक्त माध्यम है।*

Reference to this paper should be made as follows:

मीनाक्षी शर्मा

*सांस्कृतिक विकास एवं आत्म उत्थान हेतु संगीत का प्रयोग*

*Vol. XIV, Special Issue*
*pp.199-202*
*Article No.42*

**Online available at:**
*https://anubooks.com/journal/journal-global-values*

**DOI:** *https://doi.org/10.31995/jgv.2023.v14iS2.042*

## प्रस्तावना

आदि काल से प्रत्यक्ष–अप्रत्यक्ष रूप से संगीत विद्यमान है भगवान शिव, भगवान कृष्ण तथा माता सरस्वती के हाथों में वीणा इस बात का साक्षात प्रमाण है। आदि काल से संगीत इस श्रृष्टि में था। वैदिक युग में भी सामवेदीय ऋचाओं का गान, विविध प्रकार के वाद्य यत्रों तथा मंत्रों से गान किया जाता था। अतः जिसका प्रभाव मानव के मन मस्तिष्क पर पड़ता है। अतः कला साहित्य, धर्म, दर्शन आदि संस्कृति के रूप में और यदि संसार के प्रत्येक देश का यदि सांस्कृतिक निरीक्षण किया जाए तो लगभग हर जगह संगीत कला का महत्व दृष्टिगोचर होता है। मानवीय तृप्ति के साथ संगीत जुड़ा है।

**शोध समस्या** : सांस्कृतिक विकास एवं आत्म उत्थान हेतु संगीत का प्रयोग को शोध द्वारा जन सम्मुख प्रस्तुत करना।

**की–वर्डस** : आत्म उत्थान (आत्मोत्थान का अर्थ, आत्म यानि स्वयं का उत्थान स्वयं को जानना)

**शोध प्रविधि** : प्रस्तुत शोध पत्र की प्रविधि वर्णनात्मक है।

**शोध रूपरेखा** : विभिन्न ग्रन्थों में उल्लिखित प्राप्त सामग्री द्वारा शोध कार्य को प्रमाणिक बनाने का प्रयास किया गया है।

संस्कृति एक ऐसा पर्यावरण है जिसमें निवास कर मनुष्य एक सामाजिक प्राणी बनता है और प्राकृतिक दशाओं को अपने अनुकूल बनाने की क्षमता को विकसित करता है। संस्कृति को अतीत की सम्पत्ति माना जाता है। संस्कृति को कला, साहित्य धर्म, दर्शन आदि की सामूहिक संज्ञा माना जाता है। अतः कला, साहित्य धर्म, दर्शन, आदि संस्कृति के ही रूप है और यदि संसार के प्रत्येक देश का यदि सांस्कृतिक निरीक्षण किया जाए तो लगभग हर देश में संगीत कला का महत्व दृष्टिगोचर होता है। मानवीय तृप्ति के साथ संगीत जुड़ा है। मानवीय जीवन की विकसित सम्भावनाओं के पीछे 'शिक्षा' की प्रेरणा रही है। प्रसिद्ध मानव शास्त्री ई0बी0टायलर के अनुसार संस्कृति वह जटिल सम्पूर्णता है जिसमें ज्ञान, विश्वास, कला आचार कानून प्रथा तथा इसी प्रकार की ऐसी सभी क्षमताओं और आदतों का समावेश रहता है, जिन्हें मनुष्य समाज का सदस्य होने के नाते प्राप्त करता है। संगीत सदा से संस्कृति का संगी रहा है। संस्कृति और संगीत का विकास क्रम दोनों साथ–साथ देखे जा सकते है।[1]

आधुनिक युग में कला और संस्कृति का स्थान शिक्षा व्यवस्था में एक नवीन रूप में प्राप्त हुआ है। वास्तव में उचित शिक्षा जहाँ एक और भविष्य में जीविकोपार्जन में सहायक होती है, वही दूसरी और सम्पूर्ण जीवन के विकास एवं मानवोत्थान के परिष्कार एवं विकास की प्रणाली भी मानी गई है। शिक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों की रूचियों एवं उसकी जन्म से ईश्वरीय देव, प्रतिभा व शक्तियों का विकास करना है।[2]

## विद्यालयीन शिक्षण में संगीत की शिक्षा

किसी भी समाज की प्रगति, शांति व अन्य सकारात्मक क्रियायें तभी संभव है जब वहाँ के भावी युवक व युवतियाँ उचित दिशा की और अग्रसर हो और यह उस देश के भावी पीढी अर्थात वहाँ के बालकों के शारीरिक, मानसिक व बौद्विक विकास, उनके पालन पोषण पर निर्भर करता है, तथा इस भावी पीढ़ी के विकास एवं उत्थान में संगीत शिक्षा का भी अत्यंत महत्व दृष्टिगोचर होता है। प्रत्येक मानव को प्रकृति की और से संगीत की देन मिली हुई है। इसलिए संगीत शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार सभी को समान रूप से प्राप्त है।[3]

वर्तमान समय में संगीत को शैक्षिक पाठयक्रम में सम्मिलित कर लेने से अब यह हर वर्ग के विद्यार्थी के लिए सुलभ हो गया है। भारतीय कला एवं संस्कृति में विकास के लिए संगीत कला को प्रशासन द्वारा शिक्षण प्रक्रिया का एक प्रमुख अंग बनाया गया जो विद्यार्थियों के विकास में सहायक सिद्ध होती है। देश की भावी पीढ़िया शिक्षा प्राप्त करने हेतु सर्वप्रथम विद्यालयों में प्रवेश प्राप्त करते है। जहाँ उनमें उचित आदतों एवं भावनाओं का विकास किया जाता है ताकि वे एक सुनागरिक बन सकें। विद्यालयीन शिक्षण के दौरान सभी विद्यार्थी किशोरावस्था में होते है। इस समय बच्चों में उत्सुकता, चंचलता, जिज्ञासा आदि भावनाऐं बडी तीव्र गति से आती–जाती रहती है। अतः संगीत इन सभी भावनाओं के उचित संतुलन हेतु अत्यंत सहायक है। संगीत शिक्षा द्वारा विद्यार्थी का सम्पूर्ण विकास होता है।[4]

आज के अभिभावकों की विशेष रूप से यह शिकायत आती है कि आज के विद्यार्थियों में नैतिकता व अनुशासन का पतन होता जा रहा है, जिसमें संगीत शिक्षा अत्यंत सहायक सिद्ध हो सकती है। विद्यालयीन शिक्षा के समय विद्यार्थी किशोरावास्था में होते है। इस अवस्था में विरोधी लिंग के प्रति जो आकर्षण होता है उसे संगीत द्वारा नियंत्रित किया जा सकता है। संगीत द्वारा पारस्परिक भावनाओं को परिष्कृत कर सहचर्य, सहायता तथा सदभावना में तृप्ति की अनुभूति दिलाई जा सकती है। अतः संगीत नैतिक विकास में सहायक होता है साथ ही इसके द्वारा अनुशासन का भी विकास किया जाता है।

विद्यालयों में संगीत के आ जाने से विद्यार्थियों में अध्यात्म की भावना भी प्रबल होती है। कक्षा में विभिन्न धर्मो के छात्र–छात्रायें साथ–साथ बढकर संगीत सीखते है और सभी का उद्देश्य संगीत द्वारा परमतत्व की प्राप्ति करना होता है। विद्यालयीन वातावरण में सदव्यवहार सदाचार संवेदनशीलता एवं सरसता के संचार के लिये संगीत अत्यन्त ही उपयुक्त विषय है। संगीत अपने विषय रूप में एवं अन्य रूपों द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में अपना प्रमुख योगदान प्रदान करती है। विद्यालयीन संगीत शिक्षण मानव के उत्थान हेतु निम्न उद्देश्यात्मक भूमि का निर्वहन करता है–

1. विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक, आत्मिक बौद्धिक, भावनात्मक तथा आध्यात्मिक भावनाओं का विकास करना।
2. विद्यार्थियों में संगीत के प्रति रूचि उत्पन्न करना, उनमें सांगीतिक प्रवृति का विकास करना व संगीत के सांस्कृतिक महत्व को समझना।[5]

"मंदबुद्धि बच्चों के बौद्विक विकास तथा शैक्षणिक निष्पति के क्षेत्रों में Wootten (1968), Mils (1972), Norton (1973) Shaw (1974) Spangler (1974) Eienstien (1974), Hurwitz (1975) आदि अनुसंधानककर्ताओं ने संगीत शिक्षा का प्रभाव विभिन्न निष्पत्ति परीक्षणों के माध्यम से अध्ययन किया तथा वे इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि संगीत शिक्षा के पाठयक्रम के परिणाम स्वरूप छात्रों के शब्द ज्ञान भाषा की प्रवीणता एवं ध्यानवस्थिता में वृद्वि अध्ययन–सम्बंधी व्यवहार में परिवर्तन साथ ही अन्य विषयों के अध्ययन में भी रूचि बढी।[6]

अध्यापकों तथा शिक्षकों का विशेष ध्यानाकर्षण, संगीत शिक्षा का एक महत्वपूर्ण अंग है। संगीत शिक्षा प्रत्येक बच्चे को व्यक्तिगत रूप से प्रदान की जाती है। जिस कारण विकलांग बच्चा हीन भावना, उदासीनता, निराशा, विमुखता मानसिक तनाव, सामाजिक असुरक्षा जैसी भावनाओं से मुक्ति प्राप्त करते है। लेकिन यह भी ध्यान देने योग्य है कि हर प्रकार का संगीत उपयोगी नहीं हो सकता। अतः पूर्व परीक्षण किए तथा असावधानी पूर्वक सांगीतिक रचनाओं के चयन से लाभ की अपेक्षा हानि की संभावना भी होती है।[7]

## वृद्धाआश्रमों में संगीत की शिक्षा

वृद्धाश्रम की बढ़ती संख्या इस बात का प्रमाण है कि आज वृद्धों को उपेक्षित किया जा रहा है। इस बढ़ती संख्या से यह भी दृष्टव्य होता है कि कहि ना कहि हमारी भारतीय संस्कृति पाश्चात्य संस्कृति से प्रभावत हो रही है। इसके साथ ही संयुक्त परिवारों के विघटन और एकल परिवारों की बहुलता से हमारी मानवीय संवेदनाएं कहीं ना कहीं मृत प्राय सी हो गई है।[8] व्यक्ति के संतुलित जीवन के विकास हेतु व्यक्ति का मानसिक स्थिति के साथ–साथ शारीरिक रूप से भी स्वस्थ रहना बहुत जरूरी है। उपेक्षापूर्ण व्यवहार के कारण वृद्ध अत्यन्त ही कुंठाग्रस्त हो जाते है। जो उनके पूरे शरीर को प्रभावित करता है। इस अवस्था में संगीत द्वारा उनमें पुनः उत्साह का संचार किया जा सकता है। संगीत में निहित स्वरलहरियाँ मानव को संतुलित जीवन प्रदान करने में सहायक होती है। ऊपर वर्णित वृद्धाश्रमों में आयोजित होने वाले संगीत संबंधी कार्यक्रम वृद्धों के मानसिक एवं भावात्मक विकास के साथ–साथ उनके शारीरिक रूप में भी उपयोगी है। वृद्धों के लिए शारीरिक रूप में इसकी उपयोगिता अत्यंत लाभकारी मानी गई है। भारतीय संगीत का मानव पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। संगीत में निहित सात स्वरों का विशेष प्रभाव वेदों में वर्णित शरीर के सात चक्रों पर पूर्ण रूप से पड़ता है। ये सात चक्र मानव शरीर के विभिन्न भागों का संचालन करते है। संगीत के सात स्वर इन्हीं चक्रो को झंकृत करते हुए निकलते है– जो निम्नानुसार है –

| | | | |
|---|---|---|---|
| स – | मूलाधार चक्र | रे– | स्वाधिष्ठान चक्र |
| ग – | मणिपुर चक्र | म – | अनाहत चक्र |
| प – | विशुद्धि चक्र | ध – | आज्ञा चक्र |
| नि – | बिन्दु विसर्ग | सां – | सहस्त्रार चक्र |

वर्तमान शोधों से स्पष्ट हुआ है कि जब संगीत चिकित्सा को पारंपरिक चिकित्सा के साथ संयोजित रूप में प्रयोग किया जाता है। तब यह सफलता दर में काफी सुधार लाता है। इसीलिये ऐसा माना जाता है कि यह आघात के शिकार व्यक्तियों को तेजी से ठीक होने में मदद करता है।[9] और यह रोगी में सकारात्मक भावनाओं, सामाजिक सम्बन्धों और प्रेरणा का प्रसार करती है। संगीत से वृद्धों पर पडने वाले प्रभाव को निम्न रूपों में अंकित किया जा सकता है–

- संगीत उन यादों को ताजा रखता है जो उनके जीवन में संतोषात्मक योग देते हैं।
- संतोषात्मक अनुभूतियों द्वारा जीवन पर नियंत्रण व संतुलन बनाये रखता है।
- सामाजिक और भावात्मक विकासों को संगीत द्वारा संरचित किया जा सकता है।

- संगीत द्वारा उत्तेजित व आक्रामक व्यवहार को भी कम किया जा सकता है।
- संगीत मानसिक तनाव को कम करने व शारीरिक विकास करने, दोनों रूपों में लाभकारी होता है।[10]

## धार्मिक संस्थाओं में संगीत का प्रयोग

प्राचीन काल से ही संगीत के माध्यम सें भारतीयों ने अध्यात्म का दर्शन किया है। मानव जीवन व व्यक्तित्व के विकास के लिये तथा जीवन के वास्तविक उद्देश्य लौकिक से आलौकिक की ओर ले जाने वाले सोपान के रूप में संगीत कला को ललित कलाओं में श्रेष्ठ माना गया है। मानवीय आत्मचेतना की जागृति के लिए ही संगीत की साधना की जाती है। हमारे देश में संगीत को केवल मनोरंजन का साधन न मानते हुए उसे भक्ति एवं आध्यात्मिकता के साथ भी जोड़ा गया है। जिस प्रकार संस्कृति में विभिन्न मानव, धर्मो, अध्यात्म तथा दर्शन का मिला जुला स्वरूप होता है उसी प्रकार भारतीय संगीत में भी इन सभी तत्वों का समावेश पाया जाता है। वर्तमान समय में मानव अपनी मनः शांति हेतु मंदिरों और धार्मिक संस्थाओं में जाता है, जहाँ वह पूजा पाठ, ध्यान तप आदि विभिन्न धार्मिक रूपों द्वारा शांति प्राप्त करता है। संगीत को ब्रहमानंद सहोदर की संज्ञा से विभूषित किया है। धार्मिक संस्थाओं में होने वाली प्रार्थना या उपासना में निमित्त संगीत द्वारा मानव आनंद की चरमावस्था को प्राप्त करता है, क्योंकि मार्मिक अनुभूति की अभिव्यंजना स्वर व रागों द्वारा आसानी से प्रस्तुत की जा सकती है। संगीत में निहित स्वर व ध्वनि विशेष के कारण भक्ति, पूजा, पाठ, कीर्तन या स्त्रोतादि का उच्चारण चित्त को विशेष आहलादित करता है।

धार्मिक स्थलों पर होने वाली संगीतमयी उपासना में आनंद में मग्न होकर मानव मुख से उदगारों का निःसृत होना हाथ से तालियाँ बजाना तथा अंगोपात्रों से अभिनय करना एक स्वाभाविक प्रक्रिया है। संगीतमय उपासना चाहे वह जिस भी स्थान पर हो वहाँ के वातावरण में उपस्थित बाधक पारिस्थितियों से परे हो जाने व उसे भुला डालने में सहायक होता है यही कारण है कि उपासना में प्रायः स्रंगीत का सहचर्य देखा जाता है।[11]

## निष्कर्ष

निष्कर्ष रूप से कहा जा सकता है कि प्रस्तुत शोध पत्र के माध्यम से विभिन्न ज्ञानवर्धक तथ्य प्राप्त हुए है। विभिन्न प्रमाणों के द्वारा सांस्कृतिक विकास एवं आत्मउत्थान हेतु संगीत का प्रयोग का गहन अध्ययन किया गया है। मानव के विभिन्न पहलुओं में संगीत सुखकारी होता है इस पर भी प्रकाश डाला गया है।

## संदर्भ

1. राजश्री. (2003). सांस्कृतिक शिक्षा के उदविकास में संगीत का योगदान. राधा पब्लिकेशन्सः नई दिल्ली. पृष्ठ **404.**
2. तिवारी, रामानन्द. शिक्षा और संस्कृति. पृष्ठ **15.**
3. (2010). संगीत कला विहार. अक्टूबर. पृष्ठ **26.**
4. पलनीटकर, अलकनन्दा. शास्त्रीय संगीत शिक्षाः समस्यायें एवं समाधान. बीना आदित्य पब्लिकेशन्स. पृष्ठ **75.**
5. मिश्रा, सहिता. (2002). संगीत से निकले सेहत के सुर. हिन्दुस्तान दैनिक. 23 नवम्बर।
6. (2010). संगीत कला विहार. अप्रैल–मई. पृष्ठ **46.**
7. दत्ता, डा0 पूनम. भारतीय संगीत शिक्षा और उद्देश्य. राज पब्लिकेशन्सः नई दिल्ली. पृष्ठ **81.**
8. शर्मा मनोरमा. संगीत विविधा. अभिषेक पब्लिकेशन्स चड़ीगढ. पृष्ठ **151.**
9. www.People.uwec.edu/rasarla/research/mtorg/music/role.music.pdf.
10. www.wordwide health.com/heath-article-deaf blind-children.can-be-taught-to-enjoy-dance html.
11. www.chow.com/how-6116836-conduct-therapylearning-disabled-kids.
12. तिवारी, डा0 किरन. संगीत एवं मनोविज्ञान. कनिष्क पब्लिशर्स डिस्ट्रीब्यूटर्स दरियागंजः नई दिल्ली. पृष्ठ **264.**

Journal Global Values, Vol. XIV, Special Issue, May 2023, ISSN: (P) 0976-9447, (e) 2454-8391, Impact Factor 8.835*(SJIF)*
*https://doi.org/10.31995/jgv.2023.v14iS2.043*

# उच्च शिक्षा प्रणाली में संगीत शिक्षा का महत्व

श्रीमती मेघा सैनी
*शोधार्थी*
*आर०जी० (पी०जी०) कॉलिज, मेराठ, उ०प्र०*
*ईमेलः manglikmegha@gmail.com*

प्रो० वन्दना अग्रवाल
*प्राचार्या*
*श्रीमती बी०डी० जैन गर्ल्स (पी०जी०) कॉलेज*
*आगरा छावनी, आगरा*

***सारांश***

*स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद संगीत शिक्षण का तीव्र गति से विकास हुआ। संगीत महाविद्यालयों की स्थापना तथा सामान्य शिक्षा के लिए खोले गए महाविद्यालयों में अन्य विषयों के साथ–साथ संगीत को एक विषय के रूप में मान्यता प्रदान की गयी। अन्ततः महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में एम.ए. तथा पी.एचडी के स्तर पर संगीत–शिक्षण के कार्य में संगीत को एक पाठ्य एवं शोध विषय भी बना लिया गया है। साथ ही संगीत के प्रमुख कलात्मक पक्षों अर्थात् क्रियात्मक (गायन, वादन, नृत्य) पक्ष के अलावा मनोवैज्ञानिक, आध्यात्मिक, दार्शनिक, सामाजिक व सांस्कृतिक, वैज्ञानिक, चिकित्सा, सौंदर्य शास्त्र पक्ष आदि को भी पाठ्यक्रम का अंग बना दिया गया।*

Reference to this paper should be made as follows:

श्रीमती मेघा सैनी,
प्रो० वन्दना अग्रवाल

*उच्च शिक्षा प्रणाली में संगीत शिक्षा का महत्व*

*Vol. XIV, Special Issue*
*pp.203-208*
*Article No.43*

**Online available at:**
*https://anubooks.com/journal/journal-global-values*

**DOI:** *https://doi.org/10.31995/jgv.2023.v14iS2.043*

आज उच्च शिक्षा में कला संकाय के रूप में संगीत को भी उतना ही स्थान दिया गया है। जितना की अन्य विधाएँ। जैसे– चित्रकला, दर्शन एवं योग आदि को महत्व मिलता है लेकिन आज संगीत–शिक्षण में आधुनिकता के आधार पर कुछ आंशिक परिवर्तन होना आवश्यक है। संगीत को अधिक रूचिकर बनाने के लिए उच्च–शिक्षा विभाग द्वारा कला संकाय–शिक्षा की ओर अधिक प्रोत्साहित किया जा रहा है।

किसी भी देश के लिए उच्च शिक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह शिक्षापूर्ण समाज एवं मानव संसाधन के निर्माण में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। भारत की उच्च शिक्षा प्रणाली उच्चस्तर की है, जिसके अंतर्गत मानव रचना एवं बौद्धिक प्रयासों के सभी क्षेत्रों–कला और मानविकी, प्राकृतिक, गणितीय एवं सामाजिक विज्ञान, इंजीनियरिंग, चिकित्सा कृषि, शिक्षा, कानून, वाणिज्य एवं प्रबंधन, संगीत एवं कला प्रदर्शन, राष्ट्रीय एवं विदेशी भाषाओं, संस्कृति, संचार इत्यादि में शिक्षा एवं प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध है।

19 वीं शताब्दी के उत्तर्राद्ध से लेकर 20वीं शताब्दी तक संगीत में परिवर्तन की भी लय तीव्र हुई है। संगीत संस्थाओं की स्थापना, सम्मेलनों का आयोजन किया जाने लगा। संगीत कला का प्रचार–प्रसार बढ़ा वर्तमान समय में हमारी शिक्षण व्यवस्था का स्वरूप सामूहिक शिक्षा पद्धति के रूप में परिलक्षित होता है। शिक्षाविदों ने शिक्षण व्यवस्था को तीन वर्गों में विभक्त करने का प्रयास किया है। प्राथमिक, माध्यमिक स्तर तथा विश्वविद्यालयी स्तर तद्नुसार तीनों वर्गों में संगीत–शिक्षा का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त कुछ निजी संगीत–शिक्षण संस्थाए या विद्यालय भी है। जिनकी स्थापना केवल संगीत शिक्षा के उद्देश्यों को ध्यान में रखकर की गई है। इन संस्थाओं या विद्यालयों के कारण संगीत संकीर्णता के घेरे में से निकलकर व्यापक रूप से हमारे समक्ष है। संगीत–शिक्षा का उद्देश्य किसी विद्यार्थी को मात्र कलाकार बनाना ही नहीं है अपितु संगीत के माध्यम से उसके व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करना होता है।

आज संगीत की शिक्षण प्रणाली में अन्तर आ गया है। पहले शिक्षा गुरू–शिष्य परम्परा पर आधारित थी। घराना पद्धति के अनुसार संगीत–शिक्षा अलग–अलग घरानों के माध्यमों से दी जाती थी। प्रत्येक घराने का सीखने–सिखाने का ढंग अलग होता था। जो प्रत्येक घराने को विशिष्टा प्रदान करता था। प्रत्येक शिष्य के लिए घरानेदार शिक्षा हासिल करना सम्भव नहीं था। साथ ही इस पद्धति में कोई निश्चित पाठ्यक्रम अथवा समयावधि नहीं थी जिससे शिष्य संगीत–शिक्षा के लिए पूरी तरह से गुरू पर आश्रित रहता था। इस प्रणाली में भी क्रियात्मक पक्ष पर ही ध्यान दिया जाता था और शास्त्र पक्ष के प्रति अनभिज्ञता थी।

संगीत की संस्थागत शिक्षण विधि का प्रचलन आज पूर्ण विकास पर है। 20वीं सदी के आरम्भिक दशकों में संस्थागत शिक्षण का विकास होने लगा था। औपचारिक शिक्षण–संस्थाओं में संगीत की शिक्षा का प्रारम्भ माध्यमिक तथा उच्चतर माध्यमिक संस्थाओं के माध्यम से हुआ अल्प समयावधि में ही संगीत–शिक्षा विभिन्न महाविद्यालयों ओर विश्वविद्यालयों के शिक्षण कार्यक्रम का एक अभिन्न अंग बन गई।

देश के मान्यता प्राप्त सरकारी, अर्द्ध सरकारी, स्वशासी अथवा नियमित सहायता प्राप्त महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों द्वारा संगीत शिक्षा को अपने शिक्षण कार्यक्रम का अभिन्न अंग बनाना एक अति महत्वपूर्ण परिवर्तन था। इससे संगीत–शिक्षा के क्षेत्र में ही नहीं बल्कि समूचे संगीत के विकास की प्रवृत्तियाँ दूरगामी तौर पर प्रभावित हुई। उच्च स्तर पर संगति को अध्ययन के एक विषय के रूप में स्वीकार कर लेने से संगीत के विकास का परिदृश्य ही बदल गया।

नई शिक्षा पद्धति से संगीत के विकास की प्रवृत्तियों में व्यापक परिवर्तन हुए। संस्थागत विद्यार्थियों की कला शिक्षा हेतू उचित व्यवस्था एवं अच्छी संगीत शिक्षा हेतू चयन प्रक्रिया होने लगी। ताकि अच्छे विद्यार्थी उभर कर सामने आये और उन्हें उच्च स्तरीय शिक्षा दी जा सके। कई विश्वविद्यालयों से जुड़े महाविद्यालयों में कला संकाय में संगीत विषय नहीं होता है परन्तु संगीत–शिक्षण की गुणवत्ता और महत्व को बढ़ाने के लिए महाविद्यालयों में संगीत एक विषय के रूप में होना आवश्यक है।

आज भारत में अनेक विश्वविद्यालयों में शास्त्रीय संगीत विषय का अध्यापन किया जा रहा है। इसके लिए संगीत का निर्धारित पाठ्यक्रम रखा गया है जिसके अन्दर संगीत में लिखित, क्रियात्मक दोनों प्रकार की परीक्षाऐं होती हैं। उत्तीर्ण छात्र को स्नातक (बी.ए.), स्नातकोत्तर (एम.ए.) कला निष्णात (एम.फिल), विद्या वाचस्पति (पी.एचडी) आदि उपाधियाँ प्रदान की जाती है। इसी के साथ–साथ आज विश्वविद्यालयों में शोधकार्य किये जा रहे हैं। आज ज्यादातर सभी महाविद्यालयों में अन्य विषयों के साथ–साथ संगीत भी एक विषय के रूप में पढ़ाया जाने लगा है।

कई विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों में अन्य विषयों के छात्रों के लाभार्थ डिप्लोमा कक्षाएं भी चलती हैं। इन शैकिया कक्षाओं तथा डिप्लोमा कक्षाओं की शिक्षा का उद्देश्य अन्य विषयों के छात्रों को संगीत की प्रारम्भिक जानकारी कराना तथा उनको अपने देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का दर्शन व परिचय कराना है।

वर्तमान समय में संगीत सीखने की प्रवत्ति बढ़ रही है। आज संगीत में रूचि रखने वाले छात्र–छात्राएँ बारहवीं के बाद स्नातक में संगीत विषय के रूप में लेते हैं। संगीत के औपचारिक प्रशिक्षण में संगीत सिद्धांत, व्याख्या, इतिहास, रचना, निर्देशन समीक्षण, संचालन क्रिया एवं शास्त्र शामिल हैं। देश के कई महाविद्यालयों में संगीत में स्नातक, परास्नातक डिग्री कराना संगीत के लिए उन्नति का द्योतक है। हिन्दुस्तानी संगीत परिवर्तनशीलता एवं विकास का अनुपम उदाहरण रहा है। परिवर्तन में स्वयं को सम्माहित करने की इस कला में अद्वितीय शक्ति रही है।

संगीत–शिक्षण के क्षेत्र में निजी संस्थानों का भी विशेष योगदान है।

आज वर्तमान में संस्थागत शिक्षा–प्रणाली का प्रचलन काफी विकसित हो चुका है। हमारी प्रतिष्ठित गुरू–शिष्य प्रणाली द्वारा एक विशिष्ट वर्ग ही संगीत शिक्षा ग्रहण कर पाता था। परन्तु बदलती हुई परिस्थिति में संगीत शिक्षण संस्थाएँ अधिक उपयोगी लगने लगीं इनमें संगीत के क्रियात्मक पक्ष के साथ–साथ संगीत के शास्त्रीय पक्ष की शिक्षा भी छात्रों को आवश्यकतानुसार देने की व्यवस्था की गई है।

स्वतंत्र भारत में इन संस्थाओं ने भी सांगीतिक जागृति तथा नवचेतना को बढ़ाने में 'अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इनके द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों को आत्मबल की प्राप्ति होती है। कुछ संस्थानों द्वारा विद्यार्थियों को व्यावसायिक दृष्टि से भी तैयार किया जाता है। संगीतज्ञों को आर्थिक सहायता, सम्मान स्वरूप पुरस्कार तथा प्रशस्ति–पत्र प्रदान कर संरक्षण एवं प्रोत्साहन भी दिया जा रहा है। साथ ही निजी व सरकारी अनुदान प्राप्त संस्थाओं की सहायता से सांगीतिक प्रगति को विशेष प्रोत्साहन मिला है।

अनेक विश्वविद्यालयों में संगीत विषय के रूप में शामिल किया गया है। जहाँ संगीत की विधिवत् कक्षाएँ चलती हैं साथ–साथ समय–समय पर प्रयोगात्मक शिक्षा भी दी जाती है। विश्वविद्यालयों में संगीत में शोधकार्य चल रहे हैं। लाखों विद्यार्थी संगीत–विषय में शोध कर रहे हैं। जिन विश्वविद्यालयों में संगीत–शिक्षण चल रहा है उनमें से कुछ विश्वविद्यालय इस प्रकार हैंः–

1. कोलकाता विश्वविद्यालय, कोलकाता
2. विश्वभारती, शांति निकेतन।
3. बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी।
4. लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
5. नागपुर विश्वविद्यालय, नागपुर (महाराष्ट्र)
6. आगरा विश्वविद्यालय, आगरा
7. वनस्थली विद्यापीठ,
8. राजस्थान विश्वविद्यालय, राजस्थान
9. पंजाब विश्वविद्यालय, पंजाब
10. कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र (हरियाणा)
11. दिल्ली विश्वविद्यालय संगीत एवं ललित कला संकाय, दिल्ली
12. कानुपर विश्वविद्यालय, कानपुर।
13. चौधरी चरण सिंह, विश्वविद्यालय, मेरठ (उत्तर प्रदेश)
14. हिमाचल–प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला (हि० प्र०)
15. भोपाल विश्वविद्यालय, भोपाल
16. पूना विश्वविद्यालय, पूना।
17. कॉलेज ऑप इडियन म्यूजिक, डॉस एण्ड ड्रोमेटिक्स (बड़ौदा)।
18. इंदिरा कला संगीत, विश्वविद्यालय, खैरागढ़।

19. रविन्द्र भारती विश्वविद्यालय, कोलकाता।
20. महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक (हरियाणा)

उपर्युक्त विश्वविद्यालयों के अन्तर्गत सहस्त्रों संख्या में ऐसे महाविद्यालय हैं। जिसमें संगीत विषय को पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है। गर्ल्स डिग्री कालिजों में संगीत–विषय की अधिकता मिलती है। स्नातक के पाठ्यक्रम में संगीत को शामिल किया गया है और कुछ कालिजों में परास्नातक में भी संगीत (गायन–वांदन) की कक्षाएँ चलाई जा रही हैं। मेरठ के कुछ महाविद्यालय इस प्रकार हैंः–

रघुनाथ गर्ल्स डिग्री कॉलिज, मेरठ, इस्माइल गर्ल्स डिग्री कालिज, मेरठ, कनोहर लाल गर्ल्स डिग्री कालिज, मेरठ, शहीद मंगल पांडे गर्ल्स डिग्री कॉलिज, मेरठ, यह कुछ मुख्य महाविद्यालय मेरठ, यू.पी में स्थित हैं और इनमें संगीत शिक्षण दिया जा रहा है। हजारों विद्यार्थी हर साल संगीत की शिक्षा इन महाविद्यालयों के माध्यम से ग्रहण कर रहे हैं।

## विभिन्न छात्रवृत्तियो की व्यवस्था

शासन तंत्र द्वारा निश्चित किए गए नीतियों एवं योजनाओं के फलस्वरूप ही शास्त्रीय संगीत को अन्य विषयों के समान महत्व दिया जाता है, इसकी क्रियात्मक, कलात्मक एवं सैद्धातिंक उपयोगिता के साथ–साथ सैद्धातिंक व सौदर्यशास्त्री अध्ययन की उपयोगिता में भी वृद्धि हुई हैं स्वतंत्र भारत के शैक्षणिक योजनाओं आदि की व्यवस्था की गई है।

वर्तमान समय में महंगी और शिक्षा में पड़ने वाले व्यवधानों को दृष्टि में रखते हुए सरकार ने शिक्षा विरोध उत्पन्न करने वाले घटकों का निराकर करने के उद्देश्य से विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता दिये जाने की योजनाओं का गठन किया है। भारत सरकार द्वारा सन् 1983 ई० में, ललित कला के अन्तर्गत नृत्य और नाटक क्षेत्र में छात्रवृत्ति की योजनाओं को प्रारम्भ किया गया। कुछ छात्रवृत्तियाँ इस प्रकार हैंः–

1. मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा छात्रवृत्तियों की व्यवस्था।
2. विश्व विद्यालय अनुदान आयोग द्वाराा छात्रवृत्तियों की व्यावस्था।
3. इमेरिट्स शिक्षावृति।
4. कुमार गांधर्व शिक्षावृति।
5. संगीत रिसर्च अकादमी, कलकत्ता।
6. उस्ताद अलाउद्दीन खाँ संगीत अकादमी।
7. उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ।
8. तरूण संगीत छात्रों को प्रोत्साहन।
9. उच्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, पटियाला।
10. वरिष्ठ / कनिष्ठ शिक्षावृत्ति योजना।
11. सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केन्द्र।

**महाविद्यालयों में दी जाने वाली संगीत शिक्षण प्रणाली के गुण एवं लाभ हैंः–**

**गुण**

1. स्वतंत्रता के बाद देश की शिक्षण संस्थाओं में संगीत को ऐच्छिक विषय के रूप में रखा गया ।
2. संगीत विषय को प्राथमिक स्तर से लेकर विश्वविद्यालयीन स्तर पर लागू किया है।
3. संगीत में पी.एचडी०, डी.लिट, नेट स्लेट और एमफिल आदि भी होने लगे।
4. शिक्षण संस्थाओं में स्थित पुस्तकालयों द्वारा संगीत के शास्त्र पढ़ने से विद्यार्थी का शास्त्र ज्ञान बढा है।
5. शिक्षण संस्थानों में संगीत का प्रायोगिक ज्ञान सरलता से प्राप्त होने लगा।
6. शिक्षण संस्थाओं के द्वारा धनहीन असहाय प्रतिभावान विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति दी जाती है।
7. शिक्षण–संस्थाओं के कारण ही सभी वर्ग के विद्यार्थियों को संगीत शिक्षा मिलने लगी।

**लाभ**

महाविद्यालयों में संगीत शिक्षण की व्यवस्था हो जाने पर अनेक लाभ हुए हैं, जो ज्ञान बड़ी कठिनाईयों से प्राप्त किया जाता था अब सरलता से प्राप्त किया जा सकता है। शिक्षण–प्रणाली में कोई भी विद्यार्थी किसी भी वर्ग का हो, समान रूप

से नियमित शुल्क देकर शिक्षा प्राप्त कर सकता है। क्रियात्मक पक्ष के साथ–साथ संगीत के शास्त्र पक्ष का भी ज्ञान उपलब्ध होता है। महाविद्यालयों में निहित पुस्तकालय छात्रों को पाठ्य–सामग्री उपलब्ध कराने में विशेष सहायक सिद्ध होता है। शैक्षणिक, संस्थाओं में संगीत विषय का समावेश हो जाने से समाज में संगीत के प्रति एक आस्था और निष्ठा का संचार हुआ है और अन्य विषयों की भाँति ही संगीत को महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त हुआ है। महाविद्यालयों में निहित पुस्तकालय से छात्रों को उपयोगी और पाठ्यक्रम सम्बन्धी पुस्तकें आसानी से पढ़ने को मिल जाती है। प्रतिभावान विद्यार्थी को छात्रवृत्ति भी दी जाती है। हर विद्यार्थी को अपनी इच्छा अनुसार विषय चुनने की पूर्णता छूट है।

महाविद्यालयों में प्रोफेशनल कोर्स भी चलाये जा रहे हैं जो छात्राओं को रोजगार प्रदान करने में सहायता प्रदान करते हैं। महाविद्यालयों में छात्रावास की भी सुविधा होती है। दूर जगह के विद्यार्थी को कम शुल्क में रहने खाने की सुविधा मिल जाती है। वह सरलता से कॉलिज कैम्पस में रहकर शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं।

आजकल बी.एड. के अन्तर्गत संगीत को महत्व दिया जा रहा है। इसके विपरीत प्राइवेट छात्रावास में अधिक शुल्क वसूला जाता है और सुरक्षा की दृष्टि से भी कॉलिज छात्रावास ही उचित होता है। कम्प्यूटर लैब की सुविधा भी छात्रों को दी जा रही है। समय–समय पर संगीत प्रतियोगिताओं का भी आयोजन महाविद्यालयों द्वारा किया जाता है। संगीत प्रतियोगीताओं से छात्रों के अन्दर आत्मविश्वास का निर्वाह होता है। संगीत शिक्षा से अनुशासन बहुत आता है। महाविद्यालयों से उत्तीर्ण विद्यार्थी उच्च पदों पर कार्यरत् हैं।

जब से संगीत कला को एक विषय के रूप में संस्थानों में जगह मिली है इसे अपने अस्तित्व को बनाये रखने के लिए लगातार अग्रसर है। आज विश्व में कॅप्यूटर और इंटरनेट के कारण लोगों की समझ बहुत तीक्ष्ण और तार्किक हो चुकी है। दुनिया का कोई ऐसा संगीत नहीं है जिसे इंटरनेट के माध्यम से सुना ना जा सके। आज जब भी किसी संगीतज्ञ की बात की जाती है, तो तुरन्त उसे (यू.टयूब) में सुना जा सकता है। घर बैठे संगीत शिक्षा के विशय में जान सकता है। संगीत सीख सकता है।

आज संगीत के क्षेत्र में कई नये परिवर्तन आ चुके हैं, गायन–वादन एवं नृत्य शैलियों में नवीनता का समावेश हुआ है। ध्रुवपद–धमार के स्थान पर ख्याल गायन का प्रचलन है। वाद्यों में तबला–सितार प्रमुख हैं। चूंकि महाविद्यालयों में प्रायः इन्हीं वाद्यों को संगीत पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है।

## संगीत–शिक्षण का उद्देश्य

1. छात्र–छात्राओं को संगीत के क्रियात्मक एवं शास्त्रपक्ष की सांगोपांग ज्ञानकारी करवाना।
2. सक्षम छात्र–छात्राओं की क्रियात्मक संगीत में प्रवीणता पाने के लिए उनका मार्ग प्रशस्त करना।
3. योग्य एवं जानकर संगीत शिक्षक, समीक्षण तैयार करना।
4. छात्र–छात्राओं में सृजनात्मक (नवीन रचना) क्षमता का विकास करना।
5. संगीत में शोध कार्य मार्ग प्रशस्त कराना।

कुछ वर्षों में संगीत शिक्षाविदों और विद्वानों में कुछ जागृति आयी है और संगीत शिक्षण समस्याओं पर विचार प्रारम्भ हुआ है। वह सराहनीय है इसी प्रक्रियता से यह आशा कर सकते हैं, की आने वाले समय में संगीत के क्षेत्र में अधिक जागरूकता और क्रियाशीलता आएगी।

शिक्षा का क्षेत्र जितना विस्तृत है। शिक्षण कार्य उतना ही कठिन। जैसे–जैसे क्षेत्र बढ़ता जाता है, उसकी कठिनाईयाँ बढ़ती जाती हैं। संगीत संस्थानों से जुड़ी बहुत सी आवश्यकता और समस्यायें हैं, जिनके निदान ओर संस्थानों की गुणवत्ता को बढ़ाये जाने के लिये यह परिवर्तन सहयोगी सिद्ध होगा। वर्तमान की संगीत–शिक्षा के विद्यालयों द्वारा प्रतिवर्ष लाखों विद्यार्थी संगीत की शिक्षा ग्रहण करते हैं।

## संदर्भ

### पुस्तकें

1. सक्सेना, डॉ० मधुबाला. (1990). भारतीय संगीत शिक्षा प्रणाली एवं उसका वर्तमान स्तर. चंडीगढ़ हरियाणा साहित्य अकादमी. पृष्ठ 99.
2. तिवारी, डॉ० के.के. (2010). भारतीय शिक्षा–विकास और समस्याएं।

3. कुमार, ऋषितोश. (2009). संगीत शिक्षण के विविध आयाम।
4. शर्मा, डॉ० राधिका. (2006). भारतीय संगीत को मीडिया और संस्थानों का योगदान. संजय प्रकाशनः दिल्ली. पृष्ठ 99, 124.
5. कपूर, तृप्त. (1989). उत्तरी भारत में संगीत शिक्षा. हरमन पब्लिशिंग हाउस. नई दिल्ली. पृष्ठ 79.
6. चॉबे, अमरेश चंद्र. (1988). संगीत की संस्थागत शिक्षण प्रणाली. कृष्णा ब्रदर्सः अजमेर. पृष्ठ 65, 66.
7. अग्रवाल, डॉ० वन्दना. भारतीय संगीत (इतिहास और समाज के विकास में उसका योगदान). शलभ पब्लिशिंग हाउसः मेरठ।

वेबसाइट्स

1. http5://www.india.gov.in.
2. (2018). www.classicalclaps.com. 12, October.
3. Lajantar wordpress.com.cdn.approjeet org.
4. https://hi.M. Wikipedia Org. 11, July. 2919, 4 : 40.